RNI NO. DELHIN/2012/48369
वर्ष 7 अंक 322
नई दिल्ली, मंगलवार, 1 अक्टूबर, 2019
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर




ब्रिटनी स्पीयर्स ने किया प्रेमी का समर्थन
विविध-16

www.dailypioneer.com

# बेकाबू बाढ़-बचाए गए घर में फंसे सुशील मोदी

## पटना में हेलिकॉप्टर से गिराए गए खाने के पैकेट, हजारों को सुरक्षित निकाला गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/पटना/लखनऊ

● उत्तर प्रदेश के बलिया कारागार में जलभराव, कैदियों को दूसरी जेलों में भेजा

**लगातार बारिश** के कारण बाढ़ से जूझ रहे बिहार और उत्तर प्रदेश को अभी राहत नहीं मिली है। सोमवार को भी दोनों राज्यों के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश हुई। वर्षा से संबंधित हादसों में बिहार में अब तक 25 लोग जान गंवा चुके हैं। पटना में बाढ़ का पानी नेताओं और अफसरों के घरों तक पहुंचने लगा है। राज्य के उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी और दो पूर्व मुख्यमंत्रियों सतेंद्र नारायण सिंह एवं जीतन राम मांझी के घरों में भी पानी घुस गया। बाढ़ की वजह से उत्तर बिहार के कई जिलों में राष्ट्रीय राजमार्गो के क्षतिग्रस्त होने की खबर है। राज्य में कई जगह बाढ़ का पानी घरों, दुकानों और अस्पतालों में घुस गया है। बारिश की वजह से ट्रेनों की आवाजाही, सड़क परिवहन और विमान के संचालन पर असर पड़ा है। लंबी दूरी की कई यात्री ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है।

उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में पिछले कई दिनों से हो रही बारिश से कई स्थानों पर जनजीवन खासा प्रभावित हुआ है। बलिया के समूचे जिला कारागार परिसर में कमर तक पानी भर जाने के कारण सभी कैदियों को दूसरे जिलों की जेलों में भेजना पड़ा। बृहस्पतिवार से उत्तर प्रदेश में वर्षाजनित हादसों में 111 लोगों की मौत हो चुकी है। हालात के मद्देनजर राज्य सरकार ने अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं।

जानकारी के मुताबिक पानी बिहार के उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के राजेंद्र नगर स्थित आवास में भी घुस गया है। जिसके बाद एनडीआरएफ की टीम ने वहां पहुंचकर उनके परिवार को बाहर निकाला। नौका से उतरने पर उपमुख्यमंत्री से जब मीडियाकर्मियों ने यह पूछा गया कि उनके इलाके में बहुत अधिक जलजमाव था और किस तरह की परिस्थिति का उन्हें सामना करना पड़ा, तो वे बिना कोई प्रतिक्रिया दिए वहां से रवाना हो गए। बिहार में भारी बारिश के बाद जलभराव की गंभीर स्थिति के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज हालात का जायजा लेने के लिए शहर का हवाई दौरा किया, वहीं पानी में फंसे लोगों के लिए वायुसेना के हेलिकॉप्टर की मदद से खाने के पैकेट और दूसरी राहत सामग्री गिराई गई।

आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक वायुसेना के एक हेलिकाप्टर की मदद से पटना शहर के जलमग्न इलाकों फंसे लोगों के लिए दो हजार खाने के पैकेट और अन्य



पटना में बाढ़ का पानी घर में घुसने से फंसे उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी को सुरक्षित निकाल कर ले जाती एसडीआरएफ की टीम

आवश्यक राहत सामग्री गिराए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राजेंद्रनगर इलाके में बचाव एवं राहत कार्य में लगे पटना के जिलाधिकारी कुमार रवि ने बताया कि कल यहां 26 हजार लोगों को जलमग्न क्षेत्रों से निकाला गया और आज पांच हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। उन्होंने बताया कि राजेंद्रनगर इलाके में 24 से अधिक संख्या मे एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की नौका मौजूद है और इसके अलावा 75 ट्रैक्टर को भी बचाव और राहत कार्य में लगाया गया है। एनडीआरएफ की टीम ने राजेंद्रनगर के रोड नंबर छह में जलजमाव में फंसी मशहूर भोजपुरी गायिका शारदा सिन्हा और उनके परिवार के सदस्यों को एनडीआरएफ की टीम ने सुरक्षित उनके आवास से निकाला। पटना शहर स्थित कृषि मंत्री प्रेम कुमार का सरकारी आवास आज भी जलमग्न रहा और परिवार के सदस्य घर के उपरी मंजिल में रह रहे हैं। दूसरी ओर गंगा, कोसी, गंडक, बागमती, महानंदा जैसी बड़ी नदियों में जलस्तर बढ़ रहा है, जिससे कई जगहों पर बांध टूटने का खतरा पैदा हो गया है। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार राजधानी पटना में शनिवार से 151 मिलीमीटर की बारिश हुई है, जोकि हाल के वर्षो में एक रिकॉर्ड है। लोगों की मदद के लिए कई जगहों पर नौकाओं की तैनाती की गई है।

इस बीच उत्तर प्रदेश में आंचलिक मौसम केन्द्र की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य के पूर्वी हिस्सों में मानसून अब भी अतिसक्रिय है और पिछले 24 घंटों के दौरान भी राज्य के अनेक इलाकों में बारिश हुई। इस दौरान गायघाट (बलिया) में 24 सेंटीमीटर, बलिया में 10, बांसडीह (बलिया) में आठ, तुर्तीपार (बलिया) में सात, रसड़ा (बलिया), दुद्धी (रॉबर्ट्सगंज), राम नगर तथा घोरावल में चार-चार सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई। अगले 24 घंटों के दौरान भी राज्य में अनेक स्थानों पर बारिश होने का अनुमान है। बलिया से जिलाधिकारी भवानी सिंह खंगारौत के हवाले से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक जिले में पिछले कई दिनों से हो रही बारिश से जिला कारागार में पानी भर गया है। आलम यह है कि कैदियों के सोने की भी जगह पानी में डूब गई है। इस कारण सभी कैदियों को अस्थायी तौर पर आजमगढ़ और अम्बेडकर नगर जेल ले जाया गया है। बलिया जिला कारागार में कुल 863 कैदी हैं। इनमें से 44 महिलाओं और 9 बच्चों सहित कुल 500 कैदियों को आजमगढ़ तथा बाकी कैदियों को अंबेडकरनगर कारागार ले जाया जा रहा है। बलिया में अपर जिलाधिकारी राम आसरे ने बताया कि जिले के बैरिया तहसील क्षेत्र में बाढ़ और वर्षा के पानी से हालात बेहद खराब हो गए हैं। बैरिया तहसील के 15 गांव की तकरीबन एक लाख आबादी प्रभावित है। इस बीच, पूर्वोत्तर रेलवे के बलिया-छपरा रेल प्रखंड पर भूस्खलन के कारण रेल पटरी धंस जाने के कारण रेल यातायात सोमवार दोपहर तक बहाल नहीं हो सका। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी महेश गुप्ता ने बताया कि कल तड़के सवा चार बजे भूस्खलन के कारण बलिया-छपरा रेल प्रखंड पर धंसी रेल पटरी के मरम्मत का कार्य शाम तक जारी रहा। इससे इस प्रखंड पर रेल आवागमन पूरी तरह से बाधित है। इस प्रखंड से गुजरने वाली दुर्ग-छपरा एक्सप्रेस, फर्रुखाबाद-छपरा एक्सप्रेस, गाजीपुर-कोलकाता एक्सप्रेस समेत कुल 20 ट्रेन निरस्त कर दी गई हैं तथा 20 रेलगाड़ियों को मार्ग परिवर्तन कर भटनी तथा मऊके रास्ते चलाया जा रहा है।

# चिदंबरम को बेल नहीं, गवाहों को प्रभावित करने की आशंका

● पूर्व वित्त मंत्री को हाई कोर्ट से नहीं मिली राहत, अभी तिहाड़ में ही रहना पड़ेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**पूर्व वित्त** मंत्री पी चिदंबरम को अभी तिहाड़ जेल में ही रहना होगा। दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को आईएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने यह कहते हुए कि चिदंबरम ने सबूतों से छेड़छाड़ की तो नहीं है लेकिन वह गवाहों को प्रभावित जरूर कर सकते हैं, उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। सीबीआई ने पूर्व वित्त मंत्री को जमानत दिए जाने का विरोध किया था। सीबीआई ने चिदंबरम (74) को 21 अगस्त को गिरफ्तार किया था जिसके बाद से वह हिरासत में हैं।

सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आईएनएक्स मीडिया की प्रमोटर इंद्राणी मुखर्जी और उनके पति पीटर मुखर्जी के बयानों के आधार पर चिदंबरम की घेरेबंदी की। सीबीआई ने 15 मई 2017 को एक प्राथमिकी दर्ज कर आरोप लगाया था कि आईएनएक्स मीडिया समूह को वर्ष 2007 में 305 करोड़ रुपये का विदेशी धन हासिल करने के लिए विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफआईपीबी) की मंजूरी देने में अनियमितता बरती गई। उस दौरान पी चिदंबरम वित्त मंत्री थे। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय ने भी 2017 में इसी संदर्भ में धनशोधन का एक मामला दर्ज किया था।

न्यायमूर्ति सुरेश कैत ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता को जमानत देने से मना करते हुए कहा कि वह केंद्रीय गृह मंत्री और वित्त मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं, लंबे समय से वकालत कर रहे हैं और वर्तमान में संसद सदस्य हैं। ऐसे में उनके द्वारा गवाहों को प्रभावित करने की आशंका को दरकिनार नहीं किया जा सकता। अदालत ने चिदंबरम की जमानत याचिका पर तीन आधार- व्यक्ति के देश से बाहर भाग जाने, सबूतों से छेड़छाड़ और गवाहों को प्रभावित करने पर फैसला सुनाया। यह भी कहा कि सीबीआई की जांच अग्रिम चरण में है। सीबीआई द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री के विदेश भाग जाने का मुद्दा उठाए जाने पर अदालत ने (शेष 10 पर)

## तृतीय चन्द्रघंटा



**पिण्डजप्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकेर्युता।**
**प्रसादं तनुते मह्यं चंद्रघण्टेति विश्रुता॥**

**शक्ति हैं** चंद्रघंटा। नवरात्र में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा-आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करनी चाहिए। उनका ध्यान हमारे इहलोक और परलोक दोनों के लिए कल्याणकारी और सद्गति देने वाला है। इस देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्र है। इसीलिए इस देवी को चंद्रघंटा कहा गया है। इनके शरीर का रंग सोने के समान बहुत चमकीला है। इस देवी के दस हाथ हैं। वे खड्ग और अन्य अस्त्र-शस्त्र से विभूषित हैं।

## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 32.2°C (-3) |
| न्यूनतम | 23.8°C (+1) |

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 38,667 | ↓ | 155 | |
| निफ्टी | 11,474 | ↓ | 38 | |
| सोना | 38,530 | ↓ | 240 | /10g |
| चांदी | 45,705 | ↓ | 775 | /kg |

## क्विक न्यूज

### गुजरात में बस हादसे में 21 लोगों की मौत

**अहमदाबाद।** उत्तरी गुजरात के बनासकांठा जिले में करीब 70 यात्रियों को लेकर जा रही एक निजी लग्जरी बस के पलटने से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गए। इनमें से करीब 35 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है।

# नोएडा में बना दुनिया का सबसे बड़ा चरखा



नोएडा में प्लास्टिक वेस्ट से बनाया गया दुनिया का सबसे बड़ा चरखा

**रिंकू यादव।** नोएडा

**महात्मा गांधी** की 150वीं जयंती पर नोएडा प्राधिकरण ने 1650 किलोग्राम प्लास्टिक वेस्ट का चरखा तैयार किया है और प्राधिकरण की ओर से दुनिया का सबसे बड़ा प्लास्टिक वेस्ट चरखा होने का दावा किया गया है। इसके लिए प्राधिकरण ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में आवेदन किया है। आज एक अक्टूबर को सांसद डॉ महेश शर्मा, विधायक पंकज सिंह व प्राधिकरण मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु माहेश्वरी इस चरखे का अनावरण करेंगी। प्राधिकरण सीईओ के निर्देश पर नोएडा में जब्त की गई 1250 किलोग्राम पॉलीथिन को गाजियाबाद के कलाकार सरफराज अली व साक्षी झा को सौंपा गया, जिन्होंने 20 दिन में एकरैलिक के (शेष 10 पर)

# द्वारका-नजफगढ़ के बीच 4 से चलेगी ग्रे लाइन मेट्रो

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नजफगढ़ के** शहरी गांवों को मेट्रो से जोड़ने वाली करीब 4.2 किलोमीटर लंबी ग्रे लाइन चार अक्टूबर से शुरू हो जाएगी। इस गलियारे में द्वारका, नंगली और नजफगढ़ तीन स्टेशन हैं जिसमें द्वारका स्टेशन पर ब्लू लाइन के लिए इंटरचेंज है। नांगली और द्वारका के स्टेशन एलिवेटिड हैं जबकि नजफगढ़ का स्टेशन भूमिगत है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य एवं नागर विमानन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हरदीप सिंह पुरी और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। डीएमआरसी के निगमित संचार के कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि मेट्रो भवन में दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर ट्रेन उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके बाद उसी दिन शाम पांच बजे से सेवा आम लोगों के लिए शुरू (शेष 10 पर)

# चिन्मयानंद और पीड़िता दोनों की जमानत अर्जी खारिज

● लखनऊ पीजीआई से चिन्मयानंद की छुट्टी

**पायनियर समाचार सेवा।** शाहजहांपुर/लखनऊ



**यौन शोषण के** मामले में जेल में बंद पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद तथा उनसे रंगदारी मांगने कि आरोपी पीड़ित छात्रा की जमानत अर्जी को सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायालय ने खारिज कर दिया। दूसरी ओर चिन्मयानंद को सोमवार देर शाम संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान से छुट्टी दे दी गई। जिला सत्र न्यायालय के शासकीय अधिवक्ता अनुज कुमार सिंह ने फोन बताया कि आज जिला एवं सत्र न्यायालय में स्वामी चिन्मयानंद की जमानत की अर्जी पर सुनवाई हुई जिसे जिला न्यायाधीश रामबाबू शर्मा ने सुना इसके अलावा स्वामी चिन्मयानंद से रंगदारी मांगने की आरोपी पीड़िता छात्रा की भी जमानत याचिका पर सुनवाई की गई। वहीं स्वामी चिन्मयानंद के अधिवक्ता ओम सिंह ने बताया की वह स्वामी चिन्मयानंद की जमानत याचिका खारिज होने के बाद इस मामले की अपील इलाहाबाद उच्च न्यायालय में करेंगे।

पीड़ित छात्रा के अधिवक्ता अनूप त्रिवेदी ने बताया कि आज स्वामी चिन्मयानंद की जमानत अर्जी पर बहस के दौरान शासकीय अधिवक्ता ने यह तर्क भी सामने रखा कि स्वामी चिन्मयानंद जब निर्वस्त्र होकर पीड़िता से मालिश करवाते थे और इस दौरान जब पीड़िता इसका विरोध करती थी तब उसके साथ बल प्रयोग किया जाता था। त्रिवेदी ने बताया कि ऐसे में जहां पर बल प्रयोग किया जाता है उस मामले में धारा 376 ही लगाई जाती है ना कि 376 (सी) लगाई जाती है। त्रिवेदी ने बताया पीड़िता की जमानत अर्जी पर बहस के दौरान उनका कहना था कि जो रंगदारी का वीडियो पहले वायरल किया गया था उसके दो हिस्से बनाए गए पहले हिस्से को वायरल कर दिया गया और उसी वीडियो का दूसरा हिस्सा 26 सितंबर को वायरल किया गया और इस वीडियो में छेड़छाड़ की गई है। वहीं दूसरी और पीड़ित छात्रा ने जेल में बंद होने के दौरान जेल अधीक्षक के माध्यम से एक प्रार्थना पत्र सीजीएम की अदालत में भेजा था जिसमें पीड़िता ने कहा था कि वह स्वयं उपस्थित होकर अदालत में अपनी बात रखना चाहती है क्योंकि वह स्वयं अधिवक्ता है, जिसे न्यायालय ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि मामले की जांच विशेष जांच दल एसआईटी कर रही है और इलाहाबाद उच्च न्यायालय इसकी निगरानी कर रहा है।

# नारद मामले में निलंबित आईपीएस मिर्जा 15 तक न्यायिक हिरासत में

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता

**सीबीआई की** एक विशेष अदालत ने निलंबित आईपीएस अधिकारी एसएमएच मिर्जा को नारद टेप प्रकरण मामले में सोमवार को 15 अक्टूबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मिर्जा की जमानत याचिका खारिज करते हुए न्यायाधीश अनुपम मुखोपाध्याय ने उन्हें 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मिर्जा उस वक्त वर्धमान के पुलिस अधीक्षक थे, जब नारद न्यूज पोर्टल के सैमुएल मैथ्यू ने 2014 में कथित स्टिंग ऑपरेशन किया था। मिर्जा को पिछले हफ्ते गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया था, जिसने उन्हें पांच दिनों के लिए सीबीआई रिमांड में भेज दिया था। मिर्जा की जमानत याचिका का विरोध करते हुए सीबीआई के वकील ने सोमवार को अदालत से उनकी न्यायिक हिरासत का अनुरोध किया और दावा किया कि वह एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं। गौरतलब है कि 2016 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव (शेष 10 पर)

# भाजपा ने मैदान में उतारे खिलाड़ी, बिखेरेंगे जलवा-भरेंगे पैंतरा


## हरियाणा विस चुनाव : पहली सूची से तीन मंत्रियों समेत सात विधायकों के नाम गायब

**शिखा शर्मा।** नई दिल्ली

**विधानसभा** चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार देर शाम प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया। सूची से कई नाम आश्चर्यजनक तरीके से गायब हैं, जब भाजपा ने पहली बार सूबे के चुनाव में तीन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को चुनाव मैदान में उतारा है। पहली सूची में आशा के विपरीत तीन मंत्रियों विपुल गोयल, रहीश खान और राव नरबीर सहित सात विधायकों के नाम शामिल नहीं हैं। इसमें 12 ऐसी सीटों पर नामों का ऐलान नहीं किया है, जिनको लेकर विवाद है। इसमें गुरुग्राम उल्लेखनीय है। यहां से विधायक उमेश अग्रवाल को मुख्यमंत्री की मुखालफत करने वाला माना जाता रहा है। हरियाणा में विधानसभा की 90 सीटें हैं, जिसमें से 78 सीटों के लिए नामों का ऐलान किया गया।



बबिता



योगेश्वर




संदीप सिंह

मुख्यमंत्री मनोहर लाल और हरियाणा भाजपा अध्यक्ष सुभाष बराला अपने पुरानी सीटों करनाल और टोहाना से उम्मीदवार बनाए गए हैं। पार्टी ने राज्य के उद्योग मंत्री विपुल गोयल को टिकट नहीं दिया है। निवर्तमान सात विधायकों के नाम भी सूची से गायब हैं। तीन खिलाड़ियों को टिकट दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय पहलवान योगेश्वर दत्त सोनीपत जिले के बड़ौदा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान संदीप सिंह कुरुक्षेत्र के पेहवा और अंतरराष्ट्रीय महिला पहलवान बबीता फोगाट दादरी से चुनाव लड़ेंगी। पंचकूला से ज्ञानचंद गुप्ता को भाजपा का टिकट मिला है। कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार को इसराना से उम्मीदवार बनाया गया है। कैबिनेट मंत्री कविता जैन सोनीपत से ही प्रत्याशी बनाई गई हैं। उनके पति के इस बार चुनाव लडने् की चर्चा थी, पर उन्हें टिकट नहीं दिया गया है।

### दलबदल करने वालों की चांदी

**चंडीगढ़।** भाजपा द्वारा सोमवार को जारी की गई सूची में एक बात साफ हो गई है कि दलबदल करने वाले अधिकतर नेताओं पर भाजपा ने भरोसा जताते हुए उन्हें फिर से विधानसभा में उतार दिया है। पिछले कार्यकाल के दौरान मेवात से इनेलो विधायक रहे जाकिर हुसैन इस बार भाजपा की टिकट पर अपनी किस्मत आजमाएंगे। पिछले चुनाव के दौरान इनेलो विधायक रहे नसीम अहमद ने लोकसभा चुनाव के दौरान इनेलो छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा लेकिन वहां ज्यादा दिन मन नहीं लगा। कुछ समय पहले कांग्रेस को भी अलविदा (शेष 10 पर)

# गुजरात दंगा पीड़ित बिल्किस बानो को 50 लाख, घर देने का आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने सोमवार को गुजरात सरकार को निर्देश दिया कि 2002 के दंगों के दौरान बलात्कार की शिकार हुई बिल्किस बानो को दो सप्ताह के भीतर 50 लाख रुपए मुआवजा, नौकरी और रहने के लिए आवास प्रदान किया जाए। इस घटना के समय बिल्किस पांच महीने की गर्भवती थी। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, न्यायमूर्ति एस ए बोबडे और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर की पीठ ने गुजरात सरकार से सवाल किया कि शीर्ष अदालत के 23 अप्रैल के आदेश के बावजूद उसने अभी तक बिल्किस बानो को मुआवजा, नौकरी और आवास क्यों नहीं दिया। पीठ ने सालिसीटर जनरल तुषार मेहता से पूछा, कोई मुआवजा अभी तक क्यों नहीं दिया गया? इससे पहले, मामले की सुनवाई शुरू होते ही बिल्किस बानो की अधिवक्ता शोभा गुप्ता ने पीठ से कहा कि शीर्ष अदालत के आदेश के बावजूद गुजरात सरकार ने उसे अभी तक कुछ भी नहीं दिया है। मेहता ने पीठ से कहा कि गुजरात के पीड़ितों को मुआवजा योजना में 50 लाख रूपए के मुआवजे का प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार अप्रैल के इस आदेश पर पुनर्विचार के लिए आवेदन दायर करेगी। पीठ ने कहा, नहीं, आपने अभी तक मुआवजे का भुगतान क्यों नहीं किया? क्या हमें अपने आदेश में इसका जिक्र करना चाहिए कि इस मामले के तथ्यों को ध्यान में रखते हुए मुआवजे का आदेश दिया गया है? मेहता ने इससे सहमति व्यक्त की लेकिन कहा कि उसे बानो को नौकरी उपलब्ध कराने के लिए कुछ और वक्त दिया जाए। पीठ ने कहा, दो सप्ताह के समय की भी अब जरूरत नहीं है। सालिसीटर जनरल ने बाद (शेष 10 पर)

# अब 40 मिनट में पहुंचेंगे दिल्ली से हापुड़

## नवनिर्मित छह लेन और एलिवेटेड रोड का केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को धौलाना तहसील के पिलखुवा में एन एच 9 का लोकार्पण कर जनता को समर्पित कर दिया। इसके बाद उन्होंने पिलखुवा के आरआर इंटर कॉलेज में एक जनसभा को संबोधित किया। केन्द्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग और परिवहन प्राधिकरण मंत्री नितिन गडकरी व मंच पर उपस्थित अन्य नेताओं ने सयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया।

इसके बाद गड़करी ने डासना से निजामपुर तक बने सिक्सलेन फलाईओवर का डिजिटल तकनीक से मंच से उदघाटन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि गांव व शहरों की सड़कों को इतना बढ़िया बनाया जाए जिससे होने वाले विकास का लाभ सबको मिल सके।

नितिन गडकरी ने कहा कि हमने महाराष्ट्र में सिक्सलेन का फ्लाईओवर बनाकर यातायात की समस्या को हल करने की जो पहल की थी वह सार्थक हुई। उसी की तर्ज पर पूरे देश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। जिससे देश के लोगों को सुगम यातायात मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी ने सड़कों की समस्या को हल करने के लिये मुझे जिम्मेदारी दी। सबसे पहले हमने एनसीआर को जाम मुक्त करने की मुहिम छेड़ी है। जिसमें हमने दिल्ली से हापुड़ तक व मेरठ से दिल्ली तक का सफर 40 मिनट में पूरा करने का लक्ष्य बनाया है जो हम जनवरी तक पूरा कर लेंगे।



डिजिटल बटन दबाकर नवनिर्मित छह लेन सड़क का पिलखुवा में उद्घाटन करते केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी।

उन्होंने कहा कि अच्छी सड़के विकास में महत्वपूर्ण सहभागिता निभाती हैं। पिलखुवा में बड़े स्तर पर कपड़ा बनता है। यहां खादी का बड़ा कारोबार है, जिसे और उच्च स्तर पर सुधारकर रोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकते हैं। इसके लिए स्थानीय लोग खुद उनसे आकर मिले और इस शासन की महत्वकांक्षी योजना का लाभ उठायें। इससे उद्योग चलाने वाले तो लाभविन्त होंगे ही साथ ही काफी लोगों को रोजगार मिलेगा।

गडकरी ने इस दौरान अपने ही विभाग के राज्य मंत्री व क्षेत्रीय सांसद वी के सिह की मांग पर डासना व छिजारसी पर फुटओवर बनाने की घोषणा करने के साथ ही आने वाले वर्षों में दिल्ली व हापुड के मध्य इस एलीवेटिड रोड पर कम लागत से एयर बसों को चलाये जाने की भी घोषणा की।

जनरल वी के सिंह, मेरठ सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, कान्ता कर्दम, हापुड विधायक विजयपाल आढ़ती, गढ़ विधायक कमल मलिक, जिला पंचायत अध्यक्ष अम्रता कुमार व अन्य उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने गडकरी को शाल ओढ़ा व प्रतीक चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया ।

## 70 गेंद में 162 रन बनाकर स्वास्तिक ने दिलाई जीत



**गाजियाबाद।** स्वास्तिक चिकारा ने एक और शतक लगाकर एसएस नालंदा को दीपक कप टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ओपनिंग मैच में जीत दिला दी। टीम ने पिच बरनर्स को 93 रन से हराया। मैन ऑफ द मैच स्वास्तिक चिकारा ने पिछले 28 मैचों में 18 वां शतक लगाया। जेएमबी क्रिकेट ग्राउंड पर रविवार को खेले गए मैच में टॉस जीतकर एसएस नालंदा ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

ओपनर स्वास्तिक चिकारा व विशेष ने पहले ओवर से ही आक्रामक तेवर दिखाए और ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 18.3 ओवर में 225 रन की पार्टनरशिप पहले विकेट के लिए कर डाली। स्वास्तिक के आउट होने पर यह पार्टनरशिप टूटी। स्वास्तिक ने महज 70 गेंद में 17 चौकों व 11 छक्कों की मदद से 162 रन बनाए ।

# गिले शिकवे खत्म, एकसाथ आए शर्मा व नागर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

साल 2009 में एक-दूसरे के सामने लोकसभा चुनाव लड़ने वाले दो विरोधी सोमवार को एक मंच पर एक पार्टी के झंडे तले गले मिलते हुए नजर आए। स्थानीय लोकसभा सांसद डॉ महेश शर्मा के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में सपा छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। डॉ महेश शर्मा फैन क्लब ने इंदिरा गांधी कला केंद्र में डॉ महेश शर्मा के 60 वें जन्मदिन पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया था।

### ● बदले राजनीतिक समीकरण के बीच नई परंपरा शुरू

इस मौके पर गन्ना किसान संस्थान के अध्यक्ष नवाब सिंह नागर और राज्यमंत्री कैप्टन विकास गुप्ता भी मंच पर मौजूद रहे। राजनीति में बदलते समीकरणों के अनुरूप शहर में एक नई परंपरा को देखा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे, जिन्होंने नए समीकरणों को पहली बार अपने समक्ष होते हुए देखा। इस मौके पर 5 मंजिला केक काटकर डॉ महेश शर्मा ने सबसे पहले सुरेंद्र नागर को ही केक खिलाया। इस दौरान सांसद डा महेश शर्मा ने शहरवासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं से बर्थडे गिफ्ट मांगा। सांसद ने कहा कि आप मुझे जन्मदिन का तोहफा देना चाहते हैं तो आप सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद कर दें। साथ ही यदि आप लोग घर से बाहर जाते हैं तो घर के सभी स्वीच ऑफ करके जाएं, जिससे बिजली की बचत हो सके।



डॉ. महेश शर्मा को केक खिलाकर जन्मदिन की बधाई देते सांसद सुरेंद्र नागर।

सांसद ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक, बिजली बचत के साथ ही पानी की बचत करें। आप लोग घर के बाथरूमों में रखे बाथ टबों को हटा दें, नहाने के लिए आवश्यकतानुसार पानी का इस्तेमाल करें। सांसद ने इस मौके पर शहरवासियों व भाजपा कार्यकर्ताओं को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने, बिजली व पानी बचत करने का संकल्प दिलाया।

डॉ महेश शर्मा ने कहा कि हम आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ वातावरण के साथ प्राकृतिक संसाधन छोड़कर जाएं, जिससे उन्हें परेशानी न झेलनी पड़े।

# गांधी जयंती पर आयोजित होंगे कई कार्यक्रम

## गुजरात समारोह में भाग लेने रवाना हुए ग्राम प्रधान और अधिकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती को इस बार गाजियाबाद जिले में स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस मौके पर जनपद के सभी विद्यालयों और ग्राम पंचायतों के सभी वार्डों में गांधी दर्शन की विचारधारा को विभिन्न आयोजनों के माध्यमों से दर्शाया जायेगा। जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने जिले के समस्त खंड विकास अधिकारियों को कार्यक्रम आयोजित करने के लिए ब्लू प्रिंट भेजा है।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस मौके पर पोस्टर पेंटिंग, निबंध एवं क्विज़ प्रतियोगिता के आयोजन के अलावा दो अक्टूबर को ग्राम पंचायतों में वार्डवार श्रमदान, गांधीजी एवं स्वच्छता पर चर्चा व साफ-सफाई प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा।

उन्होंने बताया कि दो अक्टूबर को ही ग्राम पंचायतों एवं विद्यालयों में प्लास्टिक मुक्त गाजियाबाद की शपथ दिलाई जाएगी। इसके अलावा प्लास्टिक के संग्रिकरण एवं रिसाइकिल हेतु चिन्हित स्थानों पर पहुंचाने का कार्यक्रम भी आयोजित किया जायगा। इन कार्यक्रमों में छात्रों व ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया जायेगा। उधर इस जनांदोलन को सफल बनाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी अस्मिता लाल, जिला ग्राम पंचायत राज अधिकारी अनिल कुमार त्रिपाठी ने जिले के चारों ब्लॉकों रजापुर, लोनी, भोजपुर एवं मुरादनगर का दौरा किया और तैयारियों का जायजा लिया।

वहीं गांधी जयंती समारोह में भाग लेने के लिए दो दर्जन ग्राम प्रधान व सचिव गुजरात के लिए रवाना हो गए। ये वहां गुजरात मॉडल का अध्ययन करेंगे और उसकी तर्ज पर गाजियाबाद में कार्य कराएंगे।

# प्रदेश के सबसे बड़े दो बकायेदार तहसील हवालात में बंद

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

सेलिब्रेशन सिटी (रेड मॉल) के दो मालिकों को जिला प्रशासन टीम ने दिल्ली से पकड़कर दोनों को तहसील हवालात में बंद कर दिया। इन पर जीडीए का 147 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया है और उत्तर प्रदेश में यह सबसे बड़े बकायेदार हैं।

डीएम ने बताया कि बड़े बकायेदारों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही में सोमवार को उप जिलाधिकारी सदर एके प्रजापति एवं उनके सहयोगी अधिकारियों ने प्रदेश भर में सबसे

### ● रेड मॉल के मालिकों पर है जीडीए का 147 करोड़ से अधिक बकाया

बड़े वकायेदार मैसर्स सेलिब्रेशन सिटी प्रोजेक्ट प्रा. लि. पर जीडीए का 147 करोड़ 59 लाख 4 हजार 687 रुपये बकाया जमा न कराने पर इनके मालिक संजीव जे एरन वसंतकुंज दिल्ली तथा राकेश कुमार जैन ग्रीन पार्क दिल्ली को पकड़ लिया और हवालात में बंद कर दिया।

## पेड़ पर लटका मिला अज्ञात का शव

**गाजियाबाद।** थाना कविनगर इलाके में डायमंड पैलेस के पास सोमवार को लोगों ने पेड़ पर लटके युवक का शव देखा तो वहां काफी भीड़ जमा हो गई। इसके बाद कुछ लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक को पेड़ से नीचे उतारा और उसकी पहचान के काफी प्रयास किए मगर पहचान नहीं हो सकी। युवक की उम्र करीब 30 साल के आसपास लग रही है। हालांकि, लोगों में तरह-तरह की चर्चा शुरू हो गई है। कुछ लोगों का कहना है कि युवक की हत्या करने के बाद उसे पेड़ से लटकाया गया है।

# रात में गश्त के दौरान तीन लुटेरों को पुलिस ने पकड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना बिसरख पुलिस ने बीती रात को गश्त के दौरान तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने अवैध हथियार, लूटे हुए मोबाइल फोन, लूट में इस्तेमाल होने वाली दो मोटरसाइकिल, पर्स तथा अन्य सामान बरामद किया है।

थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि बीती रात एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने पिंटू मावी, संदीप चावड़ी तथा मनीष नागर को गिरफ्तार किया।

### ● हथियार, मोबाइल व अन्य सामान बरामद

उन्होंने बताया कि बदमाशों के पास से पुलिस ने एक देसी तमंचा, कारतूस, चाकू, लूटे हुए दो मोबाइल फोन, फर्जी नंबर प्लेट लगी दो मोटरसाइकिल, एक पर्स, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड आदि बरामद किया।

उन्होंने बताया कि बदमाश इससे पहले भी लूटपाट के मामलों में कई बार जेल जा चुके हैं।


## संक्षिप्त समाचार



नारी सम्मान यात्रा निकालने के दौरान हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर खड़े गाजियाबाद जिले के कांग्रेसी नेता

### नारी सम्मान यात्रा लेकर जा रहे कांग्रेसी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** सोमवार को महिलाओं के सम्मान में शाहजहांपुर से लखनऊ तक नारी सम्मान यात्रा निकाल रहे कांग्रेसियों को शाहजहांपुर में ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार होने वालों में गाजियाबाद से भी कई वरिष्ठ कांग्रेसी शामिल थे।कांग्रेसी नेता नरेन्द्र राठी ने बताया कि सुबह यात्रा लखनऊ जाने के लिए जैसे ही शाहजहांपुर से निकली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूर्व एमएलसी नसीब पठान, पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, प्रदीप माथुर आदि भी गिरफ्तार होने वालों में शमिल हैं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि महिलाओं पर लगातार अपराध बढ़ रहे हैं। दूसरी ओर पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। उन्होंने कहा कि देश की नारी के शोषण के विरोध में कांग्रेस आंदोलन करती रहेगी।



जिला क्षय रोग विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित लैब टेक्नीशियन व प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों की टीम।

### टीबी खोज अभियान के तहत दिया प्रशिक्षण

**गाजियाबाद।** नगरीय स्वास्थ्य केन्द्रों पर कार्यरत लैब टेक्नीशियनों और उनके प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को सोमवार को क्षय रोग विभाग की ओर से प्रशिक्षण दिया गया। बता दें कि सभी नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों पर बलगम जांच केंद्र स्थापित किए जाने हैं। इसके लिए खासतौर पर लैब टैक्नीशियनों का प्रशिक्षण आवश्यक है। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में जिला क्षय रोग अधिकारी डा. जेपी श्रीवास्तव और प्रयोगशाला पर्यवेक्षक संजय यादव द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इससे पहले नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात स्टाफ नर्सेज को भी एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि एसीएफ 10 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान क्षय रोग विभाग के कर्मचारी घर-घर जाकर टीबी रोगियों को खोजेंगे।

### पार्क में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**नोएडा।** थाना फेस-2 क्षेत्र के सेक्टर 88 के पास अज्ञात बदमाशों ने एक व्यक्ति की हत्या कर शव को पार्क में फेंक दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना फेस-2 के प्रभारी निरीक्षक फरमूद अली पुंडीर ने बताया कि सोमवार सुबह पवन पुत्र अनोखे लाल ने थाना फेस-2 पुलिस को सूचना दी कि सेक्टर 88 के पास पार्क में एक शव पड़ा है। उसके चेहरे पर चोट के निशान हैं तथा गले में अंगौछे का फंदा पड़ा है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना पाकर वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# लोनी में भूमाफिया ने पार्क की जमीन पर किया कब्जा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

लोनी मेन बाजार स्थित जवाहर पार्क पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा कर दुकाने चलवाई जा रही हैं। भूमि को भूमाफियाओं के चंगुल से कब्जा मुक्त कराने के लिए स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। जिलाधिकारी ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

लोनी गाजियाबाद रोड स्थित मेन

### ● कार्रवाई को लोगों ने डीएम से की शिकायत

बाजार में शिव मंदिर के सामने 700 वर्ग गज सरकारी भूमि है। लोगों ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि खसरा संख्या 1439 जवाहर पार्क के नाम से दर्ज है।

लोगों का आरोप है कि कुछ दंबग भूमाफियाओं ने लोगों से पैसे लेकर पार्क की खाली पड़ी जमीन पर कब्जा कर लिया है।

# ट्रैक्टर-ऑटो भिड़ंत में दो की मौत, चार जख्मी

## दुर्घटनास्थल पर ट्रैक्टर मौके पर छोड़कर फरार हुआ चालक, केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

लोनी कोतवाली क्षेत्र में चिरोड़ी रोड पर बंथला पुलिस चौकी के पास सोमवार शाम एक ट्रैक्टर और ऑटो की भिडंत में ऑटो सवार एमसीडी कर्मी और छात्र की मौत हो गई। दुर्घटना में ऑटो चालक समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद ट्रैक्टर मौके पर छोड़कर चालक फरार हो गया। पुलिस ने चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की बात कही है। जानकारी के अनुसार गफ्फार (60) निवासी मसावी भवन जिला शामली ऑटो चालक हैं। वह बंथला-चिरोड़ी रोड पर ऑटो चलाते हैं। सोमवार शाम करीब चार बजे वह बंथला से ऑटो में यात्रियों को लेकर चिरोड़ी की ओर जा रहे थे। जब वह बंथला पुलिस चौकी के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने ऑटो को टक्कर मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद चालक ट्रैक्टर मौके पर छोड़कर फरार हो गया। दुर्घटना हुई देखकर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। साथ ही घायलों को उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने जांच के बाद शिवा (11) निवासी घिटोरा जिला बागपत और राकेश (50) निवासी मेवला भट्टी को मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह भड़ाना ने बताया कि ऑटो में बैठे सनसरपाल (53) निवासी बंथला, कलुवा (45) निवासी घिटोरा जिला बागपत, कैलाशवती (40) निवासी घिटोरा जिला बागपत की हालत भी गंभीर बनी हुई है। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। चालक के खिलाफ लापरवाही से ट्रैक्टर चलाकर घटना को अंजाम देने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।



लोनी के चिरोड़ी रोड पर हादसे के बाद सड़क पर टूटी हालत में खड़ा ऑटो और मौके पर पड़ा खून।

### बदमाश से चोरी की स्कूटी और मोबाइल फोन बरामद

**गाजियाबाद।** लोनी कोतवाली पुलिस ने रविवार रात चेकिंग के दौरान टीला शहबाजपुर-जावली गांव के चौराहे से एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक चोरी की स्कूटी और एक लूटा गया मोबाइल बरामद हुआ है। पुलिस ने उसको जेल भेज दिया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह भड़ाना ने बताया कि पुलिस टीम रात करीब 11 बजे टीला शहबाजपुर-जावली गांव के चौराहे पर चेकिंग कर रही थी। तभी चेकिंग के लिए एक संदिग्ध स्कूटी सवार को रोका गया। पूछताछ में वह स्कूटी के कागजात दिखाने में असमर्थ रहा।

# प्राधिकरण टीम ने चलाया सफाई अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत सेक्टर-15ए, 27 व अट्टा, सेक्टर-50 एवं हौजरी कॉम्प्लेक्स औद्योगिक में सफ ईगीरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की अलग-अलग टीमें बनाकर प्राधिकरण के अन्य विभागों तथा सिविल, उद्यान, जल एवं विद्युत यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों एवं शहरवासियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं को सुना गया। इसमें कुछ समस्याओं को तत्काल ठीक कराया गया तथा कुछ

### ● लोगों की समस्याएं सुन एकत्र की प्लास्टिक

का निराकरण शीघ्र कराने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम के दौरान शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाने के साथ स्वच्छता के प्रति प्लानिंग की गई। साथ ही प्लास्टिक संग्रहण पर बल दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न सेक्टरों में किया जिसमें सेक्टर-50 में प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी अविनाश त्रिपाठी, एससी मिश्रा वरिष्ठ परियोजना अभियंता जन स्वास्थ्य, सलिल यादव वरिष्ठ प्रबंधक, एसपीएस यादव वरिष्ठ प्रबंधक, राजेंद्र सिंह उप निदेशक उद्यान-2, मुकेश जैन वरिष्ठ प्रबंधक के अलावा फ ोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसी प्रकार हौजरी कांप्लेक्स में आरके शर्मा परियोजना अभियंता, एके जैन वरिष्ठ प्रबंधक, सेक्टर-27 ग्राम अट्टा में विजय रावल परियोजना अभियंता जन स्वास्थ्य, एससी गुप्ता वरिष्ठ प्रबंधक, आरसी सिंह वरिष्ठ प्रबंधक, महेंद्र प्रकाश निदेशक उद्यान-1 उपस्थित रहे। इसके अलावा सेक्टर-15ए में एके सक्सेना, जितेंद्र कुमार सहायक निदेशक के अलावा सभी स्थानों पर नोएडा एंटरप्रिन्योर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया गया।



नकली खोये का मौके से सैम्पल लेती खाद्य विभाग की टीम।

# मां और बच्चे के बेहतर स्वास्थ्य कामना के साथ की गोद भराई

## राष्ट्रीय पोषण माह संपन्न : सुरक्षित प्रसव और बच्चे के लालन-पालन की दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मां और बच्चे के बेहतर स्वास्थ्य की कामना के साथ जनपद के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर सोमवार को गोद भराई की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी शशि वार्ष्णेय ने बताया समेकित बाल विकास योजना के तहत गर्भवती महिलाओं के तीन माह पूरे होने पर गोद भराई की जाती है।

सोमवार को इस खास रस्म के साथ राष्ट्रीय पोषण माह संपन्न हो गया। तीन माह की गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र बुलाकर पोषण की पोटली दी गई और साथ ही बच्चे के बेहतर स्वास्थ्य के लिए महिलाओं को अपने खान-पान में किन-किन बातों पर ध्यान



पोषण माह समापन पर महिला की गोद भराई करतीं जिला कार्यक्रम अधिकारी।

रखना चाहिए, इसकी काउंसिलिंग की गई। लोनी के अगरौला गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने गोद भराई कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया जनपद के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बाल विकास परियोजना अधिकारियों, मुख्य सेविकाओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग मां और होने वाले बच्चे के लिए गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया ताकि होने वाला बच्चा सुपोषित हो। इस मौके पर जहां पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थों की पोटली गर्भवती महिलाओं को भेंट की गई वहीं इस बात की काउंसिलिंग की गई कि वे अपने और बच्चे के बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित आयरन और कैल्शियम की गोलियां खाती रहें। साथ ही रोजाना अपने खाने में हरी सब्जियां और फलों को शामिल करें। इस मौके पर पारंपरिक गीत गाकर गोद भराई रस्म पूरी की गई।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया सभी गर्भवती महिलाओं व उनके परिजनों को सलाह दी गई कि वे अपना पंजीकरण नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अवश्य कराएं ताकि समय से टीकाकरण हो सके और डाक्टर की निगरानी में मां और बच्चे के पोषण का ध्यान रखा जा सके।

# नकली मावा बना रहे 8 दबोचे मुख्य आरोपी मौके से फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

फूड विभाग की टीम ने पुलिस के साथ कलछीना गांव में संयुक्त रूप से छापेमारी कर बड़ी मात्रा में बनाए जा रहे नकली मावे की फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। यहां सेलखड़ी पाउडर और वनस्पति घी से खोया बनाया जा रहा था। टीम ने मौके से आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया जबकि मुख्य आरोपी फरार हो गया। टीम को मौके पर बीस कुतंल तैयार खोया और 56 टिन वनस्पति के मिले। तैयार नकली खोये को नष्ट कराकर अधिकारियों ने वनस्पति घी को सील कर दिया।

त्योहारों पर नकली खोया, पनीर की आवक रोकने के लिए फूड

### ● बीस कुंतल तैयार खोया किया बरामद

विभाग की टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। रविवार देर रात बारह बजे एसपी ग्रामीण नीरज कुमार जादौन को गांव कलछीना में बनाए जा रहे नकली खोए की जानकारी मिली। जिसपर उन्होंने एडीएम सिटी को जानकारी दी।

इसके बाद फूड विभाग की एक टीम मुख्य खाद्य निरीक्षक एनएन झा के नेतृत्व में पुलिस फोर्स के साथ कलछीना में छापेमारी के लिए भेजी गई। टीम ने गांव के कई घरों में छापेमारी की तो मौके पर बड़े पैमाने पर खोया बनता पाया गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# योजना पर आगे बढ़ी सरकार, बदलेगा ऑफिस का समय

## डब्ल्यूआरआई के सीईओ को सौंपी जिम्मेदारी, जाम-प्रदूषण की होगी छुट्टी

- पहले जाम वाले रास्तों पर स्थित सरकारी ऑफिसों पर लागू होगी योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में कार्यालयों का आने-जाने का समय अलग-अलग करने की योजना पर तेजी से काम शुरू हो गया है। ठोस कार्ययोजना बनाने का काम वर्ल्ड रिसोर्सेस इंस्टीट्यूट (डब्ल्यूआरआई) के सीईओ ओपी अग्रवाल को सौंपा गया है। अग्रवाल परिवहन और शहरी नीतिगत मामलों के जाने-माने विशेषज्ञ हैं।

आईएएस अधिकारी रह चुके अग्रवाल केंद्र सरकार में अर्बन ट्रांसपोर्ट डिवीजन के प्रमुख रह चुके हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को ओपी अग्रवाल से मुलाकात की और उन्हें सरकारी विभागों में दफ्तरों के आने-जाने का समय अलग-अलग तय करने की योजना बनाने की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि इस योजना में इंडस्ट्री एसोसिएशनों को भी शामिल किया जाए ताकि वे भी अपने यहां इस योजना को लागू कर सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दफ्तरों में जाने और लौटने के समय में बहुत सारे लोग प्रतिदिन यात्रा करते हैं। एक साथ बहुत बड़ी संख्या में लोगों के सड़क पर उतरने के कारण से राजधानी में कई स्थानों पर भयंकर जाम लगता है। इससे प्रदूषण में भी इजाफा होता है जो नवंबर में पराली का धुआं आने के बाद और खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता है।

सरकार इन जाम वाली जगहों और रास्तों को चिह्नित कराएगी और इन रूट पर पड़ने वाले दफ्तरों के समय को अलग-अलग करने की संभावनाएं तलाशेंगे। केजरीवाल ने कहा कि उनकी सरकार आगामी सर्दी के सीजन के हिसाब से हरसंभव कदम उठा रही है जब पराली जलाने के मामले सामने आएंगे और प्रदूषण बढ़ेगा।



दफ्तरों का समय अलग-अलग करने के लिए विशेषज्ञों से विचार विमर्श करते सीएम।

### उपराज्यपाल का भी मिला साथ

मुख्यमंत्री इस संबंध में चर्चा के लिए बीते 25 सितंबर को उपराज्यपाल अनिल बैजल से भी मिल चुके हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार उपराज्यपाल ने उन्हें प्रदूषण से निपटने के लिए ऑड-ईवन समेत अन्य योजनाओं को लागू कराने में पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। उपराज्यपाल ने भी उन्हें इस समस्या से निपटने के लिए दफ्तरों के समय में बदलाव करने का सुझाव दिया था। डीएमआरसी भी सरकार से कार्यालय खुलने का समय अलग-अलग करने की मांग करता रहा है, ताकि जाम और प्रदूषण की स्थिति से निपटा जा सके। कई देशों में यह योजना सफलतापूर्वक लागू की जा चुकी है।

## सप्ताह के अंत में दिल्ली को भिगो सकते हैं बादल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में अगले तीन-चार दिन में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। इससे उमस में कमी और वायु गुणवत्ता के संतोषजनक श्रेणी में आने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में अगले तीन से चार दिन में बारिश होने की संभावना है। इससे उमस में कमी और वायु गुणवत्ता में सुधार आ सकता है।

स्काईमेट वेदर के महेश पलावत ने बताया कि हल्की बारिश और हवा के अनुकूल दिशा में बहने के कारण दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार की संभावना है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर मध्य तक, पंजाब और हरियाणा में धुंध के दिल्ली-एनसीआर पहुंचने की कोई संभावना नहीं है, क्योंकि हवा विपरीत दिशा में चल रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 55 दर्ज किया, जो संतोषजनक श्रेणी में आता है।

# डेंगू के खिलाफ जंग में निजी स्कूल भी उतरे

## केजरीवाल ने प्रधानाचार्यों से किया संवाद, कहा-छात्रों को बनाएं जागरूक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



डेंगू के खिलाफ 10 हफ्ते 10 बजे 10 मिनट अभियान के समर्थन में दिल्ली के निजी स्कूल भी आ गए हैं। इस के तहत दिल्ली सरकार ने स्कूली बच्चों के लिए एक किट तैयार कराई है। जिसे स्कूलों के जरिये उन्हें उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा प्रदूषण से निपटने के लिए अपने कार्यक्रम के तहत आप सरकार स्कूलों के जरिये बच्चों को मास्क भी मुहैया करवाएगी। दोनों मुद्दों पर 1 अक्टूबर दोपहर 12 बजे वीडियो कांफ्रेंस के जरिए सीधे बातचीत करेंगे।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल निजी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के प्रिंसिपल्स और वाइस प्रिंसिपल्स के साथ त्यागराज स्टेडियम में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम ये बातें कहीं। सभी स्कूल अपने यहां पढ़ने वाले बच्चों को डेंगू और प्रदूषण के खिलाफ जागरूक करें। इस उद्देश्य से केजरीवाल ने ये संवाद किया।

केजरीवाल ने कहा कि पांच साल पहले राष्ट्रीय राजधानी में दो तरह की शिक्षा व्यवस्था थी। एक सरकारी स्कूल की शिक्षा और दूसरी निजी स्कूल की। किसी आदमी के पास अगर थोड़ा सा भी पैसा होता था तो वो अपने बच्चे को प्राइवेट स्कूल में पढ़ाता था। बहुत मजबूरी में ही कोई अपने बच्चे को सरकारी स्कूल में भेजता था। ये असंतुलित शिक्षा व्यवस्था थी। पांच साल में उन्होंने इस असंतुलन को खत्म किया है। सरकारी स्कूलों को बहुत अच्छा किया है। सबको लगभग एक समान शिक्षा मिल रही है। अगर कोई प्राइवेट स्कूल नियम कानून को नहीं मानता है तो उसे कानून का पालन कराना उनका फर्ज फर्ज है। लेकिन वह निजी स्कूलों के कामकाज में दखलअंदाजी बिल्कुल नहीं करना चाहते।

**क्लास में डेंगू-चिकनगुनिया का कोई पीरियड नहीं होता :** केजरीवाल के अनुसार स्कूलों में सभी विषयों का पीरियड होता है लेकिन डेंगू-चिकनगुनिया का कोई पीरियड नहीं होता जबकि सबसे ज्यादा लोगों को इन दो-तीन महीनों में इन बीमारियों से पीड़ित होते हैं। अगर सभी अपने बच्चों को असल जिंदगी के बारे में दो शब्द नहीं पढ़ाएंगे, तो इसका मतलब कोई कमी रह गई है।

## भाजपा के पास कोई मुद्दा ही नहीं : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भगवा पार्टी के पास कोई मुद्दा नहीं है इसलिए वह आप पर बेबुनियाद आरोप मढ़ रही है। आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी की आलोचना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश हो, बिहार हो या गुजरात, भाजपा ऐसी पार्टी है जहां भी उसका शासन है, वहां से लोगों को निकाल दिया है। उसने असम में एनआरसी के जरिए लोगों को निकाला है। तिवारी और भाजपा के अन्य नेता मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर इस लिए आरोप लगा रहे हैं क्योंकि वे चिन्मयानंद मामले से लोगों का ध्यान भटकाना चाहते हैं।

सिंह के अनुसार दिल्ली में भाजपा का कोई नेता नहीं है। पार्टी के तीनों बड़े नेता मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनने के लिए आपस में लड़ रहे हैं।

# बिहार के लोगों पर टिप्पणी को लेकर घिरे केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बिहार के लोगों को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। पार्टी नेताओं को कहना है कि सीएम का बिहार, उत्तर प्रदेश और पूर्वांचल के लोगों को दिल्ली के अस्पतालों पर बढ़ते बोझ के लिए जिम्मेदार बताना दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा पूरबिया समेत अन्य राज्यों के लोगों के अपमान को बर्दास्त नहीं करेगी। केजरीवाल जब तक माफी नहीं मांगेगे तब पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा।

भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद विजय गोयल ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल द्वारा बिहार, उत्तर प्रदेश और पूर्वांचल के लोगों को दिल्ली के अस्पतालों पर बढ़ते बोझ के लिए जिम्मेदार बताना दुर्भाग्यपूर्ण है। संवैधानिक पद पर बैठा कोई मुख्यमंत्री ऐसा बयान कैसे दे सकता है कि बिहार से लोग 500 रूपये का टिकट कटवाकर आते हैं और दिल्ली में 5 लाख रूपये का मुफ्त ईलाज कराकर चले जाते हैं। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने भी बिहार के लोगों को बोझ बताया था लेकिन उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ।

**केजरीवाल को विकृत मानसिकता से उभरने की जरुरत: सिन्हा**

भाजपा पूर्वांचल मोर्चा दिल्ली प्रदेश के उपाध्यक्ष सोनिया संजय सिन्हा ने कहा कि बिहार के लोगों के प्रति अरविन्द केजरीवाल का यह बयान उनकी विकृत मानसिकता को प्रदर्शित करता है। उन्हें इससे उभरने की जरूरत है। मुख्यमंत्री को यह नहीं भूलना चाहिए की वे पिछली विधानसभा चुनाव में बिहार और यूपीवालों की वजह से ही चुनाव जीते थे। दिल्ली सिर्फ आम आदमी पार्टी की नहीं है। यहां देश के हर कोने से लोग इलाज के लिए आते हैं।

## संक्षिप्त समाचार



कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते कौशलेंद्र पटेल।

### सामाजिक समरसता के लिए आरक्षण जरूरी: पटेल

**नई दिल्ली।** शहीद भगत सिंह संध्या कॉलेज में ओबीसी सेल द्वारा युवा सशक्तिकरण और उच्च शिक्षा में आरक्षण की भूमिका पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि और वक्ता राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग के सदस्य कौशलेन्द्र पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि कि आज भी पिछड़े समाज का उच्च शिक्षा में भागीदारी अत्यंत कम है। प्राचीन भारत मे वर्णाश्रम व्यवस्था की वजह से समाज में सदियों से एक बहुत बड़ी आबादी के साथ भेदभाव होता आ रहा है। यही भेदभाव इस सकारात्मक प्रावधान का आधार है, इसीलिए सामाजिक समरसता और सामाजिक समवेशिकरण के लिए आरक्षण/ सकारात्मक प्रावधान जरूरी है। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ कविता यादव ने ओबीसी सेल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्राचार्य डॉ एसके सिन्हा ने सामाजिक समरसता और सामाजिक न्याय के लिए सकारात्मक प्रावधान को महत्वपूर्ण माना। कार्यक्रम के सचिव शरद यादव ने कहा कि आज भी शोध एवं उच्चतर शैक्षिक पदों पर आरक्षण का अभाव है। अभी भी पिछड़े समाज का प्रतिनिधित्व कम है। इसे और भी बढ़ाने की ज़रूरत है।

### सेवानिवृत्त हुए रामसिया पाल

**नई दिल्ली।** दी पायनियर से डीटीपी ऑपरेटर के पद से रामसिया पाल 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने वर्ष 1991 में डॉर्क रूम ऑपरेटर के पद से संस्थान से जुड़े थे। उन्होंने विभिन्न पदों पर करीब 30 साल तक अपनी सेवाएं दी। उनके साथियों का कहना है कि कुशल कामगार सेवानिवृत्त हो रहे है जिसकी क्षतिपूर्ति काफी मुश्किल है। वह काफी मिलनसार थे। संस्था के कर्मचारियों व अधिकारियों ने पाल को शुभकामनाएं दी और उनके बेहतर भविष्य की कामना की।



### विश्वनाथ त्रिपाठी सम्मानित

**नई दिल्ली।** हिन्दी अकादमी प्रख्यात हिन्दी साहित्यकार एवं आलोचक डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी को शलाका सम्मान से नवाजा गया। इस बार हिन्दी अकादमी के शिखर सम्मान के लिए शीला झुनझुनवाला को चुना गया है और विशिष्ट योगदान सम्मान सुधाकर बाबू पाठक को गया। हिन्दी अकादमी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लेखकों को हिन्दी साहित्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित करती है।

### गैंगस्टर सांगवान का करीबी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पुलिस ने सोमवार तड़के द्वारका में मुठभेड़ के बाद गैंगस्टर कपिल सांगवान के एक करीबी साथी को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की पहचान कुलदीप राठी के तौर पर कर ली गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि वह दिल्ली-एनसीआर में हत्या, हत्या की कोशिश, जबरन वसूली व अपहरण के कई मामलों में वांछित था।

# बच्चों को बताएंगे गांधी के दिल्ली से जुड़ाव की कहानी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय में आर्गेनिक फूड, खेती पर चर्चा और प्राकृतिक चिकित्सा पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

संग्रहालय के अधिकारियों ने बताया कि खासकर बच्चों और छात्रों के लिए अन्य आकर्षणों के साथ ही नुक्कड़ नाटकों, कथावाचन, स्लोगन लिखने, कठपुतली तमाशा और गांधीजी के जीवन पर संवाद सत्र भी होगा। एक विशेष सत्र में दिल्ली से गांधीजी के जुड़ाव के बारे में बच्चों को बताया जाएगा।

संग्रहालय के निदेशक ए. अन्नामलाई ने बताया कि एक और दो अक्टूबर को सुबह साढ़े 10 बजे से शाम साढ़े चार बजे तक इन कार्यक्रमों का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले बच्चों को ऐतिहासिक शहर और देश की राजधानी दिल्ली से गांधीजी के जुड़ाव के बारे में बताया जाएगा। इसमें राष्ट्रपिता के जीवन और कार्यों पर विस्तृत संवाद सत्र होगा। छात्र उनके बारे में अपना दृष्टिकोण भी रखेंगे।

# अयोग्यता मामले में दो पूर्व विधायकों को राहत नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने दलबदल रोधी कानून के तहत विधानसभा की सदस्यता से आम आदमी पार्टी (आप) के दो पूर्व विधायकों को अयोग्य ठहराने के स्पीकर के फैसले पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया। विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) ने आप के दो पूर्व विधायकों अनिल बाजपेई और देवेंद्र सहरावत को सदन की सदस्यता के लिए अयोग्य करार दिया था।

न्यायमूर्ति नवीन चावला ने इस विषय पर अंतरिम राहत देने से इनकार करते हुए विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल के कार्यालय, निर्वाचन आयोग और आप विधायक सौरभ भारद्वाज को नोटिस जारी किए हैं।

भारद्वाज ने बाजपेई और सहरावत के भाजपा के कार्यक्रमों में भाग लेने को लेकर इन दोनों को अयोग्य करार देने की मांग की थी। बहरहाल, मामले की सुनवाई 20 नवंबर के लिए सूचीबद्ध कर दी गई, जब उच्च न्यायालय जवाब सुनेगा।

अदालत ने संक्षिप्त दलीलों के दौरान पूछा कि स्थगन की तात्काल क्या जरूरत है? स्पीकर के आदेश पर रोक नहीं लगाई जा सकती।

## स्कूल बनाने को भूमि की मंजूरी दे डीडीए : कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी के प्रेम नगर में सरकारी स्कूल के निर्माण के लिए डीडीए को भूमि की मंजूरी देने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीएन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरिशंकर की पीठ ने दिल्ली सरकार और संबधित अन्य प्राधिकारों से इस मामले में एक-दूसरे को सहयोग करने के लिए भी कहा है।

पीठ ने कहा कि अदालत डीडीए को किराड़ी के प्रेमनगर-3 इलाके में अथवा इसके आसपास कानून, प्रावधान, नियमों और सरकार की नीतियों के अनुसार स्कूल निर्माण के लिए भूमि की मंजूरी देने पर विचार करने का आदेश देती है।

# बच्चों के विकास के लिए शुरू के वर्ष बहुत अहम : ईरानी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय महिला एवं बाल कल्याण और कपड़ा मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने कहा कि बच्चे के विकास के लिए उसके शुरुआती वर्ष बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। उनके भविष्य पर इसका गहरा प्रभाव पड़ता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया है कि केवल यदि बच्चे स्वस्थ और शिक्षित हैं तो वो अपनी पूरी क्षमता को हासिल कर सकते हैं। इस तरह राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं। ईरानी ने यह बात वैश्विक आंदोलन सेव द चिल्ड्रन के शताब्दी समारोह में कही। स्मृति जुबिन ईरानी ने कहा कि केंद्र सरकार बच्चों को स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और सुरक्षा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कई योजनाएं और कार्यक्रम चला रही है। उन्हें खुशी है कि बच्चों के लिए सही शुरुआत की मांग करते हुए सेव द चिल्ड्रन ने देशभर में अभियान की पहल की है।

उन्हें भरोसा है कि स्ट्रीट चिल्ड्रन की मैपिंग सेव द चिल्ड्रन द्वारा की जा रही है। इसका नतीजा मंत्रालय के साथ साझा किए जाएंगे। उनकी कोशिश है कि सांख्यिकी मंत्रालय उस प्रक्रिया का अनुकरण करें।

## जनहित याचिकाएं सिर्फ अदालत आने में नाकाम लोगों के लिए : हाई कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने उत्तरी और पूर्वी दिल्ली नगर निगमों द्वारा चलाए जा रहे प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को वेतन देने की मांग वाली जनहित याचिका को खारिज करते हुए कहा कि ऐसी याचिकाएं वैसे लोगों के लिए हैं, जो अदालत नहीं आ सकते। यह याचिका एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ने दायर की थी।

मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरिशंकर की पीठ ने कहा कि यदि शिक्षकों को उनका वेतन नहीं दिया जा रहा है तो वे कभी भी अदालत का दरवाजा खटखटा सकते हैं।

# एनएसडी के कलाकार करेंगे संपूर्ण रामायण का मंचन

## दो अक्टूबर से नेताजी सुभाष पैलेस में होगी शुरुआत, बनाया गया है 180 फुट का मंच

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भगवान राम के पराक्रम की कहानी को पूरी भव्यता से राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) के 120 से ज्यादा पेशेवर कलाकार और नर्तक मंच पर लेकर आ रहे हैं। संपूर्ण रामायण मंचन की शुरुआत दो अक्टूबर से नेताजी सुभाष पैलेस में आर्यन हेरीटेज फाउंडेशन की ओर से किया जा रहा है। प्रस्तुति के लिए 180 फुट का मंच बनाया गया है और इसका मंचन छह भाग में किया जाएगा ताकि दर्शकों को फिल्म जैसा अनुभव हो।

आर्यन हेरिटेज फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल ने कहा कि हमने जब इसे शुरू किया तब भी हमें पता था कि हम कुछ बड़ा करने जा रहे हैं लेकिन दर्शकों से हमें जो प्रतिक्रियाएं मिली हैं, वह उम्मीद से कहीं ज्यादा थीं। सभी उम्र वर्ग के लोग इस मंचन को देखने आ रहे हैं और उनका प्रेम हमें साल दर साल अपना स्तर बढ़ाने को उत्साहित करता है। पांचवें साल इस बार सम्पूर्ण रामायण का आयोजन हो रहा है। पूरे मंचन में दिल को छू लेने वाले 16 साउंडट्रैक हैं। उन्होंने बताया कि बी आर चोपड़ा द्वारा निर्मित महाभारत के संगीत निर्देशक रहे राज कमल के बेटे चंद्र कमल और भारत कमल इसके संगीत निर्देशक हैं। टाइटल गीत को उदित नारायण ने अपनी आवाज दी है जबकि रावण का परिचय देने वाले भाग को कैलाश खेर ने गाया है।

अभिनेता मुकेश खन्ना ने पर्दे से पीछे अपनी आवाज दी है। इसके निर्देशक शशिधरण नायर हैं और नृत्य निर्देशन पपीहा देसाई ने किया है।

### राम का हुआ जन्म, ताड़का-सुबाहु का वध



**नई दिल्ली।** नेताजी सुभाष प्लेस स्थित श्री केशव रामलीला कमेटी में राम जन्म, ताड़का, सुबाहु वध का भव्य मंचन किया गया। रामलीला मंचन से पहले माता निर्मला देवी के सहजयोग ध्यान केंद्र द्वारा भजन संध्या प्रस्तुत की गई। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अशोक गोयल देवराहा ने बताया कि इस अवसर पर आत्मसाक्षात्कार की दिव्य अनुभूति की कला भी बताई गई।




# मिलेनियम सिटी वासी ट्रैफिक रूल को समझते हैं मजाक

**यातायात नियम तोड़ने में सबसे आगे हैं गुरुग्राम के लोग**

**आठ महीने में पांच लाख 35 हजार 689 लोगों के कटे चालान**

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम में यातायात नियमों को लोग हल्के में लेते हैं। यूं कहें कि इनको वे मजाक समझते हैं। रूल मान लिया तो सही नहीं तो कुछ गलत नहीं। शायद इसी सोच के साथ यहां के वाहन चालक यातायात नियमों का खुलकर धज्जियां उड़ाते हैं।

यह बात उन आंकड़ों से साबित होती है, जो आंकड़े हमें ट्रैफिक पुलिस द्वारा काटे गये चालान के मिले हैं। गुरुग्राम की ट्रैफिक पुलिस ने जो चालान काटे जाने के आंकड़े उपलब्ध कराये हैं, वे बेहद ही चौंकाने वाले हैं।

आपको बता दें कि एक जनवरी 2019 से लेकर 31 अगस्त 2019 तक मात्र आठ महीने में गुरुग्राम में यातायात पुलिस ने एक हजार नहीं, दस हजार नहीं, एक लाख नहीं बल्कि पांच लाख 35 हजार 689 लोगों के यातायात नियम फॉलो न करने को लेकर चालान काटे हैं। इस हिसाब से रोजाना औसतन 2300 लोगों के चालान काटे गये।

यानी इतने लोग रोज यातायात के नियमों की धज्जियां उड़ाते हैं। यह आंकड़ा अपने आप में बहुत बड़ा है और साथ ही मिलेनियम सिटी वासियों के लिए शर्मनाक भी है। इससे साफ जाहिर है कि हम यातायात के नियमों की जरा सी भी परवाह नहीं करते। मौका मिलते ही उन्हें तोड़ने लग जाते हैं। पुलिस ने इन आठ महीनों में 12 करोड़ 78 लाख 72 हजार 700 रुपये जुर्माना राशि के रूप में वसूले हैं।

## सीसीटीवी फुटेज से भी काट रहे चालान



**इस** मामले में डीसीपी ट्रैफिक हिमांशु गर्ग कहते हैं कि ये चालान ज्यादातर रेड लाइट जंप, रॉंग साइड ड्राइविंग, ड्रंकन ड्राइव के हैं। उन्होंने यह भी बताया कि लोग यातायात नियम तोड़ते समय यह समझ लेते हैं कि उन्हें कोई नहीं देख रहा। बेशक कोई फिजिकली तौर पर किसी चौक-चौराहे पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी नहीं हो, लेकिन शहर में लगी तीसरी नजर यानी सीसीटीवी कैमरों से रूल्स तोड़ने वालों पर पुलिस की नजर रहती है। पल-पल की नजर लोगों पर रखा जाती है। लोगों के वाहन के नंबर से पता ट्रैश करके उन्हें चालान घर भेजे जाते हैं।

## नियम तोड़ने के साथ जान भी गंवा रहे लोग

**सिर्फ** यातायात नियम तोड़ने से काम नहीं चलता, बल्कि लोग नियम तोड़ने के चक्कर में अपनी जान तक गंवा रहे हैं। किसी भी रेड लाइट पर वाहन चालकों खासकर दोपहिया वाहन चालकों की नजर लाइट जंप करने पर ज्यादा रहती है। कौन अन्य वाहन कब कहां से आ जाये, उस ओर उनका कोई ध्यान नहीं होता। जैसे ही वे आगे तेज गति से बढ़ते हैं तो दूसरी ओर से भी आने वाले वाहनों की चपेट में वे आ जाते हैं और अपनी जान तक गंवा देते हैं। यानी चंद सैकेंड का वे इंतजार नहीं कर सकते, लेकिन अपनी जान गंवा सकते हैं। डीसीपी ट्रैफिक ने लोगों से अपील की है कि वे रेड लाइट पर रुकें, ध्यान से देखें और ग्रीन होने पर ही आगे बढ़ें। क्योंकि किसी भी तरह की, किसी भी काम के लिए जल्दबाजी हमारी जान से ज्यादा कीमती नहीं हो सकती।

## नए एक्ट से सुधार की गुंजाइश

**देश** में नया मोटर व्हीकल एक्ट लागू हो चुका है। इसमें चालान की राशि कई गुणा बढ़ चुकी है। हालांकि इसे लेकर देश भर में विरोध के स्वर भी उठे हैं। पुलिस भी काफी सक्रिय हुई और पांच हजार से लेकर 50 हजार रुपये से भी अधिक के चालान काटे गये। अभी चुनावों के मद्देनजर पुलिस ने चालान प्रक्रिया को ढीला कर रखा है। यानी चुनावों के बाद फिर से पुलिस चालान काटने में जुट जायेगी। अच्छा है अभी से ही कुछ तैयारियां कर ली जायें, ताकि बाद में कुछ परेशानी न हो।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

**फर्रुखनगर।** फर्रुखनगर-महचाना-हेलीमंडी मार्ग पर रविवार सुबह बाइक व पिकअप की भिड़ंत में बाइक सवार चालक की मौत दो अन्य सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना को अंजाम देकर पिकअप सवार गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया।

पुलिस को दिए बयान में प्रेमपाल उर्फ सोनू पुत्र दयाराम प्रजापति निवासी लुहारी ने बताया कि वह टायल पत्थर लगाने का कार्य करता है। उसका पार्टनर श्रीदोल उर्फ सिरिया पुत्र बच्चू सिंह जाटव निवासी पुरावलवटी राजस्थान 29 सितम्बर को हम दोनों बाइक पर सवार होकर महचाना गांव में जा रहे थे। बाइक सिरिया चला रहा था। जब वह हेलीमंडी से महचाना मोड पर पहुंचे तो वर्कर अमरसिंह पुत्र ओमप्रकाश गुर्जर निवासी बिहारा उत्तर प्रदेश खड़ा मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीमद्भागवत कथा से पहले निकाली कलश यात्रा



**गुरुग्राम।** आश्विन मास के नवरात्रों के पावन पर्व पर रतन विहार राजेंद्रा पार्क मेन रोड गुरुग्राम हरियाणा में दूसरे नवरात्र से वृंदावन धाम से पधारे भक्त प्रहलाद मंडल के अध्यक्ष आचार्य बालयोगी महाराज के सानिध्य में सोमवार सात दिवसीय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ शुरू हुआ।श्री खाटू श्याम महिला मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 1100 कलश एवं भव्य झांकियों के साथ यात्रा निकाली गई। अधिक महिलाएं आने के कारण कलश 1100 से बढ़कर 1251 हो गये। महिला मंडल की अध्यक्ष बबली चौहान एवं उनकी अन्य सहयोगी दिव्या, सुनीता, पुष्पा, हेमा, मधु, मूर्ति, शिवानी, पूनम, उर्मिला, संतोष, कांति, कीर्ति, राधा, अनीता, दुर्गेश, रूपा पटेल, आशा , ज्योति, लक्ष्मी समेत 1251 महिलाओं ने कलश उठाये। मंडल के सदस्य आरपी पिपलानी, केपी गुप्ता, पीके गुप्ता, विनीत कपूर, महेश चंद्र शर्मा, अनिल शर्मा राजेश पटेल, सुशील राजन व राजेन्द्र ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान दिया। कार्यक्रम के संयोजक एवं संचालक आचार्य शिवानंद जी महाराज ने समस्त गुरुग्राम वासियों को इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए निवेदन किया है।

### अनिल श्रीवास्तव को मिला इंडिया शाइनिंग स्टार अवार्ड

**गुरुग्राम।** शहर के युवा हास्य-व्यंग्य कवि अनिल श्रीवस्तव को नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में इंडिया शाइनिंग स्टार अवार्ड-2019 से अलंकृत किया। यूथ इंडिया डेवेलपमेंट बोर्डनई दिल्ली द्वारा क्रीम्स लोटस वेदा इंटर नेशनल स्कूल पीतमपुरा के सभागार में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनिल श्रीवास्तव को यह अवार्ड विश्व कीर्तिमान स्थापित करने हेतु प्रदान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी हास्य व्यंग्य कविताओं से श्रोताओं को गुदगुदाया और श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी। इस अवसर पर देश के कई राज्यों आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली से पधारे लगभग 20 युवा प्रतिभाओं को शिक्षा, साहित्य, खेलकूद, समाज सेवा व संगीत में अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट उल्लेखनीय व सराहनीय योगदान कर राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने के लिये प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो-रेसलर व अभिनेता गोपाल पराशर, लेखक व ग्लोबल मैनजेमेंट गुरु आरके हांडा, समाजसेवी व रेकी मास्टर सुनील कुमार बाकोलिया ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

### शिक्षक गौरव समारोह, विचार गोष्ठी एवं मुशायरे का आयोजन



**गुरुग्राम।** यहां सेक्टर-12 के विवेकानंद सभागार में सुरुचि परिवार की ओर से शिक्षक गौरव समारोह, विचार गोष्ठी एवं मुशायरे का आयोजन किया गया। इस दौरान अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गजलकार आलोक श्रीवास्तव समेत कई अतिथि मौजूद रहे। बता दें कि उनकी गजलों को जगजीत सिंह, पंकज उधास, शोभा मुदगिल और अमिताभ बच्चन स्वर दे चुके हैं। इस मौके पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय व उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रो. आरएम मित्तल, डॉ. दलीप सिंह,, मंजू भारती, नीलम साहनी, सरिता चौधरी, सुरेश वशिष्ठ को शिक्षक गौरव सम्मान से अलंकृत किया। सामरिक संस्थान के डॉ. केएन शर्मा, माडुमल विद्यालय के मनोज गुप्ता (गुड्डू) को शिक्षा गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। इस मौके पर नॉर्थ कैप यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर प्रो. प्रेमव्रत ने कहा कि शिक्षक का कार्य महत्वपूर्ण है। क्योंकि वो भावी पीढ़ी का निर्माता है। शिरोमणि सुरुचि सम्मान से अलंकृत प्रो. निर्मला जैन ने जीवन में प्रेम के महत्व को रेखांकित करते हुऐ चिन्ता व्यक्त की। साहित्यकार लक्ष्मी शंकर बाजपेयी, कथाकार चंद्रकांता, त्रिलोक कौशिक ने विचार गोष्ठी के विषय प्रेम, साहित्य पर अपने विचारों से श्रोताओं को प्रभावित किया। इस अवसर पर सुरुचि परिवार के सदस्यों नरेंद्र खामोश, शशांक शर्मा, आरएस पसरीचा, नरोत्तम शर्मा, विमलेन्दु सागर, धर्मबीर गाबा, सतपाल सिंह चौहान, डॉ. आरपी सिंह और जेबी शर्मा आदि मौजूद रहे।

### हमकलम संस्था ने की मासिक गोष्ठी

**गुरुग्राम।** हमकलम साहित्यिक संस्था की मासिक गोष्ठी का आयोजन चिरंजीव कर्मभूमि ओल्ड ऐज होम सी-1 ब्लाक पालम विहार में सम्पन्न हुआ। चर्चा का विषय बदलते मूल्यों के दौर में बालपन के प्रश्नों के नये बिंदु, नये कोण में पंचतंत्र और हितोपदेश की कहानियों की प्रासांगिता चर्चा पर विचार रखे गये। संस्था की अध्यक्षा डॉ. संतोष गोयल, डॉ. सुनीति रावत, त्रिलोक कौशिक, केदार नाथ शर्मा, सुदर्शन शर्मा ने विचार प्रकट किये। डॉ. संतोष गोयल ने किशोर मन की बदलती भाव संवेदनाओं और नारी मन का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण करती कहानी कोना झरी केतली प्रस्तुत की। वरिष्ठ साहित्यकार आभा कुलश्रेष्ठ, डॉ. सुनीति रावत, मनजीत कौर, सुमन और सुजित कुमार ने अपनी-अपनी बाल कहानी और लघुकथा सुना गोष्ठी को सार्थक बनाया।

### विस क्षेत्रों में ईवीएम की ट्रेनिंग 15 अक्टूबर तक रहेगी

**गुरुग्राम।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमित खत्री ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव-2019 के अंतर्गत जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनरो द्वारा उनके कार्यालयों में ही जाकर इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की ट्रेनिंग दी जा रही है, जो आगामी 15 अक्टूबर तक जारी रहेगी। उपायुक्त ने बताया कि मास्टर ट्रेनरों द्वारा इवीएम व वीवीपैट के उपयोग व संचालन की जानकारी देने के लिए निर्वाचन कार्यालय द्वारा 20 मास्टर ट्रेनर नियुक्त किये गये हैं जो प्रात: 9.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक कार्यालयों में जाकर कर्मचारियों को ईवीएम की जानकारी दे रहे हैं।

# चार में से तीन विधायकों की कटी टिकट

**बादशाहपुर से राव नरबीर की भी काटी टिकट, दूसरी जगह से टिकट देने के संकेत**

**अभी गुड़गांव शहरी टिकट को लेकर बरकरार है संशय**

**गुड़गांव से पैरालंपिक खिलाड़ी दीपा मलिक का भी नाम दौड़ में**

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

मिली टिकट



मनीष यादव (बादशाहपुर) | कुंवर संजय सिंह (सोहना) | सतप्रकाश जरावता (पटौदी)

कटी टिकट



राव नरबीर सिंह (बादशाहपुर) | तेजपाल तंवर (सोहना) | बिमला चौधरी (पटौदी)

**फिलहाल** गुरुग्राम जिला की चार सीटों में से तीन सीटों पर भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्याशी बदल दिये हैं। यानी इस बार नये चेहरों पर बीजेपी ने दांव खेला है। रही बात गुड़गांव विधानसभा सीट की, तो यहां पर अभी संशय बरकरार है।

हालांकि यहां से टिकट के लिए विधायक उमेश अग्रवाल पूरा दावा ठोंकते रहे हैं। अब दूसरी सूची का सभी को इंतजार है। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से जारी की गई हरियाणा विधानसभा चुनाव में 90 में से 78 सीटों के प्रत्याशियों की सूची में कई विधायकों की भी टिकट काटी गई है। बाकी 12 सीटों पर टिकटों की घोषणा का सभी को इंतजार है। खास बात यह है कि गुरुग्राम जिला की चार विधानसभा सीटों में से तीन सीटों पर बीजेपी ने विधायकों की टिकट काट दी है। इनमें एक तो मंत्री हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के करीबी रहे बादशाहपुर विधानसभा सीट से विधायक राव नरबीर सिंह को पीडब्ल्यूडी मंत्री बनाया गया था। अब उनकी जगह यहां से भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष मनीष यादव को टिकट दे दी गई है।

इस लिहाज से अभी तक तो राव नरबीर सिंह की टिकट कटी ही मानी जा रही है। चर्चायें यह भी हैं कि उन्हें अगली 12 टिकटों की सूची में कहीं से टिकट दी जा सकती है। इसके अलावा केंद्र में मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के गढ़ पटौदी से भी उनके पाले की विधायक बिमला चौधरी की टिकट काटकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के करीबी सतप्रकाश जरावता को टिकट दे दी गई है। यह राव इंद्रजीत सिंह को भी जोर का झटका है। रही बात सोहना की तो वहां के विधायक तेजपाल तंवर की टिकट कटने के भी बहुत पहले से संकेत थे। इसलिए उनकी टिकट काटकर संजय को दे दी गई है।

## प्रतीक्षा सूची में गुरुग्राम की एक सीट बाकी

**अब** प्रतीक्षा सूची में गुरुग्राम जिला की एक सीट ही रह गई है, वह है गुड़गांव विधानसभा। यहां से टिकट का फैसला करना बीजेपी के लिए टेढ़ा काम है। विधायक उमेश अग्रवाल ने प्रदेश में सबसे अधिक वोटों से जीत हासिल करके अपना दम दिखाया था, लेकिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ उनकी गाड़ी पटरी पर ठीक से नहीं चली। कई बार उनके सीधे तौर पर सीएम से मनमुटाव हुये। इसलिए चर्चायें रही कि सीएम उनसे नाराज चल रहे हैं। इसलिए इस सीट पर टिकट की घोषणा करने में परेशानी आ रही है। क्योंकि विधायक उमेश अग्रवाल को किसी भी तरह से कमतर नहीं आंका जा सकता है। उनके केंद्र से लेकर प्रदेश में नेताओं से बेहतर संबंध होने के साथ जनता पर भी पकड़ है। गुड़गांव में वे अपनी मजबूत दावेदारी को पेश करते रहे हैं। जनता पर उन्होंने करोड़ों रुपया पानी की तरह बहा दिया है। बड़े-बड़े आयोजन करके उन्होंने एक तरह से अपनी ताकत का अहसास कराया। खुद कृषि मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ उनके तीज महोत्सव में मंच से यह कह गये कि बेशक उमेश अग्रवाल विधायक हैं, लेकिन उनका कद किसी मंत्री से कम नहीं है। अब उनकी टिकट को लेकर संशय बरकरार है। समाचार लिखे जाने तक बीजेपी ने 78 सीटों पर टिकटों की घोषणा की थी। बाकी की 12 सीटों की जल्द घोषणा होने का इंतजार सभी करते रहे।

## पूर्व सैनिकों ने बीजेपी से मांगी टिकट, खिलाड़ियों का दिया हवाला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**दक्षिण** हरियाणा के पूर्व सैनिकों ने एकजुट होकर फिर से आगामी विधानसभा चुनावों में पूर्व सैनिकों को भी उम्मीदवार बनाने की मांग उठाई है। शहीद कल्याण फाउंडेशन के अध्यक्ष कर्नल महावीर सिंह के मुताबिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में मेडल जीतने वाले कुछ खिलाड़ियों को कांग्रेस के शासनकाल में सरकारी नौकरियां दी गई थी।

उन्हीं में से कुछ खिलाड़ी सरकारी नौकरी छोड़कर हाल ही में भाजपा में शामिल हो गए। उन्हीं खिलाड़ियों को अगले महिने होने वाले विधानसभा चुनावों में उम्मीदवार बनाया जा रहा है। जिनका हम तहेदिल से स्वागत करते हैं। इससे युवाओं को खासकर खिलाड़ियों को काफी प्रेरणा मिलेगी। सेना में भी हर दसवां जवान हरियाणा से हैं और देश में हरियाणा की पहचान सैनिकों की खान के रूप में है। अगर देशसेवा में बहादुरी के तमगों और शाहदत की बात करे तो हरियाणा पहले स्थान पर है । भाजपा ने अपनी पहली पारी की शुरुआत सैनिक बाहुल्य क्षेत्र रेवाड़ी में 16 सितंबर 2013 में एक बहुत बड़ी रैली का आयोजन कर किया था, जिसमें पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 का लोकसभा का चुनाव लड़ने की घोषणा की थी।

रेवाड़ी की रैली के कारण पूरे भारत में खासकर हरियाणा में सभी पूर्व सैनिको ने एकजुट होकर 2014 के लोकसभा एवं हरियाणा विधानसभा चुनावों में भाजपा के पक्ष में वोट किया था जिससे भाजपा को काफी बड़ी जीत मिली थी। 2019 के लोकसभा के चुनावों में भी भाजपा की प्रचण्ड जीत के लिए पूर्व सेनिकों का काफी सहयोग रहा। 2014 के हरियाणा विधानसभा में केवल एक पूर्व सैनिक कैप्टन अभिमन्यु को उम्मीदवार बनाया था। अगले महीने होने वाले हरियाणा विधानसभा में पूर्व सैनिकों को सैनिक बाहुल्य क्षेत्र गुरुग्राम रेवाड़ी, महेन्द्रगढ, भिवानी, दादरी, झज्जर आदि हल्कों से उम्मीदवार बनाया जा सकता है, ताकि सभी पूर्व सैनिक भाजपा के पक्ष में और मेहनत से काम करें और युवाओं को भी प्रेरणा मिले की देश सेवा के बाद उन्हें समाजसेवा का भी मौका मिल सकता है। इस मौके पर कर्नल सुभाष यादव, कर्नल राजेश सिंह, कर्नल रोशन लाल, कर्नल अनिल दयाल, मेजर सत्यनारायण यादव, कप्तान राजेन्द्र यादव अन्य पूर्व सैनिकों के साथ उपस्थित थे।

## जिंदगी के हर पहलू से रूबरू कराते हैं नाटक : महेश वशिष्ठ



गुरुग्राम के सुशांत लोक स्थित त्रिखा थियेटर अकादमी में रंगकर्मी महेश वशिष्ठ को नाट्यश्री अवार्ड से सम्मानित करते अतिथि।

**गुरुग्राम।** हम लोग जिंदगी से कितने कट गये हैं कि हमें यह जिंदगी नाटक सी लगती है। आज के नाटक ने हमें जिंदगी जीने का तरीका सिखाने की कोशिश की है। हर आदमी के अंदर एक बच्चा छिपा होता है और वो बच्चा अपने बचपन के हसीन सपनें याद करके जिंदगी का आंकलन जब करता है तो पता चलता है कि बचपन का कोई सानी नहीं।

यह बात सप्तक कल्चरल सोसायटी के त्रिखा थियेटर अकादमी गुरुग्राम में चल रहे तीन दिवसीय थियेटर फेस्टिवल में बोलते हुये मुख्य अतिथि वरिष्ठ रंगकर्मी महेश वशिष्ठ ने कही। त्रिखा थियेटर अकादमी के निदेशक विश्वदीपक त्रिखा ने बताया कि सप्तक हर वर्ष रंगमंच के क्षेत्र में दो हस्तियों को एक हरियाणा से और एक राष्ट्रीय स्तर पर नाट्यश्री अवार्ड से सम्मानित करता है। इस वर्ष हरियाणा से सुंदर लाल छाबड़ा को अवार्ड देकर सम्मानित किया। यह अवॉर्ड पिछले साल के अवॉर्डी महेश वशिष्ठ और पूर्व डीसीपी अनिल धवन ने दिया। उन्होंने बताया कि फेस्टिवल के दूसरे दिन एनएसडी के स्नातक सुंदर छाबड़ा द्वारा निर्दिष्ट नाटक वो कागज की कश्ती वो बारिश का पानी का मंचन किया गया। यह नाटक मुंशी प्रेमचंद की दो कहानियों बड़े भाई साहब और चोरी का नाट्य रूपांतरण था।

## अवैध शराब से भरी कार समेत दो काबू

**गुरुग्राम।** चुनावी मौसम में अवैध शराब का धंधा भी खूब होने की आशंका है। इसी के मद्देनजर मिलेनियम सिटी की पुलिस रात-दिन जिला में नाकों पर गहन जांच करके वाहनों को आगे जाने दे रही है। इसी बीच पुलिस के हत्थे एक कार चढ़ी, जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब भरी थी।

पुलिस के अनुसार रविवार को पुलिस ने दो आरोपियों को कार में भरी अवैध शराब के साथ धर दबोचा। बताया जा रहा है कि रविवार को थाना खेड़कीदौला पुलिस को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि टोल प्लाजा से एक अवैध शराब से भरी स्विफ्ट कार गुजरने वाली है। पुलिस ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुये टोल पर सुरक्षा तैनात कर दी। जैसे ही वह कार वहां पहुंची तो पुलिस ने उसे रुकवाकर तलाशी लेनी शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने कार से अवैध शराब की बोलतें बरामद की। कुल 468 बोतलें अवैध शराब की भरी थी। अवैध शराब के साथ पुलिस ने कार सवार दो लोगों को भी काबू किया।

## बादशाहपुर सीट से तीन आजाद उम्मीदवारों ने भरा नामांकन

**बाकी तीनों विधानसभाओं में नहीं भरा गया कोई नामांकन**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन भरने के दूसरे दिन सोमवार को जिला के बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में तीन आजाद उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किए और बाकी तीन विधानसभा क्षेत्रों नामत: गुड़गांव, पटौदी तथा सोहना में एक भी नामांकन नहीं भरा गया।

चुनाव कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार सोमवार को बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में गांव बुढ़ेड़ा वासी राकेश भारद्वाज (51 वर्ष), भवानी इन्कलेव गुरूग्राम निवासी रामकिशन प्रजापत (55 वर्ष) और डीएलएफ फेज-1 निवासी रविंद्र यादव (45 वर्ष) ने आजाद प्रत्याशी के तौर पर अपने नामांकन अतिरिक्त उपायुक्त एवं बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा के कार्यालय में नामांकन दाखिल किए।

नामांकन भरने की प्रक्रिया 27 सितंबर से शुरू हुई थी, लेकिन शुरू के दो दिन श्राद्ध में पड़ने के कारण एक भी नामांकन गुरूग्राम जिला के किसी भी विधानसभा क्षेत्र में नहीं भरा गया। अब 29 सितंबर से नवरात्रे शुरू होने के बाद यह आशा की जा रही थी कि चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रत्याशी शुभ मुहुर्त को देखते हुए अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

### दूसरे दिन भी खाली बैठे रहे नामांकन अधिकारी



**सोहना।** विधानसभा चुनाव में सोहना सीट से दूसरे दिन भी कोई नामांकन नहीं भरा गया। सोहना के एसडीएम कार्यालय में अधिकारी पूरा दिन इंतजार करते रहे। सोमवार को भी सोहना सीट से एक भी प्रत्याशी नामांकन भरने के लिए नहीं आया। नामांकन जमा करने के लिए अधिकारियों की गठित टीम पूरे दिन प्रत्याशियों का इंतजार करती रही। एसडीएम डॉक्टर चिनार ने बताया कि उनकी तरफ से नामांकन भरने की पूरी तैयारियां कर ली गई है। नामांकन केन्द्र पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मंगलवार को शायद नामांकन भरे जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

# कला का महाकुंभ शुरू, पहुंचे 25 देशों के कलाकार

**गुरुग्राम में आई सांस्कृतिक बयार**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के किंगडम ऑफ ड्रीम्स में इंटरनेशनल कल्चरल फेस्टिवल में प्रस्तुति देते कलाकार।

**कलाकार** की कोई जात नहीं होती। न ही कलाकार का कोई धर्म, देश या भेद होता है। प्रत्येक कलाकार अपनी प्रतिभा के माध्यम से जाना जाता है। ऐसे में अलग अलग प्रदेशों के कलाकार जब एक ही मंच पर थिरक कर अनेकता में एकता का रंग भरने का प्रयास करते हैं तो माहौल वास्तव में खुशनुमा लगता है।

ऐसा ही कुछ देखने को मिला किंगडम ऑफड्रीम्स में। इस मौके पर सीएफएस के चीफ कंमाडर जितेंद्र राणा बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे। जहां निष्ठा सांस्कृतिक मंच व हरियाणा कला परिषद् द्वारा इंटरनेशनल कल्चरल फेस्टिवल का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित हुए कार्यक्रम में लगभग 25 देशों के कलाकारों ने हिस्सा लिया, और अपने-अपने देश की संस्कृति की झलक गुरुग्रामवासियों को दिखाई। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप जलाकर किया गया। निष्ठा सांस्कृतिक मंच के चेयरमैन सुभाष सिंगला ने अतिथियों का स्वागत किया।

मंच का संचालन प्रसिद्ध कलाकार गजेंद्र फौगाट ने किया। चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय के प्रयास से निष्ठा सांस्कृतिक मंच ने एक ही मंच पर विभिन्न देशों के कलाकारों को लाकर खड़ा कर दिया। कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति इजराइल की रही।

### 25 से अधिक देशों के कलाकारों ने अपनी संस्कृति बिखेरी

**कार्यक्रम** के दौरान संजय भसीन ने बताया कि भारत में पहली बार एक ही मंच पर 25 से अधिक देशों के कलाकारों ने अपनी संस्कृति बिखेरी है। केंद्रींय सरकार तहत भारतीय संस्कृति का बखान पूरे भारत वर्ष में किया जा रहा है। इसी कड़ी में विदेशी सभ्यता तथा संस्कृति के आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत हरियाणा में पहली बार गुरुग्रामवासियों को अन्य देशों की लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली है। सोमवार को कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले अन्य देशों में तुर्की, पोसनान, क्रैग, बुल्गारिया, नेपाल, श्रीलंका, मैक्सिको, नेपाल, युके और चाइना भी शामिल रहा।

## जिला जेल का मृत कैदी जमानत के दौरान हुआ था बीमारी से ग्रस्त

**सोहना।** भोंडसी जिला जेल के मृतक कैदी को जमानत के दौरान घर रहते हुए गंभीर बीमारी का शिकार हो गया था। कैदी के शव से पोस्टमार्टम के दौरान जुटाए नमूनों को मधुबन लैब में बीमारी की जांच के लिए भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार भोंडसी जिला जेल के कैदी विजय उर्फ बृजेश की शनिवार रात को सीने में दर्द उठने से मौत हो गई थी। मृतक कैदी उम्रकैद की सजाकाट रहा था। एसआई श्योरन कुमार ने बताया कि कैदी विजय उर्फबृजेश के परिजनों ने पूछताछ यह खुलासा किया था। विजय पांच साल तक जमानत पर अपने घर रहा था। जब विजय को गंभीर बीमारी हुई थी।

# सोहना में बाजरे की खरीद आज से शुरू

**ब्लॉक के 1647 किसानों ने कराया पंजीकरण**

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** अनाज मंडी में बाजरे की सरकारी खरीद खाद्य आपूर्ति विभाग मंगलवार से शुरू करेगा। अभी तक ब्लॉक के 1647 किसानों ने अपना बाजारा सरकारी खरीद में बेचने के लिए पंजीकरण कराया है। बाजरे की खरीद 15 नवंबर तक चलेगी।

मंगलवार से शुरू हो रही बाजरे की सरकारी खरीद को लेकर स्थानीय अनाज मंडी में मार्केट कमेटी विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग ने पूरी तैयारियां कर ली है। बाजरे की खरीद सोमवार से शुक्रवार तक की जाएगी। बीते सप्ताह में किसान किसी कारणवंश अपने नंबर पर लेकर नहीं आता है, तो उसका बाजारा शनिवार के दिन खरीदा जाएगा। किसान एक दिन में 40 क्विंटल बाजरा बेच सकता है। जो आठ क्विंटल प्रति एकड़ की दर से लिया जाएगा। किसान को बाजारा बेचने से पहले मंडी गेट पर टोकल लेना होगा। मार्केट कमेटी कार्यालय के स्थानीय सचिव राजेन्द्र कुमार ने बताया कि किसान की फसल का रेवणु विभाग द्वारा वैरिफाई जरूरी है।

### बादशाहपुर के छह गांव फर्रुखनगर में जाएंगे

**मार्केट** के सचिव राजेन्द्र कुमार ने बताया कि बादशाहपुर सबडिवीजन में आने वाले गांव अखलीमपुर, गैरतपुरबास, हंसनपुर, मैदावास, नूरपुर झाड़सा व सकतपुर के किसानों का बाजारा स्थानीय मंडी में नहीं लिया जाएगा। यहां के किसान फर्रुखनगर की मंडी में अपना बाजारा बेचेंगे।

### कौन से गांव के किसान कब बेचेंगे फसल

**मार्केट** कमेटी कार्यालय से प्राप्त शेड्यूल के अनुसार एक अक्टूबर को बादशाहपुर टैठड, बाईखेड़ा, बालूदा के किसान लेकर आएंगे। दो अक्टूबर को भोगपुर, भोंडसी व हरियाहेड़ा। तीन अक्टूबर को घंघौला, हाजीपुर व राहाका। चार को चूहड़पुर, हरचंदपुर व बालूला। सात अक्टूबर को धुनेला, इशाकी व निमौठ। आठ को जोहलाका, खाइका व खरौदा। नौ को खेड़ली लाला, खूंटपुरी व दमदमा। 10 को कुलियाका व लाखूवास। 11 अक्टूबर को महेन्द्रवाड़ा, मंडावर व मोहम्मदपुर गूर्जर।

# दबाव में भाजपा : परिवारवाद की जगह चला व्यक्तिवाद

## भाजपा के टिकट वितरण में हुए चौंकाने वाले फेरबदल

**राकेश चौरासिया।** फरीदाबाद

**इस** जिले में भाजपा की पहली सूची के मुताबिक कई छत्रपों उद्योग मंत्री विपुल गोयल, विधायक टेकचंद शर्मा, पूर्व प्रत्याशी यशवीर डागर और नयनपाल रावत के टिकट कट गए। इसके पीछे कुछ दिग्गजों की सौदेबाजी बताई जा रही है। मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और राव इंद्रजीत सिंह लगातार क्रमश: अपने बेटे देवेंद्र चौधरी और बेटी अनीता राव को टिकट देने का दबाव बना रहे थे। किंतु केंद्रीय नेतृत्व परिवारवाद को बढ़ावा न देने पर अडिग था। इसलिए उनके पुत्र-पुत्री को टिकट तो नहीं दी गई, फिर भी गुर्जर और राव इसके बदले सौदेबाजी में कामयाब रहे और उन्होंने विपुल गोयल और मंत्री राव नरबीर सिंह की टिकट कटवा दी।

विपुल गोयल की टिकट कटना सर्वाधिक अप्रत्याशित माना जा रहा है। मोदी की तरह हरियाणा के शोमैन के नाम से मशहूर और मारूफ विपुल गोयल कभी गुर्जर के खास माने जाते थे। विधायक और मंत्री बनने के बाद विपुल की गुर्जर से दूरियां बढ़ने लगीं। कुछ साल पहले टाउन के दशहरा मैदान में दशहरा के अवसर पर उनकी गुर्जर से जमकर तू-तू मैं-मैं हुई थी। बीच-बीच में उनके बीच सुलह की खबरें भी आती-जाती रहीं। हाल ही में गुर्जर और विपुल एक मौके पर साथ भी दिखे थे। मीडिया से गुर्जर ने विपुल की मौजूदगी में कहा था कि शाम को गूजर की गाय खूंटे पर ही बंधती है। इसके बाद कुछ लोग कहने लगे कि दोनों में सुलह हो गई है। किंतु यह कृष्णपाल गुर्जर हैं। इनके खाते में पूर्व सांसद स्व. रामचंद्र बैंदा, पूर्व विधायक चंदर भाटिया, पूर्व प्रवक्ता उमेश भाटी सहित कई नेताओं का भाजपा में राजनीतिक करियर खत्म करने की लिखतम है। इसलिए राजनीतिक विश्लेषकों को कम ही उम्मीद थी कि गुर्जर किसी सूरत में विपुल को बख्शेंगे और यही हुआ।

**चलाया ब्रह्मास्त्र:** सूत्र बताते हैं कि टिकट वितरण समिति की बैठक में गुर्जर अपने बेटे की टिकट के लिए आपे से बाहर हो गए थे। उनका रौद्र रूप देखकर फरीदाबाद संसदीय क्षेत्र में भाजपा के बिखरने के आसार को आंका गया। पार्टी के अध्यक्ष अमित शाह ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को संदेश दिया कि परिवारवाद को बढ़ावा न दिया जाए, लेकिन सांसदों के मशविरे को ध्यान में रखा जाए। इसके बाद हरियाणा भवन में रविवार को खट्टर और गुर्जर मिले, वहीं गुर्जर ने बेटे की टिकट न मिलने पर विपुल की टिकट काटने का दांव खेला और उसमें कामयाब हुए। किंतु उनका ब्रह्मास्त्र केवल एक बार विपुल पर ही चल पाया। वे तिगांव से राजेश नागर की प्रत्याशा नहीं रोक पाए, जो यहां से भाजपा टिकट के स्वाभाविक दावेदार हैं। हालांकि बिरेंद्र सिंह डूमरखां बेटे बृजेंद्र सिंह को सांसद बनवाने के बाद पत्नी प्रेमलता को भी विधानसभा चुनाव के लिए टिकट दिलवाने में कामयाब हो गए हैं।

**दिल्ली में डाला डेरा:** उधर, विपुल गोयल की टिकट कटने की सूचना से विपुल खेमे के अलावा पूरे शहर में हैरत जताई जा रही है, क्योंकि यहां से विपुल की टिकट पक्की मानी जा रही थी। सूत्रों का कहना है कि भाजपा अब विपुल को पलवल से चुनाव लड़ने के लिए कह रही है, लेकिन विपुल फिलवक्त इनकार कर रहे हैं। विपुल के समर्थकों का पक्का भरोसा है कि विपुल को टिकट मिल सकता है। विपुल ने दिल्ली में डेरा डाल दिया है और दिग्गज नेताओं से मिल रहे हैं। किंतु भाजपा की रीति-नीति जानने वाले कहते हैं कि भाजपा में टिकट बदलना बहुत टेढ़ी खीर है।



### गुस्सा नजरअंदाज

बड़खल में विधायक सीमा त्रिखा के खिलाफ 50 से अधिक भाजपा और संघ कार्यकर्ता मोर्चा खोले हुए थे। वे भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. अनिल जैन और प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला से मांग कर रहे थे कि सीमा की जगह किसी को भी टिकट दे दी जाए, क्योंकि सीमा ने बिजली मांगने गए लोगों को थाने में बंद करवा दिया था। इससे भाजपा की काफी किरकिरी हुई थी। किंतु गुर्जर की पैरवी से सीमा टिकट पाने में कामयाब रहीं। बताते हैं कि सीमा खट्टर की भी गुड बुक में हैं।

### मूलचंद शर्मा ने बाजी मारी

बल्लभगढ़ में विधायक मूलचंद शर्मा का टिकट पक्का हो गया है। कुछ ही अरसा पहले यहां से पूर्व कांग्रेसी विधायक शारदा राठौर भाजपा में शामिल हुई थीं। कहा जा रहा था कि वे टिकट के आश्वासन मिलने पर ही भाजपा में शामिल हुई थीं। किंतु वे इस बार भी बदनसीब निकलीं। 2014 के चुनाव से ऐन पहले शारदा भाजपा मुख्यालय में दिखाई पड़ी थीं। उनका फोटो वायरल होने पर वे कांग्रेस की टिकट से वंचित हो गई थीं और उनकी जगह लखन सिंगला को प्रत्याशी बना दिया गया था। इस बार वे भाजपा में घोषित तौर पर शामिल हुईं, तो भाजपा ने उन्हें टिकट के काबिल नहीं समझा। अब शारदा का अगला दांव देखने लायक होगा।

### बगावत हो सकती है

गुरुग्राम में विधायक उमेश अग्रवाल ने अपनी टिकट की घोषणा न होने पर ट्वीट करके पार्टी हाईकमान को चेताया है कि कि भाजपा में राव इंद्रजीत की अनदेखी के कारण भाजपा को दक्षिण हरियाणा में भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है। इसके साथ ही नयनपाल रावत ने एक अक्टूबर को चंदावली में अपने कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई है। वे पहले भी कहते रहे हैं कि टिकट मिले या न मिले, वे पृथला से चुनाव जरूर लड़ेंगे। इस सूरत में वे इस बैठक में कोई ऐसा ही फैसला कर सकते हैं। इसी तरह सभी क्षेत्रों में भाजपा को आंतरिक गुटबाजी के किस्से सुनने-झेलने के लिए तैयार रहना होगा।

**आना नरेंद्र गुप्ता का**

फरीदाबाद क्षेत्र से विपुल गोयल के स्थान पर नरेंद्र गुप्ता को टिकट देने की घोषणा की गई है। नरेंद्र गुप्ता के फरीदबाद में कई कारखाने हैं और वे श्रीराम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के चेयरमैन हैं। नरेंद्र गुप्ता संघ के पुराने कार्यकर्ता और भाजपा के संस्थापक सदस्य हैं। सौम्य और शांत नरेंद्र गुप्ता मुख्यमंत्री खट्टर, गुर्जर, विपुल, विधायक मूलचंद शर्मा आदि सभी के प्रिय रहे हैं। उन्हें 1994 में मंडल अध्यक्ष बनाया गया था। तत्कालीन भाजपा प्रदेशाध्यक्ष कृष्णपाल गुर्जर ने फरवरी, 2012 में नरेंद्र गुप्ता को प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल किया था। इससे पहले गुप्ता पार्टी के उद्योग सेल के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष थे। फिर 2015 में उन्हें भाजपा का प्रांतीय कोषध्यक्ष बनाया गया। तब से वे इसी पद पर हैं। उनका वैश्य समाज और संघ और भाजपा कार्यकर्ताओं में अच्छा असर है और उन्हें भी यहां से सक्षम उम्मीदवार के तौर पर देखा जा रहा है।

**एनआईटी में कौतुहल:** एनआईटी में पूर्व प्रत्याशी यशवीर डागर के मुकाबले नगेंद्र भड़ाना ने बाजी मार ली है। भड़ाना को इस बार गुर्जर का आशीर्वाद मिला बताया जा रहा है। राज्यसभा सांसद सुभाष चंद्रा के चुनाव के समय गुर्जर और भड़ाना में नजदीकियां ज्यादा बढ़ गई थीं। जबकि विपुल की तरह डागर की टिकट कटना भी राजनीतिक हल्कों में कौतुहल का विषय है। डागर को संघ और नागपुर का वरदहस्त प्राप्त है। वे नागेंद्र भड़ाना से हारने के बाद पांच साल एनआईटी क्षेत्र में ही सक्रिय रहे। डागर भी टिकट कटने के बाद दिल्ली में आला नेताओं से संपर्क कर रहे हैं। डागर की टिकट कटने से पूर्व कांग्रेसी मंत्री स्व. शिवचरण लाल शर्मा के पुत्र नीरज शर्मा के खेमे को अब भड़ाना के मुकाबले बाजी मारना आसान लग रहा है। सोशल मीडिया पर शर्मा समर्थक खासा उत्साह जता रहे हैं।

**पृथला में संघ कार्यकर्ता:** पृथला सीट में विधायक टेकचंद शर्मा और पूर्व भाजपा प्रत्याशी नयनपाल रावत के बजाय भाजपा ने सोहनपाल छोकर को अपना प्रत्याशी बनाया है। टेकचंद बसपा की टिकट पर जीतकर भाजपा के साथ हो लिए थे। कुछ अरसा पहले ही उन्होंने भाजपा ज्वाइन भी कर ली थी। बाहर से आने वाले विधायकों में नाग्रेंद भड़ाना को टिकट मिलने और टेकचंद की टिकट कटने के पीछे गणित भी गुर्जर के इर्द-गिर्द घूमता बताया जा रहा है।

# ताबड़तोड़ गोलियां चला कर युवक की हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**सेक्टर** आठ के निकट स्थित सिही गांव निवासी एक युवक सोमवार की शाम को अपने घर के बाहर कुर्सी डालकर बैठा हुआ था। तभी दो बाइक पर चार बदमाश वहां पहुंचे और बिना कोई मौका गंवाए युवक पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। चार गोली लगते ही युवक खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गया। परिजनों द्वारा युवक को तुरंत सेक्टर आठ के सर्वोदय अस्पताल में ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

पुलिस के मुताबिक सिही गांव के वशिष्ठ चौक के निकट धर्मसिंह नामक व्यक्ति का परिवार रहता है। वह गांव में ही दूध की डेरी चलाने का काम करते हैं। उनका 35 वर्षीय बेटा स्वर्ण डेरी के काम में सहयोग करने के साथ ही अपना कामधंधा करता है। स्वर्ण शादीशुदा है और दो बच्चों का पिता है। सोमवार की शाम को स्वर्ण शाम करीब छह बजे के आस-पास अपने घर के सामने कुर्सी डाल कर बैठ गया।

करीब साढ़े छह बजे के आस-पास उसके पास अचानक दो बाइक आकर रुकीं। दोनों बाइकों पर चार युवक सवार थे। स्वर्ण अभी कुछ समझ पाता, इससे पहले ही दो युवक बाइक से उतरकर उसके पास पहुंच गए। दोनों युवकों ने जेब से पिस्तौल निकाल कर स्वर्ण को कोई मौका दिए बिना ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। चार गोलियां लगते ही स्वर्ण खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश अपनी बाइकों पर सवार होकर मौके से फरार हो गए।

गोलियों की आवाज सुनकर स्वर्ण के परिजन और आस-पास रहने वाले लोग अपने घरों से बाहर निकल गए। स्वर्ण को गंभीर हालत में सेक्टर आठ स्थित सर्वोदय अस्पताल में ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर थाना सेक्टर सात पुलिस, अपराध शाखा की टीम और फारेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस को मौके से गोलियों के कई खोल भी मिले हैं। समाचार लिखे जाने तक वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों का सुराग नहीं लग पाया है।

पुलिस सीसीटीवी फुटैज खंगाल कर बदमाशों का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने शव बीके अस्पताल की मोरचरी में रखवा दिया है। मंगलवार को शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।

# हत्या के प्रयास में तीन को कैद

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एक** युवक की बेरहमी से पीट-पीट कर हत्या का प्रयास करने वाले तीन आरोपियों को जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र प्रसाद की अदालत ने कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। मामला करीब दो साल से अदालत में विचाराधीन था।

अदालत में पेश मामले के मुताबिक गांव अलीपुर निवासी दीपक ने यह मामला 14 जुलाई 2017 को थाना तिगांव में दर्ज करवाया था। उसने अपनी शिकायत में कहा था कि उसने वर्ष 2016 में घुड़ासन गांव निवासी कुलदीप की शिकायत पुलिस से की थी। जिसके बाद से कुलदीप ने अपने मन में रंजिश पाल रखी थी। घटना वाले दिन वह अपने मौसेरे भाई नवीन के साथ स्कूटी पर सवार होकर छांयसा से अलीपुर आ रहा था। तभी देशराज फार्म हाउस के पास अन्य स्कूटी पर सवार दो युवकों ने लात मारकर उन्हें स्कूटी से गिरा दिया। उनके गिरते ही दोनों उनके साथ मारपीट करने लगे। नवीन ने तो किसी तरह मौके से भाग कर अपनी जान बचा ली, लेकिन आरोपियों ने दीपक को पकड़ लिया। आरोपी उसे उठा कर मैन रोड की तरफ ले गए। जहां कार और बाइक पर सवार होकर अन्य आरोपी भी पहुंच गए। सभी ने लोहे के सरियों और डंडों से उसकी जमकर पिटाई शुरू की, जिससे वह बेहोश होकर गिर गया।

आरोपी उसे मृत समझ कर मौके से फरार हो गए। पास ही स्थित मांगरी ढाड़ी के निवासियों ने मामले की सूचना उसके परिजनों को दे दी। परिजनों ने मौके पर पहुंच कर उसे सर्वोदय अस्पताल में दाखिल करवा दिया। जहां से बाद में उसे अपोलो अस्पताल रेफर कर दिया था। उस समय पुलिस ने कुलदीप, निखिल और अभिषेक के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया था। मामला तभी से अदालत में विचाराधीन था। सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने कुलदीप को 14 साल, निखिल व अभिषेक को दस दस साल की कैद की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने तीनों पर साढ़े 11- 11 हजार रुपये जुर्माना भी ठोका है।

## किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश में हुआ गिरफ्तार

**बल्लभगढ़।** थाना आदर्श नगर क्षेत्र में एक किशोरी के साथ छेड़छाड़ कर दुष्कर्म करने की कोशिश करने पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। किशोरी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पैदल घर जा रही थी। तभी बराबर में एक तिपहिया आकर रुका, जिसमें एक युवक ने उतरकर जबरदस्ती उसे तिपहिया बैठा लिया। शोर मचाने पर मुंह को हाथ से दबा लिया। कुछ दूर सुनसान जगह पर ले जाकर छेड़छाड़ कर दुष्कर्म करने की कोशिश की। शोर मचाने पर पकड़े जाने के डर से जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। महिला थाना प्रभारी माया ने बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।

# प्रदीप राणा ने भरा नामांकन पत्र



**फरीदाबाद।** जिले में सोमवार को एक मात्र उम्मीदवार प्रदीप राणा की तरफ से नामांकन पत्र भरा गया। प्रदीप राणा एनआईटी 86 विधानसभा क्षेत्र से आजाद उम्मीदवार के रूप में किस्मत आजमा रहे हैं।

प्रदीप राणा सोमवार को सेक्टर 55 स्थित अपने कार्यालय से नामांकन पत्र भरने के लिए रवाना हुए। उनके साथ वाहनों के लंबे चौड़े काफिले में सैकड़ों समर्थक मौजूद थे। राणा का जुलूस सेक्टर 55 से शुरू होकर संजय कॉलोनी, पर्वतीय कॉलोनी, जवाहर कॉलोनी और डबुआ कॉलोनी से गुजरता हुआ चुनाव अधिकारी के कार्यालय में पहुंचा। राणा ने बताया कि वे पिछले लंबे समय से समाजसेवा के कार्यों में जुड़े रहे हैं। उन्हें विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक इलाके के लोगों का समर्थन मिल रहा है।

# बैंक में 110 के चेक से निकाले 3.90 लाख

**फरीदाबाद।** मुद्रा लोन के नाम पर 110 रुपये का चेक लेकर एक बिजनेसमैन से खाते से 3.90 लाख रुपये निकाल लिए गए। इस मामले की शिकायत सूरजकुंड थाना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने अभी तक मामला दर्ज नहीं किया है, जबकि शिकायत 25 सितंबर को दे दी गई थी। आशंका है कि इस ठगी में किसी बैंक कर्मचारी की भूमिका है।

सेक्टर-37 निवासी रवि गुप्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका ग्रीनफील्ड कॉलोनी में ऑफिस है। उनकी फर्म द्वारा वेयर हाऊस बनाने का काम होता है। कुछ दिन पहले उनके पास एक महिला का फोन आया, जिसने मुद्रा लोन दिलाने की बात कहकर दो युवक 23 सितंबर को उनके ऑफिस भेज दिए। उस दौरान वह और उनका बेटा प्रतीक गुप्ता ऑफिस में थे। दोनों युवकों ने उनसे एक कैंसिल चेक व दूसरे पर 110 रुपये अपने पेन से भरकर उन्हें साइन करने के लिए दे दिए। 25 सितंबर को उनके फोन पर 3.90 लाख रुपये निकलने का मैसेज आया। उन्होंने सूरजकुंड में पंजाब नेशनल बैंक में जाकर देखा, तो वही 110 रुपये का चेक मिला। रवि गुप्ता का कहना है कि पैसे निकालने वाले युवकों को कैसे पता लगा कि उनके खाते में कितने रुपये हैं।

## मीजल्स-रूबैला एलीमिनेशन कार्यक्रम शुरू

**फरीदाबाद।** बीके सिविल अस्पताल में डब्ल्यूएचओ की तरफ से खसरा (मीजल्स) व रूबैला वायरस के चलते होने वाली बीमारियों को समाप्त करने के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया है। सोमवार को इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य केन्द्रों के 38 चिकित्सकों ने हिस्सा लिया।

डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. रमेश ने बताया कि यह कार्यक्रम खसरा और रूबैला की बीमारियों को समाप्त करने के लिए शुरू किया गया है। डब्ल्यूएचओ के डॉ. संजीव तंवर ने बताया कि देश को पोलियो मुक्त घोषित किए जाने के बाद अब मिजल्स व रूबैला से मुक्त बनाने तैयारी चल रही है। साल 2023 तक देश को मिजल्स व रूबैला मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# तबादले के बावजूद कुर्सी नहीं छोड़ी अकाउंट अफसर ने


**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नगर** निगम के अकाउंट अफसर विशाल कौशिक और उसके साथी क्लर्क लोकेश गौड़ के खिलाफ हीरापुर निवासी मनोज कुमार ने सीएम विंडो पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता का कहना है कि शिकायतों के चलते विशाल कौशिक का तबादला ओल्ड फरीदाबाद जोन में कर दिया गया था, लेकिन वह आज भी नगर निगम मुख्यालय में अकाउंट अफसर का काम कर रहा है। कुछ अधिकारियों से मिलीभगत होने का कारण विशाल नगर निगम मुख्यालय में काम कर रहा है।

सीएम विंडो पर दी शिकायत में मनोज कुमार ने कहा कि विशाल कौशिक नगर निगम के नामी अफसरों में एक है, जिसके पास करोड़ों अरबों रुपए की दिल्ली और फरीदाबाद में प्रॉपर्टी है और कई लग्जरी गाड़ी भी हैं। मनोज का आरोप है कि एक अकाउंट ऑफिसर होने के नाते कोई भी अधिकारी इतनी प्रॉपर्टी अर्जित नहीं कर सकता। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि नगर निगम का काम करने वाले ठेकेदारों को पेमेंट देने के नाम पर 10 फीसदी कमीशन मांगा जाता है। शिकायतकर्ता का कहना है कि कई बार विशाल कौशिक और लोकेश गौड़ के खिलाफ सीएम विंडो और अन्य उच्च अधिकारियों को शिकायत की गई, लेकिन मिलीभगत होने के कारण शिकायतों का निपटारा करके उन्हें बंद करवा दिया गया। मनोज का आरोप है कि पिछले दिनों विजिलेंस तथा नगर निगम कमिश्नर को भी उनके खिलाफ लिखित शिकायत की गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### कार का शीशा तोड़कर पांच लाख चुराने वाला गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** गांव पाली में करीब एक सप्ताह पूर्व रात के समय खड़ी गाड़ी का शीशा तोड़कर करीब पांच लाख रुपये की नकदी चुराने वाले आरोपी को अपराध शाखा सेक्टर 48 की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नकदी भी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक 24 सितंबर की रात को गांव पाली के पास सड़क किनारे खड़ी एक कार का शीशा तोड़ कर किसी अज्ञात बदमाश ने पांच लाख रुपये की नकदी से भरा बैग चुरा लिया था। उस समय थाना डबुआ कॉलोनी की पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। इस मामले की जांच अपराध शाखा सेक्टर 48 को सौंपी गई थी। बीती रात अपराध शाखा को सूचना मिली की एक बदमाश शहर में वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। तभी पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव पाली निवासी कुलदीप के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी, जिसमें उसने कार का शीशा तोड़ कर पांच लाख रुपये चुराने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस प्रवक्ता सूबेसिंह ने बताया कि आरोपी के कब्जे से चार लाख 25 हजार रुपये बरामद कर लिए गए हैं। आरोपी 75 हजार रुपये अय्याशी में खर्च कर चुका है। आरोपी महंगी शराब और क्लबों में लड़कियों पर रुपये लुटाने का शौकीन है। आरोपी को अदालत में पेश का जेल भेज दिया गया है।

### योग शिविर का हुआ समापन




**फरीदाबाद।** वार्ड 25 स्थित वंश गार्डन में पतंजलि योग समिति तथा युवा भारत के तत्वाधान में चल रहे 15 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का धूमधाम से समापन हुआ। शिविर में मुख्यातिथि भारतीय सेना से सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट आरएन सिंह चौहान तथा समाजसेवी राजेन्द्र बैसला रहे, जिन्होंने कि ज्योति प्रज्वलित करके गयित्री मंत्र के साथ शिविर प्रारंभ करवाया। शिविर में आखिरी दिन पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी सतीश वधवा, तहसील प्रभारी त्रिलोक गुलयानी, संजय सिक्का, उदय नारायण चौबे तथा वार्ड 25 के प्रभारी संजीव चौहान द्वारा योग का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्यातिथि चौहान ने सभी से घर-घर तक योग को पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन के पदाधिकारी योग के क्षेत्र में सेवा देकर राष्ट्र हित मे बहुत बड़ा अभियान चलाए हुए हैं। संगठन के पदाधिकारी क्षेत्रवासियों को प्राकृतिक जीवन शैली अपनाते हुए योग के प्रति जागरूक कर रहे है, जिसमें अधिक से अधिक लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इस अवसर पर आयुष पचौरी, रीतिका पचौरी, आदेश पचौरी, संगीता, श्रद्धा चौहान, विकास तोमर, श्रवण कुमार, प्रमोद कुमार दत्ता, कृपाल सिंह रावत, तुलसी प्रसाद, धर्म सिंह चौहान, शमशेर सिंह, शिव कुमार, अशोक दीक्षित, जमुना प्रसाद, मनोज कुमार, उपेंद्र राय, पीएन भगत आदि मौजूद रहे।

### नौ दिनों तक खड़े रहकर व्रत करेगा सरपंच दंपति

**फरीदाबाद।** असावटी गांव के लोगों की सुख व शांति के लिए सरपंच व उनकी पत्नी ने दिन-रात नौ दिनों तक खड़े रहकर व्रत करने का निर्णय लिया है। असावटी गांव के सरपंच करन व उनकी पत्नी सुनीता ने गांव के पीर बाबा व शिव मंदिर में खड़े होकर व्रत रखने की ठानी है। सरपंच ने बताया कि साल 2017 में नौ दिनों तक खड़े होकर व्रत रखे थे। उस समय उनकी शादी नहीं हुई थी। इसलिए अकेले ही व्रत रखकर पूरा किया था।

# विपुल गोयल ने सुधांशु जी का किया अभिनन्दन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**विश्व** जागृति मिशन का चार दिवसीय विराट भक्ति सत्संग महोत्सव संपन्न हो गया। कार्यक्रम में उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने आचार्य श्री सुधांशु जी महाराज का नागरिक अभिनंदन किया। आचार्य श्री सुधांशु जी महाराज ने मंडल के कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे मिशन के सेवा कार्यों को गति दें और आध्यात्मिक नवजागरण के क्रियाकलापों तथा सेवा अभियान में तेजी लाएं। उन्होंने मां दुर्गा से प्रार्थना की कि यह राष्ट्र सशक्त और समृद्ध बने और हमारा भारत देश विश्व में अग्रणी बने।

श्री सुधांशु ने सभी ज्ञान जिज्ञासुओं से कहा कि वे प्रस्तुत नवरात्रि महापर्व के दिनों में खुद के साथ-साथ सभी के सुख, शान्ति, सन्तोष और समृद्धि के लिए प्रार्थना करें। उन्होंने दिव्य व्यासपीठ से समस्त देशवासियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। इस मौके पर विपुल गोयल ने कहा कि समाज हित में सुधांशु जी महाराज द्वारा किए जा रहे कार्य अनुकरणीय हैं। सत्संग समारोह के समापन अवसर पर श्रद्धेय आचार्य श्री सुधांशु जी महाराज का केबीनेट मंत्री विपुल गोयल द्वारा नागरिक अभिनंदन किया गया। सुधांशु जी महाराज ने विपुल गोयल को फरीदाबाद को शिखर पर ले जाने का आर्शीवाद दिया। विराट भक्ति सत्संग महोत्सव का समस्त मंचीय समन्वयन एवं संचालन विश्व जागृति मिशन के निदेशक राम महेश मिश्र ने किया। इस मौके पर प्रधान राज कुमार अरोड़ा, उपप्रधान हरदयाल भाटिया, सचिव डॉ. आरबी बारी, डॉ. विजयलक्ष्मी मौजूद रहीं।

# चुनाव से पहले शराब की 136 पेटियां बरामद

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 की पुलिस ने एक पिकअप में अवैध रूप से ले जाई जा रही बीयर, अंग्रेजी व देसी शराब की 136 पेटियां पकड़ी हैं। पिकअप चालक को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान गांव सोलड़ा पलवल निवासी पप्पू के रूप में हुई है। शुरुआती पूछताछ में उसने बताया है कि शराब की पेटियां गांव मोहना में एक ठेके से ली थीं।

आरोपित ने कहा है कि वह यह शराब दिल्ली में झुग्गियों में ले जाकर सप्लाई करता है। पुलिस उस ठेके के संचालक पर भी कार्रवाई करेगी, जिससे शराब ली गई। क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 प्रभारी लाजपत ने बताया कि उनकी टीम को पिकअप में अवैध रूप से शराब ले जाए जाने की सूचना मिली थी, जिसके बाद आइएमटी के पास नाकाबंदी गई और उसे पकड़ लिया गया। भले ही पुलिस कह रही है कि यह शराब दिल्ली ले जाई जा रही थी, मगर प्रदेश में चुनाव की घोषणा के मद्देनजर यह गंभीर मामला है। बता दें कि विभिन्न प्रत्याशियों पर चुनाव के दौरान शराब बांटने के आरोप लगते हैं। पुलिस को गहनता से जांच कर पता लगाना होगा कि कहीं शराब चुनाव में इस्तेमाल तो नहीं होनी थीं, क्योंकि आमतौर पर चुनाव में प्रचार और मतदान से पहले नेताओं द्वारा झुग्गीवासियों के बीच जमकर दारू वितरण किया जात है। इसलिए दारू माफिया सक्रिय हो जाते हैं।

# अयोध्या मामले की मध्यस्थता प्रक्रिया में भाग लेना नहीं चाहते रामलला के वकील

एजेंसी। नई दिल्ली

**राम** जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद मामले में राम लला विराजमान के वकील ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि वह इस मुद्दे का सौहार्द्रपूर्ण हल करने के लिए मध्यस्थता प्रक्रिया में भाग नहीं लेना चाहते हैं। राम लला विराजमान की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन ने मध्यस्थता पर मीडिया में आई कुछ खबरों का जिक्र किया और कहा कि वह इसमें आगे भाग लेना नहीं चाहते हैं तथा पीठ से एक न्यायिक फैसला चाहेंगे। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने एक शुरूआती मध्यस्थता प्रक्रिया नाकाम हो जाने के बाद दशकों पुराने इस संवेदनशील मामले की छह अगस्त से प्रतिदिन कार्यवाही शुरू करने के बाद आज 34 वें दिन भी सुनवाई की। हालांकि, शीर्ष अदालत ने 18 सितंबर को कहा था कि वह मामले की प्रतिदिन सुनवाई जारी रखेगा और इस बीच विभिन्न पक्ष विवाद के हल के लिए मध्यस्थता प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।

पीठ ने कहा था कि उसे तीन सदस्ईय मध्यस्थता समिति का नेतृत्व कर रहे शीर्ष न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एफएमआई कलीफुल्ला का एक पत्र प्राप्त हुआ है, कुछ पक्षकारों ने उनसे मध्यस्थता प्रक्रिया बहाल करने का अनुरोध किया है। न्यायालय ने कहा था कि पक्षकार ऐसा करते हैं और मध्यस्थता समिति के समक्ष प्रक्रिया गोपनीय बनी रह सकती है। शीर्ष अदालत ने कहा था कि मामले में सुनवाई आखिरी चरण में है और वह 18 अक्टूबर तक कार्यवाही पूरा करना चाहता है। पीठ के सदस्यों में न्यायमूर्ति एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एस ए नजीर भी शामिल हैं। पीठ ने सुनवाई 18 अक्टूबर तक पूरा करने के अपने संकल्प को भी दोहराया। न्यायालय ने यह भी कहा, यदि जरूरत पड़ी तो हम शनिवार को भी बैठेंगे। शीर्ष न्यायालय प्रतिदिन शाम चार बजे के बजाय शाम पांच बजे तक अयोध्या मामले की सुनवाई कर रहा है। पीठ ने निर्मोही अखाड़ा के वकील से कहा, हम आपकी ओर से दलील देने के लिए एक वकील को इजाजत देंगे...हमारे पास समय नहीं है। क्या आप नहीं चाहते कि हम आदेश जारी करें। न्यायालय ने वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन को शुक्रवार को दलीलें पेश करने को भी कहा। वह मुस्लिम पक्षों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इससे पहले शीर्ष अदालत ने आध्यात्मिक गुरु एवं आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर और वरिष्ठ अधिवक्ता एवं जाने माने मध्यस्थ श्रीराम पंचू की सदस्यता वाली तीन सदस्ईय समिति की इस रिपोर्ट पर भी गौर किया था कि करीब चार महीने चली मध्यस्थता प्रक्रिया में कोई अंतिम समाधान नहीं निकला।

## सीबीआई ने 200 से ज्यादा कनिष्ठ अधिकरियों का तबादला किया

**नई दिल्ली।** सीबीआई को चुस्त-दुरूस्त बनाने के प्रयासों के तहत एजेंसी के 200 से ज्यादा निचले स्तर के ऐसे कर्मचारियों का स्थानांतरण किया गया है जो 10 वर्षों से अधिक समय से एक ही स्थान पर तैनात थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कि पिछले सप्ताह जारी आदेशों के तहत देश भर में सैकड़ों कनिष्ठ लिपिक, वरिष्ठ लिपिक और निरीक्षक रैंक के अधिकारियों का तबादला किया गया। एजेंसी में स्वीकृत पदों की संख्या 7,000 से अधिक है। संयुक्त निदेशक (प्रशासन) ए के भटनागर ने 21 अगस्त, 2019 को विभिन्न इकाइयों के प्रमुखों को कहा था कि वे अपने अधीन उन कर्मचारियों की सूची तैयार करें जो लंबे समय से एक ही जगह पर तैनात हैं। पत्र में, भटनागर ने अधिकारियों से सालाना रोटेशन की स्थानांतरण नीति पर कायम रहने का आग्रह किया था क्योंकि कर्मचारियों के एक स्थान पर ही होने से एजेंसी में अनुशासन के मुद्दे पैदा होते हैं।



मैसूर में दशहरा उत्सव के सजाये गये मैसूर पैलेस का एक दृश्य

# इंदौर में महिला ने एनआरआई पति पर दर्ज कराया मुकदमा

एजेंसी। इंदौर

**दहेज** की मांग पूरी नहीं होने के चलते तीन तलाक दिए जाने का आरोप लगाते हुए यहां 21 वर्षीय महिला ने उसके अनिवासी भारतीय (एनआरआई) पति के खिलाफ नए कानून के तहत मामला दर्ज कराया है।

लसूड़िया पुलिस थाने के प्रभारी संतोष दूधी ने सोमवार को बताया कि यह मामला सलीना खान (21) की शिकायत पर जांच के बाद उसके शौहर जीशान फैजल खान और ससुरालियों के खिलाफ रविवार रात दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता महिला का पति अमेरिका के कैलिफोर्निया में काम करता है।

उन्होंने बताया कि सलीना ने निकाह के साल भर बाद अपने शौहर पर आरोप लगाया है कि जब उसे दहेज के रूप में ऑडी कार और 50 लाख रुपए नकद नहीं मिले, तो पहले उसे प्रताड़ित किया गया और बाद में तीन बार तलाक कहकर पत्नी मानने से इंकार कर दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम 2019 के साथ ही भारतीय दंड विधान की धारा 498-ए (दहेज प्रताड़ना) और अन्य संबद्ध धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दूधी ने कहा कि पुलिस आरोपों की जांच के बाद मामले में उचित कदम उठाएगी। गौरतलब है कि मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम 2019 के जरिए एक साथ तीन बार तलाक बोलकर वैवाहिक संबंध खत्म करने की प्रथा पर वैधानिक रोक लगाई गई है। इस कानून में मुजरिम के लिए तीन साल तक के कारावास का प्रावधान है।

# सब की निगाहें एनआरसी को लेकर अमित शाह की संगोष्ठी पर

एजेंसी। कोलकाता

**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह मंगलवार को पश्चिम बंगाल की राजधानी में विवादित राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) और नागरिकता (संशोधन) विधेयक 2019 पर संगोष्ठी को संबोधित करेंगे जिस पर सभी की निगाहें हैं। भाजपा सूत्रों ने सोमवार को बताया कि शाह एक अक्टूबर को कोलकाता आएंगे और एक सामुदायिक दुर्गा पूजा का उद्घाटन करने के अलावा एक संगोष्ठी को भी संबोधित करेंगे।

शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। वह इस साल केंद्रीय गृह मंत्री बनने के बाद पहली बार बंगाल आ रहे हैं। यह संगोष्ठी ऐसे वक्त में हो रही है जब पश्चिम बंगाल में एनआरसी के लागू होने के कथित भय से 11 लोगों की मौत हो चुकी है। इसलिए कार्यक्रम की अहमियत ज्यादा है। सैकड़ों लोग शहर और राज्य के अन्य हिस्सों में अपने जन्म प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेज लेने के लिए सरकारी और नगर निकाय के दफ्तरों के बाहर कतार लगाए खड़े हैं, ताकि अगर राज्य में एनआरसी को लागू



किया जाए तो उनकी तैयारी पूरी रहे।

शाह ने बार-बार कहा कि पूरे देश में एनआरसी को लागू किया जाएगा जबकि राज्य की ममता बनर्जी की अगुवाई वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार ने पश्चिम बंगाल में एनआरसी को लागू नहीं करने का संकल्प लिया है। प्रदेश भाजपा नेताओं के मुताबिक, शाह के एक संगोष्ठी को संबोधित करने की काफी अहमियत है, क्योंकि वह टीएमसी के सभी आरोपों तथा पार्टी द्वारा एनआरसी पर पैदा की गई गलतफहमियों का जवाब दे सकते हैं।

प्रदेश भाजपा के एक नेता ने बताया, टीएमसी ने एनआरसी को लेकर राज्य में जानबूझकर दहशत पैदा करने की कोशिश की। अमित शाह जी हमें मुद्दे की स्पष्ट तस्वीर से अवगत कराएंगे और भय और सभी गलतफहमियों को दूर करेंगे। असम, देश का एकमात्र ऐसा राज्य है जहां एनआरसी की कवायद की गई है। एनआरसी की 31 अगस्त को प्रकाशित सूची में 19 लाख लोगों के नाम शामिल नहीं है। इनमें से 12 लाख हिन्दू हैं।

एनआरसी 1985 के असम समझौते के तहत और उच्चतम न्यायालय की निगरानी में हुई है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, टीएमसी बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों को बचाने के लिए एनआरसी का विरोध कर रही है जो पश्चिम बंगाल में उसका वोट बैंक हैं। लेकिन असम में एनआरसी की अंतिम सूची से काफी सारे हिन्दुओं के बाहर होने से, वह हमें हिन्दू-विरोधी और शरणार्थी विरोधी पार्टी के तौर पर पेश करने की कोशिश कर रही है। यह बंगाल में हमारी चुनावी संभावनाओं पर असर डाल सकता है।

इस बीच, टीएमसी महासचिव पार्थ चटर्जी ने मांग की कि असम में एनआरसी की अंतिम सूची से बड़ी संख्या में हिन्दुओं के बाहर होने पर शाह और भाजपा नेतृत्व को पहले स्पष्टीकरण देना चाहिए। उन्होंने कहा, भाजपा घुसपैठियों को बाहर निकालने के लिए एनआरसी को लागू करने की बात करती है। उसे पहले यह स्पष्ट करना चाहिए कि असम में एनआरसी की सूची से इतनी बड़ी संख्या में हिन्दू बाहर कैसे हो गए? (एनआरसी) सूची में शामिल नहीं हुए वे हिन्दू घुसपैठिए हैं? भाजपा को स्पष्ट करना चाहिए।

नागरिकता (संशोधन) विधेयक 2019 पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के हिन्दू, जैन, ईसाई, सिख, बौद्ध और पारसियों को 12 साल के बजाए सात साल तक भारत में रहने पर भारतीय नागरिकता देने की बात कहता है, भले ही उनके पास कोई भी वैध दस्तावेज नहीं हो। इस विधेयक को आठ जनवरी को लोकसभा ने अपने शीतकालीन सत्र के दौरान पारित कर दिया था लेकिन राज्यसभा में पारित नहीं हो सका था। भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने कहा है कि विधेयक को संसद के शीतकालीन सत्र में फिर से लाया जाएगा।

# जैव-आतंकवाद पर भारत और फ्रांस का संयुक्त अभ्यास आज से

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत और फ्रांस** जैव आतंकवाद के खतरे पर संयुक्त रूप से एक अभ्यास में शामिल होंगे और बचाव तथा संकट की स्थिति से निपटने के तरीकों पर व्यापक चर्चा करेंगे। फ्रांस भारतीय प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी करेगा। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अधिकारी शामिल होंगे। ए तीनों संगठन गृह मंत्रालय के तहत आते हैं। इसका आयोजन एक से चार अक्टूबर के बीच होगा। फ्रांसीसी दूतावास द्वारा यहां जारी एक बयान के अनुसार, यह पहल भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय आतंकवाद-विरोधी सहयोग योजना का हिस्सा है। बयान के अनुसार यह विशेष रूप से जैव आतंकवाद खतरा प्रबंधन पर केंद्रित होगा। अपने प्रवास के दौरान प्रतिनिधिमंडल के सदस्य विभिन्न द्विपक्षीय बैठकों में भी भाग लेंगे। इस क्षेत्र में गहन आदान-प्रदान का स्वागत करते हुए भारत में फ्रांस के नामित राजदूत इमैनुअल लेनैन ने कहा कि फ्रांस और भारत आतंकवाद के सभी स्वरूपों का मुकाबला करने के लिए ठोस तरीके से काम कर रहे हैं। उन्होंने बयान में कहा कि यह सहयोग हमारे पुलिस बलों के बीच विश्वास और सहयोग के उच्च स्तर को दर्शाता है।




चेन्नई में महात्मा गांधी की 150वीं जन्मदिन पर सुरक्षा के लिए हेलमेट लगाने को लेकर जागरूक करते छात्र

## सीबीआई को स्टिंग वीडियो मामले में हरीश रावत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने को मंजूरी मिली

एजेंसी। नैनीताल

**उत्तराखंड** उच्च न्यायालय ने सोमवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को 2016 के एक स्टिंग ऑपरेशन के सिलसिले में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की अनुमति दे दी।

इस स्टिंग ऑपरेशन में वह बागी विधायकों का समर्थन जुटाने के लिए कथित रूप से सौदेबाजी करते हुए नजर आते हैं। न्यायमूर्ति धुलिया ने सीबीआई को इस मामले की अपनी जांच में आगे बढ़ने और कांग्रेस नेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की अनुमति दी। उससे पहले सीबीआई ने सीलबंद लिफाफे में इस मामले की प्राथमिक जांच की रिपोर्ट सौंपी। इस मामले की अगली सुनवाई एक नवंबर को होगी।

# आदित्य ठाकरे लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

एजेंसी। मुंबई

**शिवसेना** के प्रमुख उद्धव ठाकरे के पुत्र आदित्य ठाकरे ने सोमवार को कहा कि वह महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। आदित्य ने यहां पार्टी की एक रैली में यह घोषणा की। यह पहला मौका होगा जब ठाकरे खानदान से कोई व्यक्ति चुनाव लड़ेगा। उन्होंने कहा कि वह मुंबई की वर्ली विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। शिवसेना के मौजूदा विधायक सुनील शिंदे आदित्य के लिए अपना स्थान खाली करेंगे। उन्होंने लोगों से कहा, मुझे जीत का भरोसा है क्योंकि आप सभी का आशीर्वाद मेरे साथ है।

शिवसेना के एक सूत्र ने कहा, वर्ली को शिवसेना की सबसे सुरक्षित विधानसभा सीटों में से एक समझा जाता है, इसलिए आदित्य की उम्मीदवारी को अंतिम रूप दिया गया है। राकांपा के पूर्व नेता सचिन अहीर हाल में शिवसेना में शामिल हुए थे जो आदित्य ठाकरे की जीत को आसान बना सकते है। अहीर को 2014 के विधानसभा चुनाव में सुनील शिंदे ने पराजित किया था।

दिवंगत बाल ठाकरे द्वारा 1966 में शिवसेना की स्थापना किए जाने के बाद से ठाकरे परिवार से किसी भी सदस्य ने कोई चुनाव नहीं लड़ा है या वे किसी भी संवैधानिक पद पर नहीं रहे है। उद्धव के चचेरे भाई और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने 2014 में राज्य में हुए विधानसभा चुनाव लड़ने की अपनी इच्छा जताई थी। हालांकि उन्होंने बाद में अपना मन बदल लिया था। उद्धव ठाकरे ने शनिवार को अपने उस वादे को याद किया जो उन्होंने अपने दिवंगत पिता बाल ठाकरे से किया था। उन्होंने एक शिव सैनिक (पार्टी कार्यकर्ता) को महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनाने का वादा किया था। सीटों के बंटवारे को लेकर हुए विवाद के बाद 2014 का विधानसभा चुनाव भाजपा और शिवसेना ने अलग-अलग लड़ा था। भाजपा ने 260 सीटों पर चुनाव लड़ा था जिसमें से उसे 122 सीटों पर जीत मिली थी जबकि शिवसेना ने 282 सीटों पर चुनाव लड़ा था और उसे 63 सीटें मिली थी।

## भाजपा, शिवसेना ने विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन को अंतिम रूप दिया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के वरिष्ठ मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने सोमवार को यहां कहा कि भाजपा और शिवसेना ने राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे संबंधी समझौते को अंतिम रूप दे दिया है। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और शिवसेना के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे एक संयुक्त बयान के जरिए सीटों के बंटवारे संबंधी समझौते की घोषणा करेंगे। ठाकरे के एबी फार्म को अपनी पार्टी के उम्मीदवारों को सौंपे जाने के एक दिन बाद यह घटनाक्रम हुआ है। एबी फार्म में पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवारों का उल्लेख होता है।

# अयोग्य विधायक उपचुनाव लड़ना चाहें तो भाजपा टिकट देने को तैयारः येदियुरप्पा

एजेंसी। बेंगलुरु

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस-जद (एस) के अयोग्य ठहराए गए विधायक यदि उप चुनाव लड़ना चाहते हैं तो उन्हें भाजपा के टिकट दिए जाएंगे। हालांकि पार्टी के भीतर से ही किसी भी ऐसे कदम के खिलाफ विरोध के स्वर उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष अमित शाह ने कहा है कि पूर्व विधायकों को टिकट देने की हमारी जिम्मेदारी है। तत्कालीन विधायकों द्वारा की गई बगावत के कारण जुलाई में कांग्रेस-जद(एस) की सरकार गिर गई थी और उसके बाद राज्य में भाजपा ने सरकार बना ली थी।

अयोग्य विधायक जिन निर्वाचन क्षेत्रों से आते हैं वहां पर दिसंबर माह में उप चुनाव होने हैं। एदियुरप्पा ने 2018 में हारे उम्मीदवारों और भाजपा के टिकट के आकांक्षियों को यह कहकर संतुष्ट करने का प्रयास किया है कि उन लोगों के लिए राज्य संचालित बोर्ड एवं निगमों में अवसर गढ़े जाएंगे। उन्होंने शिमोगा जिले के शिकारीपुरा में संवाददाताओं से कहा, उप चुनाव नजदीक हैं, 15 सीटों के लिए तारीखों की घोषणा हो गई है। अमित शाह ने कहा कि इस्तीफा देने वाले और भाजपा से चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों को सीट (टिकट) दिए जाएंगे, यह हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, यदि आप हमारी पार्टी की ओर से खड़ा होना चाहते हैं तो आपको प्राथमिकता दी जाएगी, उम्मीदवार बनाया जाएगा। आपकी जीत की जिम्मेदारी भाजपा कार्यकर्ता और नेताओं की होगी।

येदियुरप्पा की टिप्पणियां इस मायने में अहम हैं कि अयोग्य विधायकों को उप चुनाव के टिकट देने के खिलाफ भाजपा के भीतर से ही आवाजें उठ रही हैं। कांग्रेस के अयोग्य विधायक बीसी पाटिल ने येदियुरप्पा के बयान का स्वागत किया। हालांकि उन्होंने कहा कि अयोग्य विधायकों ने भाजपा में शामिल होने के बारे में अभी विचार नहीं किया है। उन्होंने कहा, अदालत को हमारी योग्यता के बारे में फैसला करने दीजिए उसके बाद हम इस पर विचार करेंगे और फैसला लेंगे। भाजपा को सत्ता में बने रहने के लिए आगामी उप चुनाव में कम से कम छह सीटें जीतनी होंगी।

## येदियुरप्पा के बयान से विपक्ष को मिला प्रहार करने का मौका

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा अपने इस बयान को लेकर सोमवार को विपक्ष के निशाने पर आ गए कि वह नट की तरह तनी हुई रस्सी से गुजर रहे हैं। कांग्रेस नेता सिद्धरमैया ने मुख्यमंत्री से कहा कि यदि वह सरकार नहीं चला सकते, तो इस्तीफा दे दें। जद(एस) नेता एच डी कुमारस्वामी ने येदियुरप्पा के प्रशासन पर बाढ़ प्रभावितों को राहत पहुंचाने में विफ्ल होने का आरोप लगाया और कहा कि लोग उन्हें नीचे गिरा देंगे। दावणगेरे में रविवार शाम को एदियुरप्पा ने एक कार्यक्रम में कहा था, किसी को मुझे गलत नहीं समझना चाहिए, लेकिन मैं एक बात कहना चाहता हूं कि मैं तनी हुई रस्सी से गुजर रहा हूं। कोई निर्णय लेने से पहले मुझे उसके बारे में दस बार सोचना होगा क्योंकि उसके प्रभावों के बारे में सावधानी बरती जानी चाहिए।

येदियुरप्पा के बयान को उनके और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नलिन कुमार कतील के बीच पार्टी के विषयों को लेकर मतभेदों तथा अयोग्य ठहराए गए कांग्रेस और जद(एस) के कुछ नेताओं को टिकट देने की योजना पर पार्टी में व्याप्त असंतोष से जोड़कर देखा गया। येदियुरप्पा के बयान पर सिद्धरमैया ने कहा, वह इस्तीफा दे दें, वह तनी हुई रस्सी पर क्यों चलें। यदि वह सरकार नहीं चला सकते तो वह इस्तीफा दे दें। तनी हुई रस्सी पर चलकर वह हादसे के शिकार हो सकते हैं। कुमारस्वामी ने एक ट्वीट में एदियुरप्पा पर असंतुष्ट विधायकों की मदद से गलत तरीके से मुख्यमंत्री बन जाने का आरोप लगाया और कहा, उस रस्सी से बाढ़ से प्रभावित लोगों की दुर्दशा देखिए। यदि आपकी सरकार उन विस्थापितों की जिंदगी पटरी पर नहीं ला सकती है तो लोग आपको इस रस्सी से गिरा देंगे। हालांकि भाजपा नेताओं ने इस बयान को कमकरके दिखाने की कोशिश की। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि वह पक्का नहीं हैं कि मुख्यमंत्री के कहने का क्या मतलब है। हालांकि येदियुरप्पा सरकार के कैबिनेट मंत्री वी सोमन्ना ने कहा कि बतौर मुख्यमंत्री कुछ दबाव तो होंगे ही लेकिन येदियुरप्पा के पास उससे निपटने की अनुभव एवं योग्यता है।



मुंबई में युवा शिवसेना प्रमुख आदित्य ठाकरे रैली के दौरान चुनाव प्रचार करते हुए

# दुनिया को भारत से हैं बहुत उम्मीदें: मोदी

एजेंसी। चेन्नई



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि विश्व की भारत से बहुत उम्मीदें हैं और उनकी सरकार देश को महानता के उस रास्ते पर ले जाएगी जहां वह पूरी दुनिया के लिए फायदेमंद साबित होगा। इस साल लोकसभा चुनाव में सत्ता में फिर से आने के बाद तमिलनाडु के पहले दौरे पर आए प्रधानमंत्री ने एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के खिलाफ अपने अभियान को दोहराया। उन्होंने कहा, हाल ही में संपन्न अपनी अमेरिकी यात्रा के दौरान मैंने देखा कि विश्व की आगे बढ़ रहे भारत से बहुत उम्मीदें हैं। हम निश्चित तौर पर भारत का तेजी से कल्याण सुनिश्चित करेंगे। हम इसे इतना महान देश बनाएंगे कि यह दुनिया के लिए उपयोगी साबित होगा। उन्होंने हवाईअड्डे पर भाजपा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश को महान बनाना केवल केंद्र सरकार का काम नहीं है बल्कि यह 130 करोड़ नागरिकों की भी जिम्मेदारी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह देश के कोने-कोने में बसे नागरिकों का काम है चाहे वह शहर या गांव में रह रहे हो, अमीर या गरीब हो और जवान तथा बूढ़े हो तथा देश इन सभी के योगदान से महान बनेगा। एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के खिलाफ अपने अभियान को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि इसके इस्तेमाल ने बड़ी समस्या पैदा की। मोदी ने कहा कि हालांकि कुछ लोग भूलवश प्लास्टिक मुक्त भारत का आह्वान करते हैं लेकिन वह केवल एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के खिलाफ अभियान पर ही जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका आगे इस्तेमाल नहीं किया जा सकता और यह बड़ी समस्या पैदा करता है। उन्होंने कहा कि जन भागीदारी से कई योजनाएं कामयाब हुईं और ऐसा ही एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के मामले में होना चाहिए।

भाजपा सांसदों की प्रस्तावित पदयात्रा दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के दिन होने पर मोदी ने कहा कि यह इन विचारों को अमल में लाने की संभावना तलाश करने में मददगार होगा। इस संबंध में उन्होंने भारत को महान बनाने और एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के खिलाफ अभियान का जिक्र किया। पिछले सप्ताह अमेरिकी यात्रा के दौरान अपने संबोधन में तमिल में की गई टिप्पणियों का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने यह संकेत दिया कि यह दुनिया की एक प्राचीन भाषा है। उन्होंने कहा, अब अमेरिका में तमिल भाषा की आवाज गूंज रही है। इससे पहले तमिलनाडु के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित, मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी, उपमुख्यमंत्री ओ. पनीरसेल्वम और कैबिनेट मंत्रियों ने हवाईअड्डे पर मोदी का स्वागत किया।

## प्रधानमंत्री ने तमिल को लेकर तमिलनाडु के लोगों से संपर्क साधने का किया प्रयास

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यहां कहा कि अब पूरे अमेरिका में तमिल की गूंज सुनाई पड़ रही है। उन्होंने आईआईटी मद्रास के दीक्षांत समारोह में तमिल की विशिष्टता का उल्लेख भी किया। प्रधानमंत्री ने इससे पहले संयुक्त राष्ट्र में दुनिया की सबसे प्राचीन भाषा के रूप में तमिल की सराहना की थी। गृह मंत्री अमित शाह द्वारा आम भाषा के रूप में हिंदी पर जोर दिए जाने के बाद विवाद शुरू हो गया था और तमिलनाडु की पार्टियों ने इसका जोरदार विरोध किया था। प्रधानमंत्री द्वारा तमिल की सराहना को हिंदी विवाद के बाद राज्य के लोगों से संपर्क करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। मोदी संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करने और कुछ महीने पहले लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी की बड़ी जीत के बाद पहली बार तमिलनाडु की यात्रा पर थे। मोदी ने पिछले सप्ताह विश्व मंच पर अपने भाषण में एक प्राचीन तमिल कहावत का उल्लेख करने का जिक्र किया। इसके बाद उन्होंने अमेरिका में इसके सकारात्मक प्रभाव का भी उल्लेख किया। वह भाजपा द्वारा आयोजित एक स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे। भाजपा समर्थकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उन्होंने कहा, इसलिए आज भी पूरे अमेरिका में तमिल की गूंज है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की राजधानी आना उनके लिए हमेशा खुशी की बात रही है। उन्होंने अपने भाषण में तमिल भाषा के कुछ शब्दों का भी इस्तेमाल किया जिसका अर्थ था, चेन्नई के लोगों से मिलकर खुशी हुई। बाद में, आईआईटी मद्रास के 56 वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, हम तमिलनाडु राज्य में हैं जिसे विशेष गौरव प्राप्त है। यह दुनिया की सबसे पुरानी भाषा तमिल का स्थान है। छात्रों और अन्य प्रतिभागियों ने तालियों से प्रधानमंत्री की टिप्पणी की प्रशंसा की। मोदी ने 27 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 74 वें सत्र को संबोधित करते हुए कहा था कि आज से तीन हजार वर्ष पहले भारत के महान कवि, कणियन पूंगुन्द्रनार ने विश्व की प्राचीनतम भाषा तमिल में कहा था, यादुम्ऊरे...। इसका अर्थ है कि हम सभी स्थानों के लिए अपनेपन का भाव रखते हैं और सभी लोग हमारे अपने हैं। कुछ ही दिनों में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दो बार तमिल की प्रशंसा किए जाने के बारे में पूछे जाने पर राजनीतिक टिप्पणीकार सुमंत सी रमन ने पीटीआई भाषा से कहा, प्रधानमंत्री नई शिक्षा नीति के मसौदे और हिंदी दिवस पर गृह मंत्री अमित शाह के भाषण से जुड़े विवाद की पृष्ठभूमि में तमिलनाडु के लोगों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे होंगे।



नई दिल्ली में रक्षा प्रदर्शनी 2020 की वेबसाइट का शुभारंभ करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# राजनाथ ने रक्षा प्रदर्शनी 2020 की वेबसाइट शुरू की

● इस प्रदर्शनी का आयोजन 5-8 फरवरी को होगा

एजेंसी। नई दिल्ली

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को रक्षा प्रदर्शनी (डेफएक्सपो) के 11वें संस्करण की वेबसाइट शुरू की। अधिकारियों ने बताया कि यह प्रदर्शनी अगले साल फरवरी में लखनऊमें आयोजित की जाएगी। इस प्रदर्शनी का आयोजन 5-8 फरवरी को होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, वेबसाइट, डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.डेफएक्सपो.गॉव.इन, प्रदर्शनी में अपने सामान का प्रदर्शन करने वालों को सूचना परक जानकारी देने के साथ ही डीपीएसयूएस (सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों) और आयुध कारखानों के उत्पादों के बारे में भी लोगों को बताएगी।

रक्षा मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि इस वेबसाइट के जरिए प्रदर्शनी में हिस्सा लेने की इच्छुक कंपनियां पहले आओ पहले पाओ के आधार पर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगी और अपना स्थान सुरक्षित करवा सकेंगी। इसके साथ ही कंपनियां ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगी, सम्मेलन कक्ष और कारोबारी बैठकों के लिए स्थल की बुकिंग भी करा सकेंगी। इसमें कहा गया कि प्रदर्शन में हिस्सा लेने की इच्छुक कंपनियां 31 अक्टूबर से पहले वेबसाइट के जरिए स्थान बुक कराने पर रियायत भी पा सकती हैं।

अधिकारियों ने कहा कि व्यापार के लिए आने वाले कारोबारी दिवसों के दौरान यहां आने के लिए वेबसाइट के जरिए अपने टिकट खरीद सकते हैं। प्रदर्शनी में कारोबारी दिवस 5-7 फरवरी को होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में आम जनता के लिए आठ फरवरी को प्रवेश मुफ्त होगा। हालांकि आम लोगों को प्रदर्शनी में जाने के लिए वेबसाइट पर पहले अपना पंजीकरण कराना होगा और उन्हें ई-टिकट भेजे जाएंगे।

# जब गांधी को मंदिर प्रवेश से किया गया मना, विलायत जाने के कारण रोका

एजेंसी। तिरूवनंतपुरम

**हिन्दू** मन्दिरों में समानता तथा निचली जातियों को मन्दिर में प्रवेश दिलाने के लिए आंदोलन छेड़ चुके राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को स्वयं कन्याकुमारी के एक मन्दिर में प्रवेश देने से मना कर दिया गया था। इसके पीछे उनका धर्म या जाति नहीं वरन् उनका सात समुंदर पार विलायत यात्रा पर जाना था। गांधी को 1925 में कन्याकुमारी भगवती अम्मान मन्दिर में प्रवेश की अनुमति देने से मना कर दिया गया था। मन्दिर अधिकारियों ने यह अनुमति इसलिए नहीं दी क्योंकि गांधी इंग्लैंड गए थे। मन्दिर के रिकार्ड से यह बात पता चलती है कि गांधी ने मंदिर के बाहर ही खड़े होकर पूजा-अर्चना की थी। उस समय गांधी त्रावणकोर रियासत गए हुए थे तथा इस विख्यात मन्दिर के दर्शन करने गए थे। उन्होंने मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं देने की घटना पर नवजीवन में प्रकाशित एक आलेख में अपना क्षोभ प्रकट किया था। गांधी ने कहा था कि उन्हें मन्दिर की परिक्रमा करने की अनुमति तो गई किंतु उसके आगे बढ़ने से मंदिर के प्रभारी ने मना कर दिया।

कन्याकुमारी के दर्शन शीर्षक इस आलेख में उन्होंने कहा, वहां भी मेरी प्रसन्नता पर दुख को कोई प्रभाव नहीं पड़ा। मुझे पूरे मंदिर की परिक्रमा करने की अनुमति दे दी गई किंतु मुझे मंदिर के भीतरी हिस्से में नहीं जाने दिया गया क्योंकि मैं इंग्लैंड गया था। गांधी का यह आलेख 29 मार्च 1929 को प्रकाशित हुआ था। उस समय भारतीय हिन्दू समाज में समुद्र पार करना और विदेश जाना खराब माना जाता था। जो लोग इस मान्यता का उल्लंघन करते थे उन्हें त्रावणकोर के मन्दिरों में प्रवेश नहीं करने दिया जाता था।

ऐसे लोग शुद्धिकरण की प्रक्रिया के बाद ही मंदिरों में प्रवेश पा सकते थे। इससे खिन्न गांधी ने लिखा था, इसे कैसे सहन किया जा सकता है? क्या कन्याकुमारी प्रदूषित हो सकती है? क्या इस परंपरा का प्राचीन काल से पालन हो रहा है। उन्होंने इस स्थल के सौन्दर्य और नीरवता का उल्लेख करते हुए कहा कि वह उस स्थल पर भी गए थे जहां स्वामी विवेकानन्द ध्यान किया करते थे। इस आलेख का प्रारंभ उस स्थल के वर्णन एवं उसके भूगोल से हुआ था और यह इस अपील के साथ समाप्त होता है कि इस तरह की परंपराओं पर विराम लगना चाहिए। इसमें यह याद दिलाया गया है कि ऐसा करना प्रत्एक हिन्दू का दायित्व है। आलेख में कहा गया, मेरी अंतरात्मा चीख रही है कि ऐसा नहीं हो सकता। यदि ऐसा किया गया तो यह पापपूर्ण है। जो पापपूर्ण हो उसे नहीं रहना चाहिए अथवा वह अपनी प्राचीनता के कारण प्रशंसा के योग्य बन जाती है।

गांधी ने कहा, परिणामस्वरूप, इस बात को लेकर मेरा विश्वास और बढ़ गया है कि इस कलंक को हटाने लिए बलशाली प्रयास करना, प्रत्एक हिन्दू का दायित्व है। बहरहाल, बाद में यह तस्वीर अपने आप बदल गई। त्रावणकोर के दूरदर्शी राजा श्री चित्रा तिरूनाल बलराम वर्मा ने विदेशी यात्रा के नाम पर मंदिर प्रवेश पर लगी रोक को हटा दिया। मंदिर प्रवेश से गांधी को रोके जाने के आठ साल बाद 1933 में त्रावणकोर के राजा इंग्लैंड, बेल्जियम, जर्मनी, स्विटजरलैंड और इंटली की विस्तारित यात्रा पर गए।



चेन्नई में महात्मा गांधी के उत्साही अनुयायी अनंत कुमार भौमिक ने अपनी दुकान पर महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती से पहले रविवार को बापू की दुर्लभ तस्वीरों के संग्रह को गर्व से प्रदर्शित किया

# बजरंग दल ने गरबा आयोजकों से गैर हिंदुओं का प्रवेश रोकने को कहा

एजेंसी। अहमदाबाद

**बजरंग** दल ने गुजरात में गरबा आयोजकों से आयोजनस्थलों पर गैर हिंदुओं का प्रवेश रोकने को कहा है। बजरंग दल ने दावा किया है कि नौ दिवसीय नवरात्र महोत्सव हिंदू महिलाओं को बहलाने फुसलाने का एक मंच बन गया है। दक्षिणपंथी समूह ने गरबा आयोजन स्थलों के बाहर लगातार गश्त करने के लिए टीमें भी बनाई हैं और लोगों को लव जेहाद के बारे में सतर्क करने के लिए पोस्टर भी लगाए हैं। बजरंग दल के अहमदाबाद क्षेत्र समन्वयक ज्वलित मेहता ने सोमवार को कहा कि अहमदाबाद में ऐसे पोस्टर सभी प्रमुख गरबा आयोजन स्थलों के बाहर लगाए गए हैं। शहर में ऐसे पोस्टर विशेष तौर पर मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में स्थित गरबा आयोजन स्थलों के बाहर लगाए गए हैं। उन्होंने दावा किया, इन पोस्टरों के जरिए हम लोगों को एक षड्यंत्र के बारे में सतर्क कर रहे हैं जिसके तहत नवरात्र के दौरान हिंदू लड़कियों और महिलाओं को गैर हिंदुओं द्वारा निशाना बनाया जाता है। प्रत्एक वर्ष तीन लाख से अधिक हिंदू लड़कियां या महिलाएं लव जेहाद में फंसती हैं। उन्होंने कहा कि संगठन ने अभिभावकों को भी सतर्क रहने और अपनी पुत्रियों को बचाने का आग्रह किया है।

मेहता ने कहा, हमने गरबा आयोजकों से गरबा आयोजन स्थलों में गैर हिंदुओं का प्रवेश रोकने के लिए पहले ही कह दिया है। संगठन ने शहर में प्रमुख स्थलों पर निगरानी के लिए टीमें बनाई हैं। मेहता ने कहा, यदि हम किसी विधर्मी को किसी लड़की या महिला के साथ पकड़ेंगे तो पहले उस लड़की या महिला के अभिभावकों को सूचित करेंगे और उसके बाद उस गैर हिंदू की जानकारी निकालेंगे और पता लगाएंगे क्या उसका कोई गुप्त उद्देश्य है। संगठन ने इसके साथ ही स्थानीय पुलिस और विभिन्न जिलों के प्रशासनों से भी हिंदू धर्म की शुचिता बनाए रखने और लड़कियों को लव जेहाद से बचाने का आग्रह किया है। बजरंग दल के उत्तर गुजरात समन्वयक एम के पटेल ने कहा, नवरात्र हिंदुओं का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह लव जेहाद का मंच नहीं बनना चाहिए। गैर हिंदू जिनका इस त्योहार से कोई लेना देना नहीं, वे इसका इस्तेमाल हमारी लड़कियों या महिलाओं को बहलाने फुसलाने के लिए करते हैं। उन्होंने कहा कि संगठन के नेताओं ने हिंदू लड़कियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न जिलों में पुलिस और प्राधिकारियों को ज्ञापन सौंपे। इसी तरह से विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के पूर्व प्रमुख प्रवीण तोगड़िया द्वारा स्थापित अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद (एएचपी) भी गुजरात में गरबा आयोजन स्थलों में गैर हिंदुओं का प्रवेश रोकने के लिए काम कर रहा है।

# कोयला की जगह नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग के लिए भारत के पास है दीर्घकालीन योजना

एजेंसी। नई दिल्ली

**पर्यावरण** मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को कहा कि कोयले की खपत में कटौती रातों-रात होने वाली प्रक्रिया नहीं है और इसकी जगह क्रमिक रूप से नवीकरणीय ऊर्जा के इस्तेमाल के लिए भारत के पास एक दीर्घकालीन योजना है। केंद्रीय पर्यावरण सचिव सी. के. मिश्रा ने कहा कि कोयला आधारित संयंत्र कोयले का इस्तेमाल जारी रखेंगे लेकिन इसकी खपत में कटौती के लिए एक दीर्घकालीन योजना है। उन्होंने कहा, कोयले (की खपत) में कटौती कोई एक दिन की प्रक्रिया नहीं है। हमारे पास एक योजना है। एक दीर्घकालीन योजना है जिसके तहत हम कोयले की जगह धीरे-धीरे नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ेंगे, ताकि 450 गीगावाट के प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) के घोषित लक्ष्य को हासिल कर सकें।

मिश्रा ने कहा, लेकिन जो संयंत्र पहले से ही कोयले पर आधारित हैं, वे कोयले का उपभोग करना जारी रखेंगे। उन्होंने जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी समिति (आईपीसीसी) कार्यकारी समूह ढ्ढढ्ढढ्ढ की छठी आकलन रिपोर्ट की पांच दिवसीय बैठक के प्रथम दिन यहां मीडिया को संबोधित करते हुए यह कहा। कोयले का उपभोग घटाने और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के मुद्दे पर उन्होंने कहा, पिछले पांच बरसों में हम कोयले की जगह नवीकरण ऊर्जा के उपयोग में 80 गीगावाट तक पहुंचे हैं और इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं लेकिन हम इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि हमें भारत में कोयले की कुछ वक्त तक जरूरत रहेगी।

पर्यावरण सचिव ने यह भी स्वीकार किया कि भारत में बिजली की मांग में वृद्धि जारी रहेगी जिसके चलते कोयले पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता। उन्होंने कहा कि इसका यह मतलब नहीं है कि सरकार कोयले की जगह वैकल्पिक नवीकरणीय ऊर्जा का इस्तेमाल करने की प्रक्रिया में नहीं जुटी हुई है। आईपीसीसी कार्यकारी समूह जलवायु परिवर्तन में कमी लाने के लिए छठी आकलन रिपोर्ट पर 200 से अधिक विशेषज्ञों के साथ काम कर रहा है, जिनमें से 12 भारत से हैं।

मिश्रा ने कहा, भूमि, समुद्र आदि पर आईपीसीसी की रिपोर्टें काफी महत्वपूर्ण हैं और इसने नीति निर्माण के लिए काफी योगदान दिया है। कार्यकारी समूह की सह अध्यक्षता कर रहे जिम स्की ने छठी आकलन रिपोर्ट की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ज्ञान और वित्त के संदर्भ में इस रिपोर्ट को तैयार करने में एक अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा, बड़ा योगदान देने के लिए हम भारत के शुक्रगुजार हैं। छठी आकलन रिपोर्ट ऊर्जा के उपभोग एवं व्यवहार, ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन और नवोन्मेष तथा प्रौद्योगिकी जैसे विषयों की पड़ताल करेगी। यह (रिपोर्ट) ऊर्जा, कृषि, वानिकी, भूमि उपयोग, भवन, परिवहन और उद्योग जैसे क्षेत्रों में उत्सर्जन घटाने के लिए अपनाए जाने वाले विकल्पों का आकलन करेगी।

## क्विक न्यूज

### प्रधान न्यायाधीश ने गौतम नवलखा की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग किया


**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई ने कोरेगांव-भीमा हिंसा मामले में दर्ज प्राथमिकी निरस्त करने के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ नागरिक अधिकार कार्यकर्ता गौतम नवलखा की याचिका पर सुनवाई से सोमवार को खुद को अलग कर लिया। प्रधान न्यायाधीश ने यह याचिका सुनवाई के लिए पेश होने पर कहा कि इसे किसी अन्य पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए। बंबई उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ गौतम नवलखा की याचिका प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, न्यायमूर्ति एस ए बोबडे और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध थी। इस मामले में महाराष्ट्र सरकार ने कैविएट दाखिल कर रखी है ताकि उसका पक्ष सुने बगैर कोई आदेश पारित नही किया जाए। उच्च न्यायालय ने 2017 में कोरेगांव-भीमा हिंसा और माओवादियों से कथित संबंधों के मामले में दर्ज प्राथमिकी निरस्त करने से 13 सितंबर को इंकार कर दिया था। उच्च न्यायालय ने कहा था कि इस मामले में पहली नजर में ठोस सामग्री है। उच्च न्यायालय ने कहा था कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए इसमें गहराई से जांच की आवश्यकता है। पुणे जिले के कोरेगांव भीमा मे 31 दिसंबर, 2017 को आयोजित एलगार परिषद के बाद हुई कथित हिंसा की घटना के सिलसिले में पुणे पुलिस ने जनवरी, 2018 मे नवलखा और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। नवलखा, वरवर राव, अरुण फरेरा, वर्णन गोन्साल्विज और सुधा भारद्वाज के खिलाफ गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) कानून और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### सोशल मीडिया पर कश्मीर के नाम पर भड़काऊ वीडियो फैलाने वालों को पुलिस ने चेताया

**हैदराबाद।** पुलिस ने सोमवार को कहा कि कुछ शरारती तत्व सोशल मीडिया पर कश्मीर के नाम पर चित्र और भड़काऊवीडियो फैलाने की कोशिश कर रहे है और चेतावनी दी कि अफवाह फैलाने वालो के खिलाफ आपराधिक कार्वाई की जाएगी। शहर पुलिस आयुक्त अंजनि कुमार ने कहा कि ऐसा पता चला है कि कुछ शरारती तत्व सोशल मीडिया पर और खासतौर से व्हाट्सएप्प पर भड़काऊ वीडियो और फोटो फैलाने की कोशिश कर रहे है। कुमार ने एक प्रेस विज्ञप्ति मे कहा, इन शरारती तत्वो का मकसद कानून और व्यवस्था की समस्या पैदा करना है। वे ऐसे वीडियो और चित्रो का इस्तेमाल कर रहे है, जिनका हमारे देश से कोई संबंध नही है। कश्मीर के नाम पर वे इराक और अफगानिस्तान की पुरानी तस्वीरो को प्रसारित कर रहे है। एक शीर्ष अधिकारी ने सभी नागरिको से अपील की है वे ऐसे षडयंत्रो के बहकावे मे न आएं। उन्होने कहा, मैने सभी व्हाट्स एप उपयोगकर्ताओं को सचेत किया है कि ऐसे भड़काऊवीडियो या चित्र को फारवर्ड न करें। अगर ऐसे चित्र या वीडियो फारवर्ड किए गए तो (ऐसे सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के खिलाफ) आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# कदाचार में शामिल 100 से अधिक अस्पतालों के नाम आयुष्मान भारत की वेबसाइट पर डाले गए : हर्षवर्द्धन

एजेंसी। नई दिल्ली



**देश** के अस्पतालों में किसी भी गड़बड़ी पर रोक लगाने के उद्देश्य से सरकार ने एक पहल के तहत आयुष्मान भारत की आधिकारिक वेबसाइट पर 100 से अधिक ऐसे चिकित्सा संस्थानों के नाम डाले गए हैं, जो कदाचार में संलिप्त पाए गए हैं। केंद्रीय मंत्री स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्द्धन ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी -पीएमजेवाई) के एक साल पूरे होने पर आयोजित आरोग्य मंथन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन ने बताया कि सरकार की मंशा नेम एंड फेम योजना भी लागू करने की है। इसका मकसद इस योजना के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले अस्पतालों को सम्मानित करना है। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति के तहत 111 अस्पतालों का नाम एबी-पीएमजेवाई की आधिकारिक वेबसाइट पर डाला गया है। इन अस्पतालों को पैनल से हटाया जा चुका है और इन अस्पतालों को किसी न किसी फर्जीवाड़े या गड़बड़ियों में संलिप्त पाया गया है।

मंत्री ने कहा, हमलोग अब नेम एंड फेम पहल शुरू करने की योजना बना रहे हैं। इसका मकसद बेहतर काम करने वाले अस्पतालों को सम्मानित करना है ताकि उनके अच्छे कामों का अनुसरण अन्य अस्पताल कर सकें। आरोग्य मंथन का आयोजन राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने किया था। इस योजना को लागू करने वाली यह शीर्ष संस्था है। मंत्री ने कहा कि धोखाधड़ी की रोकथाम, पहचान और नियंत्रण के लिए मजबूत प्रणाली पीएमजेवाई के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि धोखाधड़ी को रोका जाए और अगर इसका प्रयास किया जाता है तो उसका शीघ्र पता लगा कर कड़ी कार्वाई की जाए। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि धोखाधड़ी के करीब 1200 मामलों की पुष्टि हुई है और 338 अस्पतालों के खिलाफ कार्वाई की गई है। उन्होंने बताया कि छह अस्पतालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है और डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक का जुर्माना भी लगाया गया है।

## मुजफ्फरपुर यौन दुराचार मामले में अदालत नवंबर में सुनाएगी फैसला

**नई दिल्ली।** मुजफ्फरपुर आश्रय गृह मामले में दिल्ली की एक अदालत नवंबर मध्य में अपना फैसला सुनाएगी, जहां कई बालिकाओं के साथ कथित रूप से यौन और शारीरिक दुराचार किया गया था। एक अधिवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। सुनवाई की जानकारी रखने वाले एक अधिवक्ता ने बताया कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सौरभ कुलश्रेष्ठ ने एक गोपनीय सुनवाई के दौरान कहा कि वह नवंबर मध्य तक फैसला सुनाएंगे। उन्होंने बताया कि सीबीआई और मामले में विभिन्न आरोपियों के वकीलों द्वारा अपनी अंतिम दलील देने की कार्वाई पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अदालत में इससे पहले 21 लोगों के खिलाफ बलात्कार करने के लिए आपराधिक षडयंत्र रचने और भीषण यौन दुर्व्यवहार सहित विभिन्न गंभीर आरोप लगाए गए थे।



मुंबई के कांदिवली में रविवार रात को नौ दिवसीय नवरात्रि समारोह के पहले दिन लोग गरबा कार्यक्रम में भाग लेते हुए

## राजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका पर आज आ सकता है फैसला

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त राजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका पर एक अक्टूबर को अपना फैसला सुना सकता है। इससे पहले कुमार की याचिका पर सोमवार को सुनवाई पूरी हो गई। सीबीआई के वकील वाई जे दस्तूर ने न्यायमूर्ति एस मुंशी और न्यायमूर्ति एस दासगुप्ता की गुप्ता की पीठ के सामने कुमार की अग्रिम जमानत याचिका का विरोध करते हुए अपनी दलीलें पूरी कर ली। सीबीआई वकील की दलील पूरी होने के बाद बंद कमरे में मामले की सुनवाई कर रही पीठ ने सुनवाई स्थगित कर दी। कुमार के वकीलों ने पीठ के समक्ष बृहस्पतिवार को याचिका के समर्थन में अपनी दलीलें पूरी कर ली थीं। उनके वकीलों ने मामले में बंद कमरे में सुनवाई का अनुरोध किया था, जिसपर 25 सितंबर को अदालत ने सहमति प्रकट की थी।

# संयुक्त राष्ट्रसंघ में भाषण

## महासभा में मोदी के संबोधन की सराहना

**आमतौर** से संयुक्त राष्ट्र महासभा में राष्ट्राध्यक्षों के भाषण भविष्य के लिए वैश्विक विचार की तरह होते हैं। यह उनके द्वारा अपनी चुनौतियों से निपटने के विवरण के साथ दुनिया के लिए सबक की तरह होते हैं। इस दृष्टिकोण से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषण में उभरती विश्व शक्ति के रूप में भारत की बात सामने रखी। उन्होंने पाकिस्तान व कश्मीर को पीछे छोड़ कर बहुपक्षीय दुनिया तथा उसके कुछ सरोकारों का साझा किया। उन्होंने संरा. विकास लक्ष्य पूरे करने की दिशा में भारत के प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अन्य विकासशील देशों के लिए उदाहरण हैं, फिर चाहे जल जैसे मूल्यवान संसाधनों के प्रबंधन का मामला हो या जलवायु परिवर्तन अथवा गरीबों के लिए सफाई व स्वास्थ्यरक्षा। 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना से उन्होंने कहा, आज दुनिया के सामने 'स्वयं को अपनी सीमाओं में संकुचित रखने का समय नहीं है।' उन्होंने भारत के सामाजिक प्रयोगों को राजनीतिक पूंजी की तरह पेश करते हुए जोर दिया कि भारत जलवायु परिवर्तन के खिलाफ संघर्ष में अग्रणी है, जबकि ग्लोबल वार्मिंग में उसकी भूमिका बहुत कम है। सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ उनके अभियान की महासभा में प्रशंसा हुई। मोदी ने अपनी उपलब्धियों को राजनय से जोड़ते हुए आतंकवाद से मुक्त सद्भावनापूर्ण समाज पर जोर दिया। बुद्ध की याद और स्वामी विवेकानन्द के विश्व शांति दृष्टिकोण का संदर्भ देते हुए उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ सभी सदस्य देशों के संघर्ष पर जोर दिया। उन्होंने कश्मीर का नाम तक नहीं लिया। भारत की सुसंगत राय है कि अनुच्छेद 370





समाप्त करना संविधान के दायरे में आने के कारण भारत का आंतरिक मामला है अतः इसकी विश्व मंच पर चर्चा अनावश्यक है। मोदी ने कहा कि उनको सबसे बड़ा जनादेश मिला अतः वे उचित ही पूरे देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस प्रकार उन्होंने परिपक्वता व राजनय का प्रदर्शन किया।

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने स्वीकार किया कि 'दुनिया के लिए भारत बाजार है।' उनके पास संभवतः पाकिस्तान पर शोर मचाने के सिवा और कोई विकल्प नहीं था, जिसके लिए उन्होंने इस्लामोफोबिया, नाभिकीय खतरे व दोनों देशों के बीच संभावित युद्ध जैसी बातें कीं। उन्होंने बड़े पड़ोसी की तुलना में स्वयं को खतरे में फंसे कमजोर देश की तरह पेश किया, लेकिन अपने देश का नरसंहार वाला इतिहास छिपाया। चीन ने कश्मीर को 'अतीत से जारी विवाद' बताया, लेकिन इसके अलावा इमरान को कोई समर्थन नहीं मिला। लेकिन चीन को भी याद रखना चाहिए कि पाक-अधिकृत कश्मीर से गुजरने वाला सीपीईसी संरा. सिद्धान्तों का उल्लंघन है। राजनयिकों ने संकेत किया कि यदि पाकिस्तान स्वयं को इस्लामी दुनिया का पैरोकार मानता है तो उसे चीन में उइघर मुसलमानों के उत्पीड़न का मामला उठाना चाहिए। मोदी टेलूरियन व पेट्रोनेट के बीच समझौता कराने में भी सफल हुए हैं। मोदी की फिलहाल विजय हुई है, पर नैतिक विजय अभी बाकी है। यदि वे दुनिया की राय अपने खिलाफ नहीं होने देना चाहते हैं तो उनको घाटी की असामान्य स्थिति पर ध्यान देना होगा। हालांकि, दुनिया ने कश्मीर की विधिक स्थिति स्वीकारी है, पर उसे मानवाधिकार संकट की चिन्ता है। इसके लिए सामान्य नागरिक जीवन की बहाली तथा जनता की आवाज सुननी जरूरी है। 50 दिन से अधिक समय बीत गया है और कश्मीर में छिटपुट आतंकी हमले भी होने लगे हैं। कश्मीरी भी जानते थे कि अनुच्छेद 370 केवल प्रतीक है, लेकिन कश्मीरी जनता की प्रतिक्रिया को अनदेखा करने से उसका गुस्सा फूटने का खतरा बना हुआ है।

# ग्रेटा थुनबर्ग ने बजाई खतरे की घंटी

संयुक्त राष्ट्र संघ में ग्रेटा थुनबर्ग के उत्तेजनापूर्ण भाषण ने खतरे की घंटी बजा दी है कि अब दुनिया को जलवायु परिवर्तन पर फौरन काम शुरू कर देना चाहिए। इसके लिए नौजवानों व वयस्कों का अभियान प्रारम्भ हो गया है।



**हिरण्यमय कार्लेकर**
लेखक दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)




पिछले सप्ताह जलवायु परिवर्तन को केंद्र में लाने वाली अनेक घटनाएं हुईं। सरकारी कार्रवाइयों पर सर्वाधिक प्रभाव डालने वाली घटना न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई समिति (यूएनसीएएस) का 23 सितम्बर को हुआ आयोजन था। लगभग 185 देशों के नौजवानों व स्कूली बच्चों ने प्रदर्शन कर वैश्विक तापन से लड़ने के उपाय तेज करने पर बल दिया।

एक आयोजन का समन्वय संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटरेस ने किया था ताकि सरकारी प्रयास तेज कर वैश्विक तापमान वृद्धि को औद्योगिक क्रांति के पूर्व वाले स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा में रखा जा सके। जलवायु परिवर्तन पर अंतरसरकारी समिति द्वारा 7 अक्टूबर 2018 को जारी वैश्विक तापन 1.5 डिग्री विशेष रिपोर्ट में कहा गया है कि यह स्तर 2030 व 2052 के बीच पहुंच जाएगा। यह तथ्य अधिक खतरनाक है कि रिपोर्ट में वैश्विक तापन व उसके विपरीत प्रभावों को 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा तक पहुंचने पर भी न घटने की बात कही गई है। समुद्रों का स्तर 2100 के बाद भी बढ़ता रहेगा जिससे तटीय पारिस्थितिकी व ढांचागत संरचनाएं प्रभावित होंगी। बाढ़, सूखा व अत्यधिक खराब मौसम के कारण दुनियाभर में परेशानी पैदा हो रही है। अनेक प्रजातियां विलुप्ति की कगार पर हैं और समुद्री पारिस्थितिकी में अपरिवर्तनीय नुकसान होगा। यह सारी चीजें सभी जानते हैं कि वैश्विक तापन को 1.5 डिग्री सेल्सियस पर सीमित रखना आवश्यक है। आईपीसीसी ने 15 वर्षों से कम समय में जीवाश्म ईंधन प्रयोग को आधा करने तथा अगले 30 वर्षों में पूर्णतः समाप्त करने जैसे उपायों का सुझाव दिया है।

इसके लिए सार्वजनिक नीतियों व जीवन शैलियों में मूलभूत परिवर्तन करने होंगे। घरों, बिजनेस या औद्योगिक संस्थानों में गैस व तेल जलाने से बचना होगा, डीजल या पेट्रोल के वाहन बंद करने होंगे, सभी कोयला व गैस बिजलीघरों को बंद करना होगा तथा पेट्रोकेमिकल उद्योग को हरित रसायनों में तब्दील करना होगा। इस्पात व एल्युमिनियन जैसे भारी उद्योगों को कार्बन मुक्त ऊर्जा स्रोतों का प्रयोग करना होगा अथवा ऐसी तकनीक प्रयोग में लानी हागी जो कार्बनडाई आक्साइड उत्सर्जनों को पकड़कर स्थायी रूप से भंडारित कर सके।

विशेष रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि उत्सर्जनों के घटाए जाने के स्तर के साथ ही 0.4 से 2.7 मिलियन वर्गमील भूमि का प्रयोग जैव ऊर्जा फसलों के लिए करना होगा। इसके साथ ही, 2050 तक 3.86 मिलियन वर्ग किलोमीटर वनों का बढ़ाना होगा। रिपोर्ट के अनुसार यह भी काफी नहीं होगा। पिछले 100 वर्षों में उत्सर्जित कार्बन डाई आक्साइड वातावरण में सैकड़ों वर्षों तक बनी रहेगी और उसे गर्म करती रहेगी। 2045 या 2050 तक वातावरण में अत्यधिक कार्बनडाई आक्साइड बनी रहेगी। कार्बनडाई आक्साइड उत्सर्जन रोकने का वर्तमान वादा इतना नाकाफी है कि वैश्विक तापन की दर 2100 तक कम से कम 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ जाएगी। इससे प्रकृति का संतुलन बिगड़ जाएगा तथा बहुत बड़े क्षेत्र प्रभावित होंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिको पेरिस समझौते से बाहर कर स्थिति और बिगाड़ दी है। हालांकि, यह 2020 में प्रभावी होगा। मगर

**समुद्रों का स्तर 2100 के बाद भी बढ़ता रहेगा जिससे तटीय पारिस्थितिकी व ढांचागत संरचनाएं प्रभावित होंगी। बाढ़, सूखा व अत्यधिक खराब मौसम के कारण दुनियाभर में परेशानी पैदा हो रही है। अनेक प्रजातियां विलुप्ति की कगार पर हैं और समुद्री पारिस्थितिकी में अपरिवर्तनीय नुकसान होगा।**

पेरिस समझौते के लक्ष्य कमजोर करने का काम प्रारम्भ हो गया है। इसके साथ ही, अन्य पर्यावरणीय विनियामक स्थापित करने का काम नहीं हो रहा है। सबसे महत्वपूर्ण भूमिका वाहनों से निकलने वाले उत्सर्जन की है। ब्राजील के जैर बोलसोनारो, अमेजन को नई वाणिज्यिक गतिविधियों के लिए खोलना चाहते हैं। हालांकि, चीन उत्सर्जन रोकने के प्रयास कर रहा है पर उसकी राज्य स्वामित्व वाली कम्पनियां देश-विदेशों में कोयला परियोजनाएं जारी रखना चीती हैं।

पर्यावरणीय मोर्चे पर खराब प्रगति का एक कारण निगमों व राजनेताओं के बीच निकट संबंध हैं। इस संबंध में दो घटनाओं पर ध्यान दिया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र संघ के 195 देशों के जलवायु वैज्ञानिकों की संस्था ने समुद्रों व क्रायोस्फेयर के बदलते परिवेश पर आईपीसीसी की विशेष रिपोर्ट स्वीकार की। इसमें घोषणा की गई है कि वैश्विक तापन का समुद्रों तथा भूमि के जमे हुए क्षेत्रों पर भारी प्रभाव पड़ेगा। इसमें समुद्रों व क्रायोस्फेयर में परिवर्तन रोकने के लिए समयबद्ध महत्वाकांक्षी व समन्वित उपायों का सुझाव दिया गया है। यूएनसीएस ने एक नया नेतृत्व समूह गठित करने का फैसला किया है जिसकी अगुवाई भारत व स्वीडन करेंगे। यह दुनिया के सर्वाधिक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जित करने वाले उद्योगों को अल्प कार्बन अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने में सहायता करेगा। इन दोनों उपायों का स्वागत किया जाना चाहिए लेकिन इस शर्त के साथ कि सबकुछ परिणामों पर निर्भर करेगा।

जनता का दबाव बहुत महत्वपूर्ण है। मैंने अपने पायनियर में प्रकाशित एक स्तम्भ लेख में लिखा था कि सरकारों पर नीचे से जनता का दबाव पड़ना बहुत आवश्यक है क्योंकि इसके बिना राजनीतिक निर्णय लेना कठिन होता है। वैश्विक तापन से मुकाबले के लिए लोगों को अपने भीतर महत्वपूर्ण परिवर्तन करने होंगे तथा ऐसी नीतियों का विरोध करना होगा जो व्यक्तिगत व कुछ समूहों के हितों से संचालित हों। इसके लिए एक जनांदोलन की आवश्यकता होगी। जनता को यह भी समझाने की जरूरत है कि वह अपनी जीवन शैली जैसे वातानुकूलन उपकरणों का उपयोग बदले जो वैश्विक तापन में योगदान करते हैं। उसे शाकाहारी भोजन स्वीकार करना होगा।

इस संबंध में जनांदोलन का एक शुरुआती संकेत 16 वर्षीय स्वीडन की स्कूली लड़की ग्रेटा थुनबर्ग के आंदोलन से मिलता है जिसमें वैश्विक तापन के खिलाफ त्वरित कार्रवाई पर जोर दिया गया है। इस अत्यंत उत्साही युवा आंदोलन की शुरुआत केवल 12 महीने पहले हुई थी। अब इसमें आस्ट्रेलिया, दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका, यूरोप व अमेरिका के लाखों नागरिक शामिल हो गए हैं। एक और उल्लेखनीय संकेत वी रिबेलियन के आंदोलन से मिला। नौजवानों का यह समूह जलवायु परिवर्तन के खिलाफ संघर्ष कर रहा है और एक बड़े समूह एक्सटिंक्शन रिबेलियन से जुड़ा है। उन्होंने 27 अप्रैल 2019 को डाई-इन विरोध प्रदर्शनों का आयोजन किया। दि पायनियर में मैंने अपने एक अन्य लेख में लिखा था कि फ्रांस, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिनलैंड, स्वीडन, नार्वे, इटली, नीदरलैंड तथा ब्रिटेन परिवहन व सांस्कृतिक केंद्रों के रूप में हैं। यहां पर्यावरण विनाश रोकने के लिए जनता कार्रवाई की मांग कर रही है।

लेकिन सारे पिछले आयोजन 21 सितम्बर 2019 को 185 देशों के नौजवानों के आयोजन के समक्ष फीके पड़ गए जिसमें वयस्क लोगों ने भी भाग लिया। इन आयोजनो में ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन रोकने तथा जलवायु को स्थिर रखन के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र संघ में 23 सितम्बर को थुनबर्ग के उत्तेजनापूर्ण भाषण में दुनिया के नेताओं को चेतावनी दी गई है कि भावी पीढ़ियों के सभी लोगों की नजरे आप पर हैं। यदि आप हमें विफल करते हैं तो मैं कहना चाहूंगी कि हम आपको कभी माफ नहीं करेंगे। पर्यावरण बचाने के पक्ष में आंदोलन बहुत व्यापक हो गया है तथा नौजवानों व वयस्कों ने निहित स्वार्थों पर हमला प्रारम्भ कर दिया है।

# देश के लिए अच्छा नहीं साम्प्रदायिक विभाजन

**"देश के सामने मौजूद समस्याओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए एक बहाने की तलाश आवश्यक होती है। हिटलर ने इसे यहूदियों में खोजा था।"**

**मार्कंडेय काटजू**
(लेखक सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश हैं)



भारत में में कुछ ऐसा हुआ है जिससे मुझे नाज़ी युग में जर्मनी की याद आती है। जनवरी 1933 में हिटलर के सत्तासीन होने के बाद, पूरा जर्मनी एक उन्माद से ग्रसित हो गया था। वह हेल हिटलर यानी हिटलर जिंदाबाद व सीग हेल यानी विजय के नारे लगाकर बिना सोचे विचारे तानाशाह का महिमामंडन कर रहा था।

जर्मन वैसे अत्यधिक सुसंस्कृत लोग हैं, जिन्होंने मैक्स प्लांट व आइंस्टीन जैसे वैज्ञानिकों, डेटे व शिलर जैसे लेखकों, हाइन जैसे महान कवियों तथा मोजार्ट, बाक व बिधुवन जैसे महान संगीतज्ञों, मार्टिन लूथर जैसे महान सुधारकों तथा कांट, नित्जे, हीगल व मार्क्स जैसे महान दार्शनिकों तथा लिबोनिट्ज, गस व रीमेन जैसे महान गणितज्ञों, फ्रेडरिक जैस महान राजनयिकों व बिस्मार्क जैस महान व्यक्तियों को जन्म दिया। इसके बावजूद, जब हिटलर परिदृश्य में आया और उसने कहा कि जर्मन सर्वश्रेष्ठ नस्ल हैं और सहूदी उनकी बुराइयों के लिए जिम्मेदार हैं, तो उन्होंने इस पर भरोसा किया तथा यहूदियों पर भयानक अत्याचार व नरसंहार किया।

यह कैसे हुआ? निश्चित रूप से, जर्मन पहले खराब नहीं थे। मैंने हमेशा उल्लेख किया है कि सभी देशों, धर्मों व नस्लों के 99 प्रतिशत लोग अच्छे होते हैं। फिर जर्मन छह मिलियन यहूदियों को गैस चैम्बरों में भेजने में कैसे सफल हुए? इसका कारण यह है कि आधुनिक प्रचार तंत्र इतना ताकतवर है कि वह सर्वाधिक सुसंस्कृत व बुद्धिमान लोगों के दिमागों में भी जहर भर देता है। उस समय के अधिकांश जर्मनों के साथ भी ऐसा ही हुआ था। प्रथम विश्व युद्ध में पराजय के बाद जर्मनों की निराशा भारी बेरोजगारी, मुद्रास्फीति व 1929 की महान मंदी से पैदा आर्थिक संकट हिटलर के दुष्प्रचार के आसान माध्यम बन गए।

संभवतः, वर्तमान समय में अधिकांश भारतीयों के साथ ऐसा ही हो रहा है। दक्षिणपंथी हिन्दुत्ववादी पार्टी, भाजपा के 2014 में सत्ता में आने के बाद से भारत में व्यापक साम्प्रदायिक प्रचार अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहा है। घृणा फैलाने वाले भाषणों में उन पर गोहत्या, हिन्दू लड़कियों को लुभाने यानी लव जिहाद आदि के आरोप लगाए जा रहे हैं। इससे अधिकांश हिन्दुओं के दिमाग में ज़हर भर रहा है। राम मंदिर बनवाने की मांग तथा मुस्लिमों की पिटाई पिछले कुछ वर्षों में आम बात हो गई है। पाकिस्तान में बालाकोट पर हवाई हमले के बाद समर्थक मीडिया ने युद्धोन्माद पैदा किया जिसे अभियान का हिस्सा बनाया गया और इसका परिणाम संसदीय चुनाव में भाजपा की असाधारण विजय के रूप में सामने आया। अनुच्छेद 370 समाप्त करने से मेरे विचार से कोई समस्या हल नहीं होगी। बल्कि इसके परिणामस्वरूप अधिकांश हिन्दू उत्तेजित हो गए हैं। भारत की असली समस्या रिकार्ड तोड़ बेरोजगारी है जिसका खुलासा सरकारी संगठन, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण ने किया है।

इसके साथ ही, बच्चों में भयानक कुपोषण है और भारत का हर दूसरा बच्चा कुपोषित है। बड़ी संख्या में किसानों ने आत्महत्याएं की हैं जिनकी संख्या तीन लाख से ऊपर है। इसके साथ ही, अधिकांश जनता को समुचित स्वास्थ्यरक्षा व अच्छी शिक्षा उपलब्ध नहीं है तथा गरीब व अमीर भारतीयों के बीच खाई बढ़ती जा रही है। सात भारतीयों के पास सबसे गरीब 1.36 अरब जनसंख्या के बराबर संपत्ति है। लेकिन, यह सारे मुद्दे हालिया लोकसभा चुनाव में चर्चा का विषय नहीं बने। पंथनिरपेक्षतावाद उत्तरी अमेरिका व यूरोप जैसे औद्योगिक समाजों का एक लक्षण है। यह सामंती या अर्ध सामंती समाजों का लक्षण नहीं है जैसे कि अधिकांश एशियाई देश हैं। केवल संविधान में पंथनिरपेक्षतावाद का उल्लेख करने से देश सेकुलर नहीं हो जाता।

भारत अब भी अर्ध सामंती देश है जो यहां व्याप्त जातिवाद व साम्प्रदायिकता से स्पष्ट हो जाता है। अधिकांश भारतीय अत्यधिक धार्मिक हैं और 80 प्रतिशत भारतीयों के हिन्दू होने के कारण वे साम्प्रदायिक प्रचार का आसान निशाना हैं। मेरी अपनी समझदारी यह है कि अधिकांश भारतीय साम्प्रदायिक हैं। जब मैं अपने हिन्दू रिश्तेदारों व मित्रों के बीच होता हूं तो उनमें से अधिकांश मुसलमानों के खिलाफ ज़हर उगलते हैं। जब किसी मुसलमान की भीड़ द्वारा पीटकर हत्या की जाती है तो अधिकांश हिन्दू इसे अनदेखा करते हैं व कुछ प्रसन्न भी होते हैं। यह सोच आतंकवादी से थोड़ी ही कम है।

साम्प्रदायिकता यानी अल्पसंख्यकों, खासकर मुसलमानों से घृणा हमेशा अधिकांश हिन्दुओं में छिपी रहती थी। इसे सामने लाने के लिए किसी विस्फोटक चिंगारी की आवश्यकता थी। 2014 व 2019 के बीच भाजपा ने साम्प्रदायिक आग भड़काई है क्योंकि उस पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का प्रभुत्व है। अब भाजपा व उसके नेता नरेंद्र मोदी द्वारा असाधारण विजय पाने के बाद उन पर बहुत दबाव है कि वे जनता के लिए रोजगारों का सृजन करें, किसानों का संकट दूर करें, कुपोषण मिटाएं तथा अच्छी शिक्षा प्रदान करें। लेकिन, उनका इस बारे में कोई दृष्टिकोण नहीं है। इसके बजाए, आर्थिक स्थिति बहुत तेजी से गिगड़ती जा रही है। सकल घरेलू उत्पाद के 5 प्रतिशत तक गिर जाने के बाद विनिर्माण, रियल इस्टेट व बिजली के क्षेत्र में भयान गिरावट आई है व बेरोजगारी बढ़ रही है।

इसलिए, जनता का ध्यान असली समस्याओं से हटाने के लिए वर्तमान व्यवस्था वास्तव में एक बहाने की तलाश में है जिसे हिटलर ने यहूदियों में तलाशा था। भारत में मुसलमान और ईसाई इसका बहाना बनेंगे। मुझे भय है कि उन पर बार-बार अत्याचार किए जाएंगे। जिस प्रकार नाजी जर्मनी में इतिहास उल्टा गया था वही काम 2014 के बाद भारत में हो रहा है। जिस प्रकार गोयबल्स ने जर्मनी मीडिया पर कब्जा कर लिया था उसी प्रकार भारतीय मीडिया भी अपने मालिकों के सामने झुककर उनको सलाम कर रहा है। ऐसे में आशंका है कि क्या भारत का भविष्य अंधकारमय है।

## आप की बात

### प्रधानमंत्री का भाषण

**आज** के लगभग सभी समाचार पत्रों में यह समाचार प्रमुखता से प्रकाशित हुआ है कि संरा संघ के 74 वें अधिवेशन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदीजी ने दुनियाभर को उपदेशात्मक शैली में बताया है कि हमने विश्व को युद्ध नहीं बुद्ध दिया। दुनिया को मोदीजी का यह उपदेश देने का क्या आशय है? गौतम बुद्ध नामक महामानव इतिहास के सबसे दैदीप्यमान प्रकाश स्तंभ की तरह आज भी इस दुनिया के लिए उतने ही पथप्रदर्शक हैं जितने वे अपने जीवन काल में थे। निश्चित रूप से भगवान बुद्ध समस्त विश्व को युद्ध की निरर्थकता पर बहुत कुछ दिया है ऐतिहासिक साक्ष्य है कि उनके गृहराज्य के पड़ोसी राज्यों में एक नदीजल के बंटवारे को लेकर भयंकर वादविवाद और युद्ध की स्थिति बन गई थी जिसे सुलझाने के प्रयास में उन्हें कहा गया कि वे इस विवाद में न पड़ें और कहीं दूर चले जायें। उनके उपदेशों में मुख्यरूप से अहिंसा सर्वोपरि था। हमारे प्रधानमंत्री जी पूर्वलिखित तुकबंदी वाले अपने भाषण देने में माहिर हैं परन्तु क्या वे इस बात पर कभी गंभीरतापूर्वक विचार किए हैं कि उन्हीं बुद्ध के देश में जिनका वे ढिंढोरा दुनियाभर में पीट रहे हैं बुद्ध के अहिंसा के उपदेश की उनके देश में ही कितनी फजीहत व दुर्गति हो रही है।

– **निर्मल के शर्मा**, गाजियाबाद

### बाल स्वास्थ्य एवं पोषाहार

**भारत** दुनिया के उन देशों में शामिल है जहां की आबादी में बच्चों की संख्या सबसे अधिक है। किसी देश की सामाजिक और आर्थिक विकास के महत्वपूर्ण संकेतकों में से एक बाल स्वास्थ्य और पोषाहार हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित सतत विकास लक्ष्यों के अनुसार भारत ने देश में 5 साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर में कमी करके 2030 तक इसे जीवित जन्म लेने वाले प्रति 1000 बच्चों पर 25 करने की वचनबद्धता व्यक्ति की है। भारत ने अपने राष्ट्रीय स्वास्थ्य परिदृश्य में इस संख्या को 2025 तक 23 पर लाने का लक्ष्य रखा है। भारत के संविधान में बच्चों को बुनियादी अधिकार दिए गए हैं और राज्य को इस बात का अधिकार दिया गया है कि वे बच्चों के लिए विशेष प्रावधान करें। राष्ट्रीय बाल नीति 2013 में इस बात को स्वीकार किया गया है कि बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के साथ बढ़ने और विकास करने के लिए दीर्घकालीन, स्थाई, बहुक्षेत्रीय, समन्वित और समावेशी दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है। इस नीति में यह भी माना गया है कि देश के प्रत्येक बच्चे को जीवित व स्वस्थ रहने, पोषाहार, शिक्षा, संरक्षण और सहभागिता का अधिकार है।

– **सूर्यभानु बांधे**, रायपुर


### बारिश से बदहाल बिहार

**लगातार** हो रही बारिश और सरकार की अनदेखी से बुरी तरह जनजीवन प्रभावित है। कई ऐसे जगह दिखें जहां जल निकासी की कोई पुल , पुलिया या नाली तक नहीं जिससे बाढ़ की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जगह-जगह जबर्दस्त जलभराव की समस्या बनी हुई है जिससे बीमारियां फैलने का खतरा पैदा हो गया है। दो दिन पूर्व अलर्ट के बाद भी सरकार अब तक कुछ भी करने में अक्षम है कहे तो पूरी तरह विफल। शहरों में जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण जलभराव की समस्या का निदान होना संभव नहीं हो पा रहा है। सामान्य जन-जान अस्त-व्यस्त हो गया है। इस तरह की समस्या हर साल उत्पन्न हो रही है और सरकार हर बार केवल बाढ़ से पूर्ण रूप से निजात पाने के वादे कर अपनी जिम्मेदारी निभा देते है लेकिन परिणाम अब सबके सामने है । सरकार को हो जल संरक्षण के साथ जल निकासी के लिए गांव कस्बों इत्यादि में पुल पुलिया के निर्माण करें तथा बाढ़ की समस्या का ठोस समाधान ढूंढे।

– **मंकेश्वर महराज**, मधेपुरा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**एकपक्षीय** रूप से यथास्थिति बदलने वाली कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। चीन को उम्मीद है कि भारत-पाक विवाद का प्रभावी समाधान होगा।

– **वांग यी**
चीनी विदेश मंत्री



**दूसरों** को भारत की संप्रभुता का सम्मान करते हुए पीओके में अवैध सीपीईसी से यथास्थिति बदलने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

– **रवीश कुमार**
भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता



**जम्मू-कश्मीर** में हमारी कार्रवाई को दुनिया का समर्थन मिला है। इमरान हर जगह दौड़ लगाते हुए कार्टून बनाने वाले पर गुस्सा हो रहे हैं।

– **राजनाथ सिंह**
केन्द्रीय रक्षा मंत्री

# उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा आयोग का गठन

## अध्यक्ष सहित 14 सदस्य होंगे शामिल, प्राथमिक शिक्षा में नहीं होंगे इंटरव्यू

● आयोग में निर्णय बहुमत के आधार पर, बराबरी पर अध्यक्ष कर सकेंगे मताधिकार का प्रयोग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य शिक्षा सेवा आयोग का गठन कर दिया है। आयोग के दायरे में उच्च शिक्षा, माध्यमिक व प्राथमिक शिक्षा को शामिल किया गया है। आयोग आवश्यकतानुसार रिक्त पदों पर भर्ती कर सकेगा। आयोग में एक अध्यक्ष होगा, जबकि इसके 14 सदस्य होंगे। 14 सदस्यों में 8 सदस्य की अहर्ता उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग अधिनियम के तहत निर्धारित योग्यता से होगी। जबकि 6 सदस्यों की अहर्ता माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग में निर्धारित योग्यता के आधार पर होगी।

आयोग की तरफ से चयनित की जाने वाली सेवाएं प्रान्तीय शिक्षा सेवायें कहलायेंगी। इसको तीन वर्ग निर्धारित किये गये हैं। जिनमें क वर्ग में उच्च शिक्षा में सहायक आचार्य एवं महाविद्यालयों के प्राचार्यों के चयन संबंधी सेवाएं समाहित होंगी। वहीं वर्ग ख में माध्यमिक शिक्षा में प्रधानाचार्य, प्रवक्ता एवं एलटी ग्रेड शिक्षकों की नियुक्ति संबंधी सेवायें समाहित होंगी। वर्ग ग में प्राथमिक शिक्षा में सहायक अध्यापकों की नियुक्ति संबंधी सेवायें शामिल होंगी। आयोग के अध्यक्ष की अहर्ता उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग 1980 में अध्यक्ष पद हेतु दी गयी अहर्ता होगी। नियुक्ति के लिए अधिकतम 65 वर्ष अहर्ता होगी। आयोग के 14 सदस्यों में 8 सदस्य उच्च शिक्षा में साक्षात्कार लेने के लिए अर्ह होंगे, वहीं 6 सदस्य माध्यमिक शिक्षा में साक्षात्कार के लिए अर्ह होंगे। एक से आठ वर्ग तक के सदस्य माध्यमिक शिक्षा में साक्षात्कार के लिए अर्ह होंगे लेकिन 9 से 14 तक के सदस्य अपने ही वर्ग में रहेंगे। सदस्यों को वेतन, भत्ते, आवास आदि की सुविधाएं समान रूप में प्राप्त होंगी। आयोग में निर्णय सदस्यों के बहुमत के आधार पर किया जायेगा। बराबरी रहने पर अध्यक्ष को भी मताधिकार का अधिकार होगा। प्रत्येक सदस्य को आपत्ति की स्थिति में वीटो का अधिकार होगा, परन्तु बहुमत की स्थिति में निर्णय लिये जाने का अधिकार बना रहेगा। पूरे राज्य में आयोग की तरफ से शिक्षा संबंधी सेवाएं देने के चलते आयोग का सचिव आईएएस कटेगरी का होगा। कार्य के उचित संचालन के लिए उपसचिव एवं सहायक सचिव रखे जायेंगे, जिनकी संख्या अधिकतम पांच होगी। इनकी योग्यता का निर्धारण राज्य सरकार के पूर्णकालिक सेवा श्रेणी प्रथम के अधिकारियों के समतुल्य होंगी। इसके अतिरिक्त शिक्षा संवर्ग के प्रादेशिक अधिकारी, महाविद्यालयों के प्राचार्य व प्रोफेसर भी अर्ह माने जायेंगे। सचिव का कार्य आयोग की तरफ से लिये गये निर्णय के क्रियान्वयन में सरकार एवं आयोग के बीच के समन्वय और आयोग की जिम्मेदारी होगी।

परीक्षाओं के संचालन के लिए आयोग का अपना परीक्षा नियंत्रक होगा। परीक्षा पद पर तैनाती प्रथम श्रेणी के स्तर से नीचे नहीं होगी। परीक्षा नियंत्रक त्रिस्तरीय प्रान्तीय शिक्षा सेवाओं के लिए लिखित परीक्षाओं का आयोजन साल में एक बार अवश्य करेगा। परीक्षा के लिए क्वेश्चन बैंक से लेकर साक्षात्कारकर्ता परीक्षकों का पैनल परीक्षा नियंत्रक द्वारा तैयार किया जायेगा। आयोग महाविद्यालय के प्राचार्यों, सहायक प्राचार्यों एवं माध्यमिक के प्रधानाचार्य, प्रवक्ता, एलटी ग्रेड टीचर तथा प्राथमिक में सहायक अध्यापकों के नियुक्ति हेते अलग-अलग परीक्षाएं, साक्षात्कार कर सकेगा। आयोग को परीक्षा प्रणाली, परीक्षकों, साक्षात्कारकर्ताओं की नियुक्ति के पैनल का अधिकार होगा।

### परीक्षा के लिए अलग-अलग होगी योग्यता

**उच्च** शिक्षा में सहायक आचार्य के लिए सामान्य ज्ञान व संबंधित विषय में लिखित परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। यह वस्तुनिष्ठ आधार पर होगा। सामान्य ज्ञान 30 अंक, संबंधित विषय 70 अंक एवं साक्षात्कार हेतु 30 अंक होंगे। नियुक्ति में यूजीसी की तरफ से निर्धारित अर्हता मान्य होगी।

### माध्यमिक में नियुक्ति की योग्यता

**वहीं** माध्यमिक शिक्षा के तहत सामान्य ज्ञान की लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के लिए निर्धारित अंक के अनुसार मेरिट का निर्धारण होगा। अभ्यर्थी यदि प्रशिक्षित स्नातक अथवा राज्य सरकार द्वारा एलटी ग्रेड की योग्यता रखते हैं तो वह भी परीक्षा में शामिल होंगे। सामाजिक विज्ञान एवं विज्ञान के दो विषयों के अधार पर एलटी ग्रेड की अलग परीक्षाएं भी आयोजित की जा सकेंगी। मेरिट का निर्धारण लिखित और साक्षात्कार के अंकों के साथ होगा।

### प्राथमिक शिक्षा में नियुक्ति की योग्यता

**प्राथमिक** शिक्षा में सहायक प्राध्यापकों की भर्ती के लिए साक्षात्कार नहीं होगा। परीक्षा में अभ्यर्थी के भाषा ज्ञान, शिक्षक अभिरूचि, सामान्य अध्ययन पर आधारित लिखित परीक्षा एवं केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा निर्धारित टीईटी अथवा सीटीईटी के प्राप्त अंकों के चौथाई अंक तथा अभ्यर्थी के मेरिट का भी अंक निर्धारित कर चयन किया जायेगा।

# सभी सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चितः स्वतंत्र देव


कैंट विधान सभा से भाजपा प्रत्याशी सुरेश तिवारी के नामांकन जुलूस मे शामिल प्रदेश अध्यक्ष व अन्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** सभा के उप चुनाव में बीजेपी के सभी प्रत्याशियों ने विभिन्न जिलों में नामांकन किया। पार्टी प्रत्याशियों द्वारा निकाले गए जुलूस में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ समाज के विभिन्न वर्ग के लोग भी शामिल हुए। प्रत्याशियों द्वारा किए गए नामांकन के दौरान पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित प्रदेश सरकार के मंत्रीगण उपस्थित रहे।

लखनऊ में कैण्ट विधानसभा के प्रत्याशी सुरेश तिवारी के नामांकन से पूर्व निकाले गए जुलूस में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, आशुतोष टण्डन गोपाल, प्रदेश उपाध्यक्ष जेपीएस राठौर, प्रदेश महामंत्री पंकज सिंह, विद्यासागर सोनकर सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रदेश में हो रहे विधानसभा के उपचुनाव में सभी सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी सरकार की जनकेन्द्रित नीतियों और सुशासन से प्रदेश की जनता प्रसन्न है। हमीरपुर विधानसभा उप चुनाव के परिणाम से स्पष्ट हो गया है कि जातिवादी, परिवारवादी, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार के पोषकों को ठुकराने का क्रम जनता जनार्दन ने जारी रखा है। धारा 370 हटाए जाने, तीन तलाक खत्म कर करोड़ों महिलाओं को शोषण खत्म करने और देशहित में मोदी सरकार द्वारा लिये जा रहे ऐतिहासिक फैसलों ने जनता के विश्वास को और दृढ़ किया है। उन्होंने कहा कि हम अपने कार्यकर्ताओं के परिश्रम और मोदी-योगी सरकार द्वारा लोककल्याण के लिए किये गये कार्यों से मिल रहे जनता के समर्थन से प्रदेश में उपचुनावों में 10 भाजपा प्रत्याशियों और सहयोगी अपना दल के 1 प्रत्याशी सहित सभी 11 सीटों पर जनता फिर एनडीए का समर्थन कर जीत का आशीर्वाद देगी।

# अयोध्या में दीपोत्सव की नयी पटकथा लिखने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अयोध्या** में योगी सरकार दीपोत्यव की नयी पटकथा लिखने जा रही हैं। पांच लाख से ज्यादा दीपक की रोशनी से अयोध्या को जगमग सरकार पिछले साल का अपना ही रिकार्ड तोड़ेगी। पिछले साल अयोध्या में 3.35 लाख दीपक एक साथ बार राज्य सरकार ने गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज कराया था।

अयोध्या में दीपोत्सव का कार्यक्रम 24 और 26 अक्टूबर को मनाने की तैयारी चल रही है। कार्यक्रम की प्रस्तावित तैयारियों को अंतिम रूप देने का काम चल रहा है। अयोध्या के बारे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणाओं के अनुरूप निर्माण कार्यों को पूरा करने काम चल रहा है। दीपोत्सव में अयोध्या में राम की पैड़ी, सरयू घाट, रामकथा पार्क में मुख्य आयोजन किए जाते हैं। रामकथा पार्क में तीन स्टेज बन रहे हैं। जानकारों के मुताबिक देशी-विदेशी कलाकारों की मौजूदगी में राम कथा के मंचन और दीप जलाने के नया रिकार्ड बनाने के अलावा योगी सरकार अयोध्या को लेकर अन्य तमाम योजनाओं का भी ऐलान कर सकती है। फिलहाल अभी राज्य सरकार को दीपावली से पहले अयोध्या पर सुप्रीमकोर्ट से अहम फैसला आने की उम्मीद है। जानकारों का कहना है कि अगर हिन्दू जनभावनाओं के अनुकूल कोई फैसला आता है तो फिर अयोध्या में जश्न का और भी बड़ा रूप देखने को मिल सकता है। राम की पैड़ी पर इस बार पांच लाख से ज्यादा दीप जलाने पर विचार चल रहा है। पिछली बार लगातार पांच मिनट तक एक साथ कुल 3.35 लाख दीए जला कर गिनीज बुक ऑफवर्ल्ड रिकार्ड बनाया। रामकथा पार्क में 757.72 लाख रुपये की योजनाओं पर काम चल रहा है। यहां पर राम कथा गैलरी, क्वीन किम हो का पार्क, पार्किंग, ओपन एयर थिएटर आदि बनाया जाना है।

# केन्द्र सरकार वाराणसी में खोलेगी टेक्नालॉजी अपग्रेडेशन सेन्टर

## सिद्धार्थ नाथ सिंह ने नितिन गडकरी से की मुलाकात, राज्य सरकार देगी सेंटर के लिए 20 एकड़ भूमि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने नई दिल्ली में केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। उन्होंने प्रदेश में लघु उद्योगों के विकास के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी देते हुए केन्द्र सरकार से सहयोग का अनुरोध किया।

सिद्धार्थ नाथ सिंह ने यूपी में ओडीओपी कार्यक्रम को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक जिले में सामान्य सुविधा केन्द्र और टेक्नालॉजी सेंटर स्थापित करने का अनुरोध केन्द्रीय मंत्री से किया। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश में 20 उद्यमिता विकास केन्द्र खोलने का भी प्रस्ताव दिया। इसके अलावा उन्होंने खादी एवं ग्रामोद्योग के विकास को बढ़ावा देने के लिए संचालित स्फूर्ति योजना के लम्बित मामलों को जल्द निस्तारित करने का अनुरोध भी किया। गडकरी ने



सिद्धार्थ नाथ सिंह द्वारा रखे गए प्रस्तावों को गम्भीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश में लघु उद्योगों के विकास के लिए केन्द्र सरकार हर सम्भव सहयोग प्रदान करेगी। प्रदेश के हर जिले में सीएफसी और टेक्नालॉजी सेंटर बनाने में केन्द्र वित्तीय सहायता देगा। गडकरी ने उत्तर प्रदेश में 20 उद्यमिता विकास केन्द्रों को खोलने के प्रति सहमति देते हुए कहा कि इन केन्द्रों के खुल जाने से उद्यमीय संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और अधिक से अधिक बेरोजगारों को रोजगार हेतु दक्ष किया जा सकेगा। नितिन गडकरी ने कहा कि एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए वाराणसी में टेक्नालॉजी अपग्रेडेशन सेन्टर खोलने की योजना है। भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित होते ही सेंटर स्थापना का कार्य शुरू करा दिया जायेगा। सिंह ने केन्द्रीय मंत्री के इस प्रस्ताव का हार्दिक स्वागत किया और वाराणसी में हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग के पास उपलब्ध 20 एकड़ भूमि को टेक्नालॉजी अपग्रेडेशन सेन्टर के लिए देने की सहमति प्रदान की। इस अवसर पर प्रमुख सचिव सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम डा नवनीत सहगल भी मौजूद थे

### यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक के साथ साढ़े नौ हजार करोड़ के निवेश पर हुई बातचीत

**लखनऊ।** प्रदेश के निवेश, निर्यात तथा एनआरआई मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने नीति आयोग के वाइस चेयरमैन डॉ. राजीव कुमार और उनके अधिकारियों के साथ मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रदेश के नगरीय ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के संकल्प के तहत कानपुर आगरा मेट्रो रेल परियोजना के फंडिंग के लिए नीति आयोग से सहयोग का अनुरोध किया। मुलाकात के दौरान नीति आयोग के वाइस चेयरमैन ने सिद्धार्थ नाथ सिंह के अनुरोध को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि प्रस्ताव पर अतिशीघ्र विचार कर निर्णय लिया जाएगा। बैठक के दौरान यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक के साथ साढ़े नौ हजार करोड़ रुपये के निवेश पर भी बातचीत हुई।

# उप चुनावः विधान सभा की 11 सीटों पर 155 नामांकन

● भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन में मौजूद रहे कैबिनेट मंत्री

पायनियर समाचार सेवा, लखनऊ

विधान सभा की 11 रिक्त सीटों पर उप चुनाव में नामांकन के अंतिम दिन कुल 121 पर्चे दाखिल हुए जबकि अब तक कुल 155 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। इसमें सबसे अधिक अंबेडकर नगर और गोविंद नगर में 20-20 पर्चे दाखिल हुए हैं जबकि लखनऊ की कैंट सीट पर अब तक कुल 15 नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं। बीजेपी के सभी प्रत्याशियों ने नामांकन के अंतिम दिन पर्चे दाखिल किए। इसमें सहारनपुर की गंगोह से 15, रामपुर से 10, अलीगढ़ की इगलास से 10, लखनऊ कैंट से 15, गोविंद नगर से 20, चित्रकूट की मानिकपुर से 10, प्रतापगढ़ से 18, बाराबंकी की जैदपुर से 10, अंबेडकरनगर की जलालपुर से 20, बहराइच की बलहा से 12 और मऊ की घोसी से 15 नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं। नामांकन पत्रों की जांच मंगलवार को और नाम वापसी 3 अक्टूबर को होगी। मतदान 21 को और मतगणना 24 अक्टूबर को होगी।

वहीं भाजपा प्रत्याशियों द्वारा किए गए नामांकन के समय सहारनपुर की गंगोह विधानसभा में पार्टी प्रत्याशी कीरत सिंह के नामांकन में कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार अशोक कटारिया, रामपुर विधानसभा के उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी भारत भूषण गुप्ता के नामांकन में कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य, बलदेव सिंह औलख, इग्लास में राजकुमार सहयोगी के नामांकन में कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, सुरेश राणा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम खण्डेवाल, कानपुर की गोविन्दनगर में सुरेन्द्र मैथानी के नामांकन में कैबिनेट मंत्री सतीश महाना, रामनरेश अग्निहोत्री, नीलिमा कटियार एवं प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय, मानिकपुर में आनंद शुक्ला के नामांकन में कैबिनेट मंत्री डा महेन्द्र सिंह, कमला रानी वरूण, चन्द्रिका उपाध्याय, जैदपुर में अमरीश रावत के नामांकन में कैबिनेट मंत्री श्रीकान्त शर्मा एवं प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, जलालपुर में राजेश सिंह के नामांकन में केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, कैबिनेट मंत्री ब्रजेश पाठक, बलहा में सरोज सोनकर के नामांकन में कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, जय प्रताप सिंह, रमापति शास्त्री, उपेन्द्र तिवारी एवं प्रदेश मंत्री अनूप गुप्ता, प्रतापगढ़ में सहयोगी दल अपना दल के प्रत्याशी राजकुमार पाल के नामांकन में अपना दल के कार्यकारी अध्यक्ष आशीष पटेल, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्वाती सिंह, जय कुमार सिंह जैकी, घोसी में विजय राजभर के नामांकन में कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान, अनिल राजभर मौजूद रहे।

# संगठनात्मक चुनावः बीजेपी की बूथ अध्यक्षों की चयन प्रक्रिया पूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** ने संगठनात्मक चुनाव को लेकर बूथ अध्यक्षों के चुयन प्रक्रिया को पूरा कर लिया है। इसके बाद मंडल व जिलाध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बूथ अध्यक्षों के चुनाव के बाद पार्टी मुख्यालयों में सोमवार को विभिन्न जिलों से आए जिला चुनाव अधिकारियों व सहचुनाव अधिकारियों ने नव निर्वाचित बूथ अध्यक्षों व निर्वाचित बूथ समितियों की सूची प्रदेश संगठन चुनाव अधिकारी आशुतोष टण्डन गोपाल को सौंपी।

विभिन्न जिलों से आए चुनाव अधिकारियों से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने संगठनात्मक चुनावों को लेकर अब तक पूर्ण हुई प्रक्रिया के विषय में जानकारी ली। कैबिनेट मंत्री आशुतोष टण्डन गोपाल ने कहा कि प्रदेश में कुल 1 लाख 63 हजार 331 बूथों में से 1 लाख 49 हजार 841 बूथों पर पार्टी ने 31 हजार 655 सेक्टर, मण्डल व जिला चुनाव अधिकारी व सह चुनाव अधिकारियों के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया है और बूथ समितियों का निर्वाचन द्वारा गठन हो चुका है। प्रदेश में बूथ चुनाव की प्रक्रिया 18 से 24 सितम्बर तक सम्पन्न हुई। प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव के कारण शेष बूथों पर चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न नहीं करायी गई है। विधानसभा उपचुनाव के बाद पार्टी बचे हुए बूथों पर निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारम्भ करेगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है और इसके साथ ही भारत का एक मात्र ऐसा राजनैतिक दल है जिसमें आन्तरिक लोकतंत्र है। भाजपा में नियत समय पर सदस्यता व सक्रिय सदस्यता होती है तथा नियत समय पर संगठन के चुनाव होते हैं। टण्डन ने बताया कि पार्टी के राज्यमुख्यालय पर संगठन चुनाव के लिए वॉर रूम बनाया गया है जिसमें क्षेत्रवार मॉनीटरिंग की व्यवस्था, क्षेत्रवार एललीडी स्क्रीन लगाई गयी। जिनमें बूथ समितियों का चुनाव सम्पन्न होते ही ऑनलाइन चुनाव परिणाम अपडेट करने की व्यवस्था थी। प्रदेश के साथ ही क्षेत्र व जिले में भी बूथ चुनाव की मॉनीटरिंग की व्यवस्था की गई थी। आज जिला निर्वाचन अधिकारी व सह निर्वाचन अधिकारियों ने निर्वाचित बूथ समितियों की सूची प्रदेश मुख्यालय में सत्यापन के पश्चात जमा की। अक्टूबर में मण्डल अध्यक्षों के चुनाव सम्पन्न होंगे तथा नवम्बर में जिलों के जिलाध्यक्ष चुने जाएंगे।

# सदन के सुचारु संचालन के लिए समिति गठित

● यूपी के विधान सभा अध्यक्ष करेंगे अध्यक्षता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**संसदीय** सदनों में व्यवधान समाप्त करने व बहस की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एक समिति गठित की है। उप्र विधान सभा अध्यक्ष को इस समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। हृदय नारायण दीक्षित की अध्यक्षता में गठित पीठासीन अधिकारियों की समिति सदनों में व्यवधान को समाप्त करने, सदन के सुचारु रूप से संचालन व बहस की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए काम करेगी।

समिति में उप्र विधान सभा के साथ अन्य 6 विधान सभाओं के अध्यक्ष पी धनपाल अध्यक्ष विधान सभा तमिलनाडु, राणा कांवर पाल सिंह अध्यक्ष विधान सभा पंजाब,



राजेन्द्र सूर्य प्रसाद त्रिवेदी अध्यक्ष विधान सभा गुजरात, रेबती मोहन दास अध्यक्ष विधान सभा त्रिपुरा, डा चरन दास महंत, अध्यक्ष विधान सभा छतीसगढ़ एवं नर्मदा प्रसाद प्रजापति अध्यक्ष विधान सभा मध्य प्रदेश को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। उक्त समिति आपसी विचार-विमर्श कर सदन में व्यवधान रोकने व सदन को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने व बहस की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए अपने सुझाव देगी। हृदय नारायण दीक्षित ने कहा कि उनकी अपेक्षानुसार समिति के अध्यक्ष के नाते अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए यथाशीघ्र सदनों के गुणवत्तापूर्ण संचालन के लिए अपना सुझाव देंगे।

# भाजपा सरकार के खिलाफ सभी तहसील मुख्यालयों पर सपा का प्रदर्शन आज

● गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालयों पर पार्टी आयोजित करेगी कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर भाजपा सरकार के खिलाफ जनसमस्याओं से संबंधित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रत्येक जिले में पहली अक्टूबर को तहसील स्तर पर सपा द्वारा धरना दिया जाएगा। वहीं दो अक्टूबर को पूर्वान्ह जीपीओ पार्क, हजरतगंज में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास उनके प्रिय भजनों, राष्ट्रगान तथा देश प्रेम के अन्य गीतों के साथ गांधीजी के जीवनदर्शन पर चर्चा करते हुए उनकी कल्पना के भारत के निर्माण के लिए संकल्प लिया जाएगा। सभी जिला मुख्यालयों पर भी यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

पहली अक्टूबर को तहसील स्तर पर होने वाले प्रदर्शन के दौरान पार्टी के प्रमुख मुद्दे बढ़ती मंहगाई, भ्रष्टाचार, किसानों की बदहाली, नौजवानों की बेरोजगारी, ध्वस्त कानून व्यवस्था तथा पूर्व मंत्री व सांसद मोहम्मद आजम खां और उनके द्वारा स्थापित मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के विरुद्ध बदले की कार्रवाई का विरोध किया जाएगा। सपा प्रवक्ता ने बताया कि इस दिन तहसील स्तर पर आयोजित धरना कार्यक्रम में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में सरकारी तौरपर आर्थिक मदद न होने की स्थिति में इस मुद्दे को भी ज्ञापन में सम्मिलित किया जाएगा। धरना शांतिपूर्ण और बड़ी संख्या में जनभागीदारी के साथ होगा। इसमें भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का पर्दाफाश किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं वर्षगांठ पर समाजवादी पार्टी जीपीओ पार्क, हजरतगंज, लखनऊ में गांधीजी की प्रतिमा के समक्ष देशप्रेम के गीतों के अलावा राष्ट्रगान और बापू के प्रिय भजनों के गायन के साथ उनके आदर्शों पर चलकर नए भारत के निर्माण का भी संकल्प लेगी। इस कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उपस्थित रहेंगे। 2 अक्टूबर के अवसर पर समाजवादी पार्टी की ओर से सभी जिला मुख्यालयों पर गांधी जयंती का आयोजन होगा। जिसमें गांधीजी के सिद्धांतों पर चर्चा की जाएगी।

# न्याय यात्रा रोके जाने के विरोध में कांग्रेस का सभी जिलों में प्रदर्शन आज

## सत्ता के घमंड में चूर भाजपा सरकार लोकतंत्र की धज्जियां उड़ा रही: प्रियंका गांधी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शाहजहांपुर** के स्वामी चिन्मयानंद प्रकरण में जिला प्रशासन द्वारा कांग्रेस को न्याय यात्रा निकालने की अनुमति न दिए जाने और पार्टी के प्रमुख नेताओं को गिरफ्तार और नजरबंद किए जाने से नाराज कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने योगी सरकार के खिलाफ ट्वीटर पर जमकर हमला बोला। वहीं प्रदेश कांग्रेस ने विरोधस्वरूप पहली अक्टूबर को प्रदेश भर में जिला एवं शहर कांग्रेस इकाइयों द्वारा जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा है कि सत्ता के घंमड में चूर उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार लोकतंत्र की धज्जियां उड़ा रही है। एक बलात्कार आरोपी को बचाने और शाहजहांपुर की बेटी की आवाज दबाने के लिए वो किसी भी हद तक गिर सकती है। यूपी सरकार एक घबराई हुई सरकार है। उन्होंने ने कहा कि कांग्रेस की पदयात्रा रोकी गई और हमारे नेताओं को गिरफ्तार भी किया गया। सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जैसे पता चलता है कि उसके खिलाफ प्रदर्शन होने जा रहा है 144 लगा देते हैं। जनता की आवाज को दबाया नहीं जा सकता, अन्याय-अत्याचार को छिपाया नहीं जा सकता। जितनी कोशिश करेंगे उतनी ही न्याय की मांग बुलंद होती जाएगी। शाहजहांपुर की लड़की को न्याय दीजिए, अपने मंत्री को बचाना बंद कीजिए। प्रियंका ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराधियों को सरकार का संरक्षण है कि वो बलात्कार से पीड़ित लड़की को डरा-धमका सकें। पदयात्रा रोक दी गयी। हमारे नेताओं-कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर सरकार को डर किस बात का है? वहीं प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में राज्यसभा सदस्य व कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया, राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह और राष्ट्रीय सचिव एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश जुबेर खान ने संयुक्त प्रेसवार्ता में सरकार की इस कार्रवाई को निरंकुशता की पराकाष्ठा बताया। उन्होंने कहा कि न्याय यात्रा को रोके जाने के खिलाफ पार्टी कार्यकर्ताओं में व्यापक रोष है। इस 'न्याय यात्रा' में सम्मिलित होने के लिए एक तरफ जहां राष्ट्रीय नेताओं को शाहजहांपुर पहुंचने पर सरकार के इशारे पर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया, वहीं पूरे प्रदेश से इसमें शामिल होने के लिए पहुंचे लगभग पांच हजार नेताओं एवं कांग्रेसजनों को अलग-अलग लगभग 50 स्थानों पर अरेस्ट करके रखा गया है। प्रदेश की भाजपा सरकार जन आवाज को दबाकर ऐन-केन-प्रकारेण बलात्कार के आरोपी कृष्णपाल सिंह उर्फ चिन्मयानन्द को बचाने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी न्याय यात्रा रोके जाने एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ पहली अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन कर विरोध किया जायेगा।

### प्रदेश सरकार कांग्रेस के मजबूत इरादों को रोक नहीं सकतीः अजय कुमार लल्लू

**कांग्रेस** विधान मंडल दल के नेता अजय कुमार लल्लू ने कहा है कि प्रदेश की सरकार बलात्कार के आरोपी को बचाने का जिस तरह से प्रयास कर रही है और पीड़ित छात्रा को जेल में बन्द कर उत्पीड़न कर रही है इसके खिलाफ कांग्रेस पार्टी शाहजहांपुर की बेटी को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेगी। उत्तर प्रदेश की सरकार कांग्रेस पार्टी के मजबूत इरादों को नहीं रोक सकती। हम लड़े हैं और लड़ेंगे, शाहजहांपुर की बेटी को न्याय दिलाकर रहेंगे। परिणाम जो भी हो, जेल की दीवारें हमारे मजबूत इरादों को नहीं डिगा सकतीं। हम निश्चित शाहजहांपुर की बेटी को न्याय दिलाने के लिए कटिबद्ध हैं परिणाम जो भी हो। एक बार नहीं, एक हजार बार भी जेल जाना पड़े फिर भी परवाह नहीं होगा। हम अंतिम सांस तक शाहजहांपुर की बेटी को न्याय दिलाने के लिए हर वह कदम उठाने का काम करेंगे, जिससे उस बेटी को न्याय मिल सके।

# शिक्षा के आधुनिकीकरण में विश्व स्पर्धा के लिए तैयार रहें छात्रः आनन्दीबेन पटेल

● चौधरी चरण सिंह विवि के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने बांटीं उपाधियां

**संवाददाता।** मेरठ



**उत्तर प्रदेश** की राज्यपाल व कुलाधिपति आनन्दीबेन पटेल ने कहा है कि अगर हमें शिक्षा के आधुनिकीकरण में विश्व स्पर्धा के लिए अपने छात्रों को तैयार करना है तो उसके लिए शिक्षकों को नियमित कक्षाओं में जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का कक्षाओं से विमोह अच्छे संकेत नहीं हैं। भारत जैसे विकासशील देश के लिए यह और भी चुनौतीपूर्ण हैं।

राज्यपाल पटेल सोमवार को यहां चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के 31वें दीक्षान्त समारोह को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को कक्षाओं में नियमित तौर पर जाना होगा और छात्रों को आधुनिक शिक्षा से रू-ब-रू कराना होगा, तभी छात्र विश्व स्पर्धा के लायक बन पाएंगे। उन्होंने शिक्षकों के आन्दोलन के माध्यम से मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने की परम्परा को गलत ठहराया और कहा कि गुजरात में उन्होंने वर्ष 2001 में अपने शिक्षामंत्री रहते हुए आन्दोलनरत शिक्षकों का 18 दिन का वेतन काटा था जो आज तक देय नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की जायज मांगों के लिए हर सरकार तैयार रहती है मगर आन्दोलन कोई रास्ता नहीं हो सकता। श्रीमती पटेल ने कहा कि यदि शिक्षक छात्रों का ज्ञानार्जन नहीं करेंगे तो वह कैसे आगे बढ़ेंगे। उन्होंने देश में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि पूर्व में समाज में लड़कियों को लेकर दोहरी मानसिकता थी। गर्भ में ही बच्चियों को मार दिया जाता था जिससे लिंगानुपात में असमानता पैदा हुई। धीरे-धीरे यह कुरीति सरकारों के प्रयास से समाज से खत्म हुई और आज यह परिणाम है कि छात्राएं किसी भी क्षेत्र में छात्रों से पीछे नहीं हैं। दीक्षान्त समारोह में छात्रों से अधिक संख्या में छात्राओं के मेडल व उपाधि प्राप्त करने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया, साथ ही छात्रों को भी समान अनुपात में आगे आने के लिए प्रेरित किया। समारोह में उपाधि व मेडल प्राप्त छात्र-छात्राओं से उन्होंने आह्वान किया कि अपनी शिक्षा का सही सदुपयोग करें और सामाजिक परिवर्तन में देश के लिए सहयोगी साबित हों। सोचें कि देश की समस्याओं को दूर करने में वह क्या योगदान कर सकते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ में देश की स्वच्छता, शान्ति व स्वास्थ्य को लेकर दिये गये भाषण और संकल्प को दोहराया और कहा कि देश टीबी मुक्त हो, पॉलीथीन मुक्त हो ऐसे प्रयास किये जाने चाहिए।

उन्होंने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय से आह्वान किया कि इस क्षेत्र में आगे आएं और पांच गांवों को गोद लेकर उनके शिक्षा व स्वास्थ्य पर न सिर्फ ध्यान दें बल्कि परिणाम भी देखें। उन्होंने मेरठ प्रशासन द्वारा टीबी से ग्रस्त 345 बच्चों की पहचान करके उनके इलाज के लिए सहयोग करने पर सराहना की। चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय में तमाम क्षेत्रों में अच्छी उपलब्धियां प्राप्त करने के लिए उन्होंने कुलपति प्रो. एनके तनेजा, शिक्षक, छात्रों व अन्य अधिकारियों की सराहना की और साथ ही यह अपेक्षा की कि आगे भी यह विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करता रहेगा।



भोपाल में नवरात्रि पर आयोजित एक दुर्गा पूजा के पंडाल को मीनाक्षी मंदिर की प्रतिकृति के रूप में बनाया गया है




मुंबई में आरबीआई के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

## दूध, पनीर में मिलावट के खिलाफ अभियान चलाएगी पुलिस

**एजेंसी।** देहरादून

**दशहरा,** दीवाली आदि त्योहारों के मददेनजर दूध, मावा और पनीर जैसे खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध उत्तराखंड पुलिस मंगलवार से एक माह का विशेष अभियान चलाएगी। पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, अशोक कुमार ने इस संबंध में सभी जिलों के प्रभारियों को आदेश दिए हैं। यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, कुमार ने पुलिस अधिकारियों को अपनेअपने जिलों में उक्त विशेष अभियान हेतु टीम का गठन करने के निर्देश दिए हैं।

## 370 पर लोगों को गुमराह करने का नड्डा ने विपक्ष पर लगाया आरोप

**एजेंसी।** चंडीगढ़

**भाजपा के** कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को यहां आरोप लगाया कि अब्दुल्ला परिवार, दिवंगत पीडीपी नेता मुफ्ती मोहम्मद सईद तथा कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद ने जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे के बारे में लोगों को गुमराह किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 संविधान में अस्थाई प्रावधान था। नड्डा ने कहा, पहले शेख अब्दुल्ला, बाद में फारूक अब्दुल्ला, और मुफ्ती मोहम्मद सईद, फिर उमर अब्दुल्ला और गुलाम नबी आजाद कहा करते थे कि जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा प्राप्त है। उन्होंने दुनिया को गुमराह किया। यह कोई विशेष दर्जा नहीं है।

वह यहां भाजपा की चंडीगढ़ इकाई द्वारा आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जोर दिया कि जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा अस्थाई था। उन्होंने विशेष दर्जा समाप्त करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह की सराहना की। नड्डा ने कहा, मोदी की इच्छा शक्ति और अमित शाह की रणनीति के कारण अनुच्छेद 370 को हटाना संभव हो सका। उन्होंने कहा कि प्रावधान को हटाने के साथ जम्मू कश्मीर का पूरी तरह से भारत में एकीकरण हो गया और



अब सभी 104 भारतीय कानून नए केंद्रशासित प्रदेशों में लागू होंगे। उन्होंने आगे कहा कि श्रीनगर और जम्मू में दो अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) संस्थान स्थापित किए जाएंगे।

## शिवकुमार की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने धन शोधन के एक मामले में कर्नाटक कांग्रेस के नेता डी. के. शिवकुमार की जमानत याचिका पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। ईडी ने धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत एक मामले में शिवकुमार को गिरफ्तार किया था।

कांग्रेस नेता ने उन्हें जमानत देने से इनकार करने वाली निचली अदालत के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने ईडी को नोटिस जारी किया और उससे स्थिति रिपोर्ट दायर करने के लिए कहा। साथ ही, मामले की अगली सुनवाई 14 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध कर दी। शिवकुमार ने जमानत के लिए उच्च न्यायालय में स्वास्थ्य कारणों का जिक्र किया है। याचिका में कांग्रेस नेता ने कहा है कि वह सात बार विधायक चुने गए हैं और उनके देश छोड़ कर भागने की आशंका भी नहीं है।

## एडीएम से मुआवजा दिलाए जाने की उठाई मांग



एडीएम को पत्र सौंपकर मुआवजा की मांग रखते अधिवक्ता

**ललितपुर।** एडीएम अनिल कुमार मिश्र को ललितपुर जनपद में हो रही मूसलाधार बारिश के कारण नष्ट हुयी फसलों के बारे मे अवगत कराते हुए,जि़लि को दैवीय आपदाग्रस्त घोषित करा कर पच्चीस हजार रुपये प्रति एकड मुआवजा दिलाये जानें की मांग की। तथा ललितपुर जिले की बीमा कम्पनी के कर्मचारियों व अधिकारियों को निर्देशित करे कि अतिशीघ्र व्यक्ति गत क्षति का आंकलन कराकर किसानों के खातों में बीमा की राशि भेजी जायें। अतिवृष्टि के कारण पूरे ललितपुर जनपद की फसलें पूर्णतया नष्ट हो चुकी, जिसको लेकर ललितपुर जनपद के किसान हितैषी युवा वर्ग द्वारा तुवन मन्दिर पर किसानों को एकत्रित करके धरना प्रदर्शन कर एडीएम को ज्ञापन देकर समस्या से अवगत कराया था। जिस धरनें में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे,तथा माननीय एडीएम किसानो की समस्या को अतिशीघ्र समस्या का निराकरण करनें का आश्वासन दिया था जिसको लेकर एडीएम से मुलाकात करके पूरे प्रकरण के बारें में चर्चा की।

## चौकी नत्थीखेड़ा इंचार्ज व सिपाही की प्रताड़ना ने ली युवक की जान, दोनों निलंबित

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम नत्थीखेड़ा में विगत दिनों चौकी इंचार्ज व सिपाही द्वारा प्रताड़ित किये जाने के मामले में पीड़ित युवक द्वारा जहर खाकर लिया था। जहर खाये युवक को जिला अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया था, जहां से झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। लेकिन उपचार के दौरान युवक ने झांसी मेडीकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। युवक का शव जैसे ही उसके गांव पहुंचा तो ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर थाने का घेराव कर चौकी इंचार्ज व सिपाही के खिलाफ बर्खाश्तगी की कार्यवाही के साथ मुकदमा दर्ज किये जाने की मांग उठायी थी। इधर पुलिस अधीक्षक कैप्टन मिर्जा मंजर बेग ने चौकी इंचार्ज राजकुमार निगम व सिपाही दिलेंन्द्र तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया तो वहीं ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुये दोनों के खिलाफ धारा 306 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना क्षेत्राधिकारी को सौंपी गयी है।

गौरतलब है कि वर्दी की दबंगई और अवैध वसूली के मामलों को लेकर चर्चित रहे नत्थीखेडा चौकी इंचार्ज और वर्षों से जमे सिपाही दिलेन्द्र तिवारी व चौकी इंचार्ज राजकुमार निगम की प्रताड़ना से तंग युवक के आत्महत्या कर लेने के बाद जैसे ही शव घर आया। गांव में तनाव पसर गया। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मृतक के घर जमा हो गए और पुलिस के खिलाफ आरोप लगाते हुए प्रदर्शन करने लगे। स्थिति बिगड़ती देख सीओ सदर राजा सिंह, सीओ नाराहट केशवचन्द समेत आधा दर्जन इंस्पेक्टर और सैकड़ा भर पुलिस कर्मी नत्थीखेड़ा में तैनात कर दिये गये। तनावपूर्ण स्थिति के बाद हालात न बिगड़े इसके लिए पुलिस ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रही थी। मृतक के परिजनों का आरोप है कि टैक्सी चलाकर परिवार चला रहे उसके घर के चिराग को दरोगा व सिपाही ने आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिया। मारपीट का 60 हजार वसूल लिए थे। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा कि आरोपित दरोगा व सिपाही पर मामला दर्ज करने व मृतक परिवार को मुआवजा देने की मांग की।

### एसपी ने शांत कराया मामला

ग्रामीणों का आक्रोश की जानकारी मिलते ही पुलिस कप्तान कैप्टन मिर्जा मंजर बेग, सीओ सदर राजा सिंह समेत कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। ग्रामीणों को शांत कराने का प्रयास किया। देर शाम तक ग्रामीण आरोपी दरोगा व सिपाही के खिलाफ मामला दर्ज कराने को लेकर हंगामा करते रहे। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों को भरोसा दिया कि निष्पक्ष जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## कस्बा पाली व बिरधा में फर्जी पैथोलॉजियों की भरमार

**ललितपुर।** तहसील पाली में व बिरधा में नर्सिंग होम, हास्पीटल, क्लिनिक, पैथोलॉजी लैब को एक कानून के दायरे में लाने के लिए सरकार ने नर्सिंग होम एक्ट बनाया है लेकिन स्थिति यह है कि स्वास्थ्य विभाग, जिसके पास एक्ट का पालन करवाने का जिम्मा है, वहीं लापरवाही बरत रहा है। एक अनुमान के मुताबिक सिर्फ ललितपुर में ही 100 पैथोलॉजी लैब है। इसमें से मात्र 36को ही लाइसेंस जारी हो सका है। कई सालों से इनके लाइसेंस रिन्यू नही हुऐ।बाकी नर्सिंग होम एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन कराना मुनासिब नहीं समझ रहे है। सवाल यह भी है कि आखिर एक्ट का उल्लंघन होने पर भी पैथोलॉजी जांच केन्द्र पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा सकी है ? क्या अधिकारियों की मिलीभगत है या फिर दूसरे कारण ? यह स्थिति सिर्फ शहर ही नहीं पूरे जिले की है। जो बगैर रजिस्ट्रेशन कराए की धड़ल्ले से पैथोलॉजी जांच केन्द्र चला रहे है। क्योंकि किसी को कार्रवाई का भय नहीं है।

## आयुष्मान योजना में फर्जी नियुक्ति की जानकारी उजागर

**ललितपुर।** शासन के संज्ञान में आया है कि कतिपय वेबसाइट पर आयुष्मान योजना, आरोग्य मिशन के अंतर्गत डॉक्टर, ए.एन.एम., जी.एन.एम. नर्स, फार्मासिस्ट, लैव असिस्टैंट, वार्ड वाय, एकाउंटेंट, आयुष मित्र के पदों पर भर्ती किये जाने आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने का फर्जी विज्ञापन प्रकाशित किये जा रहे हैं, जबकि वस्तु स्थिति यह है कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत किसी भी पद पर भर्ती का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है और न ही ऐसे किसी विज्ञापन का प्रकाशन किया गया है। ऐसे विज्ञापन पूणतः फर्जी होते हैं। ऐसा ही विज्ञापन वेबसाइट द्वारा प्रकाशित किया जा रहा है, जिसमें आयुष्मान योजना, आरोग्य मिशन के अंतर्गत डॉक्टर, ए.एन.एम., जी.एन.एम. नर्स, फार्मासिस्ट, लैव असिस्टैंट, वार्ड वाय, एकाउंटेंट, आयुष मित्र के पदों पर भर्ती हेतु 2019 की परीक्षा का विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है। उक्त वेबसाइट पर प्रकाशित विज्ञापन में उल्लिखित पदों हेतु शैक्षिक योग्यता एवं आयु के संबंध में भी विवरण अंकित है। डॉक्टर के पदों के लिए आवेदन प्रेषित करने की अंतिम तिथि 15 सितम्बर 2019 एवं अन्य पदों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 19 अक्टूबर 2019 निर्धारित की गई है। विज्ञापित पदों हेतु परीक्षा 2019 की तिथि 15 दिसम्बर 2019 व 19 जनवरी 2020 निर्धारित किये जाने का तथ्य भी अंकित है। ऐसे विज्ञापित पदों की ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को 2019 की प्रेषित की जा रही है, जिसमें प्रेषक के रुप में 7668080533 अंकित है। अतः उपरोक्तानुसार वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए सभी को सूचित किया जाता है कि आयुष्मान योजना के तहत किसी भी पद पर कोई भर्ती नहीं की जा रही है, साथ ही ऐसी घटनाओं के संज्ञान में आने पर सम्बंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही जाएगी।

## बच्चों की निर्मम हत्या पर बाल्मीकि समाज में आक्रोश

● राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर की कार्रवाई की मांग



राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजने जाते सजातीय बंधु

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला शिवपुरी अंतर्गत थाना सिरसौद के ग्राम भावखेड़ी में खुले में शौच करने गये बाल्मीकि समाज के दो बच्चों की लाठी-डण्डों से मारपीट कर निर्मम हत्या कर दी गयी। इस मामले को लेकर सजातीय बंधुओं में भारी आक्रोष व्याप्त है। मामले की जांच करायी जाकर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग की जा रही है। इस सम्बन्ध में भारतीय बाल्मीकि कल्याण महासभा ने एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति को भेजा है। ग्राम भावखेड़ी निवासी बारह वर्षीय रौशनी पुत्री कल्ला बाल्मीकि एवं दस वर्षीय अविनाश पुत्र मनोज बाल्मीकि गांव के बाहर खुले में शौच करने गये हुये थे। जहां गांव के ही रामेश्वर व हाकिम पुत्र श्रीलाल यादव ने दोनों बच्चों की लाठी-डण्डों से पीट-पीट कर निर्मम हत्या कर दी। मामले को लेकर सजातीय बंधुओं में भारी आक्रोष व्याप्त है। अब महासभा ने महामहिम राष्ट्रपति से मामले की जांच कराते हुये दोनों हत्यारोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

## पेज एक का शेष

### चिदंबरम को...

कहा कि ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है कि चिदंबरम ने भारत से कभी भागने की कोशिश की, फिर उनके खिलाफ पहले ही लुकआउट सर्कुलर जारी किया जा चुका है। जांच एजेंसी की इस दलील पर कि चिदंबरम को अगर जमानत पर रिहा किया गया तो वह सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं, अदालत ने कहा कि इस पर कोई विवाद नहीं है। इस विषय में चिदंबरम के वकील से सहमति जताते हाई कोर्ट ने कहा कि मामले से जुड़े दस्तावेज पहले ही जांच एजेंसी के पास हैं। सिवाय सांसद होने के चिदंबरम के पास कोई शक्ति नहीं है इसलिए सबूत के साथ छेड़छाड़ की आशंका नहीं है। पूर्व वित्त मंत्री की जमानत याचिका का शुक्रवार को विरोध करती सीबीआई ने दलील दी थी कि उनके देश छोड़ने की आशंका है क्योंकि वह गंभीर अपराध के आरोपी हैं और यह जानते हैं कि उन्हें दोषी ठहराए जाने की संभावना है। जांच एजेंसी की ओर से पेश सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता और वरिष्ठ अधिवक्ता अमित महाजन ने दलील दी की कि चिदंबरम के पास इतने संसाधन हैं कि वह अनिश्चित काल तक दूसरे देश में रह सकते हैं। ऐसे में केस की सुनवाई पूरी होने तक उन्हें बेल पर रिहा नहीं किया जाना चाहिए। चिदंबरम ने वकील अर्शदीप सिंह के जरिए दाखिल अपनी याचिका में दावा किया कि बतौर वित्त मंत्री उनके पास सैकड़ो शिष्टमंडल आते थे। आईएनएक्स मीडिया के प्रतिनिधिमंडल के बारे में उन्हें कुछ याद नहीं है। 21 अगस्त को जोर बाग स्थित घर से गिरफ्तार किए गए चिदंबरम तभी से तिहाड़ में हैं। उन्होंने निचली अदालत न जाकर सीधे हाई कोर्ट में नियमित जमानत के लिए याचिका दायर की थी।

### नोएडा में...

जरिये चरखा तैयार किया है। इसमें प्लास्टिक के चम्मच, कोल्ड ड्रिंक पीने वाली स्ट्रा का प्रयोग किया गया है। सेक्टर-94 में यह चरखा रखा गया है, जो दूर से लकड़ी या पत्थर से तैयार किया हुआ प्रतीत हो रहा है। इसकी ऊंचाई 14 फीट, लंबाई 20 फीट, चौड़ाई 8 फीट है। इस जगह पर ट्रैफिक आइलैंड भी बनाया गया है।चरखे की खासियत यह है कि यह घूमता है तथा घुमाने पर सूत कातने तक की हर गतिविधि इसमें होती है।

### द्वारका-नजफगढ़...

हो जाएगी। इस खंड के खुलने के बाद, दिल्ली मेट्रो का नेटवर्क 377 किलोमीटर हो जाएगा, जिसमें 274 स्टेशन हैं। इस नेटवर्क में नोएडा-ग्रेटर नोएडा की एक्वा लाइन भी शामिल है। दयाल ने बताया कि ग्रे लाइन 4.295 किलोमीटर लंबी है। इसमें से 2.57 किलोमीटर का हिस्सा जमीन से ऊपर है जबकि 1.5 किलोमीटर लाइन जमीन से नीचे है। कुछ महीने पहले ही इस रूट पर ट्रायल शुरू किया गया था। ट्रायल के बाद 25 सितंबर को इसकी जांच की गई। जांच में सब कुछ दुरुस्त पाए जाने पर इस लाइन को परिचालन के लिए उपयुक्त करार दे दिया गया।

### नारद मामले...

से पहले ए टेप सामने आए थे, जिनमें तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं जैसे दिखने वाले कुछ लोग और मिर्जा एक फर्जी कंपनी को फायदा पहुंचाने के एवज में उसके प्रतिनिधियों से रिश्वत लेते देखे गए थे। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने एक जनहित याचिका पर नारद स्टिंग ऑपरेशन मामले की सीबीआई जांच का आदेश दिया था।

### दलबदल करने...

कर दिया और भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने उन्हें फिरोजपुर झिरका से प्रत्याशी घोषित किया है। इनेलो के खिलाफ बगावत करके मुख्यमंत्री मनोहर लाल की रैली का आयोजन करवाने वाले फरीदाबाद एनआईटी के पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना को इस बार भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाकर जनता की अदालत में उतारा है। लंबे समय तक इनेलो में रहते हुए पहले राज्यसभा सांसद और फिर विधायक बनने वाले रणबीर गंगवा को भी दलबदल का ईनाम मिला है। भाजपा ने उन्हें नलवा से प्रत्याशी बनाया है। भाजपा में शामिल होने वाले इनेलो के पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज पर भी भाजपा ने भरोसा जताया है। कंबोज को उनके पुराने हलके रानिया से उतारा गया है। विधानसभा के भीतर और बाहर भाजपा को घेरने वाले जुलाना के विधायक परमिंदर सिंह ढुल्ल दोबारा इसी हलके से चुनाव लड़ेंगे लेकिन इस बार वह मनोहर सरकार का गुणगान करते हुए वोट मांगते हुए नजर आएंगे। इनेलो के एकमात्र राज्यसभा सांसद रामकुमार कश्यप भी विधानसभा में जाने की इच्छा रखते हैं। भाजपा ने अपने कैबिनेट मंत्री कर्ण देव कंबोज का विधानसभा क्षेत्र बदलकर रामकुमार कश्यप को इंद्री से प्रत्याशी बनाया है। पहले इनेलो और बाद में जजपा में शामिल होकर भाजपा में आने वाले रोहतक जिला के पूर्व अध्यक्ष सतीश नांदल अब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गृहक्षेत्र गढ़ी-सांपला-किलोई से ताल ठोकते हुए नजर आएंगे। इनेलो सरकार में मंत्री रहे जगदीश नैय्यर ने इनेलो के दो फाड़ होने के बाद जजपा का दामन थामा और बाद में भाजपा में शामिल हो गए। होडल विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय तक इनेलो का झंडा उठाने और फिर जजपा का गुणगान करने वाले जगदीश नैय्यर को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है। अब वह भाजपा के नाम पर वोट मांगते हुए नजर आएंगे। हरियाणा में अकाली दल व भाजपा के बीच दरार सबसे बड़ा कारण बनने वाले कालांवाली से अकाली दल के निवर्तमान विधायक बलकौर सिंह को भाजपा ने उन्हीं के हलके से प्रत्याशी बना दिया है। कांग्रेस छोडऩे वाले पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य को सफीदों से तो पूर्व सीपीएस विनोद भयाना को हांसी विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित किया गया है।

### गुजरात दंगा...

में न्यायालय में यह आश्वासन दिया कि दो सप्ताह के भीतर पीड़ित को मुआवजे की राशि, नौकरी और आवास उपलब्ध करा दिया जाएगा। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि उसके अप्रैल के आदेश में बानो को 50 लाख रुपए का मुआवजा, नौकरी और रहने के लिए आवास उपलब्ध कराने का निर्देश सरकार को दिया गया था और पीठ ने किसी भी तरह की परेशानी की स्थिति में उसे न्यायालय आने की स्वतंत्रता प्रदान की थी। शीर्ष अदालत ने 23 अप्रैल को राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि दो सप्ताह के भीतर बिल्किस बानो को मुआवजे की राशि का भुगतान किया जाए। इससे पहले, बिल्किस बानो ने पांच लाख रुपए की पेशकश ठुकराते हुए शीर्ष अदालत में राज्य सरकार को ऐसी राशि का भुगतान करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था जो नजीर बने।

# अनुच्छेद 370 को निरस्त करना शहीद जवानों को पीएम की सच्ची श्रद्धांजलिः शाह

एजेंसी। अहमदाबाद

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाया जाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन करीब 35,000 जवानों को सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने राज्य में आतंकवाद से लड़ते हुए अपना जीवन गंवा दिया।

शाह ने त्वरित कार्य बल (आरएएफ) के 27वें स्थापना दिवस पर परेड का निरीक्षण करने के बाद यहां कहा कि सरकार द्वारा उठाए कदम जम्मू-कश्मीर में स्थाई शांति लेकर आएंगे और इसे विकास की ओर आगे बढ़ने में सक्षम बनाएंगे। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने (जम्मू-कश्मीर में) अनुच्छेद 370 और 35ए को निरस्त कर 35,000 शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। शाह ने कहा, स्थिति यह थी कि कई वर्षों से जम्मू-कश्मीर में हमारे जवान जान दे रहे थे। यह हालात 70 साल से थे, लेकिन इस स्थिति में सुधार करने का किसी के पास साहस नहीं था या किसी ने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया। उन्होंने अनुच्छेद 370 को हटाने के फैसले के लिए सीआरपीएस के मंच से मोदी को धन्यवाद दिया। सीआरपीएफ के जवान कश्मीर में तैनात हैं। शाह ने कहा, मैं कश्मीर और भारत के लोगों को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि जम्मू-कश्मीर विकास के मार्ग पर अग्रसर होगा। हमारे बल कश्मीर में शांति बाधित करने की कोशिश करने वालों पर नजर रखेंगे। यह कदम स्थाई शांति लेकर आएगा। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल इस वर्ष अपनी दंगा रोधी इकाई आरएएफ की 27वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस अवसर पर अहमदाबाद में आरएएफ की 100वीं बटालियन में वर्षगांठ परेड हुई, जिसमें शाह मुख्य अतिथि थे।

गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियानों और विभिन्न राज्यों में नक्सल विरोधी अभियानों में बहादुरी का परिचय देने वाले सीआरपीएफ जवानों को 20 वीरता पदक दिए। इनमें से कुछ जवानों को मरणोपरान्त पदक दिए गए। केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटाने का पांच अगस्त को फैसला किया था, जिसके बाद शाह पहली बार आरएएफ के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस फैसले के बाद से कश्मीर क्षेत्र में सीआरपीएफ मुख्य रूप से तैनात बल है और इस समय इसके करीब डेढ लाख जवान वहां आतंकवाद रोधी अभियान चला रहे हैं और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। आरएएफ का स्थापना दिवस सात अक्टूबर को है। इस दिन 1992 को इसका परिचालन आरंभ हुआ था, लेकिन केंद्रीय गृह मंत्री की कुछ प्रतिबद्धताओं के कारण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को करना पड़ा।


अहमदाबाद में आरएएफ के 27वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में परेड की सलामी लेते गृहमंत्री अमित शाह

### अनुच्छेद 370: न्यायालय ने याचिकाएं संविधान पीठ को भेजी, आज होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने जम्मू-कश्मीर में संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सोमवार को अपनी संविधान पीठ को भेज दिया और यह पीठ मंगलवार से मामले की सुनवाई करेगी। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अगुवाई वाली पीठ ने याचिकाओं को पांच न्यायाधीशों की पीठ के पास भेज दिया। इनमें कश्मीर में पत्रकारों के आवागमन पर लगाए गए कथित प्रतिबंधों का मामला उठाने वाली याचिकाएं और घाटी में नाबालिगों की कथित अवैध हिरासत शामिल है। न्यायमूर्ति एन वी रमण की अगुवाई वाली संविधान पीठ कश्मीर मामले से जुड़े मामलों की सुनवाई मंगलवार से करेगी।

## कश्मीर में लगातार 57वें दिन जनजीवन प्रभावित

एजेंसी। श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** में अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान निरस्त किए जाने के बाद आज सोमवार को लगातार 57वें दिन भी बाजार बंद रहने और सार्वजनिक वाहनों के सड़कों से नदारद रहने से घाटी में जनजीवन प्रभावित रहा। इस बीच अधिकारियों ने कहा कि भले ही सुरक्षा बल बड़ी संख्या में कश्मीर में तैनात हैं लेकिन मोबाइल सेवाओं के निलंबन के अलावा घाटी में कहीं भी कोई प्रतिबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि असामाजिक तत्वों के कई स्थानों पर कारों में तोड़-फोड़ करने और दुकानदारों को धमकाने के बाद बंद का असर अधिक दिखा।

उन्होंने बताया कि ऐसी घटनाओं का संज्ञान लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि घाटी में मुख्य बाजार और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे और सार्वजनिक वाहन भी सड़क से नदारद रहे। उन्होंने बताया कि शहर के कुछ इलाकों में कुछ निजी कारें और कुछ अंतर-जिला कैब और ऑटो रिक्शा नजर आएं। केन्द्र सरकार के पांच अगस्त को जम्मू-कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा वापस लेने के बाद से ही कश्मीर के स्कूलों में कक्षाएं प्रभावित हैं। अधिकारी ने बताया कि स्कूलों के सामान्य संचालन के राज्य सरकार के प्रयास अभी तक रंग नहीं लाए हैं क्योंकि माता-पिता अब भी सुरक्षा कारणों से बच्चों को घर से बाहर भेजने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर में हिंदवाड़ा और कुपवाड़ा इलाकों को छोड़ कर कश्मीर में मोबाइल सेवाएं हर जगह निलंबित हैं और लगातार 57वें दिन इंटरनेट सेवाएं हर मंच पर बंद रहीं। पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती समेत मुख्य धारा के कई नेता अब भी नजरबंद या हिरासत में हैं।

## युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हत्या के मामले में सीबीआई जांच का आदेश

**कोच्चि (एजेंसी)।** कासरगोड में इस साल की शुरुआत में युवक कांग्रेस के दो कार्यकर्ताओं की कथित रूप से माकपा कार्यकर्ताओं द्वारा हत्या के मामले में पुलिस जांच पर अप्रसन्नता जताते हुए केरल उच्च न्यायालय ने सोमवार को सीबीआई जांच का आदेश दिया। न्यायमूर्ति बी सुधींद्र कुमार ने मामले में अब तक जांच कर रही केरल पुलिस की अपराध शाखा द्वारा दायर आरोपपत्र को भी खारिज कर दिया।

अदालत ने युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के माता-पिता की याचिका पर आदेश दिया। उन्होंने सीबीआई जांच की मांग की थी। दोनों की 17 फरवरी को हत्या कर दी गई थी। अदालत ने कहा कि अपराध शाखा की जांच दोषपूर्ण थी। जांच से नाखुशी जताते हुए अदालत ने कहा कि फॉरेंसिक विशेषज्ञ से पूछताछ नहीं की गई और पुलिस ने पहले आरोपी के बयानों को पूर्ण सत्य मान लिया। अदालत ने कहा, यह राजनीतिक हत्या का मामला है। सभी आरोपी एक राजनीतिक दल के नेता हैं। दोहरी हत्या सुनियोजित साजिश का हिस्सा थी।

## मोदी ने दुनिया को अहसास कराया कि आतंकवाद इस्लाम के लिए भी चुनौती

एजेंसी। नई दिल्ली

**केंद्रीय** अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया को अहसास दिलाया कि आतंकवाद किसी एक देश के लिए नहीं, बल्कि पूरे विश्व, इंसानियत और इस्लाम के लिए चुनौती है। उन्होंने यहां पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के 114वें वार्षिक सम्मेलन में यह भी कहा कि 2014 से पहले यह प्रचारित किया जा रहा था कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने से इस्लामिक देशों के साथ भारत के रिश्ते खराब हो जाएंगे, लेकिन उनके सशक्त नेतृत्व का यह प्रमाण है कि सऊदी अरब, यूएई और बहरीन तथा कई अन्य इस्लामी देशों ने उन्हें अपना सर्वोच्च सम्मान दिया है। नकवी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का उल्लेख करते हुए कहा, यह पहला मौका है कि



किसी भी नेता ने दुनिया को यह अहसास दिलाया कि वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुने हुए नेता हैं। उन्होंने पूरी दुनिया को यह अहसास कराया कि भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र और एक जीवंत लोकतंत्र है। मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया को अहसास कराया कि आतंकवाद किसी एक देश के लिए समस्या या किसी एक देश के लिए चुनौती नहीं है, बल्कि आतंकवाद दुनिया के लिए चुनौती है, इंसानियत के लिए चुनौती और आतंकवाद इस्लाम के लिए भी चुनौती है।

## बिहार में बाढ़ पीड़ितों की मदद में तक्काल जुट जाएं कांग्रेस कार्यकर्ताः राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार में आई बाढ़ के कारण जान-माल के नुकसान पर दुख प्रकट करते हुए सोमवार को पार्टी कार्यकर्ताओं को आह्वान किया कि वे प्रभावित लोगों की मदद में तत्काल जुट जाएं। उन्होंने ट्वीट कर कहा, बिहार में बाढ़ से हालात बेकाबू हो गए हैं और कई लोगों की मौत के समाचार हैं। जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। गांधी ने ट्वीट किया, कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील करता हूं कि वे प्रभावित लोगों के राहत और बचाव कार्य में तत्काल जुट जाएं। गौरतलब है कि भारी बारिश के कारण पटना और राज्य के कई इलाकों में बाढ़ की गंभीर स्थिति पैदा हो गई है। राज्य में भारी बारिश के चलते हुई अलग अलग हादसों में बीते 24 घंटों के दौरान 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

# झारखंड की मानवीय प्रतिभा भी अप्रतिम है : कोविंद

एजेंसी। रांची

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने आज यहां कहा कि झारखंड देश के चालीस प्रतिशत खनिजों से भरापूरा तो है ही, बल्कि यहां की मानवीय प्रतिभा भी अप्रतिम है क्योंकि यहीं से परमवीर चक्र विजेता शहीद एल्बर्ट एक्का, क्रिकेट की दुनिया के अनमोल हीरे महेन्द्र सिंह धोनी, हॉकी टीम के कप्तान जयपाल सिंह मुंडा और तीरंदाज दीपिका कुमारी जैसी विश्व प्रतिभाओं ने भी जन्म लिया है।

रांची विश्वविद्यालय के 33वें दीक्षान्त समारोह में अपने दीक्षान्त भाषण में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने आज यह कहा।उन्होंने कहा, हमें बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेते हुए झारखंड के आदिवासी समाज से भी प्रकृति के साथ सामंजस्य का जीवन जीने के लिए बहुत कुछ सीखना होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासी समाज भलीभांति जानता है कि प्रकृति से मिलजुलकर कैसे अपना जीवन जीया जाता है। इससे न सिर्फ उसकी भलाई होती है बल्कि प्रकृति का भी संरक्षण और प्रवर्धन होता है। उन्होंने कहा कि आज के युवा वर्ग को रोजगार देने वाला बनने के साथ समाज के तमाम वर्गों एवं अन्य युवाओं को भी अपने साथ जोड़ने का काम करना चाहिए। उन्होंने राज्य की बेटियों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि बेटियों के प्रदर्शन में भारत का भविष्य झलकता है। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि आज रांची विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में कुल 56 स्वर्ण पदक विजेताओं में 47 बेटियां और सिर्फ नौ बेटे हैं। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आगामी 150वीं जयन्ती का उल्लेख करते हुए युवाओं का आह्वान किया, आप किसी भी प्रकार के व्यसन से दूर रहें और विशेषकर ई-सिगरेट का कतई इस्तेमाल न करें क्योंकि यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इसीलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन की अनुशंसा पर इस पर पूरे देश में पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। उन्होंने झारखंड को पिछले तीन वर्ष के भीतर 16 प्रतिशत खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) से आगे बढ़कर सौ प्रतिशत तक खुले में शौच से मुक्त बनाने के लिए राज्य सरकार की प्रशंसा की। राष्ट्रपति ने विश्वविद्यालयो एवं उसके छात्रों से अपने क्षेत्र में यूनिवर्सिटी सोशल रिस्पांसिबिलिटी (यूएसआर) का निर्वहन करने की अपील की और कहा कि वह अपने सामाजिक क्षेत्र में ग्रामीणों एवं आदिवासियों से नियमित मुलाकात करें और उन्हें देश और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं नए अवसरां के बारे में प्रशिक्षित करें। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 11 छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। कार्यक्रम में राज्यपाल और विश्वविद्यालय की कुलाधिपति द्रौपदी मुर्मू, मुख्यमंत्री रघुवर दास तथा कुलपति डा. रमेश पांडेय ने भी छात्रों को संबोधित किया।


रांची विश्वविद्यालय के 33वें दीक्षान्त समारोह में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने टॉपर छात्रों को प्रदान किए प्रमाणपत्र

## ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल के विशेष संस्करण का सफलतापूर्वक परीक्षण

**बालासोर।** भारत ने ओडिशा के बालासोर जिले के चांदीपुर स्थित एक ठिकाने से ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल के एक विशेष संस्करण का सफलतापूर्वक परीक्षण किया जिसकी प्रणोदन प्रणाली और एयरफ्रेम स्वदेशी निर्मित है। एक बयान में कहा गया कि 290 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली इस अत्याधुनिक मिसाइल को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा संयुक्त रूप से बालासोर के एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से छोड़ा गया। रक्षा बयान में कहा गया कि परीक्षण सुबह 10 बजकर 20 मिनट पर किया गया। इस परीक्षण में इसके सभी मापदंडों पूरे हुए। इसमें कहा गया, इस सफल परीक्षण के साथ ही इस दुर्जेय हथियार में स्वदेशी अंश उच्च स्तर पर पहुंच गया है। इससे भारत के रक्षा क्षेत्र के स्वदेशीकरण और मेक इन इंडिया कार्यक्रम को मजबूती मिलेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ और ब्रह्मोस एयरोस्पेस को अभियान की सफलता पर बधाई दी। मिसाइल के सफल परीक्षण के बाद डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. जी सतीश रेड्डी और मिसाइल एवं सामरिक प्रणाली के महानिदेशक एम एस आर प्रसाद ने भी बधाई दी। परीक्षण के दौरान मौजूद लोगों में महानिदेशक (ब्रह्मोस) डा सुधीर कुमार मिश्रा, रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला के निदेशक डा दशरथ राम और एकीकृत परीक्षण रेंज के निदेशक डॉ. बी के दास शामिल थे।

# झाबुआ उपचुनावः भाजपा के स्टार प्रचारकों में सांसद प्रज्ञा ठाकुर का नाम नहीं

एजेंसी। भोपाल

**भाजपा ने** झाबुआ विधानसभा उपचुनाव के लिए अपने स्टार प्रचारकों की 40 नामों की सूची जारी कर दी है, लेकिन इसमें भोपाल सीट की विवादास्पद सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर का नाम नहीं है।

मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी लोकेन्द्र पाराशर ने सोमवार को बताया कि रविवार को जारी इस सूची में स्टार प्रचारक के रूप में जिन 40 भाजपा नेताओं के नाम हैं, उनमें राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राकेश सिंह, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, थावरचंद गहलोत, प्रहलाद पटेल एवं मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी लोकेन्द्र पाराशर शामिल हैं। जब उनसे सवाल किया गया कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं पार्टी अध्यक्ष अमित शाह इस आदिवासी बहुल झाबुआ सीट पर प्रचार नहीं करेंगे, तो इस पर उन्होंने कहा कि यह अंतिम सूची है और वह दोनों इस उपचुनाव में प्रचार करने नहीं आएंगे। पाराशर ने कहा कि केवल प्रज्ञा ही नहीं बल्कि प्रदेश के कई अन्य सांसदों के नाम भी इसमें नहीं हैं। इसके अलावा, प्रज्ञा की तबियत भी ठीक नहीं है। मध्य प्रदेश की अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित झाबुआ विधानसभा सीट पर 21 अक्टूबर को होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया (68) के खिलाफ भाजपा ने अपने युवा नेता भानू भूरिया को पार्टी का उम्मीदवार बनाया है। दोनों के बीच इस सीट पर कड़ी टक्कर हो सकती है। भानू (36) पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं और वह वर्तमान में भारतीय जनता युवा मोर्चा के झाबुआ जिले के अध्यक्ष हैं। मध्य प्रदेश भाजपा प्रवक्ता रजनीश अग्रवाल ने बताया, झाबुआ सीट के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए हमने अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी है। इस सीट पर भानू भूरिया को भाजपा ने टिकट दिया है। भाजपा विधायक गुमान सिंह डामोर के त्यागपत्र देने से झाबुआ सीट वर्तमान में खाली है।

## प्रधानमंत्री के सरकारी आवास के बाहर प्रदर्शन करेंगे मध्य प्रदेश के कांग्रेसी

**भोपाल।** केन्द्र सरकार पर मध्य प्रदेश के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस के कार्यकर्ता भोपाल मध्य सीट के विधायक आरिफ मसूद के नेतृत्व में तीन अक्टूबर को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सरकारी आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन करेंगे। कांग्रेस विधायक मसूद की अगुवाई में यह धरना प्रदर्शन केन्द्र सरकार द्वारा कांग्रेस शासित मध्य प्रदेश के लिए 32,171 करोड रूपए की धन राशि जल्द से जल्द जारी करने की मांग को लेकर किया जाएगा। मसूद ने बताया, मध्य प्रदेश के लिए 32,171 करोड रूपए की धन राशि तुरंत जारी करने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता नई दिल्ली में प्रधानमंत्री के निवास के बाहर तीन अक्टूबर को दोपहर 12 बजे प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने मध्य प्रदेश को विभिन्न मदों में दी जाने वाली 32,171 करोड रूपए की राशि में जानबूझकर कटौती की है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार मध्य प्रदेश के साथ भेदभाव कर रही है। मसूद ने बताया कि इस मानसून में भारी बारिश के चलते आई बाढ़ से मध्य प्रदेश को भारी नुकसान पहुंचा है और इससे निपटने के लिए प्रदेश सरकार को धन की बहुत जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केन्द्र सरकार से बाढ़ पीड़ितों के लिए अतिरिक्त राशि की मांग पहले ही कर चुकी है, लेकिन अब तक केन्द्र से उनके लिए कोई राशि नहीं मिल पाई है। मसूद ने कहा कि धरने के दौरान कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी को एक ज्ञापन भी देगी।

## रैंकिंग सुधारने के लिए कार्य योजना बताए आईआईटीः एचआरडी मंत्रालय

एजेंसी। नई दिल्ली

**मानव संसाधन** विकास (एचआरडी) मंत्रालय ने प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) को अपनी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में सुधार के लिए कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया है। मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने हाल में आईआईटी परिषद की हालिया बैठक में रैंकिंग का मामला उठाया था।

एचआरडी मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, इस मामले पर परिषद की बैठक में चर्चा की गई। अनुसंधान की उत्कृष्टता पर काम करना महत्वपूर्ण है। आईआईटी संस्थानों से अपनी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग सुधारने की दिशा में काम करने को कहा गया है। इसके लिए, हर आईआईटी एक कार्य योजना लेकर आएगा। क्यूएस (क्वाकरेली साइमंड्स) और टाइम्स हायर एजुकेशन को शैक्षणिक संस्थानों की सर्वाधिक प्रतिष्ठित रैंकिंग प्रणालियों में शामिल किया जाता है। सर्वेक्षणों के अनुसार ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी और एमआईटी शीर्ष पदों पर काबिज हैं जबकि सबसे प्रतिष्ठित भारतीय संस्थान आईआईटी और भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) सूचियों में शीर्ष 100 में भी जगह नहीं बनाए पाए। एचआरडी मंत्रालय ने अधिकारियों के साथ भी समीक्षा बैठक की थी ताकि यह पता लगाया जा सके कि जेएनयू और हैदराबाद विश्वविद्यालय जैसे कई प्रतिष्ठित भारतीय विश्वविद्यालयों के क्यूएस की शीर्ष रैंकिंग पर नहीं होने के पीछे का क्या कारण है।



चेन्नई में महात्मा गांधी के 150वें जन्मदिन को लेकर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेतीं छात्राएं

# भाजपा से करीबी होने का लाभ तमांग को मिलाः कांग्रेस

### अयोग्यता की अवधि घटाने में हुआ कानून से खिलवाड़ः सिंघवी

एजेंसी। नई दिल्ली

**चुनाव आयोग** द्वारा सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग की अयोग्यता अवधि करीब पांच साल घटाने के बाद कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा से निकटता होने के कारण उन्हें यह फायदा पहुंचाया गया है। पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने यह दावा भी किया जो भी सत्तारूढ़ पार्टी से निकट संबंध रखेगा और तुस्सी ग्रेट हो का मंत्र दोहराएगा, उस पर कानून लागू नहीं होगा।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, कानून से खिलवाड़ किया जा रहा है। यह संदेश है कि इस देश में अगर आपके सत्तारुढ़ पार्टी से निकट संबंध हैं और रोजाना तुस्सी ग्रेट हो का मंत्र दोहराते हैं तो आप पर कानून लागू नहीं होगा। इस सरकार ने केंद्र और राज्यों के स्तर पर कानून की घोर गैरजिम्मेदारी दिखाई है। सिंघवी ने तमांग से जुड़े मामले का पूरा घटनाक्रम पेश करते हुए सवाल किया, क्या देश में एक भी उदाहरण है कि भ्रष्टाचार के मामले में दोषी साबित हुए किसी व्यक्ति के चुनावी प्रक्रिया से छह साल के निलंबन को घटाकर एक साल किया गया हो? उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री तमांग भाजपा के करीबी हैं जिस कारण उन्हें फायदा मिला है। सिंघवी ने तंज कसते हुए कहा, मैं लालू प्रसाद जी (चारा घोटाला में दोषी) को सलाह देता हूं कि वह तुस्सी ग्रेट हो का जाप शुरू कर दें तो सब आरोप हट जाएगा। इन लोगों के पास ऐसी जादू की छड़ी है। दरअसल, चुनाव आयोग ने निर्वाचन कानून के तहत तमांग की अयोग्यता अवधि रविवार को करीब पांच साल घटा दी जिससे उनका राज्य में होने वाले उपचुनाव में लड़ने का रास्ता साफ हो गया है। चुनाव आयोग ने तमांग को अयोग्य करार देते हुए छह साल तक चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी थी। यह रोक 10 अगस्त 2018 को जेल की सजा पूरी होने के साथ शुरू हुई थी और यह 10 अगस्त 2024 तक प्रभावी रहती लेकिन चुनाव आयोग ने रविवार को इसे घटा कर एक साल एक महीने कर दिया। इस फैसले के साथ ही 10 सितंबर को उनकी अयोग्यता अवधि समाप्त हो गई और अब वह चुनाव लड़ सकते हैं। तमांग की सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी ने अप्रैल में हुए विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी।

## उग्रवादियों का साथ, उग्रवादियों का विकास भाजपा सरकार का नया नाराः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के मामले में दोषी बलवंत सिंह राजोआना की मौत की सजा उम्रकैद में बदलने के फैसले को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि उग्रवादियों का साथ, उग्रवादियों का विकास इस सरकार का नया नारा है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट कर कहा, दर्दनाक व शर्मनाकउ उग्रवाद से लड़ाई में देश के लिए सबसे दुखद दिन। भाजपा की झूठी देशभक्ति का पर्दाफ़ाशउ अब है सरदार बेअंत सिंह के क़ातिलों के साथ। उन्होंने आरोप लगाया, नया नारा है- उग्रवादियों का साथ, उग्रवादियों का विकास। गौरतलब है कि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या मामले के दोषी बलवंत सिंह राजोआना की मौत की सजा को उम्रकैद में बदलने का फैसला किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। बेअंत सिंह की 31 अगस्त, 1995 को हत्या कर दी गई थी। उन्हें पंजाब में आतंकवाद को खत्म करने का श्रेय दिया जाता है।

## तृणमूल कांग्रेस के नेता सव्यसाची दत्ता भाजपा में शामिल होंगे

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सव्यसाची दत्ता ने कहा है कि वह भाजपा अध्यक्ष अमित शाह की मौजूदगी में मंगलवार को भगवा पार्टी में शामिल होंगे। तृणमूल कांग्रेस ने कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते विधाननगर महापौर के रूप में निर्णय लेने संबंधी उनके अधिकार वापस ले लिए थे। शाह को यहां नेताजी इंडोर स्टेडियम में राष्ट्रीय नागरिक पंजी और नागरिकता (संशोधन) विधेयक पर एक संगोष्ठी को संबोधित करना है। दत्ता ने सोमवार को कहा, मैं कल नेताजी इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाले अमित शाह जी के कार्यक्रम में भाजपा में शामिल हो जाऊंगा। तृणमूल कांग्रेस अब जनता की पार्टी नहीं है, बल्कि यह एक पारिवारिक उद्यम बन गया है। राजारहाट-न्यूटाउन से विधायक दत्ता ने इस वर्ष जुलाई में विधाननगर नगर निगम के महापौर पद से इस्तीफा दे दिया था।

## क्विक न्यूज

### व्यापार वार्ता के लिए अमेरिका जाएंगे चीन के उप-प्रधानमंत्री

**बीजिंग।** चीन के उप - प्रधानमंत्री और शीर्ष व्यापार वार्ताकार लियू ही 13 वें दौर की व्यापार वार्ता के लिए अमेरिका जा रहे प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करेंगे। चीन के वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। व्यापार वार्ता का उद्देश्य अमेरिका के साथ लंबे समय से चले आ रहे व्यापार युद्ध को सुलझाना है , जो कि वैश्विक आर्थिक वृद्धि के लिए खतरा है।चीन के उप वाणिज्य मंत्री वांग शाउवेन ने कहा कि उप - प्रधानमंत्री व्यापार मोर्चे पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए वॉशिंगटन जाएंगे। हालांकि , उन्होंने व्यापार वार्ता की तारीख की जानकारी नही दी है लेकिन यह कहा है कि बातचीत चीन के राष्ट्रीय दिवस अवकाश के बाद होगी। वांग ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा दोनों पक्षों को आपसी सम्मान , बराबरी तथा द्विपक्षीय लाभ के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए समाधान निकालना चाहिए। अमेरिका के चीन से आयातित उत्पादों पर शुल्क लगाने के बाद से दोनों देश पिछले साल से व्यापार युद्ध से जूझ रहे है।

### एसबीआई आस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रांत में कार्यालय खोलने वाला पहला भारतीय बैंक

**मेलबर्न।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मेलबर्न कार्यालय सोमवार को शुरू हो गया। इस तरह एसबीआई पहला भारतीय बैंक हो गया है जिसकी आस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य में शाखा है। एक बयान में बैंक ने कहा कि उसका मेलबर्न कार्यालय विक्टोरिया और भारत के बीच बढ़ते व्यापारिक और निवेश संबंधों को मजबूत करने में मदद करेगा। एसबीआई ने कहा कि यह कार्यालय राज्य की भारत को लेकर दस साल की रणनीति तथा हमारे साझा भविष्य का नतीजा है। एसबीआई के प्रबंध निदेशक दिनेश कुमार खारा ने कहा कि मेलबर्न के गतिशील और कारोबार अनुकूल राज्य में उपस्थिति दर्ज कर हम काफी गौरान्वित महसूस कर रहे हैं। मुझे भरोसा है कि मेलबर्न में अपनी उपस्थिति के जरिए हम दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करने में योगदान दे सकेंगे।

### व्यापार युद्ध के बीच चीन के कारखाना क्षेत्र की गतिविधियों में सुधार

**बीजिंग।** व्यापार युद्ध को सुलझाने की कोशिशों के बीच चीन के कारखाना क्षेत्र की गतिविधियों में सितंबर महीने में सुधार देखा गया है। एक उद्योग समूह और एक बिजनेस पत्रिका की ओर से जारी अलग - अलग सर्वेक्षणों में गतिविधियों में सुधार दर्शाया गया है। चाइना फेडरेशन ऑफ लॉजिस्टिक्स एंड पर्चेजिंग ने कहा कि पर्चेजिंग मैनेजर्स सूचकांक (पीएमआई) अगस्त में 49.5 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर में 49.8 प्रतिशत हो गया। सूचकांक का 50 से कम होना क्षेत्र में संकुचन का संकेत देता है। बिजनेस पत्रिका काइशीन की ओर से जारी मासिक पर्चेजिंग मैनेजरर्स सूचकांक 50.4 से बढ़कर 51.4 हो गया। व्यापार और प्रौद्योगिकी को लेकर अमेरिका के शुल्क बढ़ाने , घरेलू एवं वैश्विक आर्थिक गतिविधियों में कमजोरी से चीनी उत्पादों की मांग पर असर पड़ा है। फेडरेशन ने कहा कि सितंबर महीने के पीएमआई आंकड़े विनिर्माण गतिविधियों में सुधार दिखाते है और यह स्थिरता का संकेत देते है।

### आईआरसीटीसी के आईपीओ को मिला 33 प्रतिशत अभिदान

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को खुलने के पहले दिन सोमवार को शुरुआती कारोबारी घंटो मे ही 33 प्रतिशत अभिदान मिला है। शेयर बाजारों के आंकड़ों के अनुसार दोपहर एक बजे तक 67 लाख से अधिक शेयर के लिए बोलियां मिली है। कंपनी ने 645 करोड़ रुपए जुटाने के लिए आईपीओ के तहत दो करोड़ से अधिक शेयर जारी किए है।आईपीओ के लिए कंपनी ने मूल्य दायरा प्रति शेयर 315 से 320 रुपए रखा है।

### ई-सिगरेट के निर्यात पर रोक, तीन वर्ष तक के कारावास का प्रावधान

**नई दिल्ली ।** वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि उसने ई-सिगरेट, ई-हुक्का और इस तरह के अन्य उपकरणों के निर्यात पर रोक लगा दी है। इसके उल्लंघन पर तीन वर्ष तक की कैद की सजा हो सकती है। यह अधिसूचना सरकार के इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट (उत्पादन , विनिर्माण , आयात , निर्यात , परिवहन , बिक्री, वितरण , भंडारण और विज्ञापन) निषेध अध्यादेश 2019 के अनुपालन के तहत जारी की गई है। वाणिज्य मंत्रालय के तहत आने वाले विदेश व्यापार महानिदेशालय ने अधिसूचना मे कहा इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट या उसके किसी भी हिस्से या घटक समेत निकोटिन सेवान की सभी इलेक्ट्रानिक प्रणालियों , (धूम्रपान के) दहन की जगह आंच से प्रेरित उत्पादों , ई - हुक्का और इसी तरह के अन्य उपकरणों के निर्यात पर रोक लगाई जाती है।

# बैंक शेयरों में भारी गिरावट से सेंसेक्स 155 अंक टूटा, निफ्टी 11,500 अंक से नीचे आया

**एजेंसी। मुंबई**

**वित्तीय क्षेत्र** से नकारात्मक खबरों के बीच सोमवार को बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स 155 अंक टूटकर 38,667.33 अंक पर आ गया। निवेशकों द्वारा बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया है। निफ्टी भी 38 अंक टूटकर 11,500 अंक के स्तर से नीचे बंद हुआ।


बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में मामूली बढ़त के साथ खुला। लेकिन जल्द यह बिकवाली दबाव में आ गया। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 472 अंक तक नीचे आया। अंत में यह 155.24 अंक या 0.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 38,667.33 अंक पर बंद हुआ। दिन में इसमें 38,873.12 से 38,401.09 अंक के बीच उतार चढ़ाव रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 37.95 अंक या 0.33 प्रतिशत के नुकसान से 11,474.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबारियों ने कहा कि वित्तीय सेवा क्षेत्र में कामकाज के संचालन और संरचनात्मक मुद्दों की वजह से बाजार की धारणा बुरी तरह प्रभावित हुई। लक्ष्मी विलास बैंक का शेयर करीब पांच प्रतिशत टूटकर अपनी निचली सर्किट सीमा को छू गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक के खिलाफ त्वरित सुधारात्मक कार्वाई (पीसीए) शुरू की है। बैंक के कुछ निदेशकों द्वारा कथित रूप से गड़बड़ी करने के आरोप के बीच उसका डूबा कर्ज उच्चस्तर पर पहुंच गया है।







इस नियामकीय कार्वाई के बाद लक्ष्मी विलास बैंक के इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस में विलय के प्रस्ताव पर संदेह के बादल घिर गए हैं। इंडिया बुल्स हाउसिंग फाइनेंस का शेयर भी 30 प्रतिशत से अधिक टूट गया। रिलायंस कैपिटल ने ऋण देने के कारोबार से बाहर निकलने का फैसला किया है। इससे कंपनी का शेयर 14 प्रतिशत से अधिक नीचे आ गया। पंजाब एंड महाराष्ट्र कोआपरेटिव (पीएमसी) बैंक पहले ही नियामकीय घेरे में आ चुका है। सेंसेक्स की कंपनियों में एस बैंक में सबसे अधिक 15 प्रतिशत की गिरावट आई। इंडसइंड बैंक, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, सनफार्मा, एचडीएफसी और एक्सिस बैंक के शेयर 6.84 प्रतिशत तक नुकसान में रहे। इसके विपरीत भारती एयरटेल का शेयर 5.29 प्रतिशत चढ़ गया। आईटी कंपनियों....एचसीएल टेक, टीसीएस और इन्फोसिस के शेयर भी लाभ में रहे। मासिक आधार पर सितंबर में सेंसेक्स ।,334 अंक या 3.57 प्रतिशत चढ़ा है। वहीं निफ्टी मासिक आधार पर 4.16 प्रतिशत या 459.65 अंक लाभ में रहा है। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रोहित सिंगरे ने कहा, बैंक, एनबीएफसी और धातु कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली से सोमवार को बाजार नीचे आ गए। इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस में बिकवाली से भी बाजार की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई स्मॉलकैप में 1.17 प्रतिशत की गिरावट आई। मिडकैप 1.12 प्रतिशत और लार्जकैप 0.42 प्रतिशत नीचे आया। विश्लेषकों ने कहा कि सरकार ने हाल में सुस्त पड़ती अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए कुछ कदम उठाए हैं लेकिन बाजार में इसके बाद भी उत्साह नहीं है। निवेशकों की रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा पर है। वैश्विक स्तर पर निवेशकों की निगाह अमेरिका-चीन व्यापार विवाद पर है। इसके चलते एशियाई बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। अंतर बैंक विदेशी विनिमय बाजार में कारोबार के दौरान रुपए 17 पैसे के नुकसान से 70.75 प्रति डॉलर पर चल रहा था।




## सेबी ने नियमों में ढील दी, म्यूनि बांड के जरिए धन जुटा सकेंगी स्मार्ट सिटीज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**स्मार्ट सिटीज** को मदद के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने म्यूनि बांड जारी करने के नियमों को उदार किया है।

इससे स्मार्ट सिटीज के अलावा शहर योजना एवं आवास विकास कार्य से जुड़ी इकाइयां तथा नगर निगम भी ऋण प्रतिभूतियों के जरिए धन जुटा सकेंगे। सेबी के निदेशक मंडल ने अगस्त मे इस बारे में नियमों को मंजूरी दी थी।



करीब पांच साल पहले नियामक ने नगर निकायों द्वारा ऋण प्रतिभूतियों के निर्गम और सूचीबद्धता (आईएलडीएम) नियमन जारी किए थे। उसके बाद से सात नगर निगम अपनी ऋण प्रतिभूतियां जारी कर करीब ।,400 करोड़ रुपए जुटा चुके हैं। इन्हें म्यूनि बांड कहा जाता है।

सेबी ने 27 सितंबर को अधिसूचना जारी कर कहा है कि उसने यह मार्ग अब बड़ी संख्या में इकाइयों के लिए खोल दिया है। इनमें सरकार के महत्वाकांक्षी स्मार्ट शहर मिशन के तहत स्थापित विशेष इकाइयां (एसपीवी) शामिल हैं।

नए नियमों के तहत नियामक ने कई अनिवार्यताओं को समाप्त किया है। मसलन निगरानी एजेंसी की नियुक्ति, विस्तृत परियोजना आकलन रिपोर्ट जमा कराना, अलग से परियोज[8360]ना क्रियान्वयन प्रकोष्ठ स्थापित करना, 100 प्रतिशत एसेट कवर रखना और संसाधनों का ब्योरा देना। अनिवार्य रूप से राज्य या केंद्र सरकार समर्थन होना शामिल है।

नए नियमों के तहत अन्य इकाइयां मसलन शहरी विकास प्राधिकरण और शहर योजना एजेंसियां भी म्यूनि बांड जारी कर सकेंगी। ए एजेंसियां स्थानीय निकायों की तरह का कामकाज करने वाली होनी चाहिए।

## पीएमसी बैंक का संकट, आंख खोलने वाला रिजर्व बैंक खामियों की कर रहा जांच: ठाकुर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**पंजाब एंड** महाराष्ट्र कोआपरेटिव बैंक (पीएमसी) बैंक के संकट को आंख खोलने वाला करार देते हुए वित्त राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि रिजर्व बैंक इसके विभिन्न पहलुओं की जांच कर रहा है।



पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) द्वारा सोमवार को यहां आयोजित कार्यक्रम के इतर ठाकुर ने कहा कि केंद्रीय बैंक इस मामले में आडिटरों की ओर से रही खामियों का भी पता लगाएगा। कथित वित्तीय अनियमितताओं की वजह से पीएमसी बैंक संकट में आ गया है। रिजर्व बैंक ने भी पीएमसी बैंक पर कई पाबंदियां लगाई है। ठाकुर ने कहा, नियामक की भूमिका महत्वपूर्ण है। लेकिन इसके साथ ही आडिटरों, बैंक के निदेशकों और अधिकारियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। वित्त राज्यमंत्री ने कहा कि रिजर्व बैंक यह पता लगा रहा है कि इतने वर्षों से ए लोग क्या कर रहे थे। कौन लोग इसके लिए जिम्मेदार हैं। अभी मैं इस पर इससे अधिक कुछ नहीं कह सकता। उन्होंने कहा, मीडिया में जिस तरह की खबरें आई हैं, लेख आ रहे हैं वे झटका देने वाले हैं। मुझे लगता है कि यह काफी ज्यादा महत्वपूर्ण है। बैंक क्षेत्र के लिए आंख खोलने वाला है। ऐसे मामले पहले तो होने ही नहीं चाहिए। इससे कई लोगों मसलन नियामक, आडिटर, निदेशक और अन्य अधिकारियों की भूमिका पर सवालिया निशान खड़ा होता है।

यह पूछे जाने पर कि क्या कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय भी इस मामले को देख रहा है, ठाकुर ने कहा कि सरकार जहां भी जरूरत होगी, उन क्षेत्रों को देखेगी। अंततः इस तरह की घटनाओं का असर आम आदमी पर ही पड़ता है।

## स्पाइस जेट के दो पायलटों का उड़ान लाइसेंस चार माह के लिए निलंबित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**विमानन** क्षेत्र नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने स्पाइस जेट के दो पायलटों के उड़ान भरने पर चार महीने की रोक लगा दी है। जून में हैदराबाद-जयपुर के लिए उड़ान भरते (टेक ऑफ) समय पायलट और चालक दल की कोताही से विमान के भीतर हवा का दबाव सही नहीं रह सका, इसलिए उन पर यह रोक लगाई गई है।




नियामक के अनुसार चालक दल (क्रू) की लापरवाही से विमान और यात्रियों की सुरक्षा को खतरे में डाला गया। इस लापरवाही से 14 जून 2019 को स्पाइस जेट के बोइंग-737 800 विमान में हवा का दबाव कम हो गया।

वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार जांच में पाया गया कि विमान को उड़ान भरने से पहले विमान को तैयार करते वक्त चालक दल ब्लीड स्विच को चालू करना भूल गया। इसके चलते टेक ऑफ के समय विमान के भीतर दबाव कम हो गया।

आमतौर पर ब्लीड स्विच का इस्तेमाल विमान के भीतर हवा का दबाव सही बनाए रखने के लिए किया जाता है। विमान के मुख्य पायलट कैप्टन सुनील मेहता और उनके सह-पायलट कैप्टन विक्रम सिंह पर घटना की तिथि से चार महीने के लिए उड़ान भरने पर रोक लगाई गई है।

नियामक के 27 सितंबर के आदेश के अनुसार जांच में पाया गया कि उड़ान भरने से पहले की आखिरी जांच के बाद सिंह ने कहा कि ब्लीड स्विच चालू है लेकिन वह बंद ही रहा। इस पर स्पाइस जेट से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।




## देश के सात प्रमुख शहरों में जुलाई-सितंबर में मकानों की बिक्री घटी: एनारॉक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

● पुरी ने कहा कि हाल में की गई कॉरपोरेट कर में कटौती से घरेलू एवं विदेशी निवेशकों दोनों से निवेश आएगा

**देश के** सात प्रमुख शहरों में जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान मकानों की बिक्री 18 प्रतिशत गिरकर 55,080 इकाई रही।रीयल एस्टेट से जुड़ी सेवाएं देने वाली फर्म एनारॉक ने एक रपट में कहा है कि खरीदार मकान में निवेश करने को लेकर सतर्कता बरत रहे हैं।

दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलूरू, पुणे और हैदराबाद- इन प्रमुख शहरों में पिछले साल इसी अवधि में 67,140 मकान बिके थे। बेंगलूरू में गिरावट 35 प्रतिशत तक रही।एनारॉक ने अपनी रपट में कहा, "2019 की तीसरी तिमाही में करीब 55,080 इकाइयों की बिक्री हुई। यह 2019 की दुसरी तिमाही से 20 प्रतिशत और एक साल पहले की तीसरी तिमाही से 18 प्रतिशत कम है"फर्म ने कमजोर रुख के अलावा, ब्याज सहायता योजना पर प्रतिबंध और श्राद्ध पक्ष को भी आवास बिक्री में गिरावट के लिए जिम्मेदार ठहराया। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, "इस तिमाही में नए मकानों की आपूर्ति और मकानों की बिक्री में गिरावट की उम्मीद थी क्योंकि घरखरीदार और डेवलपर दोनों सतर्क हैं और जोखिम से बच रहे हैं।हालांकि, उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से किए गए उपायों से त्योहारी सीजन और उसके आगे आने वाली तिमाहियों में मकानों की मांग बढ़ेगी। पुरी ने कहा कि हाल में की गई कॉरपोरेट कर में कटौती से घरेलू एवं विदेशी निवेशकों दोनों से निवेश आएगा।बेंगलूरू में, मकान बिक्री में सबसे ज्यादा गिरावट देखी गई। यहां आवास बिक्री 35 प्रतिशत गिरकर 10,500 इकाइयों पर रही। इसके बाद हैदराबाद में बिक्री 32 प्रतिशत घटकर 3,280 इकाई रही। कोलकाता में मकानों की बिक्री 27 प्रतिशत कम होकर 3,120 इकाइयों जबकि दिल्ली-एनसीआर में मांग 13 प्रतिशत घटकर 9,830 इकाइयों पर रह गई।

इस साल जुलाई-सितंबर अवधि में चेन्नई में बिक्री 11 प्रतिशत गिरकर 2,620 इकाइयों, पुणे में 8 प्रतिशत गिरकर 8,550 इकाइयों और मुंबई महानगर क्षेत्र में मकान बिक्री 6 प्रतिशत गिरकर 17,180 इकाइयों पर रही। शीर्ष सात शहरों में नहीं बिके मकानों की संख्या 6.56 लाख इकाइयों पर रही। यह जून तिमाही के अंत में 6.66 लाख इकाइयों से थोड़ा कम है।

## मारुति की मिनी एसयूवी एस-प्रेसो पेश, कीमत 3.69 लाख से शुरू

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**देश की** सबसे बड़ी कार वि निर्माता मारुति सुजूकी इंडिया ने सोमवार को बाजार में छोटी एसयूवी एस - प्रेसो पेश की। इसकी शोरूम पर कीमत 3.69 लाख से 4.91 लाख रुपए के बीच है।



यह कार कंपनी के पांचवें पीढ़ी के हार्टेक्ट प्लेटफॉर्म पर तैयार की गई है। इसमें एक लीटर बीएस -6 पेट्रोल इंजन दिया गया है। कंपनी का दावा है कि यह 21.7 किलोमीटर प्रति लीटर का माइलेज देती है। एस - प्रेसो मैनुअल और आटोमैटिक गियर शिफ्ट (एजीएस) ट्रांसमिशन विकल्प दोनों में आती है। मारुति सुजुकी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी केनिचि अयुकावा ने संवाददाताओं को बताया , "आज , कॉम्पैक्ट कार भारतीय कार ग्राहकों की स्वाभाविक पसंद है। आज परिवर्तन लाने वाले युग का जमाना है। हमने महसूस किया है कि शुरुआती स्तर की कॉम्पैक्ट श्रेणी को नए डिजाइन की जरूरत है।"उन्होंने कहा कि कंपनी के इंजीनियरों और डिजाइनरों ने ऐसी नई मिनी एसयूवी विकसित की है जो बाहर से जोरदार दिखती है और इसकी आंतरिक सज्जा अधिक चमक-दमक वाली है। अयुकावा ने कहा एंट्री लेवल कॉम्पैक्ट श्रेणी में किसी भी वाहन पर इस तरह का प्रयोग नहीं किया गया है। यह आज की युवा पीढ़ी की आकांक्षाओं और जरूरतों से मेल खाती है।"एस - प्रेसो की बिक्री कंपनी के एरीना खुदरा नेटवर्क के जरिए की जाएगी। अयुकावा ने कहा कि कंपनी का मानना है कि बाजार में चल रही आर्थिक सुस्ती थोड़े समय के लिए है। उन्होंने कहा , हमारा मानना है कि उतार - चढ़ाव का मौजूदा दौर एक अल्पकालिक चुनौती है। भारत में दीर्घकालिक वृद्धि को लेकर हमारा विश्वास बरकरार है। एस - प्रेसो डुअल एयरबैग , ईबीडी के साथ एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस), लिमिटर्स , रियर पार्किंग एस्सेट प्रणाली , तेज गति होने पर अलर्ट , रिवर्स पार्किंग सेंसर समेत अन्य फीचर्स से लैस है। कंपनी के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इंजीनियरिंग) सी . वी . रमन ने कहा कि एस - प्रेसो के विकास पर 640 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है।

## कर्ज देने वाली दो इकाइयों को बंद करेगी रिलायंस कैपिटल

● रिलायंस कैपिटल बीमा और म्युचुअल फंड आदि का भी कारोबार करता है

**एजेंसी। मुंबई**

**संकट में फंसी** अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस कैपिटल समूह ने ऋण देने वाली अपनी दो इकाइयों को दिसंबर तक बंद करने का फैसला किया है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी।




रिलायंस कैपिटल बीमा और म्युचुअल फंड आदि का भी कारोबार करता है। रिलायंस कैपिटल की इन दो इकाइयों रिलायंस कॉमर्शियल फाइनेंस और रिलायंस होम फाइनेंस की कुल संपत्ति 25,000 करोड़ रुपए से अधिक है। यह दूसरा कारोबार है, जिससे अनिल अंबानी की अगुवाई वाला समूह किनारा कर रहा है। दो साल पहले समूह ने रिलायंस कम्युनिकेशंस को बंद कर दिया था और अब यह कंपनी दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही है। समूह की रक्षा विनिर्माण कंपनी रिलायंस नेवल भी वित्तीय संकट का सामना कर रही है। अंबानी ने सालाना आम बैठक में शेयरधारकों को बताया ," कारोबार में बदलाव के हिस्से के रूप में , रिलायंस कैपिटल ने कर्ज देने के कारोबार से बाहर निकलने का फैसला किया है। हमारी दोनों कर्ज देने वाली इकाइयां रिलायंस कॉमर्शियल और रिलायंस होम फाइनेंस निण समाधान योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए सभी ऋणदाताओं और अन्य हितधारकों के साथ काम कर रही हैं। समाधान योजना के दिसंबर अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि ऋण कारोबार को बंद करने के बावजूद रिलायंस कैपिटल इन कंपनियों की वित्तीय शेयरधारक बनी रहेगी ताकि नए प्रबंधन के तहत शेयरधारकों की संपत्ति का मूल्य बढ़े और रिलायंस कैपिटल का कर्ज 25,000 करोड़ रुपए तक घट जाए।

अंबानी ने कहा कि समूह ने वित्तीय सेवा क्षेत्र में संकट , रेटिंग एजेंसी एवं ऑडिटरों की तर्कहीन कार्वाई और आर्थिक सुस्ती को ऋण कारोबार से बाहर निकलने की वजह बताया। उन्होंने कहा ," निहित स्वार्थों के लिए अफवाह फैलाने और अंधाधुंध बिकवाली ने शेयरधारकों को प्रभावित किया। अंबानी ने दावा किया है कि उनके समूह को नियामकीय एवं मध्यस्थता मामलों में 60,000 करोड़ रुपए से अधिक मिलने है , जो पिछले पांच से दस सालों से लंबित है। अंबानी ने कहा कि रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के पास पर्याप्त पूंजी है और उसका मूल्य 8,000 करोड़ रुपए है जबकि रिलायंस लाइफ के एक करोड़ से ज्यादा पॉलिसी धारक हैं। उन्होंने कहा कि रिलायंस लाइफ में उनके 51 प्रतिशत शेयर का मूल्य 7000 करोड़ रुपए है।

# सऊदी अरब के वली अहद ने खशोगी की हत्या का आदेश देने के आरोप से किया इनकार

**एजेंसी।** न्यूयॉर्क





**सऊदी** अरब के वली अहद मोहम्मद बिन सलमान ने एक टेलीविजन साक्षात्कार में कहा कि वह पत्रकार जमाल खशोगी की निर्मम हत्या की पूरी जिम्मेदारी लेते हैं लेकिन इस बात से इनकार किया कि उन्होंने इस हत्या के आदेश दिए थे। सलमान (34) ने रविवार को प्रसारित हुए 60 मिनट के एक साक्षात्कार में कहा, यह जघन्य अपराध था लेकिन सऊदी अरब का नेता होने के नाते मैं पूरी जिम्मेदारी लेता हूं खासतौर से इस बात की कि सऊदी अरब सरकार के लिए काम करने वाले लोगों ने इसे अंजाम दिया।

द वाशिंगटन पोस्ट में लेखों के लिए आलोचकों के निशाने पर रहने वाले खशोगी की हत्या का आदेश दिए जाने के बारे में पूछने पर उन्होंने जवाब दिया, बिल्कुल नहीं। उन्होंने कहा कि हत्या एक गलती थी। गौरतलब है कि खशोगी तुर्की मूल की अपनी मंगेतर से शादी करने के लिए जरूरी दस्तावेज एकत्रित करने के लिए दो अक्टूबर 2018 को तुर्की में सऊदी वाणिज्य दूतावास गए थे। सऊदी सरकार के एजेंटों ने वाणिज्य दूतावास के भीतर खशोगी की हत्या कर दी थी तथा उनके शव को क्षत-विक्षत कर दिया जो कभी बरामद नहीं किया गया। सऊदी अरब ने हत्या मामले में 11 लोगों पर आरोप लगाया और उन पर मुकदमा चलाया। हालांकि अभी तक किसी को भी सजा नहीं मिली है।

शक्तिशाली वली अहद ने साक्षात्कार में कहा, कुछ लोग सोचते हैं कि मुझे यह पता होना चाहिए कि सऊदी अरब के लिए काम करने वाले 30 लाख लोग रोजाना क्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह असंभव है कि 30 लाख लोग नेता और सऊदी अरब में दूसरे शीर्ष व्यक्ति को अपनी दैनिक रिपोर्ट भेजे। न्यूयॉर्क में बृहस्पतिवार को एक साक्षात्कार में खशोगी की मंगेतर हैटिस सेंगिज ने द एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि खशोगी की हत्या की जिम्मेदारी केवल उसे अंजाम देने वाले लोगों की नहीं है और वह चाहती है कि प्रिंस मोहम्मद बताए कि जमाल को क्यों मारा गया? उनका शव कहां है? इस हत्या के पीछे का मकसद क्या था? उन्होंने इस साक्षात्कार में 14 सितंबर को सऊदी अरब की तेल कंपनियों पर मिसाइल तथा ड्रोन हमले पर भी बात की। यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है लेकिन सऊदी अरब ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि यह ईरान प्रायोजित हमला था।

## करतारपुर गलियारे के उद्घाटन के मौके पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को आमंत्रित करेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने नवंबर में होने वाले करतारपुर गलियारे के उद्घाटन समारोह में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को आमंत्रित करने का फैसला किया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। यह कॉरिडोर करतारपुर स्थित दरबार साहिब को पंजाब के गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक से जोड़ेगा जिससे भारतीय श्रद्धालु वीजा मुक्त आवाजाही कर सकेंगे। करतारपुर जाने वाले श्रद्धालुओं को केवल परमिट लेना होगा। सिख धर्म के संस्थापक गुरू नानक देव के 12 नवंबर को होने वाले 550 वें प्रकाश पर्व से तीन दिन पहले नौ नवंबर को पाकिस्तान सिख श्रद्धालुओं के लिए इस कॉरिडोर को खोलेगा। कुरैशी ने एक टीवी चैनल को बताया, करतारपुर गलियारे का उद्घाटन एक बड़ा कार्यक्रम है पाकिस्तान इसकी जोर-शोर से तैयारी कर रहा है। विदेश मंत्री ने बताया कि पाक प्रधानमंत्री इमरान खान की इसमें व्यक्तिगत रुचि है।



बैंकाक में बढ़ते प्रदूषण के बीच एक पैदल यात्री दूषित हवा से बचने के लिए फेस मास्क पहने हुए

# यूक्रेन मामले में आरोप लगाने वाले व्हिसल ब्लोअर से मिलना चाहते हैं ट्रम्प

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को कहा कि वह यूक्रेन मामले में उनके खिलाफ मामला दर्ज कराने वाले व्हिसलब्लोअर से मिलना चाहते हैं। गौरतलब है कि 25 जुलाई को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ ट्रम्प की बातचीत के सार्वजनिक होने के बाद विवाद उत्पन्न हो गया था और इसके बाद ही अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग की आधिकारिक प्रक्रिया भी शुरू की गई।

इस व्हिसलब्लोअर ने इस बातचीत के आधार पर अगस्त में ट्रम्प के खिलाफ मामला दर्ज कराते हुए कहा था कि वह अमेरिकी चुनाव में अपने फायदे के लिए विदेशी ताकत का इस्तेमाल कर रहे हैं।इस बातचीत में ट्रम्प ने यूक्रेन के राष्ट्रपति से 2020 राष्ट्रपति चुनाव में अपने प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन के बेटे हंटर के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में जांच करने की अपील की थी।

ट्रम्प ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, हर अमेरिकी की तरह, मैं भी मुझ पर आरोप लगाने वाले से मिलने का हकदार हूं। विशेषकर तब, जब यह आरोप लगाने वाला एक तथाकथित व्हिसलब्लोअर है, जिसने विदेशी प्रतिनिधि से हुई बातचीत को पूरी तरह से गलत और कपटपूर्ण तरीके से पेश किया। उन्होंने महाभियोग जांच का नेतृत्व कर रहे एडम शिफ पर भी कांग्रेस के समक्ष झूठ बोलने का आरोप लगाया। ट्रम्प ने कहा, उन्होंने इस बेबाकी से महान चैंबर में झूठ बोला, जैसे कभी किसी ने नहीं बोला होगा। उन्होंने कहा, उन्होंने बेकार की बातें पढ़ीं और लिखीं, और फिर कहा कि यह अमेरिका के राष्ट्रपति का कहना है। मैं चाहता हूं कि धोखाधड़ी तथा देशद्रोह के मामले में शिफ से उच्च स्तर की पूछताछ की जाए।

इस बीच ट्रम्प के करीबी सहयोगियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग चलाने के डेमोक्रेट के फैसले पर निशाना साधते हुए राष्ट्रपति को एक सच्चा व्हिसलब्लोअर बताया है। ट्रम्प के सलाहकार स्टीफन मिलर ने फोक्स न्यूज संडे से कहा, अमेरिका के राष्ट्रपति व्हिसलब्लोअर हैं। मिलर ने कहा, यूक्रेन में एक भ्रष्टाचार घोटाले की तह तक जाना अमेरिका के राष्ट्रीय हित में है।

ट्रम्प के निजी वकील रूडी गिउलियानी ने भी एबीसी के कार्यक्रम द वीक में कहा, उनके उनसे (यूक्रेन से) बाइडेन के खिलाफ जांच ना करने को कहने पर संविधान का उल्लंघन होता। उन्होंने कहा, डेमोक्रेटिक पार्टी डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ साजिश रच रही है। अमेरिका के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी ने गत मंगलवार को ट्रम्प के खिलाफ महाभियोग की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की थी।

## राष्ट्रपति चुनाव से पहले गोटाभाया की नागरिकता पर अदालत में होगी सुनवाई

**कोलंबो।** श्रीलंका की एक अपीलीय अदालत ने सोमवार को राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार गोटाभाया राजपक्षे के 16 नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की योग्यता के मामले में सुनवाई करने का निर्णय किया है। गोटाभाया, श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं। तीन जजों की पीठ वाली कोर्ट आफ अपील में दो और तीन अक्टूबर को उस याचिका पर सुनवाई होगी जिसमें यह आरोप लगाया गया है कि देश में 2005 में हुए राष्ट्रपति चुनाव के दौरान गोटाभाया ने अमेरिकी नागरिकता रखते हुए राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होकर आव्रजन और निर्वाचन कानूनों का उल्लंघन किया था। याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि गोटाभाया श्रीलंका के नागरिक नहीं हैं क्योंकि उनका नागरिकता प्रमाणपत्र फर्जी और अवैध है। पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के छोटे भाई तथा श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार गोटाभाया चुनाव में विपक्षी दल की ओर से मुख्य चुनौती दे रहे हैं।

# हमले, फर्जीवाड़े की आशंका के कारण अफगानिस्तान में कम हुआ मतदान

**एजेंसी।** काबुल

**अफगानिस्तान** में राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में हमलों और फर्जीवाड़े की आशंका के कारण पूर्ववर्ती तीन चुनावों की तुलना में संभवत: सबसे कम मतदान हुआ।

अफगानिस्तान में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए शनिवार को पहले दौर का मतदान हुआ था। यह चुनाव तय करेगा कि राष्ट्रपति अशरफ गनी दूसरी बार देश की कमान संभालेंगे या नहीं। तीन करोड़ 50 लाख की आबादी वाले देश में 96 लाख लोगों ने मतदान के लिए पंजीकरण कराया था। मतदान 4,905 मतदान केंद्रों पर हुआ। स्वतंत्र निर्वाचन आयोग की ओर से रविवार को जारी आंकड़ों में दर्शाया गया कि 3,736 मतदान केंद्रों से एकत्र आंकड़ों के अनुसार करीब 21 लाख 90 हजार मतों की गणना की गई।

यदि ऐसा ही रुख बना रहता है तो कुल मतदान प्रतिशत करीब 25 प्रतिशत रहने की संभावना है। यह मत प्रतिशत इससे पहले राष्ट्रपति पद के तीन चुनावों में सर्वाधिक कम है। वर्ष 2014 में मत प्रतिशत 50 प्रतिशत से थोड़ा कम था। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने अपनी लोकतांत्रिक आवाज का प्रयोग करने वाले अफगानिस्तान के लोगों की सराहना की और मत पत्रों के जरिए अपने नेताओं को चुनने की प्रतिबद्धता के लिए उन्हें बधाई दी।

## गनी के सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी अब्दुल्ला ने अफगानिस्तान चुनाव में जीत का दावा किया

**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के कार्यपालिका प्रमुख (चीफ एक्जक्यूटिव) अब्दुल्ला अब्दुल्ला ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में सोमवार को अपनी जीत का दावा किया। हालांकि अभी चुनाव के नतीजों का आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। अब्दुल्ला शनिवार को हुए चुनाव में राष्ट्रपति अशरफ गनी के सबसे अहम प्रतिद्वंद्वी हैं। अब्दुल्ला ने पत्रकार वार्ता में कहा, इस चुनाव में हमें सबसे ज्यादा वोट मिले हैं। उन्होंने कहा, नतीजों का ऐलान आईईसी (स्वतंत्र चुनाव आयोग) करेगा लेकिन हमें सबसे ज्यादा मत मिले हैं। दूसरे दौर का चुनाव नहीं होगा। अब्दुल्ला तीसरी बार राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें 2009 और 2014 में हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि उनकी टीम नई सरकार बनाएगी। आईईसी के वरिष्ठ अधिकारी हबीब रहमान नांग ने अब्दुल्ला की घोषणा की आलोचना करते हुए कहा कि यह जल्दबाजी है। उन्होंने कहा, किसी भी प्रत्याशी को खुद को विजेता घोषित करने का अधिकार नहीं है। नांग ने कहा, कानून के मुताबिक, विजेता के बारे में निर्णय करने का अधिकार आईईसी के पास है। शनिवार को हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव के शुरुआती परिणाम 19 अक्टूबर तक आने की उम्मीद नहीं है। अब्दुल्ला ने उन खबरों का भी जिक्र किया जिसमें कहा गया है कि कुछ सरकारी अधिकारी चुनाव प्रक्रिया में दखलअंदाजी कर रहे हैं। हालांकि इस बाबत उन्होंने विवरण नहीं दिया।

# फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति शिराक को दी गई अंतिम श्रद्धांजलि

**एजेंसी।** पेरिस

**लंबे** समय तक फ्रांस के राष्ट्रपति रहे और घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय राजनीति के करिश्माई दिग्गज माने जाने वाले जैक शिराक को यहां हजारों लोगों ने अंतिम श्रद्धांजलि दी। 12 साल तक फ्रांस के राष्ट्रपति रहे जैक शिराक का 86 साल की उम्र में बृहस्पतिवार को निधन हो गया था। उनके निधन पर सोमवार को राष्ट्रीय शोक मनाया जाएगा। इससे एक दिन पहले रविवार को इनवेलिडेस परिसर में उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए बड़ी संख्या में लोग पंक्तिबद्ध खड़े रहे।

इनवेलिडेस मेमोरियल परिसर में सेंट लुइस देस इनवेलिडेस कैथेड्रल में उनके ताबूत के पास प्रार्थना का आयोजन किया गया। इस दौरान उनकी बेटी क्लाउडे समेत उनके परिवार के लोग मौजूद थे। हालांकि उनकी पत्नी बेर्नाडेटे (86) इसमें शामिल नहीं हो पाईं। प्रार्थना के बाद आम लोगों को पार्थिव शरीर के पास जाने की अनुमति दे दी गई। शिराक की पार्थिव देह को सोमवार को अंतरराष्ट्रीय समयानुसार सुबह नौ बजे पेरिस की गलियों से होकर सेंट सुलपाइस गिरजाघर ले जाया जाएगा जहां अंतिम बार प्रार्थना की जाएगी। इस दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों भी होंगे। राष्ट्रपति भवन एलिसी ने कहा कि इस दौरान 30 से अधिक देशों और सरकारों के प्रमुख और फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति भी भाग लेंगे। शिराक 1995 से 2007 तक फ्रांस के राष्ट्रपति रहे। वह राष्ट्रपति बनने से पहले करीब दो दशक तक पेरिस के मेयर भी रहे थे। शिराक के निधन पर कई देशों के शीर्ष नेताओं ने शोक व्यक्त किया है।

अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने भी शिराक के निधन पर शोक व्यक्त किया। पोम्पिओ ने एक बयान में कहा, पूर्व राष्ट्रपति शिराक ने अपना जीवन जनसेवा में लगा दिया। उन्होंने उन मूल्यों और आदर्शों को बरकरार रखने के लिए अथक परिश्रम किया, जो हम फ्रांस के साथ साझा करते हैं।



फ्रांसीसी रिपब्लिकन गार्ड दिवंगत फ्रांसीसी राष्ट्रपति जाक शिराक के ध्वजवाहक ताबूत को ले जाते हुए

## दुबई में तीन महीने चलेंगे गांधी की 150वी जयंती पर विभिन्न आयोजन

**एजेंसी।** दुबई

**महात्मा** गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर दुबई में करीब तीन महीने तक विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। भारतीय दूतावास दुबई में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है।

खलीज टाइम्स की खबर के अनुसार दो अक्टूबर से शुरू होने वाला यह जश्न जनवरी 2020 तक चलेगा। दुबई खेल परिषद और दुबई नगर पालिका के सहयोग से इन कार्यक्रमों का अयोजन किया जा रहा है। जबील पार्क में दो अक्टूबर को चार किलोमीटर की पीस वॉक का आयोजन भी किया जाएगा। इसके विजेता को भारत की एक मुफ्त हवाई टिकट दी जाएगी। इसी दिन शाहजहां इंडियन स्कूल में करीब 1,000 छात्र सौर लैंप बनाने की कार्यशाला में हिस्सा लेंगे। इस कार्यशाला में कुल 200 लैंप बनाए जाएंगे। इंडियन एसोसिएशन ऑफ अजमान चार अक्टूबर को एक साइकिल रैली का आयोजन भी करेगा।

भारतीय व्यापार एवं व्यावसायिक परिषद पांच अक्टूबर को दुबई में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन 17 अक्टूबर को गांधी पर एक भाषण देंगे। नौ नवम्बर से 20 दिसम्बर के बीच हर शुक्रवार को भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस जश्न का समापन 10 जनवरी को एक भव्य समारोह के साथ होगा। दुबई में भारत के महा वाणिज्यदूत विपुल ने कहा, गांधी जी के सत्य, शांति और अहिंसा पर दिए संदेश का यूएई से विशेष नाता है क्योंकि यहां बड़ी संख्या में भारतीय रहते हैं। विशेषकर इस वर्ष क्योंकि यह सहिष्णुता का वर्ष है। यूएई के प्रमुख शेख खलीफा बिन जायद अल नाहयान ने 2019 को सहिष्णुता का वर्ष घोषित किया था।

### गांधी ने दुनिया में एक अनमोल आध्यात्मिक विरासत छोड़ी है : चीन

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन ने कहा है कि महात्मा गांधी ने न सिर्फ भारत के लोगों को प्रेरित किया बल्कि दुनिया में भी एक अनमोल आध्यात्मिक विरासत छोड़ी है और इसके साथ ही उनके प्रसिद्ध उद्धरण का उल्लेख किया कि चीन और भारत एक साझा यात्रा में सुख और दुख को बांटने वाले सह यात्री हैं। बीजिंग के प्रसिद्ध छाओयांग पार्क में 2005 में गांधी की मूर्ति लगाई गई, जिसे जानेमाने मूर्तिकार युआन जिकुन ने बनाया है। मूर्ति के लगने के बाद कम्युनिस्ट देश में गांधी के प्रशंसकों को उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए एक मौका मिल गया है।

## क्विक न्यूज

### यूनान में प्रवासी शिविर में आग लगने से दो की मौत

**मोरिया (यूनान)।** यूनान के लेस्बोस द्वीप स्थित शरणार्थी शिविर में आग लगने से कम से कम दो लोगों की जान चली गई और इसके बाद शिविर में हिंसा भड़क गई। समाचार एजेंसी एथेंस ने पुलिस सूत्रों के हवाले से कहा कि एक महिला और एक बच्चे की मोरिया शिविर में जान चली गई। शिविर में क्षमता से अधिक शरणार्थी रह रहे हैं। उसने कहा कि महिला के शव को द्वीप के एक अस्पताल में ले जाया गया जबकि बच्चे का शव प्रवासियों ने अधिकारियों को सौंप दिया है। एएफपी के संवाददाता के अनुसार शिविर की आग एक विमान के माध्यम से बुझाई गई। पुलिस ने बाद में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले भी छोड़े। मरने वालों की संख्या अभी स्पष्ट नहीं है, हालांकि मौके पर मौजूद एक अफगान प्रवासी का कहना है कि आग लगने की घटना में तीन लोग मारे गए हैं। पुलिस ने एक बयान में बताया कि आग लगने के बाद जेल में हिंसा भड़क गई और पुलिस को भीड़ को काबू करने के लिए आंसू गैस का प्रयोग करना पड़ा।

### तुर्की ने सीरिया सीमा पर अज्ञात ड्रोन को मार गिराया

**इस्तांबुल।** तुर्की की वायु सेना ने रविवार को सीरियाई सीमा पर एक अज्ञात ड्रोन को मार गिराया। इस ड्रोन ने कई बार तुर्की के वायु क्षेत्र का उल्लंघन किया। तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सेना ने सीमा के समीप ड्रोन का पता लगाया जो तुर्की के वायु क्षेत्र में छह बार घुसा था। उसे आखिरकार एफ-16 लड़ाकू विमानों ने मार गिराया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि शनिवार को छह बार तुर्की के वायु क्षेत्र का उल्लंघन करने वाले मानवरहित वायु यान को देश के दो एफ-16 लड़ाकू विमानों ने मार गिराया। उन्होंने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर गिराए गए ड्रोन की तस्वीरें भी साझा कीं। मंत्रालय ने कहा कि अज्ञात विमान स्थानीय समयानुसार रात एक बजकर 24 मिनट पर गिराया गया। ड्रोन का मलबा सिल्िरोबा अड्डे पर पाया गया।

### चीन में एक फैक्ट्री में आग लगने से 19 लोगों की मौत

**बीजिंग।** पूर्वी चीन में एक फैक्ट्री में आग लगने से 19 लोगों की मौत हो गई। ट्विटर जैसे सोशल मीडिया मंच वायबो पर स्थानीय सरकार ने इसकी जानकारी दी। सरकार ने बताया कि पूर्वी झेजियांग प्रांत की निंगहाई स्थित एक फैक्ट्री में रविवार को आग लग गई। यह फैक्ट्री रुईकी डेली नसेसिटीज कम्पनी की है। निंगहाई के अधिकारियों ने बताया कि बचाए गए आठ लोगों में से तीन घायल है और उनका अस्पताल में इलाज जारी है।

## पाकिस्तान ने संघर्ष विराम उल्लंघनों पर भारतीय उप उच्चायुक्त को किया तलब

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा पर भारतीय सुरक्षाबलों द्वारा कथित संघर्ष विराम उल्लंघनों के विरोध में भारत के उप उच्चायुक्त गौरव अहलूवालिया को तलब किया है। पाकिस्तान ने दावा किया कि इसमें 13 साल के लड़के समेत दो लोगों की जान चली गई। विदेश कार्यालय ने बताया कि दक्षिण एशिया और दक्षेस के महानिदेशक मोहम्मद फैसल ने अहलूवालिया को तलब किया है और 28 तथा 29 सितंबर को नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के संघर्ष विराम उल्लंघन की निंदा की है। पाकिस्तान ने दावा किया कि कथित संघर्ष विराम उल्लंघनों में तीन लोग घायल भी हो गए। फैसल ने आरोप लगाया कि नियंत्रण रेखा और कामकाजी सीमा पर भारतीय सुरक्षा बल लगातार रिहायशी इलाकों को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत द्वारा अभूतपूर्व रूप से संघर्ष विराम उल्लंघन बढ़ना साल 2017 से जारी है।

## सीरिया व इराक की राजधानी को जोड़ने वाला प्रमुख राजमार्ग फिर खोला गया



इराक में सोमवार को अनबर प्रांत में इराकी शहर क़ैम और सीरिया के बोकामल के बीच क्रॉसिंग के उद्घाटन समारोह के दौरान एक-दूसरे को बधाई देते सैनिक

**एजेंसी। अल कायम (इराक)।** इराक और सीरिया की राजधानियों को जोड़ने वाले अहम राजमार्ग को सोमवार को फिर से खोल दिया गया। इसे 2014 में आतंकी समूह इस्लामिक स्टेट के जिहादियों ने कब्जे में ले लिया था। इराकी बलों ने 2017 के अंत में अल कायम शहर के पास सीमा चौकी पर कब्जा कर लिया था। दरअसल, जिहादियों की स्वयंभू खिलाफत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गठबंधन के समर्थन से इराकी बलों ने बड़ा अभियान चलाया था। सोमवार को एएफपी के एक वीडियो पत्रकार ने सामान से भरे ट्रकों को टर्मिनल को पार करते देखा जो बगदाद और दमिश्क को जोड़ने वाले प्रमुख राजमार्ग पर पड़ता है। यह दोनों देशों के बीच एक मात्र ऐसा पारगमन है जिसके एक छोर पर सीरियाई सरकार के बलों का नियंत्रण है जबकि दूसरी तरफ इराक के संघीय प्राधिकारियों का नियंत्रण है।

## ब्रिटिश प्रधानमंत्री के कार्यालय ने जॉनसन पर लगे यौन दुर्व्यवहार के आरोपों को खारिज किया

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के कार्यालय ने इन आरोपों से इनकार किया है कि उन्होंने 20 साल पहले दो महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया था। पत्रकार शार्लोट एडवर्डस ने संडे टाइम्स समाचार पत्र के लिए एक स्तंभ में लिखा है कि जॉनसन ने एक पार्टी में उनके साथ आपत्तिजनक व्यवहार किया था। उन्होंने कहा कि वह उस समय एक पत्रिका का संपादन कर रही थी और उस पार्टी का आयोजन उसी पत्रिका ने किया था। एडवर्डेस ने कहा कि रात्रिभोज के बाद उन्होंने एक अन्य महिला से इस बारे में बातचीत की और उस महिला का भी यही कहना था कि जॉनसन ने भी उनके साथ वैसा ही व्यवहार किया था। जॉनसन के कार्यालय ने रविवार देर रात एक संक्षिप्त बयान जारी किया और कहा कि आरोप असत्य है।

# सोमालिया में अलशबाब ने अमेरिकी सैन्य ठिकाने, ईयू के काफिले पर किया हमला

**एजेंसी।** मोगादिशु

**आतंकी** समूह अलशबाब ने सोमालिया में एक अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर हमला करने की जिम्मेदारी ली है। एक सुरक्षा अधिकारी ने यूरोपीय संघ (ईयू) के सलाहकारों के एक काफिले पर भी हमले की पुष्टि की। हालांकि, दोनों हमलों में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। आतंकियों ने राजधानी मोगादिशु से 110 किलोमीटर दूर उत्तर-पश्चिम में स्थित बालेडोगले में अमेरिकी ठिकाने पर विस्फोटक के जरिए हमला किया और परिसर में बंदूकधारियों ने गोलीबारी की।

एक बयान में अलशबाब ने कहा कि सोमवार तड़के लड़ाकों के एक समूह ने अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर धावा बोला। हमले में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। बालेडोगले से ही अमेरिकी सेना अलकायदा से जुड़े समूह अलशबाब के खिलाफ ड्रोन हमले करती है। इस आतंकी समूह ने सोमालिया के बड़े हिस्से पर कब्जा कर रखा है।



राजधानी सोमालिया में सोमवार को यूरोपीय संघ के सैन्य काफिले पर हमले के बाद कार बम के कहर को देखते लोग

एक अलग घटना में, सोमवार को एक सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि सोमाली राष्ट्रीय सेना को प्रशिक्षण देने वाले यूरोपीय संघ के सलाहकारों पर भी मोगादिशु में हमला किया गया। सोमालिया के एक सुरक्षा अधिकारी उमर अबिकर ने बताया कि औद्योगिक सड़क के पास कार विस्फोट के जरिए यूरोपीय संघ के सैन्य सलाहकारों को निशाना बनाया गया। विस्फोटकों से भरे एक वाहन को काफिले में घुसा दिया गया।

## टेलर की त्रिकूद में खिताबी हैट्रिक

**दोहा।** अमेरिका की क्रिस्टियन टेलर ने विश्व चैंपियनशिप की त्रिकूद स्पर्धा मे खिताबी हैट्रिक बनाई। दो बार की ओलंपिक चैंपियन और अब चार बार की विश्व चैंपियन 29 साल की टेलर ने 17 . 92 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। टेलर ने हमवतन विल क्ले (17 . 74 मीटर) और बुरकीना फासो की ह्यूज फेब्रिस जांगो (17.66 मीटर) को पछाड़ा जिन्हें क्रमशः रजत और कांस्य पदक मिले। विश्व चैंपियनशिप में 2011, 2015 और 2017 में खिताब जीत चुकी टेलर पर फाइनल में पहले दो प्रयास मे फाउल के कारण बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन तीसरे प्रयास में 17 . 42 मीटर की दूरी के साथ उन्होंने इस खतरे को टाला। उन्होंने अपने चौथे प्रयास मे 17 .86 मीटर और अंतिम प्रयास में 17 . 92 मीटर की दूरी तय की।




# फ्रेजर-प्राइस व फेलिक्स ने बनाया स्वर्णिम रिकार्ड

**● विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप : 100 मीटर में अभूतपूर्व चौथा खिताब जीता**

**● फेलिक्स ने उसेन बोल्ट का स्वर्ण पदकों का रिकार्ड तोड़ा**

एजेंसी। दोहा

जमैका की दिग्गज फर्राटा धाविका शैली आन फ्रेजर-प्राइस ने 100 मीटर में अभूतपूर्व चौथा खिताब जीता जबकि अमेरिका की महान धाविका एलिसन फेलिक्स ने उसेन बोल्ट का स्वर्ण पदकों का रिकार्ड तोड़ा जिससे यहां विश्व चैंपियनशिप में मां बनने के बाद वापसी कर रही ये दोनों खिलाड़ी छाई रहीं। अपने-अपने बच्चों के जन्म के बाद फ्रेजर-प्राइस और फेलिक्स पहली बार किसी बड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही थीं। अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण 2017 की विश्व चैंपियनशिप से बाहर रहने वाली 32 साल की फ्रेजर-प्राइस ने 10.71 सेकेंड के साथ 100 मीटर का खिताब अपनी झोली में डाला। ब्रिटेन की दिना एशर स्मिथ ने 10.83 सेकेंड के साथ रजत जबकि आइवरी कोस्ट की मेरी जोसे ता लाउ ने 10.90 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। जमैका की फ्रेजर-प्राइस इससे पहले 2009, 2013 और 2015 में भी विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। स्टेडियम का विजई लैप लगाने के दौरान उनका दो साल का बेटा जियोन भी उनके साथ था। पिछले साल नवंबर में बेटी कैमरिन के जन्म के कारण फेलिक्स ने जुलाई में 13 महीने बाद वापसी की थी। दोहा में व्यक्तिगत 400 मीटर स्पर्धा में क्वालीफाई करने में नाकाम रही 33 साल की फेलिक्स ने चार गुणा 400 मिश्रित मीटर रिले में स्वर्ण पदक जीता। अमेरिका की टीम ने तीन मिनट 9.34 सेकेंड के रिकार्ड समय के साथ खिताब अपने नाम किया। फेलिक्स का यह 12वां स्वर्ण पदक है और उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में 11 स्वर्ण पदक के जमैका के महान धावक उसेन बोल्ट के रिकार्ड को तोड़ा।

## भारत की चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले टीम सातवें स्थान पर रही

**दोहा।** भारत की चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले टीम यहां सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में सातवे स्थान पर रही। मोहम्मद अनस, वीके विसमया, जिस्ना मैथ्यू और टाम निर्मल नोह की टीम ने तीन मिनट 15 . 77 सेकेंड के समय के साथ रविवार को आठ टीमों के फाइनल में सातवे स्थान हासिल किया। भारतीय टीम ने पिछले साल एशियाई खेलो मे स्वर्ण पदक जीतने के दौरान तीन मिनट 15 . 71 सेकेंड का समय लिया था। अनस ने दौड़ की शुरुआत आठवी लेन से की और दूसरे चरण की शुरुआत मे विसमया अंतिम स्थान पर चल रही थी। तीसरे चरण में विसमया से बेटन लेते समय जिस्ना दूसरे देश की दूसरे चरण की धावक से टकरा गईं जिससे अहम समय का नुकसान हुआ। भारतीय टीम हालांकि इस समय अंतिम स्थान पर थी। नोह ने अंतिम चरण मे टीम को वापसी दिलाई लेकिन भारत सिर्फ ब्राजील से आगे सातवें स्थान पर रहा। अमेरिका ने तीन मिनट 9.34 सेकेंड के विश्व रिकार्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता मे पहली बार इस स्पर्धा को शामिल किया गया है। जमैका की टीम तीन मिनट 11 . 78 सेकेंड के साथ दूसरे जबकि बहरीन की टीम तीन मिनट 11 . 82 सेकेंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रही। भारतीय टीम ने इससे पहले शनिवार को तीन मिनट 16 . 14 सेकेंड के समय के साथ अपनी हीट मे तीसरे और कुल सातवे स्थान पर रहते हुए फाइनल मे जगह बनाई थी और तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था।




**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that my client Sh. Ashwani Arora S/o Sh. Chanan Lal and Smt. Madhvi Arora W/o Shri Ashwani Arora both R/o D-74, Shyam Park Extension, Sahibabad, Ghaziabad, U.P. have severed all relations with their son namely Sumit Arora and his wife Smt. Ishani Arora @ Nitika Kataria and their family all R/o A-51, Ground floor, Shyam Park Extension, Sahibabad, Ghaziabad, U.P.-201005 have also been debarred and disowned from their all movable/immovable properties. My clients shall not be responsible in any manner whatsoever for any act, deed and conduct of their son and daughter-in-law named above. My clients shall not be responsible in any manner whatsoever for any of their conduct, acts, deeds and things if anybody deals with them, they shall do so at their own risk, cost and consequences.

**Kiran Sharma, Advocate**
**Ch. No. 567, Patiala House Courts, New Delhi-01, Mob. 9891775428**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mrs. Shraddha Agrawal** who is purchasing the **Ground Floor built-on Property bearing No. 3072/2C-8A, area measuring 85 Sq. Yds., Gali No. 10, Ranjit Nagar, Behind South Patel Nagar, New Delhi** from **Mrs. Renu Kotia and Mrs. Rita Kapoor** who are owner of the above mentioned property **vide Reg. Will dated 06.10.2005** and further will be mortgaging against the financial assistance from **Aadhar Housing Finance Ltd.** To comply the requirements of bank/NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within 07 days from the date of this notice, at below address.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor,
Masjid Moth ,Opp. Uday Park, South Ext.II,
New Delhi - 49 Contact# 011 - 40046316

**PUBLIC NOTICE**

I, Aman Bhardwaj, Advocate, Chamber No. D-520, KKD Court, Delhi on behalf of Sh. Prem Pal S/o Sh. Kamal Singh and Smt. Laxmi Devi W/o Sh. Prem Pal Singh R/o H.No. E-153, Chhajjupur, Shahdara, Delhi-110032, do hereby made a declaration that my aforesaid clients debars their son Arun Kumar and his wife Smt. Pratibha from their moveable and immoveable properties as they are indulged in illicit activities and also misbehaved with my clients and further threatened them to face dire consequences as such my clients does not want to keep any relation of any kind with them and cut off their relations with them. Any person if deals with them in any manner whatsoever they have to deal with their own responsibilities and for that my Clients, shall not be held responsible for the same.

**AMAN BHARDWAJ Advocate**

**COURT NOTICE**

**In The Court Of Shri Sujit Saurabh Metropolitan Megistrate Municipal-01 (Central) Room No. 30, Karkardooma Courts, Delhi**
**Proclamation Requiring The Appearance A Person Accused (See Section 82 Cr.P.C.)**
**CC No. 3183/2017**

In the Matter of:
Bhishambar Singh Vs Ravi Jangra
Whereas complaint has been made before me that : **Ravi Jangra S/o Sh. Sunder Lal, R/o D-46, Ganesh Nagar Complex, Pandav Nagar, New Delhi-110092** has committed (or is suspected to have committed) the offence ____ punishable under section **138 Negotiable Instrument Act** of the Indian Penal Code and it has been and whereas it has been returned to a Warrant of arrest thereupon issued that the said **accused** cannot be found and whereas it has been shown to my satisfaction that the said **accused** has absconded (or is concealing himself to avoid the service of the said warrant).
Proclamation is hereby made that the said accused is required to appear before this Court to answer to said complaint on the day **19.10.2019.**

**Metropolitan Megistrate**
**Municipal-01 (Central) Room No.**
**30, Karkardooma Courts, Delhi**

**सार्वजनिक सूचना**

विदित हो कि यह सार्वजनिक सूचना अचल संपत्ति, अपार्टमेन्ट संख्या PPD-022, दूसरी मंन्जिल, DLF पार्क प्लेस, गुरुग्राम हरियाणा जिसके साथ दो कार पार्किंग स्थल संख्या PD-1011, एवं PD-1012 शामिल हैं के संदर्भ मे सर्वसाधारण की सूचना व जानकारी हेतु प्रकाशित की जा रही है। उपरोक्त अचल संपत्ति के वर्तमान एकल स्वामी श्री विवेक गोयल पुत्र स्वर्गीय श्री मूल चन्द गोयल, निवासी मकान नंबर 76, सेक्टर-15, पार्ट-1, गुरुग्राम, हरियाणा है। उपरोक्त अचल संपत्ति हर प्रकार से भार मुक्त है और उस पर किसी बैंक अथवा वित्तीय संस्थान का किसी प्रकार का कोई भार बकाया स्वत्व अथवा दावा आदि नही है और वर्तमान स्वामी श्री विवेक गोयल, हर प्रकार से उपरोक्त संपत्ति का विक्रय व स्थानांतरण करने के लिए पूर्ण रुप से सक्षम है।

उपरोक्त अचल संपत्ति का विक्रय समझौता मेरी मुवक्किल श्रीमती वसुधा भटनागर पत्नी डॉक्टर श्री संदीप भटनागर निवासी अधिकारी निवास संख्या 3, पालिका सदन, हरिश्चद्र माथुर लेन, नयी दिल्ली-110001, ने वर्तमान स्वामी श्री विवेक गोयल के साथ तय किया है जिसके द्वारा मेरी मुवक्किल श्रीमती वसुधा भटनागर उपरोक्त अचल संपत्ति को उसके वर्तमान स्वामी श्री विवेक गोयल से खरीद कर उस पर अपना एकल स्वामित्व स्थापित करेंगी। इस संदर्भ में क्रेता श्रीमती वसुधा भटनागर एवं विक्रेता श्री विवेक गोयल के बीच मे तय किये गये वित्तीय रकम के लेन देन के पश्चात क्रेता श्रीमती वसुधा भटनागर के नाम उप - पंजीयक गुरुग्राम के कार्यालय मे विक्रय विलेख निष्पादित किया जायेगा।

इस सम्बन्ध मे यदि किसी व्यक्ति, समूह, संस्था, वित्तीय संस्थान अथवा बैंक आदि को कोई आपत्ति, दावा, संशय या सवाल हो तो इस प्रकाशन के सात दिनों के भीतर नीचे दिये पते अथवा दूरभाष संख्या पर संपर्क कर सकतें हैं। विदित हो कि सात दिन की समय सीमा की अवधि के पूरा होने के पश्चात किसी भी व्यक्ति, समूह, संस्था, वित्तीय संस्थान अथवा बैंक आदि का इस सम्बन्ध मे कोई भी दावा, संशय या सवाल मान्य नहीं होगा। **संपर्क सूत्र**

एन.के. भटनागर (अधिवक्ता)
B-14, विकास केन्द्र, E-ब्लाक LSC
विकासपुरी नई दिल्ली-110018
दूरभाष : 9810039263.

# कुणाल, दक्षिणेश्वर आसानी से जीते

**● राष्ट्रीय हार्ड कोर्ट टेनिस टूर्नामेंट**



एजेंसी। नई दिल्ली

चौथी वरीयता प्राप्त कुणाल आनंद और दक्षिणेश्वर सुरेश फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय हार्ड कोर्ट टेनिस चैम्पियनशिप के पहले दौर में आसान जीत के साथ दूसरे दौर में पहुंच गए जबकि पूर्व चैम्पियन मोहित मयूर प्रकाश को घुटने की चोट के कारण मुकाबला बीच में छोड़ना पड़ा। टूर्नामेंट के 25वें सत्र के पहले दिन दिल्ली के कुणाल ने उत्तर प्रदेश के लक्ष्य गुप्ता को 6-2 6-4 से हराया। चेन्नई (तमिलनाडु) के दक्षिणेशवर ने अपने राज्य के ही मोहम्मद फहाद को 6-2 6-। से शिकस्त दी। इस खिताब को 2013 में जीतने वाले मयूर चोटिल होने के कारण पश्चिम बंगाल के ईशाक इकबाल के खिलाफ मैच पूरा नहीं कर सके।

जब उन्होंने मैच छोड़ उस समय 6-4, ।-0 से आगे थे। महिला वर्ग में तेलंगाना की रश्मिका बामिदिपति ने पहले दौर में छठी वरीयता प्राप्त चेन्नई की साइ सम्हिता को 7-5 6-3 से मात दी। तीसरी वरीयता प्राप्त वैदेहि चौधरी ने चंडीगढ़ की हिमांशिका सिंह को 6-0 6-0 शिकस्त दी। संस्कृति दमेरा ने सालसा अहेर के 6-0 6-।, जबकि सातवीं वरीयता प्राप्त युबरानी बनर्जी ने दीक्षा मंजू को 6-2 6-2 से हराया। तेजस्वी केट ने स्थानीय खिलाड़ी अविका संगवाल को 6-3 6-। से पराजित किया।

## महाराष्ट्र बिलियर्ड्स एवं स्नूकर संघ के अध्यक्ष बने खिनवासरा

**मुंबई।** पूना क्लब के राजन खिनवासरा सोमवार को महराष्ट्र बिलियर्ड्स एवं स्नूकर संघ (बीएसएएम) की वार्षिक आम बैठक में निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। वह दूसरी बार इस पद के लिए चुने गए है। खिनवासरा सहित बीएसएएम के सभी पदाधिकारियों को भी निर्विरोध चुना गया। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक सिद्धार्थ पारिख और सौमिल कार्केरा उपाध्यक्ष चुने गए। मानव पांचाल और ऋषभ कुमार संयुक्त मानद सचिव निर्वाचित हुए। मानद कोषाध्यक्ष शेखर सुर्वे को भी निर्विरोध चुना गया।

## एनबीए मुंबई में जमीनी स्तर का कार्यक्रम शुरू करेगा

**मुंबई।** अमेरिका का नेशनल बास्केटबाल एसोसिएशन (एनबीए) जमीनी स्तर पर सामुदायिक, युवा बास्केटबाल और विकास कार्यक्रम की शुरुआत करेगा जिससे मुंबई के हजारों युवाओं, शिक्षकों, कोचों और परिवारों की जिंदगी पर असर पड़ेगा। यहां जारी मीडिया विज्ञप्ति के मुताबिक इसकी शुरुआत चार और पांच अक्टूबर को वर्ली में होने वाले एनबीए इंडिया गेम्स से पहले होगी। एनबीए इंडिया गेम्स में किंग्स और पेसर्स के बीच मुकाबला होगा। एनबीए इंडिया गेम्स से पहले एनबीए, पेसर्स और किंग्स इस मौके पर मुंबई के आस पास के नगर परिषद के पांच स्कूलों का समर्थन करेंगे।

## अलीसा हीली टी20 अंतरराष्ट्रीय में क्लब 100 में शामिल

**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई महिला टीम की प्रमुख खिलाड़ी विकेटकीपर बल्लेबाज अलीसा हीली सोमवार को 100 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली दुनिया की नौवी खिलाड़ी बन गई। आईसीसी के बयान के अनुसार यह 29 वर्षीय खिलाड़ी एलिस पेरी के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली दूसरी आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी है। हीली ने श्रीलंका के खिलाफ नार्थ सिडनी ओवल में दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने फरवरी 2010 में 19 साल में टी20 अंतरराष्ट्रीय मे पदार्पण किया था। हीली हाल के समय में आस्ट्रेलिया की चोटी की खिलाड़ी रही है और उन्हें पिछले साल दिसंबर मे आईसीसी की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टी20 खिलाड़ी चुना गया था। उन्हें पिछले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था।

## कराची में वनडे की वापसी पर आजम का शतक, पाक का मजबूत स्कोर

**कराची।** कलात्मक बल्लेबाज बाबर आजम के शतक की मदद से पाकिस्तान ने कराची मे पिछले दस साल मे पहली बार खेले गए एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रीलंका के खिलाफ सोमवार को यहां सात विकेट पर 305 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इस 24 वर्षीय बल्लेबाज ने 105 गेंदों पर 115 रन बनाए जिससे पाकिस्तान दूसरे वनडे मे टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दमदार स्कोर बनाने मे सफल रहा। आजम 54वां रन पूरा करते ही वर्ष 2019 मे वनडे मे 1000 रन पूरे करने वाले पांचवे बल्लेबाज बने। उनसे पहले भारत के विराट कोहली और रोहित शर्मा तथा आस्ट्रेलिया के आरोन फिंच और उस्मान ख्वाजा ने यह मुकाम हासिल किया। आजम ने हारिस सोहेल (40) के साथ तीसरे विकेट के लिए 111 रन की साझेदारी की। सोहेल रन आउट हो ह्यहयगए जिसके बाद आजम ने अकेले पारी को संवारा। उन्होने लाहिरू कुमारा पर चौका जड़कर 97 गेंदो पर अपना 11वां वनडे शतक पूरा किया। आजम ने आखिर मे कुमारा की गेंद पर ही डीप मिड ऑन पर कैच दिया। उन्होंने अपनी पारी मे आठ चौके और चार छक्के लगाए। इफ्तिखार अहमद ने अंतिम क्षणो मे धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए 20 गेंदो पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 32 रन बनाए। पाकिस्तान ने अंतिम दस ओवरो मे 89 रन जोड़े।

# सुल्तान जोहोर कप में भारतीय जूनियर टीम की अगुवाई करेंगे मोर

एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षापंक्ति के खिलाड़ी मनदीप मोर को मलेशिया के जोहोर बारू में 12 से 19 अक्टूबर के बीच होने वाले नौवें सुल्तान जोहोर कप के लिए सोमवार को 18 सदस्ईय भारतीय जूनियर फुटबाल टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। हाकी इंडिया की चयनसमिति ने मनदीप के साथ संजय को उप कप्तान बनाया है। भारत राउंड रोबिन लीग में मलेशिया, न्यूजीलैंड, जापान, आस्ट्रेलिया और ग्रेट ब्रिटेन का सामना करेगा। रक्षक दीनाचंद्र सिंह मोइरंगथेम और शारदानंद तिवारी टीम में शामिल नए चेहरे हैं। अनुभवी दिलप्रीत सिंह अग्रिम पंक्ति की अगुवाई करेंगे जिसमें गुरसाहिबजीत सिंह और शिलानंद लाकड़ा सहित छह खिलाड़ी शामिल हैं। प्रशांत कुमार चौहान और पवन टीम में शामिल दो गोलकीपर हैं। भारतीय जूनियर टीम जोहोर कप में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद लगाए हुए है। टीम जून में मैड्रिड में आठ देशों के टूर्नामेंट में छठे स्थान पर रही थी। भारतीय कोच बी जे करियप्पा ने कहा, नौवां सुल्तान जोहोर कप भारतीय जूनियर पुरुष टीम के लिए शानदार अनुभव होगा क्योंकि इसमें आस्ट्रेलिया और ग्रेट ब्रिटेन जैसी चोटी की टीमें भाग लेंगी।

**भारतीय जूनियर टीम** - गोलकीपर प्रशांत कुमार चौहान, पवन। रक्षापंक्ति : संजय (उप-कप्तान), दीनाचंद्र सिंह मोइरंगथेम, प्रताप लाकड़ा, सुमन बेक, मनदीप मोर, यशदीप सिवाच, शारदानंद तिवारी। मध्यपंक्ति : विष्णु कांत सिंह, रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम, मनिंदर सिंह। अग्रिम पंक्ति : दिलप्रीत सिंह, सुदीप चिरमको, गुरसाहिबजीत सिंह, उत्तम सिंह, राहुल कुमार राजभर, शिलानंद लाकड़ा।

# यूपी योद्धा को गंभीर ने बधाई दी



**ग्रेटरनोएडा।** जीएमआर ग्रुपप के स्वामित्व की फ्रैंचाइजी यूपी योद्धा, प्रो कबड्डी लीग में शानदार खेल से क्वालीफाइ से एक जीत की दूरीपर है। न्यूउड़ान भवन में एक भव्य कार्यक्रम में पूर्व क्रिकेटर व सांसद गौतम गंभीर टीम को बधाई दी। इस अवसर पर जीएमआर ग्रुप के संस्थापक, चेयरमैन, जीएमराव भी उपस्थित रहे। यूपी. योद्धा के ब्राण्ड अम्बेसडर गौतम गंभीर ने कहा, ''मुझे यूपी योद्धा टीम पर गर्व है। उन्होंने जीत के साथ अपने भीतर छिपी प्रतिभा को बाहर लाने का प्रयास किया है। उनका होम सीज़न शानदार होगा, हम उनका खेल देखने के लिए बेहद उत्सुक हैं।

**ई-निविदा प्रेस सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यकारी अभियंता, सिविल मंडल-4, सिंचाई एवं बाढ नियंत्रण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, एल एम बंध, कार्यालय परिसर, शास्त्री नगर, दिल्ली 31 कार्य के लिए सिंचाई एवं बाढ नियंत्रण विभाग से पंजीकृत अनुमोदित एवं पात्र ठेकेदारों से आनलाईन प्रतिशत दर दिनांक 10.10.2019 तक अपराह्न 3:00 बजे तक आमंत्रित करते हैं।

एच.ओ.ए.: एमएलएएलएडी फंडस् अंडर डिपार्टमेंन्ट ओफ डिवलमेंन्ट
1 एन आई टी न0 87/ रिंई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_181055_1)
कार्य का नामः गौण्डा विधान सभा क्षेत्र (एसी-66) पुराना गॉव गढ़ी माण्डू बाल स्मृति एस एम बंध की पहुँच रोड की मरम्मत का कार्य अनुमानित लागत 82,81,663/- धरोहर राशि रू 1,65,633/- समापन की अवधि 180 दिन।

एच.ओ.ए.: विलिज डिवलमेन्ट अंडर आईडीआरयूभी
2 एन आई टी न0 108/ ई ई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_180832_1)
कार्य का नामः सभापुर गॉव चौ रामपाल चौक से सोनिया विहार टौल टेक्स के द्वारा चौ उमेद सिंह मार्ग पर निर्माण का कार्य। अनुमानित लागत 5,14,21,169/- धरोहर राशि रू 10,28,423/- समापन की अवधि 180 दिन।

एच.ओ.ए.: विलिज डिवलमेन्ट अंडर आईडीआरयूभी
3 एन आई टी न0 109/ ई ई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_180842_1)
कार्य का नामः सभापुर गॉव पर खजुरी पुस्ता रोड से सोनिया विहार पुस्ता रोड के द्वारा रतिराम मार्ग पर निर्माण का कार्य। अनुमानित लागत 4,89,86,603/- धरोहर राशि रू 9,79,732/- समापन की अवधि 180 दिन।

एच.ओ.ए.: 4406 प्लान फोरेस्ट
4 एन आई टी न0 110/ ई ई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_180839_1)
कार्य का नामः एनएवएआई उत्तरी वन डिविजन के पास शास्त्री पार्क (डीपीटीए) जंगल आरबीटी फेसिंग के साथ चारदीवारी पर आर आर सी मेसोनरी दीवार के साथ कानसरटीना कोयिले निर्माण का कार्य। अनुमानित लागत 1,50,88,146/- धरोहर राशि रू 3,01,763/- समापन की अवधि 150 दिन।

एच.ओ.ए.: 4711 अदर डैनेज वर्कस
5 एन आई टी न0 111/ ई ई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20(आई डी न0 2019_आई एफ सी_181010_1)
कार्य का नामः बाबर विधान सभा क्षेत्र (एसी-67) ट्रंक ड्रैन न0 1, के साथ समन्वित दूरी 9500मी पर दो लेन ब्रिज निर्माण का कार्य। अनुमानित लागत 1,74,86,140/- धरोहर राशि रू 3,49,723/- समापन की अवधि 365 दिन।

एच.ओ.ए.: डिवलमेंट ओफ अनोतोराइज कालोनी
6 एन आई टी न0 112/ ई ई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20(आई डी न0 2019_आई एफ सी_181017_1)
कार्य का नामः गोकुल पुर विधान सभा क्षेत्र. एसी-68 अनोतोराइज कालोनी हर्ष विहार (भाग-1, भाग-2, भाग-3, भाग-4, ओर भाग-5,) (रजि न0 117/895) वाली गली समीप का नाला/ड्रैन को ऊँचा गलियों के सुधार का कार्य सम्मिलित साल की मरम्मत का कार्य। अनुमानित लागत 7,88,86,299/- धरोहर राशि रू 15,77,726/- समापन की अवधि 365 दिन।

नोट 1) ठेकेदारों की सूचीबद्धता निविदा खुलने की अन्तिम तिथि को वैध होनी चाहिए अगर निविदा खोलने की तिथि आगे बढाई जाती है तो उसी वैधता तारीख निविदा खुलने वाले दिन तक समझी जायेगी।

2) निम्नलिखित की प्रतियाँ भी ई निविदा पर डालना अनिवार्य है।

1 जीएसटी की छाया प्रति अप टू डैअुफाईल रिटैन प्रुफ।

2 पंजीकरण की छाया प्रति उपयुक्त वर्ग है।

3 धरोहर राशि की छाया प्रति।

4 ईएसआईसी/ईपीएफओ पंजीकरण की छाया प्रति।

5 पेन न0/स्थायी खाता संख्या की छाया प्रति।

6 वैद्य फोन न0 वटसप न0/मेल/की छाया प्रति

3) धरोहर राशि डीडी/एफडीआर के रूप में जो कि देय होगी ई ई, सी डी-4 के संदर्भ में निविदा खोलने के 3.00 बजे तक भौतिक रूप में कार्यालय ई ई, सी डी-4 जमा की जायेगी। यदि धरोहर राशि भौतिक रूप से जमा नहीं की गयी तो निविदा रद्द समझी जायेगी। उपरोक्त उल्लेखित कार्य का विवरण वेबसाईट http://govtprocurement.dlehi.gov.in से देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

4) निविदा दस्ती जमा नहीं की जाएगी। केवल वेबसाईट ई प्रोक्योरमेन्ट पर अपलोड की हुई मान्य है।

DIP/Shabdarth/0768/18-19

supertech
BASERA
AFFORDABLE LIVING REDEFINED

**फ्लैट्स का ड्रॉ**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि हमारे अर्फोडेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट बसेरा, जो सेक्टर-79 व 79B, गुरुग्राम, हरयाणा में मेसर्स रिवाईटल रियेल्टी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा डेवलप किया जा रहा है। इसके 126 युनिट्स का ड्रा वीरवार, 3 अक्टूबर, 2019 को 11:00 A.M. पर ब्लॉक A निर्वाणा पैसियो क्लब, सेक्टर - 50, साऊथ सिटी - II, गुरुग्राम में सरकारी अधिकारियों की उपस्थिति में संचालित किया जाएगा। प्रवेश के लिए, कृपया अपना एकनौलेजमेंट स्लिप या आवेदक का कोई भी मान्य आईडीप्रूफ लेकर आयें।

License No.- 163 and 164 of 2014, Dated 12/9/2014
Harera No: 108 of 2017 Dated 24/08/2017

M/S REVITAL REALITY PVT. LTD.
Corp. Off.: Supertech House, B 28-29, Sector-58, Noida - 201307.
www.supertechlimited.com

ICICI Bank
ICICI Bank Limited

पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चकली सर्किल, ओल्ड पाद्रा रोड, वडोदरा, गुजरात-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (पू). मुंबई-400 051
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., वीडियोकॉन टावर, झंडेवालान, नई दिल्ली-110 055

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी**

[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

| क्र. सं. (क) | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों /गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या (ख) | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों यदि कोई (ग) | बकाया राशि (रू. में) (घ) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) (ङ) | धरोहर राशि जमा (रू. में) (च) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय (छ) | नीलामी की तिथि एवं समय (ज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हिमांशु खट्टर कर्जदार/ दिव्या बख्शी सह-कर्जदार एलबीएनओडी00002029807 | फ्लैट नंबर सी-4/122, 12वां तल, अरावली हाइट्स, घारूहेड़ा, द्वारकाधीश, रेवाड़ी, हरियाणा एरिया - 1555 वर्ग फीट | रू. 59,23,345/- (17 सितम्बर, 2019 को) | रू. 28,80,000/- | रू. 2,88,000/- | 15 अक्टूबर, 2019 को मध्या. 12.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 07 नवम्बर, 2019 को पूर्वा. 10.00 बजे से |
| 2 | दिनेश कुमार सुकुमारन कर्जदार/गरिमा सचदेवा सह-कर्जदार एलबीएनओडी00002010573 | फ्लैट नंबर बी-4/122, 12वां तल, सेक्टर-24, अरावली हाइट्स, घारूहेड़ा, रेवाड़ी, एरिया - 1590 वर्ग फीट | रू. 59,46,524/- (17 सितम्बर, 2019 को) | रू. 29,50,000/- | रू. 2,95,000/- | 15 अक्टूबर, 2019 को मध्या. 12.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 07 नवम्बर, 2019 को पूर्वा. 10.30 बजे से |
| 3 | प्रवीण कुमार पिन्टे कर्जदार/ जोयिता घोष सह-कर्जदार एलबीएनओडी00002019451 | फ्लैट नंबर बी-2/114, 11वां तल, द्वारकाधीश अरावली हाइट्स, सेक्टर-24, घारूहेड़ा, रेवाड़ी, हरियाणा-123401 एरिया - 1608 वर्ग फीट | रू. 56,86,924/- (17 सितम्बर, 2019 को) | रू. 29,80,000/- | रू. 2,98,000/- | 15 अक्टूबर, 2019 को मध्या. 12.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 07 नवम्बर, 2019 को पूर्वा. 11.00 बजे से |
| 4 | सौम्या जैन कर्जदार एलबीएनओडी00002007549 | फ्लैट नंबर बी-3/125, घारूहेड़ा, द्वारकाधीश, रेवाड़ी, हरियाणा-123401 एरिया - 1555 वर्ग फीट | रू. 56,82,821/- (17 सितम्बर, 2019 को) | रू. 36,00,000/- | रू. 3,60,000/- | 15 अक्टूबर, 2019 को मध्या. 12.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 07 नवम्बर, 2019 को पूर्वा. 11.30 बजे से |
| 5 | अनुपम अग्रवाल कर्जदार/ शशि बाला अग्रवाल सह-कर्जदार एलबीएनओडी00001994300 | फ्लैट नंबर सी-3/121, 12वां तल, अरावली हाइट्स, द्वारकाधीश, घारूहेड़ा, रेवाड़ी, सी-3 ब्लॉक, सेक्टर-24, हरियाणा-123401 एरिया - 1548 वर्ग फीट | रू. 54,89,568/- (17 सितम्बर, 2019 को) | रू. 28,70,000/- | रू. 2,87,000/- | 15 अक्टूबर, 2019 को मध्या. 12.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 07 नवम्बर, 2019 को मध्या. 12.00 बजे से |
| 6 | शशि कान्त प्रसाद कर्जदार/ मालती प्रसाद सह-कर्जदार एलबीएनओडी00001995795 | फ्लैट नंबर डी-1/127, 12वां तल, अरावली हाइट्स, सेक्टर-24, डी-1 ब्लॉक, घारूहेड़ा, रेवाड़ी, हरियाणा-123401 एरिया - 1223 वर्ग फीट | रू. 48,92,640/- (17 सितम्बर, 2019 को) | रू. 22,70,000/- | रू. 2,27,000/- | 15 अक्टूबर, 2019 को मध्या. 12.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 07 नवम्बर, 2019 को अप. 12.30 बजे से |
| 7 | आकार सिंह भाटिया कर्जदार/ परीक्षत सिंह सह-कर्जदार एलबीजीयूआर00001971765 | फ्लैट नंबर डी-1/16, प्रथम तल, अरावली हाइट्स, सेक्टर-24, डी-1 ब्लॉक, घारूहेड़ा, रेवाड़ी, हरियाणा-123401 एरिया - 1200 वर्ग फीट | रू. 49,24,569/- (17 सितम्बर, 2019 को) | रू. 22,20,000/- | रू. 2,22,000/- | 15 अक्टूबर, 2019 को मध्या. 12.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 07 नवम्बर, 2019 को अप. 01.00 बजे से |
| 8 | धर्मेन्द कुमार कर्जदार/ सुनीता सिंह सह-कर्जदार एलबीएनओडी00002029333 | फ्लैट नंबर सी-4/121, 12वां तल, अरावली हाइट्स, सेक्टर-24, घारूहेड़ा, रेवाड़ी, एरिया - 1548 वर्ग फीट | रू. 54,33,644/- (17 सितम्बर, 2019 को) | रू. 28,70,000/- | रू. 2,87,000/- | 15 अक्टूबर, 2019 को मध्या. 12.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 07 नवम्बर, 2019 को अप. 01.30 बजे से |
| 9 | धर्मेन्द कुमार कर्जदार/ सुनीता सिंह सह-कर्जदार एलबीएनओडी00002030018 | फ्लैट नंबर डी-5/134, 13वां तल, अरावली हाइट्स, घारूहेड़ा, हरियाणा एरिया - 1207 वर्ग फीट | रू. 48,62,692/- (17 सितम्बर, 2019 को) | रू. 28,00,000/- | रू. 2,80,000/- | 15 अक्टूबर, 2019 को मध्या. 12.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 07 नवम्बर, 2019 को अप. 02.00 बजे से |
| 10 | मांगे राम जैन कर्जदार/ अनामिका जैन सह-कर्जदार एलबीएनओडी00002011506 | फ्लैट नंबर डी-2/134, 13वां तल, अरावली हाइट्स, सेक्टर-24, ब्लॉक घारूहेड़ा, रेवाड़ी, हरियाणा एरिया - 1207 वर्ग फीट | रू. 43,49,165/- (17 सितम्बर, 2019 को) | रू. 22,40,000/- | रू. 2,24,000/- | 15 अक्टूबर, 2019 को मध्या. 12.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 07 नवम्बर, 2019 को अप. 02.30 बजे से |
| 11 | मांगे राम जैन कर्जदार/ अनामिका जैन सह-कर्जदार एलबीएनओडी00002029715 | फ्लैट नंबर डी-2/131, 13वां तल, अरावली हाइट्स, घारूहेड़ा, रेवाड़ी, हरियाणा -123401 एरिया - 1207 वर्ग फीट | रू. 42,42,152/- (17 सितम्बर, 2019 को) | रू. 28,00,000/- | रू. 2,80,000/- | 15 अक्टूबर, 2019 को मध्या. 12.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 07 नवम्बर, 2019 को अप. 03.00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी नीलामी एजेन्सी श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड (यूआरएल लिंक - "https://eauction.samil.in") की वेबसाइट पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 06 नवम्बर, 2019 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बिडर (बिडर्स) को अपनी ऑफर उपरोक्त धरोहर राशि जमा (कालम च में वर्णितानुसार) सहित एक मोहरबंद लिफाफे में "सम्पत्ति के क्रय हेतु ऑफर" शीर्षांकित कर इस प्रकार प्रस्तुत करें कि आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, द्वितीय तल, वीडियोकॉन टावर, ब्लॉक ई-1, झंडेवालान एक्सटेंशन, रानी झांसी रोड, नई दिल्ली-110055 में अथवा हमारे मार्केटिंग एजेन्ट श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड के द्वितीय तल, बेस्ट स्काई टावर, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली-110034 स्थित कार्यालय में 06 नवम्बर, 2019 को अथवा पूर्व अप. 5.00 बजे से पहले पहुंच जानी चाहिए। मार्केटिंग एजेन्सी को नीलामी के सम्यक संचालन के लिए नीलामकार के रूप में भी अनुबंधित किया गया है। ईएमडी डीडी/पीओ राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड" के पक्ष में तथा दिल्ली में देय होना चाहिए। निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के मोबाइल नम्बर 8657476284/8584874809/8657549734 पर अथवा श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड के 9910453434 पर सम्पर्क करें। केवल बैंक/ई-नीलामी विक्रेता पदाधिकारी द्वारा अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व पूर्ण विवरण के साथ प्राप्त और पंजीकृत की गई निविदाएं ही नीलामी हेतु मान्य होंगी। प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की वेबसाइट देखें : https://www.icicibank.com/n4p4s

तिथि : 01 अक्टूबर, 2019
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# अश्विन और जडेजा की तरह प्रदर्शन में निरंतरता चाहता हूं : महाराज

● कल से शुरू होगी तीन टेस्ट मैचों की श्रृखला

एजेंसी। विशाखापत्तनम

दक्षिण अफ्रीका के सबसे अनुभवी स्पिनर केशव महाराज चाहते हैं कि बुधवार से यहां शुरू हो रही तीन टेस्ट की श्रृंखला के दौरान उनके प्रदर्शन में भारतीय स्पिनरों रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की तरह निरंतरता हो। बाएं हाथ के स्पिनर महाराज ने 25 टेस्ट में 94 विकेट चटकाए हैं।
काउंटी क्रिकेट में उन्होंने सफल प्रदर्शन किया जिसके बाद उन्हें उम्मीद है कि वह भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लिए हालात असहज कर देंगे। पहली बार भारत के टेस्ट दौरे पर आए महाराज ने कहा, तब अच्छा लगता है जब लोग आपकी क्षमता की सराहना करते हैं। जडेजा और अश्विन को देखिए। अश्विन के पास काफी वैरिएशन हैं और जडेजा चीजों को सामान्य रखता है लेकिन अहम चीज निरंतरता है और इससे बल्लेबाज के लिए चीजें असहज हो जाती हैं। मैं भी ऐसा कर सकता हूं और एक छोर से अपना काम कर सकता हूं। महाराज ने कहा कि स्पिन अहम भूमिका निभाएगी लेकिन रिवर्स स्विंग भी श्रृंखला में बड़ी भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा, उप महाद्वीप में आप उम्मीद कर सकते हो कि गेंद टर्न करेगी और यही कारण है कि टीमें यहां अतिरिक्त स्पिनर के साथ आती हैं। जहां तक भारतीय



बल्लेबाजों को गेंदबाजी करने का सवाल है तो आप सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ ही खुद को परख सकते हैं। यह श्रृंखला मुझे बताएगी कि मैं कितना अच्छा हूं और मैं यहां अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने लायक हूं या नहीं। महाराज ने कहा, स्पिन के अलावा रिवर्स स्विंग भी महत्वपूर्ण होगी। दुनिया भर में प्रत्एक गेंदबाजी इकाई रिवर्स स्विंग उपलब्ध होने पर इसका फायदा उठाना चाहती है। भारत के पास मजबूत गेंदबाज हैं जिसमें मोहम्मद शमी भी शामिल हैं जिन्हें कभी कभी खेलना बेहद मुश्किल हो जाता है। अगर गेंद रिवर्स स्विंग करने लगती है तो हमारे पास भी शानदार गेंदबाज हैं जो हालात का फायदा उठा सकते हैं।
दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजी आक्रमण में वर्नन फिलेंडर, कागिसो रबादा और लुंगी एनगिडी शामिल हैं। भारतीय टीम को अपने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की सेवाएं नहीं मिलेंगी जो कमर में स्ट्रेस फ्रेक्चर के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। महाराज ने कहा कि भारत को इस तेज गेंदबाज की काफी कमी खलेगी। उन्होंने कहा, यह भारत के लिए बड़ा नुकसान है। लेकिन भारत के पास उनकी जगह लेने के लिए स्तरीय गेंदबाज हैं। उमेश यादव एक अन्य विश्व स्तरीय गेंदबाज है। दक्षिण अफ्रीका ने वर्षा से प्रभावित अभ्यास मैच में उम्दा प्रदर्शन किया। एडन मार्कराम (100) ने शतक जड़ा जबकि तेंबा बावुमा (87) और फिलेंडर (47) ने भी उपयोगी पारियां खेली। महाराज ने इस मैच में तीन विकेट चटकाए थे। दक्षिण अफ्रीका को चार साल पहले भारत में बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ा था और तब जडेजा और अश्विन ने मेहमान टीम के बल्लेबाजों को काफी परेशान किया था। महाराज ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका की यह नई टीम अतीत के नतीजों को अधिक तूल नहीं देना चाहती।

## नागरकोटी की एमर्जिंग एशिया कप के लिए भारतीय टीम में वापसी

एजेंसी। नई दिल्ली

युवा तेज गेंदबाज कमलेश नागरकोटी ने चोटिल होने के कारण 19 महीने तक बाहर रहने के बाद आगामी एमर्जिंग एशिया कप के लिए सोमवार को भारतीय टीम में वापसी की। पिछले साल न्यूजीलैंड में अंडर-19 विश्व कप में भारत के खिताबी अभियान में अहम भूमिका निभाने वाले नागरकोटी पर बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में विशेषज्ञों ने लगातार निगरानी रखी। वह यहां पीठ के निचले हिस्से, एड़ी और टखने का उपचार करा रहे थे। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने अपना आखिरी मैच पिछले साल राजस्थान की तरफ से विजय हजारे ट्राफी में खेला था। एमर्जिंग एशिया कप नवंबर में बांग्लादेश में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम इस प्रकार रहा है : विनायक गुप्ता, आर्यन जुयाल, बी.आर. शरथ (कप्तान और विकेटकीपर) चिन्मय सुतार, यश राठौड़, अरमान जाफर, संवीर सिंह, कमलेश नागरकोटी, ऋतिक शौकीन, एसए देसाई, अर्शदीप सिंह, एसआर दुबे, कुमार सूरज, पी.रेखाडे, कुलदीप यादव।

### भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जाने वाले पहले टेस्ट पर बारिश का साया

**विशाखापत्तनम।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच बुधवार से यहां खेले जाने पहले टेस्ट मैच के दौरान पांचों दिन बारिश की संभावना है। पिछले एक सप्ताह से यहां लगातार बारिश हो रही है और तीन मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट के शुरुआती दिन 80 प्रतिशत बारिश का पूर्वानुमान है। मैच के दूसरे और तीसरे दिन क्रमश: 50 और 40 प्रतिशत बारिश की संभावना है जबकि आखिरी के दो दिनों का खेल भी बारिश से प्रभावित हो सकता है। यहां से लगभग 50 किलोमीटर दूर विजयनगरम में दक्षिण अफ्रीका और बोर्ड अध्यक्ष एकादश के बीच खेला गया तीन दिवसीय अभ्यास मैच का शुरूआती दिन तेज बारिश के कारण धुल गया था।

### उपराष्ट्रपति ने उद्यमियों से खेल आधारभूत ढांचा तैयार करने में मदद करने को कहा

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम वैंकया नायडू ने कारपोरेट जगत, समाजसेवा से जुड़े लोगों और मशहूर खिलाड़ियों से देश में विशेषकर पूर्वोत्तर में खेलों का आधारभूत ढांचा तैयार करने के सरकार के प्रयासों में मदद करने की अपील की। उन्होंने कहा, मैं भारत के उद्यमियों, समाजेसेवकों और प्रसिद्ध खेल हस्तियों से विशेषकर पूर्वोत्तर क्षेत्र में खेलों के आधारभूत ढांचे के निर्माण के लिए सरकार के प्रयासों में पूरक बनने की अपील करता हूं। खेल सुविधाओं में सुधार के सरकार के प्रयासों को सभी का सहयोग मिलना जरूरी है। नायडू राष्ट्रीय राजधानी में आए मेरीकोम क्षेत्रीय मुक्केबाजी फाउंडेशन, इंफाल के 20 युवा मुक्केबाजों से रूबरू थे। उपराष्ट्रपति ने देश भर की खेल प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें आधारभूत ढांचा और प्रशिक्षण देकर बढ़ावा देने के लिए सरकार के खेलो इंडिया अभियान की सराहना भी की।उपराष्ट्रपति के सचिवालय से जारी बयान के अनुसार नायडू ने कहा कि मेरीकोम, पीवी सिंधू, साइना नेहवाल और दीपा कर्माकर जैसी खिलाड़ी युवाओं विशेषकर बच्चों को खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित करने का बीड़ा उठा रही हैं।

# पूरे जोश के साथ उतरेगी भारत की टीम





बुधवार से शुरू होने वाले तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले अभ्यास करती भारती टीम, टीम को टिप्स देते मुख्य कोच रवि शास्त्री

● विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में शुरुआती सफलता हासिल करना चाहेगा भारत पहला मैच कल

एजेंसी। दुबई

भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में शुरू में मजबूत स्थिति में पहुंचने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो अक्टूबर से शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में कोई कसर नहीं नहीं छोड़ेगा जबकि मेहमान टीम इस प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। विराट कोहली की अगुवाई वाली टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2-0 से बढ़त हासिल की थी जिससे उसे श्रृंखला से पूरे 120 अंक मिले। अब तक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत जो तीन श्रृंखलाएं खेली गई हैं उनमें केवल भारत ही ऐसा कर पाया है। श्रीलंका और न्यूजीलैंड ने दो मैचों की श्रृंखला।-। से बराबर कराई थी और उनमें से प्रत्एक के 60 अंक हैं जबकि इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की एशेज श्रृंखला 2-2 से बराबर छूटी थी ओर उनमें से प्रत्एक के 56 अंक हैं। टेस्ट क्रिकेट में नई जान फूंकने के लिए पिछले महीने इस चैंपियनशिप की शुरुआत की गई थी। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच विशाखापत्तनम, पुणे और रांची में होने वाले टेस्ट मैचों में से प्रत्एक में 40 अंक दांव पर लगे होंगे। इस चैंपियनशिप के तहत श्रृंखला के मैचों के आधार पर प्रत्एक टेस्ट के लिए अंक तय किए जाते हैं जैसे दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में एक टेस्ट के लिए 60 अंक जबकि पांच मैचों की श्रृंखला में एक टेस्ट के लिए 24 अंक मिलते हैं। भारत अगर तीनों टेस्ट मैच जीतने में सफल रहता तो उसके अंकों की संख्या 240 हो जाएगी। दूसरी तरफ दक्षिण अफ्रीका अगर तीनों मैच जीतता है तो उसके भारत के समान 120 अंक हो जाएंगे। लीग चरण के आखिर में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमों के बीच जून 2021 में यूनाईटेड किंगडम में फाइनल खेला जाएगा जिसके विजेता को विश्व टेस्ट चैंपियन का खिताब मिलेगा।

## एमसीए चुनाव में मतदान कर पाएंगे तेंदुलकर, वेंगसरकर

एजेंसी। मुंबई

अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और दिलीप वेंगसरकर उन 39 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में शामिल हैं जो मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के चार अक्टूबर को होने वाले चुनाव में मतदान करने के अधिकारी होंगे। जो अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एमसीए मतदान में हिस्सा ले सकते हैं, उनमें अभय कुरुविला, अजित अगरकर, अजीत पाई, अविष्कार साल्वी, चंद्रकांत पंडित, चंद्रकांत पाटनकर, दिलीप वेंगसरकर, जतिन परांजपे, नीलेश कुलकर्णी, पारस महाम्ब्रे, प्रवीण आमरे, रमेश पोवार, सचिन तेंदुलकर, साईराज बहुतुले, सलिल अंकोला, संजय बांगड़, संजय मांजरेकर, सुधीर नाइक, सुरेंद्र नायक, उमेश कुलकर्णी, विनोद कांबली और जहीर खान शामिल हैं। बाकी वे महिला खिलाड़ी हैं जिन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया है। इस सूची को संघ ने सोमवार को अपनी वेबसाइट पर दिया।

# स्ट्रेस फ्रैक्चर पर चिकित्सकों से राय लेने इंग्लैंड जाएंगे बुमराह



एजेंसी। नई दिल्ली

भारत के चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह कमर के निचले हिस्से में लगी चोट (स्ट्रेस फ्रैक्चर) पर विशेषज्ञों को राय लेने के लिए इंग्लैंड जाएंगे।
इस चोट के कारण बुमराह कम से कम दो महीने तक भारतीय टीम से बाहर हो गए। इस दौरान वह दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में भाग नहीं ले पाएंगे। साढ़े तीन साल के करियर में यह पहली बार होगा जब बुमराह चोट के कारण इतने लंबे समय तक टीम से दूर रहेंगे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि, बीसीसीआई स्ट्रेस फ्रैक्चर के इलाज के लिए बुमराह को लंदन भेज रहा है। इस दौरान एनसीए के फिजियोथेरेपिस्ट आशीष कौशिक उनके साथ रहेंगे। बीसीसीआई ने तीन अलग-अलग विशेषज्ञों से राय लेने के लिए समय लिया है। उन्होंने कहा, बुमराह छह या सात अक्टूबर को एक सप्ताह के लिए इंग्लैंड रवाना हो सकते है। उनकी आगे की योजना तीन चिकित्सकों से मिली राय पर निर्भर करेगा। हमने इस मामले सर्वश्रेष्ठ चिकित्सकों से राय ली है। टीम को दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में बुमराह की कमी खलेगी। पच्चीस साल का यह गेंदबाद पिछले दो वर्षों में टीम का मुख्य गेंदबाज बन कर उभरा है। उन्होंने 12 टेस्ट में 62 विकेट जबकि 58 एकदिवसीय में 103 विकेट चटकाए है। टी20 में उनके नाम 42 मैच में 51 विकेट है। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने रविवार को कहा कि जसप्रीत बुमराह का स्ट्रेस फ्रैक्चर उनके अलग तरह के एक्शन के कारण नहीं है और ऐसे मामले में ठीक होने की कोई समय सीमा नहीं होती है। बुमराह दो महीने में ठीक हो सकते हैं या फिर छह महीने तक मैदान से दूर रह सकते हैं।

# पोरेल की घातक गेंदबाजी से बंगाल चमका

● विजय हजारे वनडे ट्राफी : जम्मू कश्मीर को हराया

एजेंसी। जयपुर

बंगाल के युवा तेज गेंदबाज इशान पोरेल ने लिस्ट ए में करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए छह विकेट चटकाए जिससे उनकी टीम ने विजय हजारे एकदिवसीय ट्राफी के एलीट ग्रुप सी के मैच में सोमवार को यहां जम्मू कश्मीर को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। पोरेल ने 10 ओवर में तीन मेडन के साथ 34 रन देकर छह विकेट चटकाए। जम्मू कश्मीर की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 48.2 ओवर में 169 रन पर आउट हो गई। टीम के सिर्फ चार बल्लेबाज दहाई के आंकडे तक पहुंच सके। बंगाल ने महज 28 ओवर में दो विकेट पर 175 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। टीम के लिए श्रीवत्स गोस्वामी (नाबाद 81) और कप्तान अभिमन्यु



इश्वरण (51) की अर्धशतकीय पारियां खेलने के साथ पहले विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी कर मजबूत नींव रखी। गोस्वामी ने 80 गेंद की पारी में 10 चौके और एक छक्का लगाया। इससे पहले पोरेल की धारदार गेंदबाजी के सामने जम्मू कश्मीर के बल्लेबाज बेबस नजर आए और टीम के पांच बल्लेबाज 26 रन के स्कोर तक पवेलियन लौट गए। फजिल राशिद (47) और राम दयाल (57) ने सातवें विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी टीम को संभाला।
ग्रुप के दूसरे मैच में मध्य प्रदेश ने बिहार को सात विकेट से हराया। मिहिर हिरवानी (29 रन पर चार विकेट) की करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के दम पर मध्यप्रदेश ने बिहार की पारी को 40.4 ओवर में 137 रन पर समेट दिया। टीम ने 27.4 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। ग्रुप के एक अन्य मुकाबले में गुजरात ने त्रिपुरा को 101 रन से हराया। भार्गव मेराई के लिस्ट ए क्रिकेट में करियर की सर्वश्रेष्ठ 125 रन की पारी दम पर गुजरात ने निर्धारित 50 ओवर में 305 रन (आल आउट) बनाने के बाद त्रिपुरा को आठ विकेट पर 208 रन ही बनाने दिए। त्रिपुरा के लिए मिलिंद कुमार ने नाबाद 103 रन की पारी खेली जो उनकी लिस्ट ए करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी है।



पहले टेस्ट मैच से पहले अभ्यास करती दक्षिण अफ्रीका की टीम

## तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पलानीस्वामी से मिले टीएनसीए सचिव

**चेन्नई।** तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) के नवनियुक्त सचिव आर एस रामास्वामी ने सोमवार को यहां राज्य के मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने टीएनसीए की नई प्रमुख रूपा गुरुनाथ से भी फोन पर बात की और उन्हें शुभकामनाएं दी। रूपा बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन की बेटी हैं। रूपा को निर्विरोध टीएनसीए का अध्यक्ष चुना गया था। वह किसी राज्य क्रिकेट संघ की अध्यक्ष बनने वाली पहली महिला हैं। मुख्यमंत्री के साथ मुलाकात को 23 अक्टूबर को होने वाले बीसीसीआई चुनावों को देखते हुए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## धोनी ने रांची को क्रिकेट की दुनिया में प्रसिद्ध बनाया : राष्ट्रपति

एजेंसी। रांची



झारखंड की कई हस्तियों के योगदन को याद करते हुए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सोमवार को कहा कि क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी ने रांची को क्रिकेट की दुनिया में प्रसिद्ध किया है। कोविंद रांची विश्वविद्यालय के 33वें दीक्षान्त समारोह को यहां संबोधित कर रहे थे। कोविंद ने कहा, एम.एस धोनी ने कल (रविवार) को मुझसे राज भवन में शिष्टाचार के नाते मुलाकात की। मुझे अच्छा लगा। मैंने उससे कहा कि वह चमक-दमक से दूर (लो प्रोफाइल) रहते हैं लेकिन लोग उन्हें बहुत पसंद करते है क्योंकि वह प्रतिभाशाली हैं। राष्ट्रपति ने इस मौके पर तीरंदाज दीपिका कुमारी और 1928 के ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के कप्तान जयपाल सिंह मुंडा की उपलब्धियों की सराहना की। इन दोनों का संबंध झारखंड से है। राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि अल्बर्ट एक्का जैसे लोगों का झारखंड से नाता रहा है, जिन्हें 1971 युद्ध के दौरान उनकी वीरता के लिए मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। मुख्यमंत्री रघुबर दास और उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश, न्यायमूर्ति एम.वाई. इकबाल रांची विश्वविद्यालय के विशिष्ट पूर्व छात्रों में से हैं। इस मौके पर राष्ट्रपति के साथ प्रथम महिला सविता कोविंद के अलावा, राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू, मुख्यमंत्री रघुबर दास, शिक्षा मंत्री नीरा यादव, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति आर.के. पांडे और प्रो वाइस- चांसलर कामिनी कुमार ने मंच साझा किया।

# टेस्ट क्रिकेट पर जलवायु परिवर्तन के असर से चिंतित हैं चैपल

एजेंसी। मेलबर्न

आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट को सिर्फ टी20 की बढ़ती लोकप्रियता ही नहीं बल्कि जलवायु परिवर्तन से भी खतरा है और दुनिया भर के क्रिकेट बोर्ड को इस पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है।
चैपल ने ईएसपीएनक्रिकइंफो वेबसाइट पर अपने लेख में लिखा, पांच दिवसीय मैचों का करीब से निरीक्षण करने से संकेत मिलते हैं कि हमारे सामने कुछ गंभीर चुनौतियां हैं। इनमें दो सबसे बड़ी चिंता लंबे प्रारूप पर टी20 क्रिकेट और जयवायु परिवर्तन का प्रभाव है। टेस्ट क्रिकेट के भविष्य को लेकर अपनी चिंता साझा करते हुए चैपल ने लिखा, खेल पर जलवायु परिवर्तन का असर एक बड़ी चिंता है और इसका हल उन राजनीतिज्ञों की निर्णायक कार्वाई पर निर्भर करता है, जो झुंझलाहट भरा मौन धारण किए रहते हैं। उन्होंने कहा,



सबसे पहले तो बढ़ते तापमान से खिलाड़ियों के स्वास्थ्य पर असर पड़ेगा। बारिश के कारण खेल में विलंब होने से अधिक हताशा भरा कुछ नहीं होता लेकिन कल्पना कीजिए कि सूरज की बेहद तेज रोशनी होने के कारण खिलाड़ियों को मैदान से बाहर जाना पड़े। त्वचा के कैंसर से जूझने वाले इस पूर्व कप्तान ने कहा कि बेहद लंबे समय तक सूरज की रोशनी में रहने से खिलाड़ियों को उस तरह की बीमारी का सामना करना पड़ सकता है, जिसका सामना वह कर रहे हैं। चैपल ने लिखा, यह हकीकत है कि अगर तापमान बढ़ता रहा तो खिलाड़ियों को लू लगने से या त्वचा के कैंसर से होने वाले नुकसान से बचाना होगा। मुकदमेबाजी के युग में क्रिकेट बोर्ड को सतर्कता से आगे बढ़ने की जरूरत है। इसमें कोई हैरानी नहीं कि दिन-रात्रि मैचों को टेस्ट क्रिकेट के भविष्य के लिए अहम माना जा रहा है। चिंतित चैपल ने कहा, इसके अलावा समुद्र का जलस्तर बढ़ने की भी चिंता है और अधिक क्रूर मौसमी घटनाएं जैसे विनाशकारी बवंडर और चक्रवात। उन्होंने कहा, साथ ही कम बारिश का भी नुकसानदायक प्रभाव है, जिसके कारण एक टेस्ट मैच शहर कहे जाने वाले केपटाउन में हाल के वर्षों में पानी समाप्त होने की स्थिति में पहुंच गया है। चैपल ने कहा, ए घटनाएं चेतावनी दे रही हैं कि क्रिकेटरों और प्रशासकों को जलवायु परिवर्तन को गंभीरता से लेने की जरूरत है।

# ‘भ्रांतियों को दूर करने के लिए ही गाया रैप ‘वहम’

फिल्म ‘गली ब्वाय’ की रिलीज़ के बाद अपने जीवन में आए परिवर्तन तथा अपने नवीनतम गाने आदि के बारे में पायनियर संवाददाता **शालिनी सक्सेना** से बात की **रैपर नेज़ी** ने। बातचीत के प्रमुख अंश-



■ **आपका नवीनतम रैप गाना ‘वहम’ किस बारे में है?**

ये वास्तव में लोगों ने मेरे बारे में जो भ्रमपूर्ण धारणा बना रखी है और किस प्रकार मेरी मां, प्रेमिका और मेरे प्रबंधन के बारे में भ्रम पैदा किया गया है, को शब्द देने की ही प्रक्रिया है। अपने इस रैप के माध्यम से मैं लोगों से सकारात्मक रहकर आगे बढ़ने का ही आग्रह कर रहा हूं। इस रैप में मैं अपने बारे में प्रचारित सभी बातों को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहा हूं।

■ **आप ऐसा क्यों करना चाहते हैं?**

मैंने सोशल मीडिया से लेकर मीम आदि भी देखे हैं और मुझे लगा कि श्रोताओं को सही बात नहीं पता है। मैं इस बारे में अपनी स्थिति स्पष्ट कर देना चाहता था। मैंने फिर एक रैप लिखा और उसे गा दिया।

■ **पिछले दो सप्ताहों के दौरान आपने ये दूसरा रैप जारी किया है क्या ये जारी रहेगा और यदि हां तो ऐसा क्यों?**

पिछले साल मैंने एक लंबा ब्रेक लिया था। फिर मैं रैप दुबारा से करना चाहता था और मैंने निर्णय किया कि मैं इस साल जितने हो सकें, गाने गाऊंगा। मैंने इसी प्रेरणा के साथ एक रैप ‘एक के बाद एक के बाद एक’ गाया। और मैं एक के बाद एक रैप जारी कर के इस वक्तव्य को सही साबित कर रहा हूं।

■ **फिल्म गली ब्वॉय के बाद आपके जीवन में किस प्रकार के परिवर्तन आए?**

अब जब भी मैं सड़क पर निकलता हूं लोग मुझे पहचानते हैं और अब वे मेरे बारे अधिक जानना चाहते हैं। ये बात अच्छी और बुरी दोनों ही है। बुरी इस अर्थ में कि अब मेरा कोई व्यक्तिगत जीवन नहीं बचा है। मुझे ये बुरा लगता है कि लोग मेरे बारे में सबकुछ जानना चाहते हैं। अच्छी बात ये कि मैंने हाल ही में एक बाइक और एक घर खरीदा है। कॅरियर को देखें तो सबकुछ अच्छा चल रहा है।

■ **क्या ये बात आपको सही नहीं लगती कि आपको एक फिल्म के कारण आपको लोकप्रियता मिली?**

देखिये हम फिल्म से पहले ही लोकप्रिय थे। फिल्म ने केवल हमारे प्रयासों को सही साबित कर दिया। पहले की पीढ़ी को अब पता चल गया है कि हम जो कर रहे थे वो भी संगीत होता है। ये पीढ़ी मानती ही नहीं थी कि हम जो कर रहे थे वो हमारी संस्कृति का हिस्सा है। लेकिन आज जो हम कहते हैं वो उन्हें समझ आता है।

■ **क्या फिल्म की रिलीज़ के बाद से रैप में वृद्धि हुई है?**

जी हां, आज तो हर गली का हर व्यकित हिप हॉप में रुचि रखता है। इसमें किसी प्रकार का अंतर नहीं है। आज अमीर व गरीब सभी को रैप प्रिय है और वे अपने ढंग से इसका हिस्सा बनना चाहते हैं। अब ये बढ़ता ही जा रहा है।

■ **क्या इससे हिप हॉप में प्रतिस्पर्धा नहीं बढ़ रही?**

जी हां, आज श्रोताओं तथा रैपर्स की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। रैप के लिए ये सर्वश्रेष्ठ समय है। प्रतिस्पर्धा के कारण लोगों ने अपने शब्दों पर ध्यान देना प्रारंभ कर दिया हैं और वे इसे और अधिक अच्छा बनाना चाहते हैं। रैपर्स अच्छा काम करने के लिए परिश्रम कर रहे हैं और इससे प्रतिस्पर्धा में वृद्धि हो रही है।

■ **तो क्या इसका अर्थ ये है कि आपको भी कठिन परिश्रम करना पड़ा था?**

मेरे दर्शक अधिक संख्या में हैं यही कारण है कि अपने रैप को स्वीकार्य बनाने के कारण मैं अपने गानों को संतुलित करने का प्रयास कर रहा हूं। अंडरग्राउंड संगीत तथा मुख्यधारा के संगीत में अंतर है जिसे कि आम जनता के लिए बनाया जाता है। अभी मैं इन दोनों के बीच में हूं। लेकिन मुझे पता नहीं है कि मैं ऐसा करने में कितना सफल रहा हूं। अब ये बात तो समय ही बताएगा क्योंकि अभी मेरे कई गाने आना शेष है।

■ **आपके अंतरराष्ट्रीय टूअर्स का क्या होगा?**

अभी मैंने ऑस्ट्रेलिया का टूर करके वापस आया हूं। यहां परफॉर्म करना अद्भुत है। मेलबर्न में लोग उतावले हुए जा रहे थे। उन्हें हमारे शब्द पता थे। ऐसा लग रा था कि मैं नहीं वे ही गा रहे हैं। लेकिन सिडनी में बात अलग थी। वहां दिल्ली जैसी ही भीड़ थी जो संगीत को सुनने इसका आनंद लेने और उसपर नाचने लगती है। उन्हें इस बात की जरा भी परवाह नहीं है कि रैपर कौन है। अब मैं यूएस तथा दुबई में परफॉर्म करने के लिए प्रयासरत हूं।

■ **अब आगे की क्या योजना है?**

मैं एक सिंगल रिलीज़ करने की सोच रहा हूं जिसे मैंने ही बनाया है। इसके बाद एक ईपी है जिसमें दो या तीन गाने हैं। मैं कुछ वीडियो और अच्छी कंटेंट देना चाहता हूं। अभी बॉलिवुड के लिए कुछ नहीं है लेकिन यदि मेरे अनुकूल कुछ आता है तो मैं इसे अवश्य करूंगा।

## हनी सिंह को मिला आईफा पुरस्कार



**गायक और रैपर** यो यो हनी सिंह को हाल ही में तब एक बड़ी उपलब्धि मिली जब आइफा पुरस्कार वितरण समारोह में उन्हें सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देषन का पुरस्कार मिला। उन्हें फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी में उनके गाए दिल चोरी...गाने के संगीत निर्देषन के लिए ये पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार लेते समय उन्होंने कहा, ‘मैंने इस गाने को देसी बनाए रखने का पूरा प्रयास किया। इसके लिए मैंने ढोलक का भी प्रयोग किया और मुझे प्रसन्नता है कि दर्षकों को मेरा गाना अच्छा लगा। मैं अपने मित्रों तथा माता-पिता को भी धन्यवाद देता हूं।’

## ‘वॉर’ के प्रचार में साथ नहीं दिखेंगे ऋतिक, टाइगर



**अभिनेता** ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ अपनी फिल्म वॉर के प्रमोशन की अवधि में किसी भी स्टेज़ पर एक साथ नहीं दिखेंगे। निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने इस समाचार की पुष्टि करते हुए बताया, ‘हम उनके एक दूसरे के पीछे पड़ने के जादू को बनाए रखने के साथ ही फिल्म के लिए लोगों की बेसब्री को बढ़ाना चाहते हैं। हम परदे पर उनके द्वंद को इस प्रकार परदे से इतर भी बनाए रखकर उन्हें चर्चा में बनाए रखना चाहते हैं। हमारी टीम उन्हें एक दूसरे के विरुद्ध दिखाने के लिए कई अभिनव रणनीति बना रही है। बस आप इस योजना को साकार होते देखते जाइये।’ इस फिल्म को सात विभिन्न देशों में फिल्माया गया है और ये देश भर में 2 अक्तूबर को रिलीज़ हो रही है।

## शोले के कालिया विजू खोटे को सिने जगत ने दी श्रद्धांजलि



**मुंबई।** हिन्दी-मराठी फिल्मों के जाने-माने अभिनेता और शोले फिल्म में कालिया की यादगार भूमिका निभाने वाले विजय खोटे का सोमवार को निधन हो गया। सिने जगत की कई हस्तियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। खोटे (77) की भांजी एवं अदाकारा भावना बलसावर ने बताया कि उनका सुबह करीब छह बजकर 55 मिनट पर अपने घर में निधन हो गया। वह कुछ समय से बीमार थे। उनके कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। वह अंदाज अपना अपना फिल्म में रॉबर्ट के किरदार को लेकर भी मशहूर रहे। शोले के लेखक के तौर पर सलीम खान और जावेद अख्तर ने खोटे को एक प्रिय व्यक्ति के तौर पर याद किया। खान ने कहा, उनके निधन के बारे में सुन कर बहुत दुख हुआ। हमें किसी न किसी दिन इसका सामना करना ही था। यह जान कर अच्छा महसूस होता है कि संवाद (शोले फिल्म के) आज भी लोगों की जुबान पर हैं। जावेद अख्तर की बेटी एवं फिल्म निर्माता जोया अख्तर ने कहा, मैंने बचपन से उन्हें फिल्मों में देखा। वह शोले का हिस्सा थे। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। सतीश साह, सुनील शेट्टी, माधुरी दीक्षित नेने, रेखा भारद्वाज सहित अन्य ने सोशल मीडिया पर खोटे को याद किया। शाह ने ट्विटर पर लिखा, एक प्रिय मित्र और मशहूर अभिनेता विजू खोटे आज गुजर गए। ईश्वर आपकी आत्मा को शांति दे। कर्ज फिल्म में खोटे के साथ काम कर चुके रिषी कपूर ने कहा, जब मैं युवा था तब खोटे के साथ मोटरसाइकिल पर घूमा करता था। हम आपकी कमी महसूस करेंगे।

## रानी मुखर्जी की मर्दानी-2 13 दिसंबर को होगी रिलीज

एजेंसी। मुंबई



**रानी मुखर्जी** की मुख्य भूमिका वाली मर्दानी-2 फिल्म 13 दिसंबर को रिलीज होगी। यश राज फिल्म्स के प्रोडक्शन वाली इस फिल्म के लेखक और निर्देशक गोपी पुथरण हैं। इसमें रानी एक बार फिर पुलिसकर्मी शिवानी शिवाजी रॉय की भूमिका में दिखाई देंगी। यश राज फिल्म्स के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर एक पोस्ट में सोमवार को कहा गया, इस नवरात्रि, बुराई पर अच्छाई की जीत होगी। तारीख याद रख लीजिए। मर्दानी-2 13 दिसंबर को रिलीज होगी। प्रोडक्शन बैनर ने ट्विटर पर फिल्म का 30 सेकंड का टीजर भी साझा किया है। यह 2014 में आई प्रदीप सरकार के निर्देशन वाली मर्दानी का सीक्वल है। आलोचकों ने इस फिल्म को काफी सराहा था।

## ब्रिटनी स्पीयर्स ने किया प्रेमी का समर्थन



**हॉलिवुड** गायिका ब्रिटनी स्पीयर्स ने हाल ही में अपने प्रेमी सैम असगरी का समर्थन करने के लिए रेड कार्पेट आयोजन का हिस्सा बनीं। पिछले कुछ महीनों के दौरान हालांकि उन्हें कहीं देखा सुना नहीं गया था क्योंकि उनका और परिवार के बीच कुछ विवाद है जिसके कारण वो चर्चा से अलग रहीं। हाल ही में एक सुनवाई के दौरान कंजर्वेटरशिप के उनके दर्जे पर चर्चा की गई। 2007 में आर्थिक परिस्थितियों के पतन के बाद से ही उनके पिता 67 वर्षीय जेमी स्पियर्स ही उनकी वित्तीय और चिकित्सकीय मामलों का नियंत्रण करते हैं। इस मामले में हालांकि निर्णय अभी लंबित है। इसी माह के प्रारंभ में उनके पूर्व पति केविन फेडरलिन ने एक आपराधिक वाद के माध्यम से जेमी के विरुद्ध रिस्ट्रेनिंग आदेश प्राप्त कर पूर्व दंपत्ति के दोनों बच्चों से संपर्क को प्रतिबंधित करा दिया था जेमी पर आरोप था कि उन्होंने दंपत्ति के दो बच्चों में से एक को शारीरिक प्रताड़ना दी थी।

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने के लिए कहनी होंगी देशी कहानियां : विशाल भारद्वाज

**मुंबई।** फिल्म निर्माता विशाल भारद्वाज ने सोमवार को कहा कि भारतीय फिल्मों द्वारा वैश्विक स्तर पर मुकाबला करने के लिए जरूरी है कि देश की जड़ों से जुड़ी कहानियों को प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि भारतीय सिनेमा सही राह पर है और न्यूटन तथा कोर्ट जैसी फिल्मों ने अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में अपनी छाप छोड़ने में कामयाबी हासिल की है। भारद्वाज ने कहा, हमें पता है कि दि लंचबॉक्स और न्यूटन , और यहां तक कि कोर्ट की बाहर काफी तारीफ हुई। जब तक हम अपनी कहानी कहना नहीं शुरू करेंगे, हम अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने में कामयाब नहीं हो सकेंगे। उन्होंने 21वें जियो मामी मुंबई फिल्म उत्सव के संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने ताना मारते हुए कहा, अगर हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुकाबला करना चाहते हैं, तो हमें अपनी कहानी सुनानी होगी। कोर्ट हमारी कहानी थी। हमें एक फिल्म बनानी चाहिए कि सेंसर बोर्ड कैसे काम करता है... ए एक पहचान बनाएगी। इस मौके पर उपस्थित निर्देशक जोया अख्तर ने कहा कि कोई भी कुछ नया करने के इरादे के साथ फिल्म नहीं बना सकता है। उन्होंने कहा, आप इस दृष्टिकोण के साथ नहीं सोच सकते कि मैं कुछ अलग करने जा रहा हूं या मैं कुछ ऐसा करूंगा जो इससे पहले नहीं हुआ है। ए पक्का तबाही की राह पर ले जाएगा। उन्होंने कहा, आपको ऐसी कहानी लेनी होगी, जिसने किसी रूप में आपको प्रभावित किया हो, उसे लीजिए और जितना अधिक संभव हो उतने ईमानदार तरीके से उसे कह दीजिए। जोया अख्तर की फिल्म गली ब्वॉय ऑस्कर के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि है।

## मीरा नायर की ए सूटेबल ब्वॉय सीरीज से रसिका दुग्गल का नाम भी जुड़ा



**मुंबई।** विक्रम सेठ के चर्चित उपन्यास ए सूटेबल ब्वॉय पर आधारित मीरा नायर की सीरीज के साथ अभिनेत्री रसिका दुग्गल का नाम भी जुड़ गया है। इस सीरीज में तब्बू और इशान भी हैं। रसिका इस सीरीज के महत्वपूर्ण किरदार सविता की भूमिका निभाएंगी। सेठ के इस उपन्यास पर बीबीसी भी छह एपिसोड की श्रृंखला बना चुका है। अभिनेत्री छह अक्टूबर से लखनऊमें शूटिंग शुरू करेंगी और यह एक महीने तक चलेगी। रसिका ने एक बयान में कहा, मीरा नायर के साथ काम करने की हमेशा मेरी ख्वाहिश रही है। बहुत कम फिल्में होती है जिन्हें काफी संवेदनशीलता और मनोरंजन के साथ बनाया जाता है तथा उनकी सभी फिल्में मेरे लिए ऐसी ही हैं। उन्होंने कहा कि वह ए सूटेबल ब्वॉय में काम करने के लिए उत्साहित हैं। यह उपन्यास 1951 के वक्त के उत्तर भारत के चार बड़े परिवारों की एक कहानी पर आधारित है जब देश एक स्वतंत्र राष्ट्र के तौर पर अपनी पहचान बना रहा था तथा देश में पहले लोकतांत्रिक आम चुनाव होने वाले थे। रसिका की अगली फिल्म लूटकेस होगी जो 11 अक्टूबर को रिलीज होनी है।

## भारतीय मानस में व्याप्त है गांधी का दर्शन : श्याम बेनेगल

एजेंसी। मुंबई



**जानेमाने फिल्मकार** श्याम बेनेगल का कहना है कि भारतीय मानस पर महात्मा गांधी का व्यापक प्रभाव भले ही जमीन पर नहीं दिखता हो लेकिन यह समाज में मौजूद दया और मानवता के रूप में दिखाई देता है। अतीत को विगत से जोड़ने के लिए अक्सर इतिहास की ओर देखने वाले बेनेगल ने कम से कम चार परियोजनाओं – द मेकिंग ऑफ द महात्मा , भारत एक खोज , संविधान और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के लिए गांधी का अध्ययन किया है। बेनेगल ने द मेकिंग ऑफ द महात्मा बनाने के क्रम में दक्षिण अफ्रीका में गांधी के शुरुआती वर्षों का अध्ययन किया था। इस फिल्म में रंगमंच अभिनेता रजत कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। बेनेगल ने जवाहरलाल नेहरू की प्रसिद्ध कृति डिस्कवरी ऑफ इंडिया पर आधारित टीवी धारावाहिक भारत एक खोज बनाई थी। इस धारावाहिक की दो कड़ियों में भी महात्मा गांधी का जिक्र था। देश के बहुचर्चित फिल्मकारों में शामिल 84 वर्षीय बेनेगल के अनुसार, गांधी के विचार और उनके दर्शन निर्विवाद रूप से भारतीय मानस में व्याप्त हैं। उन्होंने कहा, इसका पता लगाना बहुत मुश्किल है, लेकिन मेरा मानना है कि भारतीयों पर गांधी का गहरा प्रभाव रहा है। जरूरी नहीं कि यह जमीन पर दिखाई दे, लेकिन कहीं न कहीं यह करुणा और मानवता की भावना के विचार के साथ जुड़ा है। बेनेगल ने कहा, ए भावनाएं हैं जो भारतीय चरित्र में शामिल हैं और अंतत: भारतीय सोच का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि गांधी के विचार भारतीय दर्शन और लोकाचार से लिए गए थे। उन्होंने इन विचारों को फिर से सामने लाया जो जो महत्वपूर्ण बात थी। यह पूछे जाने पर कि क्या गांधी आधुनिक भारत में प्रासंगिकता खो रहे हैं और उनके विचारों को कुचला जा रहा है, बेनेगल ने कहा कि गांधी को अपने दर्शन के लिए हमेशा प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, ऐसा कोई समय नहीं था जब (उनके विचारों को) नहीं रौंदा जा रहा था, यहां तक कि उनके अपने समय में भी। उन्होंने कहा, उन्होंने उसे बाहर लाया था जो हमारे दर्शन का एक हिस्सा था, इसलिए उन्होंने उन विचारों पर जोर दिया जो पहले से ही थे। उन्होंने उन पहलुओं को रेखांकित किया जिनका पालन नहीं किया जा रहा था और जो विचार और दृष्टिकोण में थे, उदाहरण के लिए, जाति व्यवस्था जैसी बुराइयां। बेनेगल के अनुसार महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर अन्य मनुष्यों के प्रति करूणा का भाव अपनाना उनके लिए उन्हें सबसे अच्छी श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे शक्तिशाली उपनिवेशवादियों के खिलाफ अहिंसक स्वतंत्रता संघर्ष का नेतृत्व करने वाले महात्मा गांधी को याद करने का सबसे अच्छा तरीका यह होगा कि हम अपने सभी आचरण में अहिंसा को शामिल करें।

## कल्कि कोचलिन को भाता है यात्रा करना



**बॉलिवुड** अभिनेत्री कल्की कोचलिन का कहना है कि फिल्मों के सेट पर कई बार इतना बावलापन और अनिश्चिततापूर्ण परिस्थितियां रहती है कि वे आपको साहसिक यात्रा जैसा रोमांच दे जाती हैं। ऐसे में पेड़ों पर चढ़ना और तैराकी की मेरी आदतें मेरे कुछ कार्यों में सहायक बनती हैं। मेरे लिए यात्रा करना तो जैसे मेरे जीवन का हिस्सा बन चुका है। यदि मुझे सप्ताहांत में अवकाश मिलता है तो मैं कहीं जाना पसंद करती हूं और यदि कहीं कुछ देखने का अवसर हो तो मैं उसे लपक लेना नहीं भूलती।